कम्बोडिया के संस्कृत अभिलेख
भाग 2
डॉ. महेश कुमार शरण

कम्बोडिया के संस्कृत अभिलेख

द्वितीय भाग

डॉ० महेश कुमार शरण

एम०ए० (प्रा०भा०ए०अ०), एम०ए० (इति०), पीएच० डी०, डी० लिट्०, डी०आर०एस०;
पूर्व आचार्य एवं अध्यक्ष,
स्नातकोत्तर प्राचीन भारतीय एवं एशियाई अध्ययन विभाग,
गया कॉलेज़, गया
(मगध विश्वविद्यालय, बोधगया);
पूर्व अतिथि प्राध्यापक,
महाचुलालौंगकौर्न बौद्ध विश्वविद्यालय, बैंकॉक (थाईलैण्ड);
महामहिम राज्यपाल बिहार से सम्मानित

॥ नामूलं लिख्यते किंचित् ॥

प्रकाशन-विभाग

अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना

नयी दिल्ली-110 055

'KAMBODIYĀ KE SAṀSKṚTA ABHILEKHA'
Vol. II
by Dr. Mahesh Kumar Sharan

Published by:
PUBLICATIONS DEPARTMENT
Akhila Bhāratīya Itihāsa Saṅkalana Yojanā
Baba Sahib Apte Smriti Bhawan, 'Keshav Kunj', Deshbandhu Gupt Marg,
Jhandewalan, New Delhi-110 055
Ph.: 011-23675667
e-mail : abisy84@gmail.com
Visit us at : www.itihassankalan.org

First Edition : Kaliyugābda 5117, i.e. 2015 CE

Laser Typesetting & Cover Design by:
Mahesh Narayan Trigunayat, Amit Gaurav & Mukesh Upadhyay
Cover Introduction :
Angkor Vat— an image of heaven on the earth early 12th century

Printed at: Graphic World, 1659 Dakhni Sarai Street,
Daryaganj, New Delhi-110055
Price: ₹ 2,000/- (2 Vols. set)
(Funded by Madhav Sanskriti Nyas)

ISBN : 978-93-82424-16-1 (set)

प्रकाशक :
प्रकाशन–विभाग
अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना
बाबा साहेब आपटे–स्मृति भवन, 'केशव–कुञ्ज',
झण्डेवाला, नयी दिल्ली–110 055
दूरभाष : 011–23675667
ई–मेल : abisy84@gmail.com
वेबसाइट : www.itihassankalan.org

प्रथम संस्करण : कलियुगाब्द 5116, सन् 2014 ई०

लेज़र–टाईपसेटिंग एवं आवरण–सज्जा :
महेश नारायण त्रिगुणायत, अमित गौरव एवं मुकेश उपाध्याय
आवरण–परिचय :
अंगकोरवाट – पृथ्वी पर स्वर्ग का एक प्रतीक (आद्य बारहवीं शताब्दी)

मुद्रक : ग्राफ़िक वर्ल्ड, 1659, दखनी सराय स्ट्रीट,
दरियागंज, नयी दिल्ली–110 002

वन्दना

बिहार राज्य के सीतामढ़ी जिलान्तर्गत, बेलसन्ड अनुमंडल के शिवनगर स्थित लेखक के गाँव के दमामीमठ के बाबा ईशाननाथ महादेव का प्राचीन मन्दिर

ऋग्भिर्व्वह्नि शिखाकलाप विसरव्यक्ताभिरैन्द्रीन्दिशं

प्रोधद्वायुसमीरितेन यजुषा यो दीपयन्दक्षिणाम्।

साम्ना चन्द्रमरीचिरश्मिनिकर प्रद्योतितेनापरा-

ङ्कौवेरीञ्च विभाति तैस् समुदितैस्तस्मै नमश्शम्भवे।

पूरब दिशा में ऋग्वेद की स्तुतियों के द्वारा अर्चियाँ फैलाते हुए अग्नि के रूप में, यजुर्वेद की स्तुतियों के द्वारा दक्षिण दिशा में प्रवाहमान वायु के रूप में, सामवेद की स्तुतियों के द्वारा पश्चिम दिशा में रश्मि समूहों के अधिष्ठान चन्द्रमा के रूप में तथा सभी रूपों में एक साथ उत्तर दिशा में प्रकाशित होनेवाले शिवजी को नमस्कार है।

(कम्बोडिया नरेश राजेन्द्रवर्मन द्वितीय (944 ई.-968 ई.) का प्रे रूप अभिलेख पद्य संख्या-1)

विषयानुक्रमणिका

बन्ते श्री अभिलेख
Bantay Srei Inscription

सियम रियप जिले में स्थित बन्ते श्री मन्दिर में एक खड़े पत्थर पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। यह अभिलेख भगवान् शिव एवं शक्ति की प्रार्थना से प्रारम्भ होता है। उसके बाद राजा जयवर्मन तथा उनके गुरु यज्ञवराह एवं गुरु के छोटे भाई विष्णु कुमार की प्रशस्ति इस अभिलेख में है। अभिलेख से हमें बन्ते श्री के केन्द्रीय मन्दिर में चार भाइयों द्वारा भगवान् शिव के महेश्वर लिंग की स्थापना की चर्चा है। इसमें श्री भद्रेश्वर के साथ इस देवता की प्रसन्नता के लिए दानों का भी वर्णन है। इसके बाद इसमें मूर्ति की देखभाल के लिए कुछ संकेत प्रदर्शित किये गये हैं– अतिथियों के खान–पान के नियम, प्राध्यापकों इत्यादि के द्वारा अटूट वेदपाठ इत्यादि। इस मूर्ति की स्थापना की तिथि शक संवत् 889 दी गयी है।

इस अभिलेख में कुल 44 पद्य हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इसका सम्पादन किया है ।[1]

नमश् शब्दगुणायास्तु व्यतीतेन्द्रियवर्त्मने ।
विश्वतो व्यश्नुवानाय व्योमरूपाय शम्भवे ॥ 1
उन्मना या सती कान्ता नितान्त शिवसंगता ।
जगद्धिताय शाशक्तु सा शक्तिरचलात्मजा ॥ 2
श्री कम्बुजेन्द्र सन्तानसन्तानक महीरूहः ।
सुतश् श्रीजयवर्म्मेति यश् श्रीराजेन्द्रवर्म्मणः ॥ 3
कालदोषाम्बुद्यौ मग्ना दुर्ग्गे गम्भीरभीषणे ।
प्राप्य पारमिवोत्तुङ्गं यं समाश्वसीषुः प्रजाः ॥ 4
प्रणयावनते कृत्स्ने चम्पाद्यीशादिराजके ।
केवलं गुणवत्प्रीत्या नोज्झाञ्चापञ्चकार यः ॥ 5
स्मरयत् स्मरसौन्दर्य्यं सौन्दर्य्यं यस्यनिर्म्मलम् ।
नूतनाम करोन् नूनम् अनूनामरतिं रतेः ॥ 6
दक्षिणापथविन्यस्त सारस् सिद्धिंप्रदोऽर्थिनाम् ।
युक्तं यो युक्तिनिपुणैश् श्रीपर्व्वत द्वतीरितः ॥ 7
दूरे येषां मनांसीमामस्पृक्षन् क्ष्मां महीभृताम् ।
आदर्शनपथात्तेषां यं संप्राप्य शिरांसि तु ॥ 8
प्रायशो दुर्व्विदग्धानाम् पार्थिवानां लयन्दद्यत् ।
अदि्भस्तुज्य मजन्युग्रं तेजो यस्यापि दुःसहम् ॥ 9
जाग्रतः प्रतिवर्षान्तं शौरेश् श्रीरनुरागिणी ।
यस्य नित्य प्रबुद्धस्य कथाभिर्म्मास्य कत्थ्यत ॥ 10
वृद्धोऽपि पादहीनोऽपि राजधर्म्मः कलौ युगे ।
यद्दण्डनीति मालम्ब्य प्रवृत्तोऽस्खलितं पथि ॥ 11
तस्य राजाधिराजस्य सुरराजसमद्युतेः ।
यश् शैवदीक्षाविधिना शास्तानुग्राहको गुरुः ॥ 12
यशोवर्म्मपुत्रस्य पौत्रस्य श्रीन्द्रवर्म्मणः ।
श्रीहर्षवर्म्मणो राज्ञो दौहित्रो योऽग्रणीस् सताम् ॥ 13

---

1. *IC*, p.147

70. बन्ते श्री अभिलेख

धिया गोत्रेण तुल्यस्य पुरहूतपुरोद्यसा ।
दामोदराख्यविप्रस्य वह्वृचस्यात्मजश्च यः ॥ 14
प्रकाशरूपास् संप्राप्य सुप्रसन्न सर्ग्गतः ।
अर्कत्विष इवादर्श यं विद्या व्यद्युतन् भृशम् ॥ 15
मत्तयाष्टपुष्पिकां शैवीं हवींषिच हविर्भुजि ।
योगञ्च प्रत्यहं योग्यस् स्वपोषमिव योऽपुषत् ॥ 16
हिरण्यानि च वासांसि कुण्डोघ्नीगश्चि पर्व्वसु ।
यः प्रतिग्राहयामास मासि मासि द्विजन्मजः ॥ 17
सदा यश्चान्तिक सदा राज्ञा श्रीजयवर्म्मणा ।
मायूरच्छत्र सौवर्ण्णादोलाद्यैस सत्कृतः कृती ॥ 18
ये बृंहयन्त्यत्यल्पद्धियां कुलविद्यादयो मदम् ।
व्यनीनशत्तैर्युगपत् परेषामात्मनश्च यः ॥ 19
पातञ्जलये कणादेऽक्षपादकपिलागमे ।
बौद्धे वैद्येऽय गान्धर्व्वे ज्यौतिषे नयतेस्म यः ॥ 20
आख्यायिकाकृतिरभूत् स्वदेशे यदुपक्रमम् ।
ननाभाषालिपिज्ञश्च प्रयोक्ता नाटकस्य यः ॥ 21
दोषवैषम्य दारिद्र्यमिथ्याज्ञानमयीं रूजः ।
भेषजद्रव्य विद्याभिर्य्यो जन्तूनामशीशमत् ॥ 22
दीनानाथन्ध कृश बालवृद्धा तुरादिभिः ।
दुःखार्ण्णवन्तितीर्षद्भिर्य्यत्सद्भाकुलमन्वहम् ॥ 23
काव्यैस् सच्चरितैर्दूरे नानाद्वीपान्तर स्थितान् ।
यस् सुमुत्सुकयामाम विदुषस् सज्जनानपि ॥ 24
सदस्सु सद्गुणैर्य्यस्य सज्जनायितुमिच्छताम् ।
प्रसह्यापि द्विषां नीता जिह्वा स्तुत्यविजिह्वताम् ॥ 25
शिवलिङ्गान्यनेकानि साच्चार्न्याशयमम्मसाम् ।
स्थापयामाश्रमांश्चास यश्चलिङ्गपुरादिषु ॥ 26
तस्य यज्ञवराहस्य विद्यानां पारदृश्वनः ।
ख्यातो विष्णुकुमाराख्यस् सोदर्य्यो योजघन्यजः ॥ 27
यस्यामृतमयीं विद्याज्योत्स्नां वक्रकुमुद्वनी ।

निर्ग्गतां गुरुवक्त्रेन्द्रोः पायम्पयमजृम्भत ॥ 28
कृत्स्नानि शब्दविद्यादिशास्त्राणि सकलाः कलाः ।
शैवञ्च गौरवं योगं भ्रातुर्ज्येष्ठादवाप यः ॥ 29
विद्यासन्तत्य विच्छित्त्यै कृत्स्नां वृत्तिञ्चकशिकाम् ।
पारमेश्वरपूर्वाञ्च योऽलिखच्छिव संहिताम् ॥ 30
महागुणैरनेकैर्यो गुरूणा प्राग् विभूषितः ।
हेमदोलादिविभवैर्भूचः कम्बुजभूभृता ॥ 31
ताभ्यामाचार्य्यवर्य्याभ्यां व्याप्राशाभ्यां यशोऽङ्शुभिः ।
भातृभ्यां स्थापितं लिङ्गमिदं शैवं यथाविधि ॥ 32
करङ्ककरकामत्रप्रमुखा हैमराजताः ।
रचनाधारभृङ्गारकुम्भादर्श प्रतिग्रहाः ॥ 33
नानारत्ननिबद्धानि महार्हाभरणानि च ।
बाह्याभ्यान्तरपूजार्हकृत्स्नोपकरणानि च ॥ 34
नरनारीजन प्राया बाह्यान्तः पारिचारकाः ।
क्षेत्रारामाभिरामाश्च ग्रामास् सपशुकिङ्कराः ॥ 35
तेन यज्ञवराहेण सह भ्रात्रा कनीयसा ।
अदायिषत भक्त्यास्मै शिवाय शिवतातये ॥ 36
मिश्रभोगश्च देवोऽपं श्रीभद्रेश्वर शूलिना ।
तस्मै देयं यथाशक्ति प्रतिवर्षमुपायनम् ॥ 37
कुलस्य पत्या कर्त्तव्यमातिथ्यं भोजनादिकम् ।
अध्यापकेन चाच्छिन्नं ब्रह्मसत्रमतन्द्रिणा ॥ 38
यो मतः कम्बुजेन्द्रस्य शैवाचार्य्योऽग्रणीर्गुरुः ।
तदधीनमिदन्देवकुलं रक्ष्यं यथाविधि ॥ 39
राज्ञीविज्ञापनैस् सप्तकृत्वो दुष्टस्य निग्रहैः ।
इहामुत्र बुभूषद्भिस् सद्भिस्तत् परिपाल्यताम् ॥ 40
अभ्यर्थितस्य गुरुणा राज्ञश् श्रीजयवर्म्मणः ।
गुर्व्वर्थोद्युक्तमनसः तदिदं किल शासनम् ॥ 41
अनादेयमदेञ्च भूपैस्तद्वल्ल भैरपि ।
परिरक्ष्यन्तु तत्पुण्यं यथा यज्चप्रकल्पितम् ॥ 42

70. बन्ते श्री अभिलेख

प्रष्टव्यपूर्व्ववृत्तान्त आप्रष्टव्योऽस्तु नारकैः ।
आकल्पान्तादवीच्यादौ यः कुर्य्यादिदमन्यथा ।। 43
भृङ्गोदयात पञ्चममारजीव-
शुक्रेषु याते दशमान्तमिन्दौ ।
शेषे रिमत्रास्थित माद्यबाद्ये
यम्येऽह्नि देवस् स नवाष्टमूर्त्तौ ।। 44

अर्थ–

शब्द हैं गुण जिसके ऐसे आकाश रूप शिव को नमस्कार करता हूँ जो इन्द्रियों के मार्ग से व्यतीत हो चुके हैं अर्थात् इन्द्रियों से जो परे हैं, अतीन्द्रिय हैं; जो विश्वव्यापी हैं, आकाशरूप हैं, शम्भु हैं ।। 1

उन्मत्त रहनेवाली जो सती शिव की कान्ता सदा शिव के साथ रहनेवाली जो पर्वत की पुत्री हैं, शक्तिरूपा हैं, संसार के कल्याण के लिए वह शक्ति प्रदान करें ।। 2

श्री कम्बुजराज की सन्तान के विस्तार करनेवाले वंशवृक्ष श्री जयवर्मन नाम से प्रख्यात् श्री राजेन्द्रवर्मन के पुत्र थे ।। 3

गहरे भयंकर दुःख से जाने लायक कालरात्रि रूप समुद्र में डूबी हुई प्रजाजन ने ऊँचे पार के समान जिसे पाकर सम्यक् रूप से आश्वासन को पाया ।। 4

प्रेम से नम्र कठिन चम्पा के राजाओं के समूह में जिसने केवल गुणी की प्रीति से धनुष से बाण नहीं छोड़ा ।। 5

जिसका निर्मल सौन्दर्य कामदेव के सौन्दर्य की याद दिलानेवाला है । कामदेव की स्त्री रति की बड़ी आरति को निश्चित ही नयी रति का रूप प्रदान कर दिया जिसने ।। 6

दक्षिण की ओर त्यागा है सार को जिसने, ऐसा राजा याचकों को सिद्धि देनेवाला युक्ति में कुशल जो उचित ही 'श्री पर्वत' नाम से विख्यात हुआ ।। 7

दूर पर जिसके मन हैं, वे राजाओं की पृथिवी को न छू सके थे । उनके

नेत्रपथ से जिसे पाकर सिरों का पाया था ।। 8

प्राय: कम पढ़े-लिखे राजाओं के प्रलय को धारण करता हुआ पातियों के समान जिसका तेज उत्पन्न हुआ जो तेज दु:ख से सहने योग्य है ।। 9

प्रतिवर्ष के अन्त में जागनेवाले विष्णु की प्रेयसी श्री लक्ष्मी जी नित्य जागनेवाले जिस राजा की कथाओं से नहीं इसकी कही जाये ।। 10

बूढ़ा भी पैरों से हीन भी राजधर्म कलियुग में जो दण्डनीति का आलम्बन कर प्रवृत्त होकर राह पर फिसलता नहीं है ।। 11

देवराज इन्द्र के समान प्रकाशमान उस राजाधिराज के जो गुरु शैव दीक्षा की विधि से शासन करनेवाले दयालु गुरु थे ।। 12

श्री यशोवर्मन के पुत्र श्री इन्द्रवर्मन के पौत्र के राजा श्री हर्षवर्मन के नाती जो सज्जनों में अग्रगण्य है ।। 13

बुद्धि से गोत्र से तुल्य बहुत ऋचाओं के ज्ञाता दामोदर नामक विप्र के जो पुत्र हैं इन्द्र के पुरोहित दामोदर थे ।। 14

प्रकाश रूप स्वभावत: सुप्रसन्न को पाकर सूर्य के तेज के समान दर्पणवत् बहुत विद्याओं को प्रकाशित किया था ।। 15

प्रतिदिन भक्ति से आठ फूलोंवाली शिव-सम्बन्धी हवियों के अग्नि में प्रदान करनेवाले प्रतिदिन योग्य योग को अपने पोषण के समान पोसा-पाला अग्नि के योग को ।। 16

पर्वों में सोने, कपड़े, दूध से कुण्ड को भरने लायक दूध देनेवाली गायें जो महीने-महीने ब्राह्मण को दान रूप देते थे ।। 17

सदा जो नजदीक सभावाले राजा श्री जयवर्मन द्वारा मयूर पंख निर्मित छत्र, स्वर्ण डोले आदि से प्रयत्नवान् सत्कार पानेवाला था ।। 18

जो छोटी बुद्धिवालों के वंश और विद्या आदि तथा मद को बढ़ानेवाला है, उन्हीं के द्वारा पुन:-पुन: अतिशय रूप से एक ही बार दूसरों के और अपने सब कुछ विनष्ट किये गये ।। 19

जो पाणिनीय व्याकरण के महाभाष्य में, आयुर्वेद के चरक में, कणाद

के बनाये तर्कशास्त्र में, अक्षपाद में, कपिल-निर्मित आगम न्यायशास्त्र में, बौद्ध शास्त्र में, बौद्धदर्शन में, वैद्यक में, गान्धर्व में, ज्योतिष में जय पाते थे ।। 20

जो आख्यायिका की आकृति हुए अपने देश में जो उपक्रम था उसको, न भाषाओं व बहुत-सी लिपियों के ज्ञाता थे, न प्रयोग करनेवाले नाटककार थे ।। 21

जो सभी प्राणियों के दोष, विषमता, दरिद्रता, मिथ्या ज्ञानवाली दुर्बुद्धि और बीमारियों को दवा की विद्या और द्रव्य की विद्याओं से सबकुछ को बार-बार बहुत रूप से शान्त करनेवाले थे ।। 22

प्रतिदिन दीन, अनाथ, अन्धा, दुबला, बाल-वृद्ध, बीमार आदि से दु:खरूप समुद्र को तैरकर पार करने की इच्छावालों से जिनका घर हमेशा आकुल अर्थात् अस्त-व्यस्त रहता था ।। 23

कविताओं से सुन्दर चरित्रों से बहुत दूर दूसरे नाना द्वीपों में रहनेवालों को जिसने विद्वानों को सज्जनों को उत्कण्ठित कर दिया था, मिलने के लिए सभी आते उत्सुकतापूर्वक उनसे मिलते थे ।। 24

सभाओं में जिसके सद्गुणों से सज्जन बनने की इच्छावाला शत्रुओं की जीभें टेढ़ापन छोड़कर दृढ़तापूर्वक इनकी स्तुति में लीन हुई थीं ।। 25

जिसने लिंगपुर आदि स्थानों में अनेक शिवलिंगों की स्थापनाएँ कीं । जलाशय यज्ञपूर्वक पूजा के साथ बनाये । आश्रमों की स्थापनाएँ कीं ।। 26

विद्या के उस पारदर्शी यज्ञवराह का सहोदर भाई विष्णु कुमार नाम से ख्यात था ।। 27

जिसकी अमृतमयी विद्या की छटा को जो मुख की चाँदनी को जो मुँह से निकलती थी, विद्या थी । गुरु के मुखरूप चन्द्र से निकलने पर पीते-पीते जम्हाई लेते थे शिष्य लोग ।। 28

बहुत कठिन-कठिन व्याकरण (शब्दविद्या) आदि शास्त्रों को सभी चौंसठ कलाओं को शिव-सम्बन्धी गौरव-गरिमापूर्ण योग को ज्येष्ठ भ्राता से जिसने पाया था ।। 29

विद्या की सन्तति धारा न टूटने देने की इच्छा से कठिन काशिका ग्रन्थ, वृत्तिग्रन्थ लिखे । परमेश्वर पूर्व शिवसंहिता ग्रन्थ जिसने लिखा था ।। 30

जो अनेक महान् गुणों से पहले गुरु से विभूषित था, सुवर्ण-निर्मित डोले आदि ऐश्वर्यों से पुनरपि कम्बुजराज से विभूषित हुआ ।। 31

उन दो आचार्य श्रेष्ठों द्वारा जिन दोनों के यश की किरणें सभी दिशाओं में फैली थीं । दोनों भाइयों द्वारा उचित विधि से शिवलिंग की स्थापना करायी गयी ।। 32

सोने, चाँदी से बने करंक कर का यहाँ प्रमुख वस्तुओं को रचना के आधार भृंगार, घैला आदि आदर्श दान दिये गये ।। 33

नाना रत्नों से अच्छी तरह बँधे बड़े मूल्योंवाले आभूषण अंतर्बाह्य पूजा योग्य कठिन उपकरण भी दिये गये ।। 34

नर, नारी जन बाहर-भीतर काम करनेवाले नौकर, सुन्दर खेत, वाटिका, बहुत से गाँव पशुओं और दासों से युक्त दिये गये ।। 35

उस यज्ञवराह के द्वारा छोटे भाई के साथ शिव के लिए भक्ति से दिलाये गये, दिये गये ।। 36

मिश्र भोगवाले ये देव हैं । श्री भद्रेश्वर शूली के द्वारा उन्हें यथाशक्ति प्रतिवर्ष उपनयन चढ़ौना देना चाहिए ।। 37

कुलपति द्वारा आतिथ्य सत्कार भोजनादि देना चाहिए । आलस्य छोड़ अध्यापक द्वारा जो कटा नहीं हो ऐसा ब्रह्मयज्ञ किया जाये ।। 38

जो कम्बुज राज के मत के अनुकूल पूजनीय गुरु शैवाचार्य अग्रणी गुरु हैं उनके अधीन यह देवकुल उचित विधि से रक्षा करने लायक है ।। 39

सात बार दुष्टों के निग्रहों से राज्ञी के विज्ञापनों से यहाँ इस स्थान को विभूषित करनेवाले सज्जनों द्वारा इसका पालन करने लायक है ।। 40

राजा श्री जयवर्मन के गुरु से प्रार्थना करने पर गुरु के लिए अर्थ के उद्योग के मनवाले राजा की आज्ञा निश्चित रूप से पालन करने लायक है ।। 41

जिस प्रकार यज्ञ करनेवाले के द्वारा प्रकल्पित है, उसी प्रकार सब ओर

से रक्षा करने लायक है । कुछ न लेने योग्य है न देने योग्य है, किन्हीं प्रिय राजाओं से भी रक्षा करने योग्य है । जो जिस चीज को प्रिय समझ कर लेना चाहे सो भी न लेकर इसकी रक्षा करे ।। 42

पूछने योग्य पूर्व वृत्तान्त नरक भोगनेवालों द्वारा पूछने लायक नहीं । कल्पपर्यंत अवीचि नामक नरक में रहें जो इस आदेश का उल्टा आचरण करें ।। 43

भृंग के उदय से पाँचवें सिंह मीन में बृहस्पति और शुक्र के रहने पर चन्द्र के मीन में आने पर शेष में दक्षिण में शनि दिन में देवनवाष्टमूर्ति की प्रतिष्ठा की गयी ।। 44

71

सेक ता तुई अभिलेख

Sek Ta Tuy Inscription

करेंग जिले में जो बेन माला में साढ़े सात मील पश्चिम की ओर है, सेक ता तुई का मन्दिर स्थित है । यज्ञवराह के स्थापत्य एवं दानों का वर्णन इसमें हम पाते हैं ।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 33 है । पद्य-संख्या 1 से 26 बन्ते श्री अभिलेख के पद्य-संख्या 1 से 26 के समान है । पुनः पद्य-संख्या 29 से 33 उपर्युक्त बन्ते श्री अभिलेख की पद्य-संख्या 39 से 43 के समान है ।

फिनौट ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है ।[1]

ब्रह्म क्षत्रेण तेनेदं विद्यानां पारदृश्वना ।
अस्मिन् यज्ञवराहेण स्थापितं लिङ्गमैश्वरम् ॥ 27

1. *BEFEO*, Vol. XXVIII, p.46

योऽसौ श्रीमत् त्रिभुवनमहेश्वर इतीरितः ।
तन्मिश्रभोगो देवोऽयं कल्पितस्तेन यज्वना ॥ 28

अर्थ–

विद्याओं के पारदर्शक, ब्राह्मण एवं क्षत्रिय से उत्पन्न उस यज्ञवराह के द्वारा यहाँ भगवान् शिव के इस लिंग की स्थापना की गयी ॥ 27

वे जो भगवान् श्री त्रिभुवन महेश्वर के नाम से विख्यात हैं, वे शक्कर (मिश्री) भोगदेव उस यज्ञकर्ता के द्वारा बनाये गये ॥ 28

72

अंगकोर वाट अभिलेख
Angkor Vat Inscription

अंगकोरवाट के चारों ओर की खाई के उत्तर-पूर्वी कोने के बाहर ईंटों से बने मन्दिर के खण्डहरों में खड़ा पत्थर पाया गया। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस इलाके को कपिलपुर कहा जाता है। यहाँ एक अभिलेख उत्कीर्ण है जिसमें राजा द्वारा अपने सेनाध्यक्ष वीरेन्द्रवर्मन को धार्मिक स्थापत्य के लिए आदेश का वर्णन है। सरकारी आदेश से इसकी पुष्टि होती है। इस स्थापत्य के लिए यह अभिलेख राजकीय विज्ञप्ति मानी जाती है। भगवान् विष्णु को यह मन्दिर समर्पित था।

प्रस्तुत अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 9 है।

फिनौट ने इस अभिलेख का सम्पादन किया था।[1]

---

1. *BEFEO*, Vol. XXV, p. 365

हरिरेकार्ण्णवादुर्व्वीमुद्धृत्य जय............।
सेवितस् स्मृतिमात्रेण यो दाता पदमव्ययम् ॥ 1
प्राप्ते कलो किल कलङ्ककलाकलाप-
लीढ़ज्जगद्दुरित कारिविपद्विवृद्धा ।
तद्भञ्जनात् कजभवो भुवि राजभयम्
स्वस् स्वामतारयति धूर्जटिपङ्कजाक्षौ ॥ 2
देव्याम् राजपरम्परोदय भुवि श्रीकण्ठवैकुण्ठयो-
रेकाङ्शो वसुधाद्युरामधिकधीरा वारिधेर्द्धरिणे ।
जातो द्यौतयशास् समस्तगुणभृद्धर्म्मावदाताकृतिन्
वाग्मौ वासवसख्य लक्षणयुतो गर्भेश्वरोयोवशी ॥ 3
वियद्ग्रहैश्वर्य्यशुभोदयः श्री-
राजेन्द्रवर्म्मेश्वर सूनुरासीत् ।
(राज)न्य वङ्शाम्बर नीर जाति
(राजां जयी श्री जयवर्म्मदेवः)....॥ 4
....।
वियद् ग्रहैश्वर्य्यशके तस्मिन् तद्वददाय स ॥ 5
तद् बाहुदण्डमाश्रित्य यूनापि कलिनाद्युना ।
वृद्धस् सञ्चालितो धर्म्मो न स्खलत्येकपादपि ॥ 6
सेनान्या जन्यजायेना स श्रीवीरेन्द्रवर्म्मणा ।
वन्द्यवीर्य्येण वीरैस्तन्तस्मिन्त द्वददापयत् ॥ 7
ज्वालाभिरालीढ़वियद्भिरूर्द्ध
धूमध्वैरौर भावृताङ्गम् ।
ये यान्तु यावद् रविरात्रिराजौ ॥ 8
आसंहृतेरिन्द्रपदे रमन्तान्
ते येऽनुकुर्व्वन्ति नृपेन्द्रवाणीम् ।
सुपुत्रपौत्राः पुनरन्तकाले
हरेः पदं यान्तु निरामयन्ते ॥ 9

अर्थ–

विष्णु ने एकार्णव से पृथिवी से उद्धार करके......जय स्मरण मात्र से जो विष्णु की सेवा करता है वह उसे अविनाशी कैवल्य पद देते हैं ।। 1

कलियुग के प्राप्त होने पर निश्चित रूप से कलंक की कलाओं के समूह से छुआ हुआ, संसार पापी होकर बढ़ी विपदाओं से भरा हुआ हो गया उसे काटने के लिए कम्बुज में उत्पन्न राजा पृथिवी पर शिव और विष्णु को उतारा ।। 2

देवी में राजा के वंश की परम्परा भूमि में शिव और विष्णु के एक अंश पृथिवी की धुरा जो अधिक क्षीरसमुद्र की धारणा में पैदा हुआ था प्रकाशित यशवाला सभी गणों को धारण करनेवाला धर्म से श्वेत आकारवाला सार और थोड़ा बोलनेवाला गर्भेश्वर था ।। 3

890 शाके में आकाश के ग्रहों के ऐश्वर्य का शुभ उदय श्री राजेन्द्रवर्मन ईश्वर का पुत्र राजाओं के समूह के वंश के आकाश का कमल राजा विजयी श्री जयवर्मन देव था ।। 4

........890 शाके में उसमें उस प्रकार वह लेकर ।। 5

उसकी बाँह-रूप दण्ड को आश्रित करके इस समय युवक कलि के द्वारा भी वृद्ध धर्म सम्यक् चालित हुआ कलि में एक पैर धर्म का बचा है तथापि चलता है ।। 6

सेनापति द्वारा उस वीरेन्द्रवर्मन द्वारा बँधे वीर्य-बलवाले के द्वारा वीरों से उसे उसमें उसी प्रकार दिला दिया ।। 7

बहुत ज्वाला से आलीढ़ चाटा हुआ आकाश से ऊँचा धुआँ-रूप ध्वजों से आच्छादित अंगवाला जो राजा की वाणी का उल्लंघन करनेवाले हों– वे सूर्य और चन्द्र जब तक रहें, तब तक नरक में जाएँ ।। 8

राजा की वाणी माननेवाले प्रलयकाल तक इन्द्र पद पर रमण करें, सुन्दर गुणोंवाले पुत्रों, पौत्रों से भरे-पूरे रहें फिर अन्तकाल में अविनाशी विष्णु के पद को प्राप्त करें ।। 9

73

बन्ते श्री अभिलेख
Bantay Srei Inscription

गकोर थोम के उत्तर 13 मील की दूरी पर स्थित बन्ते श्री का मन्दिर है। यहाँ के अभिलेख में त्रिभुवन महेश्वर के नाम से पुकारे जानेवाले शिव देवता की प्रार्थना है।

इस अभिलेख में कुल 11 पद्य हैं।

जॉर्ज सेदेस ने अंशतः इसका सम्पादन किया है।[1]

विविच्य चेदं पश्यन्ति ययोध्यनिदृशोऽन्निशम्।
अग्न्युष्णतावत् भूयास्तां शिवशक्ती शिवाय नः॥ 1
आचैतन्यादुपादान कालाव्यक्तः स्वकर्म्मणा।
जन्मना जगतां कर्त्तानुमितो यश्चिदाचितः॥ 2

---

1. *IC*, p.144

कर्त्तृत्वे युगपन्नानाकार्य्योत्पादस्य दर्शना- ।
न्नित्यानुत्तरसर्व्वार्थं यस्य ज्ञानमरनाद्यनम् ॥ 3
क्षित्यादिभिः प्रसिद्धाभिस्तनुभिस्तन्वता जगत् ।
उच्चैः कारणता ख्याता येनाानक्षरम् ॥ 4
शक्तिशक्तिमतोर्व्यक्तं भेदाभेदौ प्रदा.... ।
.........योऽधत्त संपृक्तमेकं स्त्रीपुंसयोर्व्वपुः ॥ 5
.....अन्तःप्रतिद्वन्द्वैर्य्यस्य धर्म्मादिभिर्युता ।
वशितादिगुणान् सन्तः स्मरन्ति स्मरनिग्रहात् ॥ 6
मथिताब्धेः सुधां दत्वा परेभ्यः पिबतो विषम् ।
यस्य मृत्योरसद्भावो विद्वद्भिरनुमीयते ॥ 7
वाग्वेशचारित्रगुणान् स्वीकृत्यावयवैः स्थिताः ।
यस्य सर्व्वात्मनोऽन्योन्यं विवदन्तेऽल्प बुद्धयः ॥ 8
दृष्टादृष्टार्थ विद्यानां य एकः प्रमयः परः ।
विकल्प(भेद)दाद् भिन्नानां सर्व्वापामिव चन्द्रमाः ॥ 9
सार्थेनेश्वरनाम्नैव कृत्स्नानस्पृशतापरान् ।
यत्स्वामित्वमसन्दिग्धं ख्यापितं भवचारिणाम् ॥ 10
जीयात् स(श्री)(त्रि)भुवनमहेश्वर इतीरितः ।
कृत्तिवोसाः कृ(त्स्न) वासो लिङ्गमूर्त्तिश्चिरादिह ॥ 11

अर्थ–

ध्यानयुक्त दृष्टिवाले निरन्तर विचार कर यह देखते हैं कि शिव तथा पार्वती अग्नि और उसकी ऊष्णता की तरह भिन्नाभिन्न हैं । वे शिव और शिवा हमलोगों के लिए कल्याणकर हों ॥ 1

अपने कर्म से, चेतन से लेकर क्षित्यादि जड़ोपादान तथा कालाव्यक्त (आकाश) तक के तथा जन्म से इन जगतों का जो चिद्चिदात्मक प्रभु भगवान् शिव कर्त्ता माने जाते हैं ॥ 2

जगत् कर्तृत्व होने पर भी उनके बहुत से कार्यों को एकसाथ ही होते देखने के कारण, सभी ज्ञानों में प्रमुख ईश ज्ञान असाध्य हैं । ईश्वर अगम्य हैं ॥ 3

क्षित्यादि प्रसिद्ध जड़ोपादानों से जगत् का विस्तार करते रहने से जो

संसार के प्रसिद्ध कारण रूप में उच्च स्वर से कहे जाते हैं । जिससे अविनाशी......
....।। 4

शक्ति और शक्तिमान के अव्यक्त भेदाभिन्न स्वरूप- जिन्होंने एकसाथ ही स्त्री-पुरुष- दोनों का शरीर धारण किया है ।। 5

.........अन्दर की प्रतिद्वन्द्विता से, जिसके वशितादि गुणों को धर्मादि से युक्त सज्जन लोग स्मरनिग्रहपूर्वक स्मरण करते हैं ।। 6

जिन्होंने मथे हुए समुद्र से निकले अमृत, दूसरों को देकर स्वयं विष पीया, जिनकी मृत्यु के असम्भव होने का अनुमान विद्वानों द्वारा किया जाता है ।। 7

वाग्रूपात्मक भगवान् शिव जो चरित्र गुणों (लीलाचरित्रों) को स्वीकार कर अवयवात्मक रूप धारण करते हैं तथा जिसके सर्वात्मस्वरूप को अल्प बुद्धिवाले अन्योन्य रूप से व्याख्यापित करते हैं ।। 8

जो दृष्टादृष्टार्थ विद्याओं का एकमात्र परम उत्स है। जो स्वयं एक होते हुए भी विकल्प से भिन्न-भिन्न दिखलाई पड़ता है ठीक उसी प्रकार जैसे एक ही चन्द्रमा अलग-अलग जल अधिष्ठानों में अलग-अलग दिखलाई पड़ता है ।। 9

नाम से वह ईश्वर है, परन्तु अर्थ से अन्य सभी लोगों को दुष्प्राप्य (अन्य सभी लोगों से स्पर्शरहित) है तथा संसार के लोगों के स्वामी के रूप में जो असंदिग्ध रूप से प्रतिपादित है । उन श्री त्रिभुवन महेश्वर के नाम से विख्यात शिवजी की जय हो ।। 10

वे व्याघ्रचर्म को पहननेवाले सर्वव्यापी भगवान् शिव इस लिंगमूर्ति में चिरकाल तक वास करें ।। 11

74

बन्ते श्री अभिलेख
Bantay Srei Inscription

इस वर्ग में चार समर्पण का अभिलेख है । ये जयवर्मन पञ्चम तथा उनके सम्बन्धियों के गुरु यज्ञवराह के धार्मिक स्थापत्य की ओर इंगित करते हैं–

1. वागीश्वरी (सरस्वती) की मूर्ति और विद्या गुरुओं में से दो की मूर्ति (दान देने वाले का आचार्य)
2. उनके माता-पिता की धार्मिक योग्यताओं की वृद्धि के लिए उमा एवं महेश्वर की मूर्तियाँ
3. जाह्नवी नामक यज्ञवराह की छोटी बहन के द्वारा ईश्वर का लिंग
4. यज्ञवराह के सम्बन्धी तथा आध्यात्मिक मित्र पृथ्वीन्द्र पण्डित द्वारा विष्णु की मूर्ति।

इन चार अभिलेखों में कुल 6 पद्य हैं।

जॉर्ज सोदेस द्वारा इनका सम्पादन किया गया है।[1]

(अ) तेन यज्ञवराहेण भक्त्या वागीश्वरीनिभा।
विद्यागुरुद्वयस्यापि स्थापिता स्थितिवेदिना।।

(ब) तेन यज्ञवराहेण पित्रोर्द्धर्म्मविवृद्धये।
उमामहेश्वरनिभे स्थापिते स्थितिवेदिना।।

(स) तस्य यज्ञवराहस्य जाह्नवीति यवीयसी।
स्वसा संस्थापयामास भक्त्या लिङ्गमिहैश्वरम्।।

(द) जयति प्रथमः पुंसां यस्य शब्दगुणं पदम्।
परमं परमार्थज्ञैस् सन्दृष्टमिव मध्यम्।।1
तस्य यज्ञवराहस्य संबंधी धर्म्म बान्धवः।
आख्यां श्री पृथिवीन्द्राद्यां पण्डितान्तामवापयः।।2
तेनेह स्थापिता विष्णोः प्रभविष्णोरियं निभा।
भक्त्या भागवतार्य्येण सर्व्वशास्त्रार्थवेदिना ।। 3

अर्थ–

(अ) उस स्थितिवेत्ता यज्ञवराह के द्वारा भक्ति से देवी वागीश्वरी तथा दोनों विद्यागुरुओं की भी मूर्ति स्थापित की गयी ।।

' उस स्थितिवेत्ता यज्ञवराह के द्वारा अपने माता-पिता के धर्म की विशेष वृद्धि के लिए उमा-महेश्वर की मूर्ति स्थापित की गयी ।।

(स) उस यज्ञवराह की जाह्नवी नाम की बड़ी बहन ने भक्ति से शिवजी के इस लिंग की स्थापना की ।।

(द) पहले का शब्द, गुण और पद पुरुषों को जीतता है तथा मध्यम श्रेष्ठ परमार्थ ज्ञानियों द्वारा आदरपूर्वक देखा जाता है ।। 1

उस यज्ञवराह के ऐसे सम्बन्धी तथा धर्मबन्धु हैं तथा जिसने अपने नाम के आगे पृथ्वीन्द्र तथा अन्त में पण्डित की पदवी प्राप्त की है ।। 2

ऐसे सभी शास्त्रों के अर्थ को जाननेवाले भक्तश्रेष्ठ यज्ञवराह द्वारा भक्तिपूर्वक प्रभविष्णु भगवान् विष्णु की इस प्रतिमा की स्थापना की गयी ।। 3

---

1. *IC*, p.143

75

प्रह येनकोसी अभिलेख

Prah Einkosei Inscription

सियम रियप शहर में एक प्राचीन मन्दिर का प्रह येनकोसी नाम है । संस्कृत एवं ख्मेर भाषाओं में एक बड़े पत्थर पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है । लेख का संस्कृत भाग तीन खण्डों में है । प्रथम खण्ड में शिव की प्रार्थना की गयी है । इसमें अनिन्दितपुर के बालादित्य की चर्चा है जो सोमा तथा कौण्डिन्य के वंशज थे । इनके वंशज राजेन्द्रवर्मन की प्रशस्ति भी इस अभिलेख में है ।

द्वितीय खण्ड में शिव की प्रार्थना तथा जयवर्मन पञ्चम की प्रशस्ति के पश्चात् राजेन्द्रवर्मन की पुत्री इन्द्रलक्ष्मी तथा उनके जामाता ब्राह्मण दिवाकर भट्ट के धार्मिक स्थापत्य की चर्चा है। ब्राह्मण दिवाकर भट्ट को कालिन्दी नदी के पास जन्मा बतलाया गया है । भारत में यमुना नदी का नाम कालिन्दी है । यहाँ के स्थापत्य में निम्नलिखित सम्मिलित थे–

1. इन्द्रलक्ष्मी की माता की मूर्ति
2. दिवाकर भट्ट द्वारा मधुवन के मन्दिर में शिवभद्रेश्वर तथा स्थापित दो अन्य देवताओं की मूर्ति ।
3. द्विजेन्द्रपुर में विष्णु की मूर्ति। यहाँ एक आश्रम भी बनाया गया ।
4. एक अस्पताल
5. भारत में एक मूर्ति या एक मन्दिर ।

इस अभिलेख का ऐतिहासिक महत्त्व यह है कि यह जयवर्मन पञ्चम की राजगद्दी की तिथि बतलाता है जब वह मधुसूदन ग्राम का युवराज था ।

तृतीय खण्ड में वागीश्वरी की प्रार्थना से यह अभिलेख प्रारम्भ होता है । हाथ उठाये हुए विष्णु की मूर्ति की स्थापना तथा वासुदेव द्वारा शिवलिंग की स्थापना की भी चर्चा इस अभिलेख में है ।

इस अभिलेख में कुल 45 पद्य हैं । इस अभिलेख की विस्तृत जानकारी हमें बर्गेने से मिलती है ।[1]

(अ) एकोऽपि वह्निपवनार्क्क विसर्प्पिताभि-
रुद्गीथ वर्ण्णरणित् स्वर सङ्गताभिः ।
मात्रा..
..।। 1
पातु वो बहुद्यैकापि...................
......................रसकृद्विश्वनीरद्यौ ।। 2
वन्देलोले (?)..........................।
कुशारिश् (लिनः) (केशाद्वीथीश)......।। 3
पायाद् भिन्नरसश् श(म्भु)स् स्थिरयोगोऽपिवोभृशम् ।
गौरीकटाक्ष विक्षेपवञ्चितो योऽदहत् स्मरम् ।। 4
आसीद् भूपाल मौलिस्फुरितमणिशिखाराजदिग्धाङ्घ्रिजश्री-
बालादित्योऽपि सन्योऽहित कुलक मलाकुञ्चनायैक चन्द्रः ।
सोमाकौण्डिन्य वंशे निखिल गुणनिधिर्द्दीप्त कीर्त्त्यात पत्रो

1. *ISC*, p.77

दौर्द्दण्डद्योति तानिन्दित पुरविलसद्राज्य लक्ष्मीन्दधानः ॥ 5

सिद्धैरप्सरसाङ्गणैर्द्विजवरैरादित्यवत् किन्नरै-

र्न्नित्यं पादरजोरुणान्तरुचिरैस् सद्भूभृदिन्द्रैर्न्नतः ।

स्वर्ग्गद्वार पुरोदितोऽपि जगतामैशं पदन्दीपयञ्

...........लिङ्गशतं विभज्य....................भूतले ॥ 6

(तस्यान्वयो योऽरिरसाष्टशाके महीधरो विष्णुरिवोज्ज्वलश्रीः)

राजेन्द्रवर्म्मावनिपेन्द्र.............................

....॥ 7

(शौर्य्यङ्केसरिणो बलञ्च मरुतो गाम्भीर्य्यमम्भोनिद्येस्

सौव.........................ऐश्व)र्य्यमिन्द्रा......।

................(हरेश् श्रियमलं शक्तिङ्कुमारात्परान्

त्यागन्दैत्यपतेर्म्मतिं सुरगुरोर्ज्जग्राह यो)..........॥ 8

निर्द्दग्धोऽनङ्गीभूतो (नो)..............................।

(इतीवाजितमीशं यं कान्त्या घाताधिकं व्यघात्) ॥ 9

Only a few letters of the following verses are legible.

भोगीन्द्र भोगमणि दीद्यितिदीपिताङ्कम्

कान्तेन्दुद्यौत कलयाङ्कित केशवृन्दम् ।

वन्दे भवं भवहरे भरितं (भवान्या)

.........................भविनां विभूत्यै ॥ 1

महीपतेस्तस्य बभूव पुत्रो.............

(दिग्राजवन्द्यो).........................।

द्यातेव वर्ण्णाश्रम सद्व्यवस्थां

कृत्वा ररामेश्वर (मन्त्रमार्गैः) ॥ 2

(श्यामो युवा कमलदृक् कमलाङ्कितांङ्घ्रिश्)

...की.........चक्रचितचारुकरः कलाढ्येः ।

(श्रीद्धो गुणीरवनवमूर्त्तिभिराप्तराज्यः

प्राज्यारिराजविजयी जयवर्म्मदेवः) ॥ 3

यो मण्डले.................म............

(लब्धोदयो दिक्षु विकीर्णतेजाः) ।

75. प्रह येनकोसी अभिलेख

प्रकामदाता युद्यि दुर्न्निरीक्ष्यः
(पूषेव नित्यं विजितारिपक्षः) ॥ 4
......यद् विश्वन त्रि.............
......वा भानार्न्निशायां शशिनः क्रमात्....
....॥ 5
याने यस्य बलाक्रान्त साचला वसुधाचलत् ।
वायुक्षुब्धसमु(द्रोर्म्मि)...........तारिव संहतौ ॥ 6
पटुपपटहसुमिश्रैलल्लिरीकङ्सतालैः
करदितिमिल वीणा वेणुघण्टामृदङ्गैः ।
पुरवपणवभेरीकाहलानेकशङ्खै-
र्भयमकृत रिपूणां (यस् सदा वा) द्यसंद्यैः ॥ 7
यात्रामरखानलशिखो धूमकेतो-
रासाद्य यस्य बलिनोऽस्त्र (निपातद्या) तम् ।
त्रस्ता विदुद्रुवुरशेषरिपुप्रवीरा-
स्त्यक्त्वाभिमान मदमाशु महीमहाजौ ॥ 8
(दिव्यास्त्र)शिखिना यस्य दग्धं वैरिमहावनम् ।
न रुरोह पुनस्सिक्तं मन्त्रि............... ॥ 9
...........सरभसं कृतसिंहनादन्
दुर्व्वारवैरिवरवारण कुम्भकूटे ।
यं राजसिंहमसितीक्ष्णनखप्रहारन्
दृष्ट्वा नराधिपमृगाः प्रययुर्व्वनान्तम् ॥ 10
अरिकरिकुम्भकूट पटु-
पातनविघटित विमौक्तिकैर्न्निचिता ।
संङ्खेय यस्यासिलता
विजृम्भिता कालजिह्वेव ॥ 11
चक्रिवन्मुक्तचक्रेण च्छिन्नारातिशिरोम्बुजैः ।
रणे रत्नात्पिरुचिरैरर्च्चिता येन दिग्वधूः॥ 12
छिन्नारिमूर्द्ध रुधिरौघविलिप्तधार-
माधारमे.......व्य.............कृपाणम् ।

उत्फुल्लनीरजरजोरुणिताङ्घ्रि पाणि-
र्य्यस्य स्थिता प्रियतमेव करे जयश्रीः ॥ 13
विद्यूतखड्गाग्रभयाद्विलाम्बिनी-
म्बिपक्षवक्षः क्षत जारुणां श्रियम् ।
विलोक्य कीर्त्तिः कुपितेव दिग्द्रुता
प्रियापि यस्य प्रययौ न सन्निधिम् ॥ 14
वरनरहरिखङगैर्म्मत्तमातङ्गसंघै-
र्व्विविधशरसमूहैराकुलं सद्विपक्षैः ।
अशिवरुतशिवाभिर्भीषणं सिंहनादै
रणवनमदहद यो दीप्तशस्त्रानलौघेः ॥ 15
द्विङ्दन्तिदन्ते कषण स्फुरितोर्म्मिपात-
मस्त्राभिघातघनगर्ज्जित वीरनीरम् ।
योऽनेकदुर्ग्गरण सागरमाततार
शक्तिप्लवं समभिरुह्य यद्यैव रामः ॥ 16
भोगीन्द्रश्वा सवात स्फुरित विष च योद्भूत वह्नि प्रदिग्धन्
व्यक्त्वा भृङ्गीव शुष्कं हरिक जमनिशं नष्टबोधंविशीर्ण्णम् ।
इद्धे द्यौताननाब्जे निखिलगुणनिधौ कीर्ण्णसत्कीर्तिपत्रे
स्निग्धे लावण्यरेणौ स्मितमधुनि रराजोज्ज्वला यस्यलक्ष्मीः ॥ 17
कलिकलुषमहाब्धौ धर्म्मसेतुस्त्रिलोक्या
मथिरवर भुजङ्ग कीर्त्तिलक्ष्मी निवासः ।
विबुधमुनिगणानामाश्रयः कल्पवृक्षः
क्षितिधर इव विष्णोरास बाहुर्य्यदीयः ॥ 18
यस्याग्निहोत्रधूमेन दिङ्मुखे शबलीकृते ।
भीतास्तत्पतयो जग्मुर्व्वनं वनफलाशिनः ॥ 19
शुभ्रानुलिप्रवरगन्धसुगन्धिताशा
स्निग्धा विचित्र रचनारचिताङ्गयष्टिः ।
जित्वा रराज कुसुमास्त्रसमग्रकान्ति-
माह्लादयन्त्यवनिभिन्दुकलेव यस्य ॥ 20
विप्रैर्य्यः ख्यातवीर्य्यैरति पटुरुचिभिर्ध्वस्तपापान्धकारै-

75. प्रह येनकोसी अभिलेख

र्व्वेदान्तज्ञानसारैस् स्मृतिपयनिरतैर्व्वीनरागैलुब्धैः ।
धर्म्यैरष्टाङ्गयोग प्रकटित किरणैरर्क्क भार्गानुयाते-
र्न्नित्यन् ध्यानामृतार्द्रैर सकृद्भिनुतो वेदवेदाङ्गविद्भिः ॥ 21
भूतेशो भूतशेषो गतविभभवो भासमानो विमानो
राजा राजेन्द्रकान्तो जितविजित रिपुर्म्माधवो माधवानः ।
...(न्त्रिकस्थो वह.....नद्य...) ररणे शक्तियुक्तः परेषा-
मिद्धां लक्ष्मीं विमालां करिकरटतटा.....स्वयं यः ॥ 22
तस्य प्रकीर्ण्णयशसः प्रथितानुजा श्री-
राजेन्द्रव(र्म्म)..........भू............या ।
प्रेम्ना द्विजेन्द्र महिषी निजमातुरर्च्चाम्
प्रातिष्ठपत् रवनवमूर्त्तिभिरिन्द्रलक्ष्मीः ॥ 23
जामाता भुवनेश्वरस्य सकलक्षोणीन्द्रचूड़ामणे-
र्ल्लोकाक्रान्तजयश्रियः पृथुयशा राजेन्द्रवर्म्माभिधेः ।
देवो भट्टदिवाकरो मधुवने संस्थाप्य देवत्रयं
स्यालश् श्रीजयवर्म्मदेव नृपतेर्भद्रेश्वरेऽकल्पयत् ॥ 24
सुवर्ण्णयानादिधनैरूपेतं
विचित्र रत्नाभरण प्रदीप्तम् ।
प्रभूतभूराजतताम्रहेम-
गोदास दासीमहिषाश्वनागम् ॥ 25
भद्रेश्वरेणैव विमिश्रभोग-
ङ्भुक्त्वादिदेश स्वयमेव देवः ।
षट्खारिका भोजनतण्डुलाना-
न्तदागतेभ्य(:) प्रतिवत्सरन्त(त्) ॥ 26
....
न्दुग्धाब्धिवत् प्रीतिकरं स भूयः ।
श्रमार्त्तिनाशं विपुल..................
....॥ 27
व्यक्त्वा कर्म्मफल(ं) विजित्य विषयान् कामादिदुर्ग्गकुषा-
न्यो..।

......................रो मधुवने संस्थाप्य सद्भारतीम्

....॥ 28

(निधाय भूयः) प्रतिमां स विष्णो-

द्विजेन्द्रपुर्य्यां विधिना विधीन्द्र(:) ।

प्रियेन्द्रलक्ष्म्या..................द्विजेन्द्रो

द्विजेन्द्रविद्याश्र(म)मत्र चक्रे ॥ 29

कालिन्दी यत्र रम्या तुभ.........रिज्य.......जैर्द्विजेन्द्रैष

षट्त्रिंशद्भिस सहस्रैरनुसवनकृतैर्ऋग्यजुस्सामशब्दैः ।

कृष्णः कृष्णाहिमर्द्दी दितिजकुलहरः कीड़ितोयत्रबाल्ये

तत्रैवाभूत् स देवो दिवसकर इति ख्यातभट्टस्सुकर्त्तिः ॥ 30

सुवर्ण्णयानं मधुसूदनारण्य-

ङ्ग्रमङ्हरौ श्रीजयवर्म्मदेवः ।

द्विजेन्द्रपुर्य्यां युवराङ् दिदेश

वियद्विलाष्टाधिकृताधिराज्यः ॥ 31

क्रूराश् शठातिलुब्धा ये परधर्म्मविलोपकाः ।

ते यान्ति पितृभिस् सार्द्धन्नरकं मनुरब्रवीत् ॥ 32

स्वधर्म्मादधिको धर्म्मः परकीय इति श्रुतिः ।

अतो भवद्भिः पाल्योऽयन्त्रिवर्ग्गफलकाङ्क्षिभिः ॥ 33

(स) उद्यद्भानुनिभा विभिद्य कमलं रवं याति या संहृतौ

सृष्ट्यर्थं पुनरेति चन्द्ररुचिरा यन्मानसं मानिनी ।

वर्ण्णैरात्मक................................स्त्रिता

सा शक्तिर्भुवनेश्वरो(दय) करी वागीश्वरी पातु वः ॥ 1

भूयस् सुरारिमथनोद्यत चित्रबाहु-

रूपन्त्रिवर्ग्गफल दो पलकं प्रियायाः ।

देवो दिवाकर इह प्रथितं पृथिव्यां

प्रातिष्ठिपद्द्विनवमूर्त्तिभिरिन्द्र लक्ष्म्याः ॥ 2

भ..................................श्रकः ।

वासुदेवः प्रसन्नात्मा शिवलिङ्गमतिष्ठिपत् ॥ 3

75. प्रह येनकोसी अभिलेख

अर्थ–

(अ) एक भी अग्नि, वायु, सूर्य से .... विशेष रूप से चलित उच्च स्वर से शब्दायित स्वरों से मिली-जुली मात्रा...............।। 1

तुमलोगों की रक्षा करें, एक भी बहुत दीखनेवाली......बहुत बार विश्वरूप समुद्र में ।। 2

वन्दना करता हूँ, हे चंचले !...........कुशादि शिव के केश से बीथी के स्वामी.......।। 3

भिन्न रसवाले शिव स्थिर योगवाले भी तुमलोगों की अधिकाधिक रक्षा करें । गौरी के कटाक्ष के विक्षेप से ठगे हुए जिस शिव ने कामदेव को जला डाला ।। 4

राजाओं के मस्तकों से फड़की हुई मणियों की चोटियों के रंगों बढ़े हुए चरणों से उत्पन्न लक्ष्मी और शोभावाला, बाल सूर्य, सत्य, शत्रु के कुल की लक्ष्मी के समेटने के लिए अद्वितीय चन्द्र के समान, सोमा-कौण्डिन्य के वंश में सभी गुणों के समुद्र, प्रकाशित अनिन्दितपुर में सोहनेवाली राज्य लक्ष्मी को धारण करता हुआ राजा ।। 5

नित्य ही सिद्ध लोगों, अप्सराओं के समूहों श्रेष्ठ ब्राह्मणों सूर्य के समान, किन्नरों द्वारा चरणों की धूल के निकट सुन्दर अच्छे राजाओं के स्वामियों द्वारा नम्र भाव से नमस्कार किया जानेवाला, स्वर्ग के द्वार पुर पर उगे हुए सम्पूर्ण संसार के ईश पद को प्रकाशित करता हुआ..........सैकड़ों लिंगों का विभाग करके पृथिवी तल पर ।। 6

उसका वंशज जो 866 शाके में 'महीधर' राजा विष्णु के समान उज्ज्वल लक्ष्मीवाला, राजेन्द्रवर्मन राजाओं का स्वामी राजेन्द्र...........।। 7

शूरता सिंह की सी, बल से वायु की सी, गम्भीरता समुद्र की सी, ऐसा सौ......ऐश्वर्य विभूति...........इन्द्रा..........विष्णु की लक्ष्मी को कुमार कार्तिकेय की सी शक्ति को, परां, परम शक्ति को कुमार कार्तिकेय से पानेवाले। त्याग दैत्यपति से, बुद्धि बृहस्पति से जिसने ये सभी चीजें पायी थीं ।। 8

कामदेव जलाया गया, अंगहीन हुआ...........जिसे इसके समान न जीतने योग्य ईश को कान्ति से ब्रह्मा ने अधिक बनाया ।। 9

Only a few letters of the following verses are legible.

(ब) सर्पराज के फण की मणि की कान्ति से प्रकाशित अंकवाले सुन्दर चन्द्र की धोई हुई कला से चिह्नित केशसमूहवाली भवानी से युक्त होना, जन्मन और न मरना भवसंसार, जन्म-मरण के छुड़ाने वाले शिव की वन्दना......... संसारियों के ऐश्वर्य के लिए करता हूँ ।। 1

उस राजा का पुत्र हुआ.............दिशा के राजा के बन्धु के.......ब्रह्मा के समान वर्णों और आश्रमों, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य एवं शूद्र चातुर्वर्ण्य और ब्रह्मचर्य, गार्हस्थ्य, संन्यास एवं वानप्रस्थ– चार आश्रमों की अच्छी व्यवस्था को करके ईश्वर के मन्त्रों के मार्गों से रमण करता था ।। 2

श्याम=कृष्ण वर्ण, युवक, कमलनयन, कमल-चिह्नित चरणोंवाला........ ...की....चक्र से सुन्दर हाथों वाला, कला से धनी लक्ष्मी से प्रकाशित, गुणवान् 890 शाके में राज्य पानेवाला, बहुत बड़े प्राज्य, शत्रु के राज्य पर विजय पानेवाला जयवर्मन राजा था ।। 3

जो मण्डल में..........म..........प्राप्त उदयवाला..........दिशाओं में तेज बिखेर चुकनेवाला । मांगनेवाले की इच्छा के अनुकूल यथेच्छ दान करनेवाला । लड़ाई में दुःख से देखने योग्य, सूर्य के समान नित्य शत्रु पक्ष को जीत चुकनेवाला ।। 4

...........जो विश्व न...........वा अथवा, सूर्य के, रात में चन्द्र के ..... क्रम से....।। 5

जिसकी युद्ध यात्रा में सैनिकों से आक्रान्त वह अचला पृथिवी चलती थी । हवा से मथित समुद्र की ऊर्मि-भँवर.........संहार में ।। 6

डमरू के शब्द से सुन्दर रीति से मीलित, लाल्लरी एक वाद्य और कंस के तालों से करदिति, मिली वीणा, बीन वेणु=मुरली घण्टा और मृदंगों से पुख और पणव, भेरी=नगाड़ा काहला और अनेक शंखों से जो सर्वदा इन कहे हुए वाद्य-समूहों से शत्रुओं को भयावह रूप से त्रस्त करता था ।। 7

75. प्रह येनकोसी अभिलेख

युद्ध यात्रा रूप यज्ञ की आग की चोटी के समान उद्यत धूमकेतु अग्नि के समान तेजस्वी से जिस बलवान् के अस्त्र के फेंकने के घात को पाकर अभिमान और मद को छोड़कर पृथिवी पर महासंग्राम में भयभीत हो-हो करके सभी शत्रु के मुख्य वीर डरने लगे ।। 8

जिस सुन्दर, देव-संबंधी अस्त्रवाले राजा के दिव्य अस्त्र रूप मयूर से शत्रु रूप महावन जलाया गया । पुनः जल से सींचने पर वह शत्रु वन पनपा था..... .....।। 9

.........वेगयुक्त किये गये सिंहनाद को..........दु:ख से निवारण करने योग्य श्रेष्ठ शत्रु-रूप हाथियों के मस्तकों के कुम्भों के समूह में जिस राजाओं में सिंह के समान बहादुर की तलवार रूप तेज अग्नि नखों के प्रकार को देखकर राजरूप मृग दूसरे वन में, वन के अन्त में भाग खड़े हुए थे ।। 10

शत्रु रूप गजों के कुम्भों के समूह के फाड़ने में चतुरता से गिराने से विघटित निकले विशेष मौक्तिकों से भरी असंख्येय न गिनने योग्य जिसकी तलवार रूप लता विशेष रूप से जम्हाई लेती, काल की जीभ सी लगती थी ।। 11

विष्णु के समान छोड़े हुए चक्र से कटे हुए शत्रु के सिर रूप कमलों से रण में रत्नों की पंक्तियों से सुन्दर सोहनेवाले कमलों से जिसके द्वारा दिशा रूप वधू पूजित हुई थी ।। 12

कटे हुए शत्रु के मस्तक के रुधिरों के समूह से विशेष रूप से लथपथ धारावाले आधार में.........व्य......कृपाणवाले खिले हुए कमल की धूल से लाल चरण और हाथवाले राजा जिसके हाथ में जयलक्ष्मी प्रियतमा के समान स्थित है ।। 13

विशेष रूप से काँपे हुए खड्ग के अग्रभाग के भय से रुकनेवाली शत्रु के वक्षस्थल के घाव से लाल लक्ष्मी को देखकर कीर्ति रंज हुई सी दिशाओं में तेजी से भाग खड़ी हुई थी प्रिया भी कीर्ति जिसके समीप नहीं गयी थी ।। 14

श्रेष्ठ नरसिंह के खड्गों से मतवाले हाथियों के समूहों से, अमंगल बोलने वाली गीदड़ियों से सिंहनादों एवं प्रकाशित शस्त्र रूप अग्नि के समूहों से जिसने रणरूप वन को जला डाला था ।। 15

शत्रु रूप गजों के दाँतों के घिसने से फड़कनेवाली भँवरों के गिरने से अस्त्र की चोट के घने गर्जन से वीर रूप जल को जिसने अनेक दुर्ग के रण रूप समुद्र को तैरा था । शक्ति रूप बाढ़ को जैसे ही राम ने समुद्र तरण किया था ।। 16

सर्पराज की साँस की हवा से फड़के हुए विषों के समूह से निकली आग से बढ़े भृंगी के समान सूखे हमेशा नष्टबोध जीर्ण–शीर्ण हरिकन को छोड़कर प्रकाशित धोये मुखकमल सभी गुणों की खान अच्छी कीर्ति से बिखरे पत्रवाले स्निग्ध सुन्दरता की धूलवाली मुस्कान भरे मधु में जिसकी लक्ष्मी उज्ज्वल रूप से रमण करती थी ।। 17

कलियुग के पापरूप महासमुद्र में त्रिभुवन के धर्मरूप पुल (विष्णु) मथे गये बड़े सर्प जहाँ ऐसे विष्णु कीर्तिरूप लक्ष्मी के निवास (विष्णु) देवों और मुनियों के आश्रय (विष्णु) कल्पवृक्ष के समान (विष्णु) विष्णु के पर्वत के समान जिनकी बाँह थी ।। 18

जिसके अग्निहोत्र के धुएँ से दिशाओं के मुख के भर जाने पर डरे हुए उसकी स्वामी राजा लोग वनैले फलों के खानेवाले जंगल चले गये ।। 19

जिसकी उजली लेपी हुई, श्रेष्ठ सुगन्ध से सुगन्धित दिशाओंवाली स्निग्ध विचित्र चना से रचित अंगरूप छड़ी कामदेव की समूची कान्ति को जीतकर पृथिवी को चन्द्र की कला के समान आह्लादित करती हुई सोहती थी ।। 20

जो प्रख्यात वीर्यवाले अतिशय चतुर सुन्दर प्रकाशवाले पापरूप अन्धकार को दूर कर चुकनेवाले, वेदान्त के श्रेष्ठ ज्ञानों से यादगारी की राह पर निरत रहनेवाले विरागियों, लोभहीनों, धर्मयुक्तों, अष्टांग योग से प्रकाशित किरणोंवाले सूर्य के मार्ग से अनुसरण करनेवाले, नित्य ध्यानरूप अमृत से भीगे हुए बहुत बार सब ओर से प्रणाम किये गये वेदों और वेदांगों के ज्ञाता ब्राह्मणों से युक्त जो राजा था ।। 21

प्राणियों का स्वामी भूतशेष नष्ट धन पुनः हो जाये ऐसा वेदों और वेदांगों के ज्ञाताओं के द्वारा प्रकाशमान विमानवाला राजा राजेन्द्र सुन्दर शत्रु को जीत चुकनेवाला, माधव नामक माधव की सी आभावाला लक्ष्मीपति विष्णु सी आभा

वाला । त्रिकस्थो....वह.....नद्य......शक्ति से युक्त परेषा सिद्ध विशाल लक्ष्मी को हाथी करटतटा.....खुद जो ।। 22

उस बिखरे यशवाले प्रसिद्ध छोटी बहन श्री राजेन्द्रवर्मन...........भू....... या जो प्रेम से द्विजेन्द्र की पटरानी अपनी माता की पूजा को प्रतिष्ठा की..........शाके 890 में इन्द्रलक्ष्मी ने........।। 23

समस्त जगत् के स्वामियों के स्वामी के मस्तक की मणि भुवनेश्वर का जामाता लोक को जयलक्ष्मी से आक्रान्त करनेवाले पृथु के समान यशवाले राजेन्द्रवर्मन नाम के राजा भट्ट दिवाकर मधु वन में तीन देवों की स्थापना कर श्री जयदेववर्मन के साले ने भद्रेश्वर में कल्पना की ।। 24

सुवर्ण रथ आदि धनों से युक्त विचित्र रत्नों और भूषणों से प्रकाशमान बहुत-बहुत ज़मीन, चाँदी, ताँबा, सुवर्ण, गाय, दासी, भैंस, घोड़ा, हाथी दिये ।। 25

भद्रेश्वर के द्वारा ही विभिन्न प्रकारों के मिले-जुले भोग करके स्वयं ही राजा ने आदेश दिया- छः खारी=चार द्रोण भोजन के चावल, उन आनेवालों को उतने प्रतिवर्ष दिये जायें ।। 26

दूध के समुद्र के समान प्रीतिकर वह फिर श्रम की पीड़ा का नाश करनेवाला बहुत........।। 27

कर्म के फल को त्यागकर विषयों का विजय कर काम, क्रोध, लोभ, मोह, मद, मात्सर्य सब दुर्गों से आकुलों को जो.............रो................मधुवन में अच्छी सरस्वती की स्थापना करके........।। 28

फिर विष्णु की प्रतिमा को प्रतिष्ठित कर द्विजेन्द्रपुरी में निधिपूर्वक विधि का ज्ञाता प्रिय इन्द्र की लक्ष्मी से..........द्विजेन्द्र.........ने द्विजेन्द्र विद्याश्रम...... यहाँ......बनाया ।। 29

जहाँ रमणीय यमुना यज्ञ....रिज्य.......श्रेष्ठ ब्राह्मणों द्वारा छत्तीस हज़ार अनुश्रवण किये हुए ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद के शब्दों से कृष्ण सर्प के मर्दन करनेवाले कृष्ण ने दैत्यवंश के नाशक जहाँ बचपन में क्रीड़ा की थी वहाँ ही हुआ वह राजा 'दिवसकर' इस नाम से प्रसिद्ध योद्धा सुन्दर कीर्तिवाला ।। 30

मधुसूदन नाम के सुवर्णरथ ग्राम को हरनेवाले दो श्री जयवर्मन राजा ने द्विजेन्द्रपुरी में युवराज ने आदेश दिया 890 शाके में राज्य करने वाले ।। 31

जो निर्दय, शठ, अतिशय लोभी दूसरों के धर्मों के लुप्त करनेवाले हैं वे अपने पितरों के साथ नरक जाते हैं ऐसा मनु ने कहा है ।। 32

वेद कहता है या सुना जाता है कि अपने धर्म से अधिक रक्षणीय दूसरों का धर्म होता है । इस कारण आपके द्वारा जो आप लोग धर्म, अर्थ और काम चाहनेवाले हैं यह धर्मपालन करने लायक है ।। 33

(स) उगते सूर्य के समान कमल को छेदकर आकाश पर जाती है जो संहार के समय में सृष्टि के लिए पुनः आती है चन्द्र के समान प्रकाशमान जिसके मन में रूठी नायिका सी एक वर्ण है आत्मा जिसकी......स्त्रिता- वह शक्ति भुवनेश्वर के उदय करनेवाली सरस्वती तुम लोगों की रक्षा करें ।। 1

फिर दैत्य के नाश में उद्यत चित्र बहुरूप को धर्म, अर्थ, काम इन त्रिवर्ग फलों के देनेवाले प्रिया के राजा दिवाकर यहाँ पृथिवी पर प्रसिद्ध हैं । उन्होंने 892 शक में इन्द्रलक्ष्मी की प्रतिष्ठापना की ।। 2

भ..........श्रकः ....वासुदेव प्रसन्न आत्मावाले ने शिवलिंग की स्थापना की ।। 3

75. प्रह येनकोसी अभिलेख

76

प्रसत कौमफस अभिलेख

Prasat Komphus Inscription

कलू प्री प्रान्त में नोम संडक के करीब 10 मील दक्षिण की दूरी पर स्थित प्रसत कौमफस मन्दिरों का एक समूह है। मन्दिरों के आँगन में एक खड़े पत्थर के चारों ओर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। इस अभिलेख से हमें यह जानकारी मिलती है कि मधुवन जो अब प्रसत कोमफस कहा जाने लगा है वहाँ दिवाकर भट्ट के धार्मिक स्थापत्य हैं।

इस अभिलेख में अनिन्दितपुर के राजा बालादित्य के द्वारा राजा राजेन्द्रवर्मन तथा उसके पुत्र जयवर्मन पंचम की प्रशस्ति की गयी है। दिवाकर भट्ट द्वारा धार्मिक स्थापत्यों की भी यह अभिलेख चर्चा करता है-

1. द्विजेन्द्र नाम विष्णु महेश्वर लिंग
2. विष्णु की एक मूर्ति
3. द्विजेन्द्रपुरी शहर में विद्याश्रम
4. मधुवन का स्थापत्य

उनके लड़कों ने अपनी माँ की भक्ति के चलते विष्णु की एक मूर्ति स्थापित की। यह भी वर्णन है कि राजा के द्वारा बहुत से अधिकारियों को पालकी उपहार स्वरूप प्रदान किये गये थे।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 59 है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

(The verses which are identical with those of No. 111 of RCM-MKS. 73 are indicated below by signs of equality.)

Verses 1-4 = A, 1-4

Only a few letters of v.5 are legible.

Verses. 6-8 = A. 5.7.

सामादियोग परिवर्द्धितदिङ्मुख श्री-
रुद्यत्प्रतापकरमण्डित मण्डलाग्रः।
पद्मोदया..................................
....॥9

Verses 10-11 = A. 8-9

यस्य यानबलोद्धवतधूलि।
.....र्म्महत्..........स्थो राहुग्रासभयादिव॥12

यद्दुन्दुभीनामसकृन्निनादै-
र्घोरे रणे गोगणगोभृदिन्द्राः।
सन्त्रास................................
....॥13

........भिन्नदृप्नवरवारकुम्भ कूटा-
द्रक्तृस्तुति प्रचुरकर्द्दमचर्च्चिताङ्गः।
वैधव्यदो................................
....॥14

धनुर्ज्याघातघोषेण पूरयान्दिङ्मुखानि यः।
ववर्ष शरधारौधान् रणे शक्र (इवापरः)॥15

.......हवाणिलोद्धूताश् शाल्मलितूलवद् द्विषः।
लेभिरे न क्वचित् स्थानं भ्रमन्तो गहनाम्बरे॥16

1. *IC*, p.169

76. प्रसत कौमफस अभिलेख

येन शक्तिभिरुग्राभिर्द्धारिता भू..................।

..........भिरु...........भिरिव संयुगे॥17

दुर्व्वारदन्तिघन कुम्भ विदारणोत्थ-

मुक्ताफल प्रकर दन्तुरतीक्ष्णधारः।

....

....युधि यस्य रराज खड्गः॥18

मत्तद्विपेन्द्रहरियूथयुत्ते सखड्गे

भीमे विपक्षगह........................

....

र्य्यावद् द्विषान्न वनितानयनाम्बुसिक्तः॥19

यस्याम्बराद्भूमविनिर्गतापि

कीर्त्तिः प्रकीर्ण्णा.....................

.......................च वृति-

दृष्टा रजन्यामिव शीतरश्मेः॥20

verses 21-23 = B, 2-4

कृच्छ्रेण हरिणा..................

............शासनेनेव येन तु॥24

चन्द्रः क्रमेण सकलो रुचिरो रजन्यां

भानुर्द्दिवाकर.......................।

....

........न्ती रराज भुवि यस्य पतिव्रतेव॥25

verses 26-35 = B, 6-15

V. 36 = B 17

V. 37 = B 19

V. 38 = B 18

V. 39 = B 22

(First two lines of V. 40 are missing.)

..........शशिकलामिव वर्द्धमानां

गान्दी..................................॥40

..........................द्धबुद्धि-

र्द्दिवाकरस् सामविद्...........।

.....................रिपुभोगिभोगान्

ममर्द्द मन्त्रैः स..................।।41

....

यो...........शिवभावनामृतरसस्वाद प्रसक्तोऽपिसन्।

लिङ्ग विष्णुमहे..........................

..............नकृ.........ईशं द्विजेन्द्राह्वयम्।।42

V. 43 = B. 29

वक्त्रेन्दुविम्बगलितामृतवाहिनी वाक्

प्रह्लादयन्त्य खिल....................।

...........विलङ्घया

यस्यासकृत्स्थितिद्यरैर्व्विधृता शिरोभिः।।44

तस्यात्मजो धर्म्मनिघे............

....

..............................च्चर्या-

मतिष्ठिपन मातुरतीवभक्तः।।45

वाक्यामृतेन परिद्यौतकरा द्यरेन्द्रा

....

....

प्रातिष्ठिपत् स्वजननी महसेन्द्रलक्ष्मीः।।46

V. 47 = B 24

मिश्रीकृत्य स देवेन मधुकाननवासिना।

द्विजेन्द्रपुरदेवे न्वत्राश्रम(ं) पर्य्यकल्पयत्।।48

धान्यशतं प्रतिवर्ष कल्पितं मधुकानने।

दातव्यं कुलपतिना भृत्यैश्चाश्रमपोषकैः।।49

प्रतिमासं...........मधुरे मधुकानने।

मधूच्छिष्टैक पिण्डश्च विद्याश्रम विभूस्थितैः।।50

Verses 51-52 = B 32-33

V. 53 = B. 1

शैलेशयाजक पुरोहित कार्य्य मुख्याः

साध्यापकाश्च गुणदोषदृशो धनेशाः।

76. प्रसत कौमफस अभिलेख

राज्ञः प्रसाद मधुकानन लब्ध दोला
भद्रेश्वरार्च्चनरता यतयोऽत्र धन्याः।।54
दत्तं मधुवनन्देवे श्रीमद्राजेन्द्रवर्म्मणा।
गृहीत्वा यवनाच्छेषं भूयश् श्रीजयवर्म्मणा।।55
भूमिराकरोलात् प्राच्यां याभ्यां सपर्थसंज्ञितात्
प्रतीच्याञ्च स्थलाभङ्गादुदीच्यां भारती गृहात्।।56
आसुरमेस्तथाग्नेय्यां नैर्ऋत्यांस्तीद्रुमाह्वयात्।
वायव्यामानष्टशशादैशान्यां थ्मान्प्रगोपुरात्।।57
प्राक्..रर्वालोविषयेशो दत्तवान् राजशासनात्।
भूयो विक्रमविजयो राज्ञः श्रीजयवर्म्मणः।।58
श्रीन्द्रलक्ष्म्यन्वये भूमिमतां मधुवनावृताम्।
राज्ञस्तत्र प्रधानत्वादयाचत दिवाकरः।।59

अर्थ- (The verses which are identical with those of No. 111 of RCM-MKS. 73 are indicated below by signs of equality.)

Verses 1-4 = A, 1-4
Only a few letters of v.5 are legible.
Verses. 6-8 = A. 5.7

साम आदि योग से बढ़ायी दिशाओं की मुख रूप लक्ष्मी और शोभा से प्रकाशमान प्रताप की किरणों से सोहने वाले मण्डल का अग्रभाग कमल के उदय या लक्ष्मी के उदय......।।9

Verses 10-11 = A. 8-9

जिसकी चढ़ाई के समय सैनिकों द्वारा उड़ी धूल........ महत्=महान्..........थो- ठहरा.......राहु के ग्रास के भय के समान।।12

जिन दुन्दुभियों के बहुत बार शब्दों से भयंकर युद्ध में गायों के समूह गायों का धारण करने वाले इन्द्र गो, वाणी, भूमि, गाय सन्त्रास भली-भाँत डर...........।।13

टूटे-फूटे गर्वीलों में श्रेष्ठ हाथियों के कुम्भों के समूह से रक्त के चूने से बहुत कीचड़ों से पूजित अंगों वाला वैधव्य................।।14

धनुष की डोरी की ध्वनि से जिसने दसों दिशाओं को भरते हुए जिसने रण में बाण धारा समूह की सृष्टि की है वे दूसरे इन्द्र के समान ही

थे।।15

वायु से उड़ने वाले शेमल की रुई के समान शत्रु लोगों ने वन में, आकाश में भ्रमण करने पर स्थान नहीं पाया।।16

जिससे उग्र शक्तियों से फाड़ी गयी पृथ्वी........भीरू.......समान संग्राम में।।17

दुख निवारण करने योग्य हाथियों के कुम्भों के फोड़ने से निकले मोती रूप फलों के समूह से ऊँचे दाँतों वाली दंतुली, तेज धारों वाली...... युद्ध में जिसकी तलवार सोहती थी।।18

मतवाले गजेन्द्र सिंह वानर युक्त तलवार युक्त भयंकर शत्रु....... जब तक शत्रुओं को उनकी स्त्रियों के नेत्रों के जल से सिक्त नहीं कर डाला।।19

जिसकी कीर्ति बिखरी थी आकाश से निकले धुएँ भी......और वृत्ति देखी गयी रात में जैसे शीतल किरणों वाले चन्द्रमा के समान हो।।20

verses 21-23 = B, 2-4

कठिन हरि के द्वारा.........शासन के समान जिसके द्वारा।।24

चन्द्र क्रम से कला सहित प्रकाशमान रात में- सूर्य दिन करने वाले..........उसकी पृथ्वी पर पतिव्रता के समान सोहती थी।।25

verses 26-35 = B, 6-15

V. 36 = B 17

V. 37 = B 19

V. 38 = B 18

V. 39 = B 22

(First two lines of V. 40 are missing.)

.........बढ़ती हुई.......चन्द्र की कला के समान........गान्दी...... ।।40

.........बुद्धि.........सूर्य........साम को जानकर...............शत्रु रूप साँपों के फणों को .....मर्दित कर दिया............मन्त्रों से उसने।।41

जो शिव कल्याणकारी महादेव सम्बन्धी भावना रूप अमृत के रस के आस्वादन में लगा हुआ भी........लिंग को विष्णु के यज्ञ में.......... नकृ...........द्विजेन्द्र नामक ईश शिव को।।42

V. 43 = B. 29

76. प्रसत कौमफस अभिलेख

मुख रूप चन्द्र बिम्ब से निकली अमृत धारा बहाने वाली वाणी खुश करते हैं सब- विशेष रूप से लाँघने वाला जिसके अनेक बार स्थिति धारण करने वाले सिरों से विशेष रूप से पकड़ी हुई।।44

उसके पुत्र- धर्मनिधि.........चर्चा.......माता के अतिशय भक्त ने स्थापना की।।45

वाक्य रूप अमृत से धोयी किरणों वाली या धोए हाथ वाले........ ..अपनी माता के तेज से इन्द्र की लक्ष्मी की प्रतिष्ठा की।।46

V. 47 = B 24

उसने यहाँ पर मधुवन वासी तथा द्विजेन्द्रपुर वासी देवों की उपस्थिति (स्थापना) से पवित्र बनाकर (श्रेष्ठ बनाकर) आश्रम को विधिपूर्वक दान किया।।48

मधुवन में प्रतिवर्ष दान किये गये सौ मन धान, कुलपति, आश्रम सेवकों या आश्रम पोषकों द्वारा (में) बाँटा जाना चाहिए (दिया जाना चाहिए)।।49

प्रतिमास मधुर मधुवन में मीठे पिण्ड भी विद्या आश्रम में स्थित होवे।।50

Verses 51-52 = B 32-33
V. 53 = B. 1

यहाँ राजा की प्रसन्नता के लिए मधुवन में डोलारूढ़ भगवान् भद्रेश्वर की पूजा में लगे शिव की पूजा करने वाले तथा पुरोहित कार्य में प्रमुख लोग अध्यापकों सहित गुण-दोष की परख रखने वाले धनी लोग तथा संन्यासीगण सभी धन्य हैं।।54

श्री राजेन्द्रवर्मन द्वारा मधुवन के देवताओं को दी गयी भूमि का शेष भाग पुनः श्री जयवर्मन द्वारा यवनों से लेकर मधुवन के देवताओं को दी गयी।।55

पृथ्वी आकरोल से पूरब में जिन दोनों से समर्थ नाम वाले से पश्चिम में 'भारती गृह' से स्थल भंग से उत्तर में।।56

अग्निकोण में सुरभि तक, नैऋत्यकोण में पेड़ तक, वायव्यकोण में नष्ट शशक तक तथा ईशानकोण में श्ला प्रगोपुर तक की चौहद्दी के

अन्तर्गत की भूमि पहले देवकार्य के लिए राजा की आज्ञा से दी जा चुकी है।।57

पुनः विजय विक्रम सम्राट् जयवर्मन द्वारा यवनों से लेकर दी गयी लक्ष्मी नारायण से समन्वित मधुवन से घिरी इस भूमि को राजप्रधान होने के कारण दिवाकर ने राजा से माँगा।।58-59

76. प्रसत कौमफस अभिलेख

ता त्रु अभिलेख
Ta Tru Inscription

अंगकोर थोम में ता त्रु नाम का एक छोटा गाँव है जो बयोन के दक्षिण में बसा है। यहाँ यह अभिलेख तीन खम्भों पर उत्कीर्ण है। इस अभिलेख के अधिकांश भाग नष्ट हो गये हैं तथा अपठनीय हैं। प्रथम और अन्तिम ख्मेर भाषा में है।

दूसरा भाग संस्कृत में है। पवित्र कालिन्दी नगर के किनारे दिवाकर भट्ट के जन्म की यह चर्चा करता है। कालिन्दी यमुना नदी का नाम है जिसके तट पर कृष्ण ने अपना बचपन बिताया था। इस अभिलेख में लिखित 1090 अंक को समझना कठिन है कि वह किस बात का प्रतीक है।

इस अभिलेख में केवल एक ही पद्य है जो अस्पष्ट है।[1]

कालिन्दी यत्र पुण्या प्रवहति................................

............सहस्राधिकनवतिकृता यत्र सा......................।

---

1. BEFEO, Vol XXV. p.355

कृष्णः कृष्णाहिमर्द्दी दितिजकुलहरः क्रीडितोबालरूप-
स्तत्रैवाभूत् स देवो दिवसकर इति ख्यातभट्ट सुकीर्त्तिः।।

अर्थ- जहाँ पवित्र यमुना बहती है....................जहाँ एक हजार नौ की गयी वह जहाँ कालिय मर्दन, दैत्य कुल विनाशक भगवान् श्रीकृष्ण बालरूप से क्रीड़ाएँ किये हैं, वहीं पर सुन्दर कीर्ति वाला वह विख्यात् वीर राजा दिवसकर हुआ।।

78

अंगकोर थोम अभिलेख
Angkor Thom Inscription

अंगकोर थोम में बयोन के पश्चिम बौद्ध चबूतरे के भग्नावशेषों में बसे मन्दिर के पत्थर के एक टुकड़े पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। यह प्राचीन मन्दिर प्रह कोक थ्लोक के आधुनिक मन्दिर के बहुत निकट है। अभिलेख का ऊपरी भाग पठनीय है। शेष सभी नष्टप्राय हैं।

इस अभिलेख में विष्णु के पाँच रूपों- वासुदेव, त्रिविक्रम, पद्मनाभ, मधुद्विस, पुण्डरीकाक्ष की प्रार्थना सम्मिलित है। शिव, ब्रह्मा, लक्ष्मी और उमा की भी प्रार्थना की गयी है। इस अभिलेख के अन्तिम भाग में राजा द्वारा एक भद्र पुरुष को सोने की वस्तुएँ तथा पालकी दान-स्वरूप देने का वर्णन है। यह अभिलेख पुण्डरीकाक्ष नामक मूर्ति की स्थापना की भी चर्चा करता है।

प्रारम्भ में इसमें आठ देवी और देवताओं की स्थापना की चर्चा है तथा इसके अन्तिम भाग में नौवें देवता की स्थापना का वर्णन है। आर.सी. मजूमदार का कहना है कि इस अभिलेख के लेखक ने नौ देवताओं के लिए नौ मन्दिरों को

युद्ध को योद्धा की बुद्धि वाला शत्रु की बुद्धि और धीरता दिखाता हुआ उद्दण्ड रूप से जो ईश्वर अचूक शक्ति से शीघ्र सगुण को निर्गुण विधान करने वाला था।।5

...........जीविका वाला, वन में वास करने वाला, जो शत्रु युद्ध में शीघ्र दौड़ता है। मुत्युपर्यन्त मृत की नाई चलने वाला, यहाँ से मनुष्य के लक्षण को जो न सीख सका।।6

...........भंग करने वाले जिस धर्म मित्र के नित्य ही सुख से अपना करने वाला मानव पालन में तुल्य भावना वाला था।।7

जैसे लोकपाल इन्द्र हैं और विश्व के ज्ञाता और जल वृष्टि देने वाले हैं वैसे ही भिन्न-भिन्न राजा को भय देने वाला राजा भूमि पर जयध्वज है।।8

पुनः-पुनः अतिशय प्रकाशमान जिसका तेज है विश्व की सभी दिशाओं में शीघ्र जाने वाला बराबर है ऐसे राजा शत्रु रूप अन्धकार को चीरता हुआ हठ से सूर्यवत् किरणों वाला था।।9

..........जिसकी याचना बीती हुई प्रकाशों से धर्म के लिए है राज्य में समृद्धिशाली लोगों की इससे बढ़कर याचना नहीं थी (है)।।10

व्याधपुर में 'वैक्रपास' वैकङ् ग्राम के रहने वाले नर-नारियाँ उनके प्रिय लोग सज्जन के मद में (अच्छे वाद-विवाद में) वाचने में वंश

सहित प्रार्थित हुए थे।।11

............शिव ही मोक्ष देने वाले हैं ऐसी धारणा वाला शिवभक्त शिवकैवल्य और दूसरा जो शिवविन्दुक था दोनों की स्त्री छोटी बहन स्वामिनी ह्यङ्मृत नाम से प्रसिद्ध थी।।12

............वह राजा महेन्द्र गिरिराज को भोगने वाला सभी विषयों की शान्ति के लिए मुख्यमन्त्रियों को नियुक्त करे।।13

..........मताज् श्री पृथ्वी नरेन्द्र शत्रु रूप सूखे काठों में जो अग्नि के समान जलने वाला उन दोनों मानवों से वीर साथी से युक्त मल्याङ् पद को तब प्राप्त हुआ।।14

भक्त लोग इन्द्रियों के दमन करने वाले उस गति से हमेशा कर देने वाले सभी भूमि को मन की चाह के अनुसार देखकर स्त्रियाँ चली गईं।।15

...............निवेदन कर सुलभ गति और उससे उत्पन्न कर्म तीर्थ नाथ आदि से अलंकृत मुख्य मन्त्री से प्रार्थित को।।16

उस गर्य्याग् भूमि को तो उन दोनों से उस राजा ने अपनी यथोचित राय से परमेश्वर राजा द्वारा दी हुई 934 शाके में ले ली।।17

पृथ्वी की दीर्घता, लम्बाई दक्षिण उत्तर की भूमि से है एक हजार पाँच सौ पाँच है।।18

पूरब और पश्चिम का विस्तार छह सौ पन्द्रह है। उन दोनों मनुष्यों से गर्य्याग् ग्राम में अपने वंश की स्थिति वहाँ बनायी गयी थी।।19

विष्णु लोक नामक राजा के विषय में उसका कुल तब प्रिय हुआ। एक जो था वह कण्ठपाश और दूसरा ब्रह्मराशिक हुआ।।20

व्याधपुर ग्राम में रहने वाला राजहस्ति महाधिप था, वह राजा विष्णुलोक नाम का चतुरंगिणी सेना के बल से युक्त था।।21

जिसको वरत्त से अवनत होने पर दोनों से प्राप्त किये गये हाथी तब तीन हाथी पाकर 'श्वेतेभ' और श्वेत पुच्छक नामक हाथी।।22

वैशि नाम का तीसरा हाथी तीनों हाथी मुक्त हुए। इस सीता नदी को पारकर माल्याङ् गये।।23

उससे उसके पीछे गये दो राजाओं मनुष्यों के साथ हाथी............

उस आये हुए राजा को गर्य्याक् ग्राम रहने वाले दोनों।।24

इन दोनों को आये हुए देखकर बोले- मेरी माता से मेरा कुल है। लोहित दन्त हाथी को लेकर निद्वन्द्व देश में उत्पन्न हाथी को।।25

ले करके यहाँ बन्धिनम् ग्राम में गर्य्याक् ग्राम नाम राजा ने रखा था। तब राजा ने चार मनुष्यों को फिर भूमि दी थी।।26

तब ब्र: ज्रै देश में स्थित लिंग को पुन: निकाला गया था। दो स्त्रियाँ एक पुरुष (ईश्वर की आज्ञा) ईश्वराज्ञ पुत्र हुआ।।27

नृपेन्द्र देवी नाम के उससे ह्यं अमृत स्त्रियाँ थीं। देय सान् नाम के पवित्र नाम का मनुष्य एक गर्य्याक् में रह गया था।।28

तब राजा से हाथी ग्रहण करने में उन दोनों के पीछे गये हस्तिप: हस्ती के पालने वाला गया पीछे अञ्चेन् देश में पुन: पाकर प्रकार गिरे गे गये हुओं को।।29

थ् पल् साङ् नाम के............व्लेङ्...........।।30

तेङ् सान् स्त्री के बेटे ब्र: उमा नाम की स्त्रियाँ थीं। पवित्र नाम का मनुष्य हुआ दे प् नाम के चार......।।31

श्री ब्रह्म नाम का दो पुरुष देह्य कर्पूर नाम की उमा स्त्री के पाँच पुत्र हुए.......इस् धर्म नाम के।।32

दो पुरुष तीन स्त्रियाँ ब्र: व्रौ ब्रह्म नाम के परमशिवपद नामक राजा को तो इस् इतस् तब।।33

परिचर से धर्म नाम का प्रतिदारकोधिप था। चोक गार्गयर नाम के विषय में भद्रा भूमि राजा ने दी।।34

पृथ्वी का विस्तार एक हजार दो सौ था। एक हजार दीर्घता में ग्राम उस आदमी ने बसाया था।।35

स्वाय जोक् देश में भी उसकी स्त्री के ग्राम में इस ग्राम में स्थापित थी। परमी वीर नामक राजा के समय में वह धर्म नाम का भी वल्लभ था, प्रिय था।।36

शिल्प वित्त से नजदीक सटा हुआ परिचरण में अमृत था। उसकी आज्ञा से तब शिल्पी होकर धर्म नामक आदमी।।37

दो बेटियाँ वह कुल धि सावित्री नाम की नृप प्रिय नाम की तब

राजा को रचनाधार गन्ध से इसे नजदीक रखने पर।।38

श्रीनाम के गुरुदेव नाम के मित्र अतिशय प्रिय हुए। ऋषि कम्बु नाम देव को उसके द्वारा ले जाया गया राजा की आज्ञा से।।39

सन्त च्त्वरय नामक देश में उसे रखकर फिर आया। धि नाम के पुत्र ब्रशेज नाम का शुभभृत था।।40

ब्रः व्नं कन्ताल्लुनार नाम कलिंगपुर में लिंग यज्ञ करने वाला याज्ञक था। पृथ्वी के चार भाग पाकर सभी धनों से युक्त।।41

941 शाके में वहाँ पचास नौकरों को रखा था। व्रः पूर्व, द्वट् द्वय कव्यक् सीमात्रवाङ्ख्यङ् ग्राम से।।42

प्रतिदिन इस लिंग के समीप आश्रम बनाकर पूजा देवे। उसके भाई छोटे माद विद्य भी उपेन्द्र उसने पाया था।।43

ग्रहण की गयी राजकुल की स्त्री से राजेन्द्राश्रम रहने वाली से उसके असानाम से उपकल्प नामक पुत्र हुआ था।।44

विशेष नाम वाले के रौ नाम की जो छोटी बहन थी तटः। धिनाम का सुन्दर विद्या वाला हुआ राजकुल की स्त्री का पति भी वह था।।45

दुर्द्ध नाम के व्रौ नाम का ज्येष्ठ भाई मदावल था। तब श्री सूर्य राजा के चरण की धूल का जो अनुगामी था।।46

सावित्री नाम वाली की जो चार स्त्रियाँ हुई दोसान नाम के दो पुरुष रुन् कर्पूर उमा स्त्रियाँ थीं।।47

सभापति ब्रः सन्ताच् द्राय नाम की स्त्री हुई। हृदय नाम का तब दो पुत्र रुन् कर्पूर उमा स्त्रियाँ।।48

मुनिलिंगपुर में लिंग के पूजन में वे दोनों विशेष रूप से रहे। उन दोनों तीन छोटे भाई विजनाम के स्वाय् च्वङ् जनप्रिय थे।।49

कर्पूर नारी के बेटे जन् त्यक् त्रः नाम की स्त्रियाँ। त्यक् नाम के तब हुए चङ् सान् अज्ञ् नाम की स्त्रियाँ।।50

...............और वे लिंगपुर में लिंग के पूजन में शील वाले रत रहा करते।।51

जो जन् नाम के थे उनके पाँच पुत्र दो स्त्रियाँ तीन पुरुष थे। नशच्-से-सं नाम के वाङ्छ्मार नाम की दो स्त्रियाँ।।52

पूरब से सुरुङ्ग षद्ध उससे उच्चृति किया छह हाथ ऊँचा किया प्राकार आदि करके वहाँ दो लिंग स्थापित किये गये।।53

दो बैल परेश की पूजा के स्थापित करके देवी सहित को। श्री हर्षवर्मन के राज्य में जो नौकर पुरुष स्त्री जन।।54

नरायिह नाम का गर्य्याक् नाम के ख्लोञ् कण्भ्यङ्वर=श्रेष्ठ दोनों के मरने पर उपाय वङ्छ मार पुत्र गत हुए दोनों तब।।55

प्रसत स्रलौ अभिलेख

Prasat Sralau Inscription

प्रओक जिले में प्रसत स्रलौ है। यहाँ यह अभिलेख पाया गया जो प्रारम्भ में त्रिदेवों की प्रार्थना तथा राजा हर्षवर्मन की प्रशस्ति का वर्णन करता है। इसके बाद इस अभिलेख में यह लिखा है कि जयवर्मन पंचम के शासन काल में व्रह दमनय नगर की स्थापना हुई और उसे उदयादित्यवर्मन के शासन काल में एकदम उजाड़ दिया गया। नरपतीन्द्रवर्मन के द्वारा पुनः इसे बसाया गया जो वरई कनलोन परिवार के थे।

संस्कृत एवं ख्मेर के मूल पाठ से हम यह जानते हैं कि हर्षवर्मन शक संवत् 987 में गद्दी पर बैठा। इस अभिलेख में कुल 15 पद्य हैं जिनमें केवल पद्य संख्या 9 ही अस्पष्ट है।

जॉर्ज सेदेस द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन हुआ है।[1]

---

1. *IC*, p.221

।।ॐ नमः शिवाय।।

जीयान्नेत्र वराङ्गाभ्यान्दद्यद् वह्निविधू भवः।
कर्म्म कुर्व्वनिव स्वैरन्दाहाह्लादनशक्तिजम्।।1
वन्दे विष्ण्वङ्घ्रि माक्रान्तभुवनं गङ्गयोद्धृतम्।
सपत्न्या जनकाद्रीन्द्र तुङ्गताक्षेपनादिव।।2
वेद्यसन्नामभिस् सार्थैस् स्वयम्भूस्त्रष्ट्टपूर्व्वकैः।
आदिकारणमाख्यातन्न मद्धन्धूत संशयः।।3
राजा श्रीहर्षवर्म्मासीत् सन्नयायागमभूषणः।
असमुद्रमहीन्द्राद्रि मूर्द्धारूढाङ्घ्रिसुद्रुमः।।4
सप्रासुविवरैर्योऽलं सप्रप्रकृतिमण्डलम्।
सप्तद्वीपमिव व्याप सप्तसप्तिरिवांशुभिः।।5
तेजस्विनो जगज्जातरज्जनेनोर्ज साजयत्।
तीक्ष्णान्मृदूनणून् स्थूलान् योऽग्नीन्दूङूनिषांशुभान्।।6
नापुः प्रकृतयस्त्रासं परतोऽपि किमु स्वतः।
यस्य कान्त्याश्रिता कान्ता केनाप्यकलयत्स्मरम्।।7
दग्धदृप्तद्विषद्वीप दीपिताजिनिशोऽनिशम्।
यत्तेजोदहनो दीप्त्या जयश्री दर्शनादिव।।8
विधिवत्कर्म्मकुशलः पक्षिहिंस्रोऽपि संयु(गे)।
..........द्विणमांस पिण्डेन यः काकादीनतर्प्पयत्।।9
तस्य शूरश् शुचिर्मौली मन्त्री मन्त्रिगुणोचितः।
चतुर्णाम् राजकोशानां यस्तृतीयं प्रतिप्रभुः।।10
ब्रैकन्लोङ्साधुसन्तान सन्तानकफलोदयः।
यस्त्यक्तजड़ सङ्गोऽपि सङ्गोपित वृषप्रियः।।11
यः श्रीनरपतीन्द्रादिवर्म्मान्तन्नाम नामतः।
सान्तानिकमभूद् भूमिपतिना तेन लम्भितः।।12
वीरेन्द्रवर्म्मविहितं भूपेश्रीजयवर्म्मणि।
उदयादित्य राज्ये तु शून्यं यद् व्रःदंनप्पुरम्।।13
श्री हर्षवर्म्मधरणीपतिशासनेन
तस्मिन् कृते स पुनरर्पितबन्धुवर्गो।

लिङ्गं द्विहस्तपरिमाणमजद्वयस्य
विष्णोर्भवस्य विधिना प्रतिमेव्यधत्त।।14
तत्पुरभवति श्रीनरपतीन्द्रवर्म्मव्यमेय मुदिहर्षिः।
स्वीकुरु रक्षण दक्ष क्षम मिदाभिति वदनमव्वादीत्।।15

अर्थ- ।।प्रणव सहित शिवजी को नमस्कार है।।

भगवान् के दाहक तथा आह्लादक दोनों शक्तियों से एकत्रित रूप में उत्पन्न, मनमानी करते हुए कामदेव को जिन्होंने अपने नेत्र तथा मस्तक (पर स्थित चन्द्रमा) से आग और अमृत दोनों प्रदान किये हैं उन भगवान् शिवजी की जय हो।।1

भगवान् विष्णु के उन चरणों को नमस्कार करता हूँ जो वामनावतार के समय सभी भुवनों को आक्रान्त कर लिये थे तथा स्वर्ग गंगा से भी जो ऊपर उठे हुए थे मानो पत्नी सहित पर्वतराज सुमेरु की सर्वोच्चता को कम कर रहे हों।।2

सृष्टि करके स्वयम्भू ब्रह्मा जिन्होंने अपने वेद्यस नाम को सार्थक किया है उन आदि कारण रूप में प्रसिद्ध ब्रह्मदेव को संशयहीन होकर नमस्कार करता हूँ।।3

आसमुद्र हिमाचल तक के सभी राजे जिनके चरणों में नतमस्तक थे ऐसे न्याय एवं आगम जैसे सद्विद्याओं से अलंकृत राजा श्री हर्षवर्मन थे।।4

सातों प्राण विवरों से (आँख, नाक, कान, ब्रह्मरन्ध्र तथा मुख से) जिन्होंने सातों प्रकृतियों के मण्डल को (स्वामी, अमात्य, पुर, राष्ट्र, कोष, दण्ड तथा सुकृत- इन सातों प्रकृतियों के समूह को) पूर्ण कर देने वाले इन्होंने सातों द्वीपों को सूर्य की किरणों की तरह व्याप्त कर रखा था।।5

जिन्होंने अग्नि, चन्द्रमा, तारागण तथा सूर्य के क्रमशः तीक्ष्ण, मृदु, अणु और स्थूल तेजों को अपनी तेजस्विता, प्रजारंजन तथा शक्ति से जीत लिये हैं।।6

जिसके प्रजाजन शत्रुओं से भी कष्ट न पा सके वहाँ अपनों से कष्ट पाने की बात ही क्या? उनके सौन्दर्य पर आश्रिता (सौन्दर्य से

आकर्षिता) किसी भी स्त्री ने कामदेव को गिना ही नहीं (सुन्दरों में गिना ही नहीं)।।7

जिसके तेज रूपी अग्नि के निरन्तर जलने से युद्ध में जले हुए गर्वोन्त शत्रु द्वीपों के प्रज्वलित प्रकाश में ही मानो वे जयश्री के दर्शन करते हों।।8

किसके साथ कैसा व्यवहार किया जाये इस विषय में कुशल राजा, पक्षी तथा हिंस्र पशुओं के सम्बन्ध में भी व्यवहार कुशल होने के कारण युद्ध में काकादि हिंस्र पक्षियों को शत्रु शरीर के मांसपिण्डों से जिसने संतृप्त किया।।9

उनका वीर, पवित्रों में श्रेष्ठ, मन्त्र्योचित गुणों से पूर्ण मन्त्री था जो चार राजकोषों में से तीसरे का मालिक था।।10

व्रैकन्लोङ् का सज्जन सन्तान जो संस्थानिक पद को प्राप्त हुआ था वह मूर्खों के संग छोड़ने पर भी वृषप्रिय भगवान् शिव द्वारा अच्छी तरह रक्षित था।।11

जो उस राजा के द्वारा नियुक्त किये जाने पर अपने नाम के आगे नरपतीन्द्र तथा नाम के पीछे वर्मन यह उपाधि धारण कर संस्थानिक हुआ।।12

वीरेन्द्रवर्मन द्वारा विहित, महाराजा श्रीजयवर्मन के पूर्वांचल राज्य के शासन-काल में व्रांदनपुर जो शून्य (जन या शासन शून्य) हो चुका था उस व्रांदनपुर को।।13

श्री हर्षवर्मन राजा के शासन के द्वारा पुनः उनके बन्धुवर्ग में अर्पित कर दिया गया तथा दो हाथ ऊँचे दोनों देवों श्री शिवजी तथा श्री विष्णु की मूर्तियाँ, मूर्ति स्थापन विधि से प्रतिष्ठापित की गयीं।।14

उस व्रन्दनपुर की जो रक्षा करते हैं वे महाराजा श्री इन्द्रवर्मन रक्षा करने में दक्ष तथा सक्षम हैं ऐसा सब लोग स्वीकार करें यह कहकर बाजा बजा दिया।।15

९७

लोनवेक अभिलेख
Lonvek Inscription

लोनवेक एक शहर का नाम है जो उसी नाम के जिले का मुख्य स्थान है। अभिलेख एक खड़े पत्थर पर उत्कीर्ण है। यह अभिलेख इस स्थान से देश की राजधानी नोमपेन्ह में सुरक्षित है। सत्यदेव कुल नाम के एक परिवार द्वारा कई एक धार्मिक स्थापत्यों की चर्चा यह अभिलेख करता है। इस परिवार का प्रथम सदस्य रुद्रवर्मन था जिसकी पत्नी का नाम नरेन्द्रलक्ष्मी था। इस पैतृक परिवार का अन्तिम सदस्य शंकर था। शंकर, शंकर पण्डित तथा यतिशंकर एक ही व्यक्ति का नाम था जो तीन राजाओं का पुरोहित था। ये तीन राजा थे- सूर्यवर्मन, उदयादित्यवर्मन तथा हर्षवर्मन।

यह अभिलेख हर्षवर्मन के राज्य में शंकर द्वारा द्विरददेश में शिव की मूर्ति की स्थापना का वर्णन करता है।

इस अभिलेख में 59 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 1 एवं 28 से 30 अंशतः नष्ट हो चुके हैं।

आयमोनियर ने इसका सम्पादन किया है।[1]

........उज्ज्वलत्तमसः परम्।
तद्व्यापि च न तत्स्पृष्टमाभाति भुवने.........।।1
.........न् क्षेत्रे वेशनिस्सृतिभाग् विभुः।
अक्षीणभोगमोक्षार्थ मेघेऽक्र्क इव राजते।।2
(नमाम्यु)मापतिं कान्तां काये सामि विभर्त्तियः।
विश्वेषां पितरौ भावं प्रत्यक्षं प्रथयन् विभुः।।3
चतुरास्यन् नमस्यामि शङ्कुजागर्त्ति योऽनिशम्।
वीक्ष्यं विष्णुं श्रिया सुप्तं क्षीराब्धौ सृष्टिरक्षया।।4
नमो मुरारये ज्यायस् स्ववीर्य्यन्दर्शयान्निव।
स्वर्व्वासिवैरिणो दैत्यां(त्यान्) स्त्रीरूपेण जघान यः।।5
सरस्वतीन्नमे हंसी दुर्ग्रहा लीलयामला।
लोला शब्दगुणे स्वच्छमानसे या रता भृशम्।।6
आसीत् पुन्नागवर्म्माख्यश् शक्तिमान् रुद्रवर्मणः।
नरेन्द्रलक्ष्म्याञ्जातोऽद्रिपुत्र्यां गुह इवेश्वरात्।।7
पुंसां वीर्य्याद्युगदो यो देहत्राणसहो युधि।
यतत् पुन्नागवर्म्मेति सूरिभिस् स्म निरूच्यते।।8
सप्तदेव कुलग्रामः क्षोण्या सक्षेत्रसंसदि।
पितृसीमिकदत्तायां येनाकारि समन्ततः।।9
ग्रामे रुद्रालयाख्ये यः कृते किङ्करपूरिते।
श्री भद्रेशासनलिङ्ग(ं) स्थापयामास कल्पितम्।।10
यः प्रासादादिभिर्भूयस् समृद्धैस्तं समस्तकरोत्।
तुङ्गन्तटाकमखनत्तत्रोल्लासित लाञ्छनम्।।11
विष्णवङ्शस्य पितुस् सप्त विष्णु प्रतिकृतीर्व्यधात्।
भक्त्या योऽनेकदेशस्था भुवनोदीर्ण्णशक्तिवाः।।12
द्विरदपुर निवासं पूजयोन्मील्यं शम्भुं
कृतविबुधविभूतिं शक्तिमान् प्राङ्गनेयः।
सविहतिनिजरूपं मातृरूपञ्च देव्या

---

1. *Le Cambodge*, Vol. I p.215

अतुलमहिमहानेस् स्थापयामास मूर्त्तिम्।।13
तस्य मात्रन्वये जातस् संविदाचार रञ्जितः।
धर्म्मार्थकामधौरयेस् सर्व्वीयो गुणसंपदा।।14
महेन्द्राद्रिस्थितेः प्रेयान् भृत्यश् श्रीजयवर्म्मणः।
उदितोदितवंशो योऽधिपो व्यजनधारिणाम्।।15
ससेवानीयते यस्मै वाल्लभ्यास्मयचेत से।
सर्व्वत्र निजदेशेऽन्यां भूयो भूमिन्ददौ नृपः।।16
तन्मात्रन्वयजश् श्रीमान् वासुदेव इव द्विषः।
बभूव वासुदेवाख्यः कुलत्राणपराक्रमः।।17
श्रीन्द्रवर्म्माख्यनृपतेश् श्रीयशोवर्म्मणश्च यः।
अ(नुष्ठेय) विद्यत्तेस्म राजनीतिविशारदः।।18
तन्मात्रन्वयजाश् श्रेष्ठा धर्म्मिष्ठाः पुरुषास्त्रयः।
अपालयन् कुलान् न्याय्यमक्षीण क्षेमरक्षणात्।।19
श्रीहर्षवर्म्मणो राज्ये ये च श्रीशानवर्म्मणः।
अनुतस्थुरनुष्ठेयङ्क माच्छ्रीजयवर्म्मणः।।20
त्रयाणां योऽग्र(त्र?) धिषणो मनोरूढ़ निजाशयः।
शिवश् शरण्यं मेऽस्तीति मनश्शिव इतीरितः।।21
यो वल्लभो भागिनेयीं राज्ञो राजेन्द्रवर्म्मणः।
रूपाचारामी(मि) रामाङ्गीं प्राणाख्यां स्वामिनींव्यधात्।।22
भागिनेयौ महात्मनौ सर्व्वशास्त्रेष्वधीतिनौ।
अकरोद् याजकौ यश् श्री राजेन्द्रेश्वर लिङ्गयोः।।23
शिष्टान्वयाचारगुणा मृते राजेन्द्रवर्म्मणि।
साप्यभ्यन्तर लेखि(खी) नामधिपा जयवर्म्मणः।।24
उदितोदितवंशौ द्वौ कवी श्रीजयवर्म्मणा।
न्ययुज्यता शेमुषीद्धौ हेम शृंगेशयाजकौ।।25
उदीर्ण्णकीर्त्तयस्तेषामासुर्म्मात्रन्वयोदिताः।
बल्लभा पञ्च पुरुषा भृत्याश् श्रीजयवर्म्मणः।।26
तेषां कवीश्वराख्यो यो ब्रह्मचारी महामतिः।
त्ययुज्यताग्नी(ग्नि) कार्य्येषु श्रेष्ठश्श्रीजयवर्म्मणा।।27

अथ श्री सूर्य्यवर्म्मासीत् सम्राड् राजन्वतीधरः।
मात्रन्वयोदितस्तस्य.................................॥28
रोषानलाद् ध्रुवं शम्भोरनङ्गं वीक्ष्य मन्मथम्।
कान्तोपमां नयन् धाता निर्म्ममे नु............॥29
तेजस्विभूभृज्जितये यस्य याने मिया ध्रुवम्।
रविरन्तर्दधे शैला गजव्याजेन वा............॥30
धूमौ यस्याध्वरे धर्म्म्यान्धुरं धृतवतो भुवः।
नैवामलिनयद् ब्योमयशोऽपि ख्यातीभूभृता(म्)॥31
कृष्णाग्राही कुलहिते पातयन् भष्ममाहवे।
युक्तं योऽप्यर्ज्जुनयशाः भीमसेनाऽहितास्त्रकृत्॥32
अहो योऽथर्व्वनिष्णातो योगासक्तमना भृतम्।
बबन्ध निश्चलं लोकान् निश्शेषान् सप्ततन्तुभिः॥33
पाणिनीयमते विद्वान्नितरामपि सत्तमः।
परार्थोत्पादने द्रव्ये जातिमुत्सृजतिस्म यः॥34
यत्कीर्तिरेकविक्रान्ता चेदाक्रंस्यत् पुरा ध्रुवम्।
त्रैलोक्यं व्रीड़या विष्णुर्नाक्रंस्यत् तत्त्रिविक्रमः॥35
विहित विबुधबोधो वन्दिताङ्घ्रिर्म्महेशैस्
समधिकधिषणाशीर्व्वाहु वीर्य्योद्धराशः।
निरतिशयरयद्विड्वेगरोधी स्वंधर्म्म
सुरपतिरिव सम्राड् यो ऽन्वशाच्छान्त बाधम्॥36
श्री सूर्य्यपर्व्वतस्थस्य शम्भुलिङ्गस्य यानकः।
कवीश्वरश् श्रुतधनस्तेनायुज्यत शुद्धधीः॥37
कवीश्वरश् समावृत्तो वित्तविधायशस्विनः।
भागिनेयीमुदवहच्छ्रीवागीश्वरमन्त्रिणः॥38
तद्भागिनेयस् संशुद्धः कविश् शङ्करपण्डितः।
तस्य होता क्षितिपतेरभ्यर्हिततरोधिया॥39
यथावत् संस्कृतस्तीर्थाच्छब्दशास्त्रादिवाङ्मयम्।
योध्यगीष्टाचिरं सम्यग् विहितोत्सवदक्षिणम्॥40
बाल्यतश् शिष्टसभयो वर्णी व्रतपरायणः।

योऽकरोद् गुरुशूश्रुषास्त्रिविद्या गुरुवासतः।।41
अर्घ्य वक्त्रसहस्त्रेण पा(प) तञ्जलिरसङ्शयम्।
भाष्यार्थ व्यवृणोद् यस्तु तथैकास्येन विस्मितः।।42
द्रव्यं विधाय सामान्ये विशेषे गुणकर्म्मणी।
धर्म्मसाधनवित्त प्रोक्तो योऽपितर्क्कै कना(णा)दवत्।।43
सर्व्वशास्त्रेषु योगज्ञश्चतुष्कालेषु योगकृत्।
(नि)त्यं रतोऽपि शीले यो यमेनावर्त्तयद् गतिम्।।44
इद्धार्थरत्नशास्त्राब्धीन् पिवतो यस्य कृत्स्नशः।
क्रोधादिज्वलनो जाड्यतमश्च नु न मानसे।।45
सन्तानस् सत्रसा(स)र्व्वीयश् शिष्टश्श्वश्श्रेयसस्तुतः।
यत्रोदर्क्के समुदिते ज्यायस्ताकोटिमध्यगात्।।46
उदयादित्यवर्म्माथ क्षोणीन्द्रः क्षणदाकरः।
कीर्त्तिज्योत्स्नाभिरूर्व्वीन्द्र वंशक्षीरार्णवेऽभवत्।।47
योषितो वपुषा योधात् वीर्येण विबुधान् गुणैः।
लोकाञ्छत्तया द्विजान् दानैः वशं योऽयोजयत्तराम्।।48
गुणैकराशिद्यौरेयस् स्वर्ग्गते सूर्य्यवर्म्मणि।
(म)न्त्रिभिश्चक्रवर्त्तित्वे योऽभि(ष्य)षिय्यत सन्तराः।।49
वीक्ष्य मध्यस्थ हेमाद्रिजम्बुद्वीपं सुरालयम्।
अन्तस्स्वर्णाद्रिमकरोत् स्वपुरीम् स्पर्द्धयेष यः।।50
तस्मिन् स्वर्णाद्रिशिखरे दिव्ये जाम्बुनदे रुचा।
प्रासादे कालद्यौतं यश् शैवलिङ्गमतिष्ठिपत्।।51
राज्ञोदितोदितस्तेन धीरश् शङ्करपण्डितः।
न्ययुज्यत गुरूर्व्वीक्ष्य सत्रसत्कृतताभिनाम्।।52
त्रैलोक्य तिलके शैले स्वर्ण्णलिङ्गस्य याजकः।
स शुक्लाश् शुक्लपक्षेण तेनायुज्यत् भूभृता।।53
अथ श्रीहर्षवर्म्मासीदनुजो हर्षयन् प्रजाः।
सोदर्य्यस् स्वर्ग्गतौ भूप उदयादित्यवर्म्मणः।।54
तस्मिन् राज्येऽभिषेक्तायं गुरूश् शङ्करपण्डितः।

मन्त्रिभिस् स्थापयामास वशिष्ठो राघवं यथा।।55
ग्रहीतुमशकद्राजशक्तिद्वारैर्नगाधिजः।
नन्दिनीं गान् तु यो द्वन्द्ववृत्त्या तैर्व्वशमानयत्।।56
कलितापज्वरार्त्ताः प्राक् सिद्धिसाराधिकः प्रजाः।
चतुर्जातिक्रियायुक्त्या यश् शान्तिप्रापयन्तराम्।।57
क्षोणीश्वरो महिमभिर्भुवनेप्यतुल्यो
मान्यं पुरोधसमवाप्य स शङ्कराख्यम्।
आमुष्टि कौट्टिक समीहितासिद्धि कोटि-
न्धौम्यं युधिष्ठिर इवाति सुखेन लेभे।।58
सप्तदेवकुल मातृवंशजो भूधरत्रय पुरोहितो यतिः।
शङ्करश् शिविकयान्वितान्निभां सोऽदिशद् द्विरददेशशङ्करे।।59

अर्थ- ....उनके अन्धकार से परे। उसमें व्याप्त रहने वाले उससे छूकर प्रकाशमान भुवन में...।।1

.............क्षेत्र में वेश से निकले व्यापक। पूर्ण भोग एवं मोक्ष के लिए मेघ में सूर्य के समान शोभते हैं।।2

उमापति को नमस्कार करता हूँ अपनी उमा के शरीर में आधे भाग के रूप में जो धारण करने वाले हैं विश्व के माता-पिता व्यापक प्रत्यक्ष भाव को बिखेरते हुए।।3

चतुर्मुख ब्रह्मा को नमन करता हूँ जो सर्वदा लक्ष्मी के साथ सोये हुए विष्णु को क्षीरसागर में सृष्टि की इच्छा से देखते हैं।।4

मुरारि को नमन है जो बड़े हैं अपने वीर्य बल को दिखलाते से सब के वैरी दैत्यों को स्त्री रूप से जिसने मार डाला।।5

सरस्वती को नमस्कार करता हूँ। लीला से निर्मल दुख से ग्रहण करने योग्य हंसी के समान चंचला स्वच्छ मानस वाले आकाश में जो बहुत रत हैं।।6

नाम से पुन्नागवर्मन था जो शक्ति वाला था, रुद्रवर्मन का पुत्र था। नरेन्द्र लक्ष्मी में जो जन्म लिया था। जैसे पार्वती में शिव से कार्तिकेय हुए थे।।7

पुरुषार्थ से वीर्य बल आदि में जो उदार है युद्ध में शरीर की रक्षा

सहने वाला है। पुन्नागवर्मन इस नाम से ख्यात विद्वानों द्वारा कहा गया था।।8

सात देवों के कुल का ग्राम पृथ्वी के खेत सहित सभा में पिता द्वारा सीमा वाली दी गयी भूमि में सब ओर से जिसके द्वारा ग्राम बसाया गया।।9

रुद्रालय नामक ग्राम में जिसने दासों से पूर्ण किया था। श्री भद्रेशासन लिंग को कल्पित करके स्थापित किया था।।10

फिर जिसने प्रासाद आदि से समृद्धिशाली समस्त को किया था। (ऊँचे) तुंग तड़ाग खुदवाया था, वहाँ उल्लसित रूप से चिह्नयुक्त किया था।।11

विष्णु के अंश पिता की सात विष्णु प्रतिमाएँ बैठायी थीं। भक्ति से जो अनेक देशों में स्थित सारे विश्व में प्रसिद्ध शक्तियों वाली।।12

जिसने द्विरदपुर में निवास करके पूजा से शिव को उन्मीलन करके देवों के ऐश्वर्य को करके प्रांगण में शक्तिमान विहार के साथ अपने रूप को और देवी के माता रूप को अतुल महिमा वाली मूर्ति को स्थापित किया था।।13

उसकी माँ के कुल में जन्म हुआ ईश्वर के आचार से शोभित धर्म, अर्थ, काम में अग्रगण्य शिवभक्त गुण रूप सम्पत्ति से युक्त था।।14

महेन्द्र आदि की स्थिति से अतिप्रिय श्री जयवर्मन के दास उगे हुए उदित – वंश वाला जो पंखे धारण करने वालों का स्वामी था।।15

राजा ने फिर भूमि दी दूसरी सर्वत्र अपने देश में सेवा सहित नीति के लिए जिसे प्रियता और मुस्कान भरे चित्त वाले को।।16

उसकी माँ के वंशज श्रीमान्, शत्रु के लिए वासुदेव कृष्ण के समान वासुदेव नामक वंश रक्षा के पराक्रम वाला था।।17

जो श्री इन्द्रवर्मन नामक राजा के और श्री यशोवर्मन के बताये कार्य करता था तथा राजनीति में वह विशारद था।।18

उसकी माँ के वंशज श्रेष्ठ धार्मिक तीन पुरुष थे, कुलों का पालन किया था न्याययुक्त रूप से पूर्णक्षेम की रक्षा से।।19

और श्री हर्षवर्मन के राज्य में जो श्री ईशानवर्मन के पीछे ठहरने

वाले थे श्री जयवर्मन के कार्य को क्रम से करते थे।।20

तीनों के जो अग्र बुद्धि वाले थे मन में पैदा हुए अपने हृदय की बात- आशय वाले थे। 'मेरे शरण देने वाले शिव हैं' यह सोचने वाला 'मन शिव' नाम से ख्यात थे।।21

राजा राजेन्द्रवर्मन की भान्जी जो रूप और आचरणों से सुन्दरी थी प्राणा नाम की उसे स्वामिनी बनाया था जो वह राजा का प्रिय था।।22

दो भान्जे महान् आत्मा वाले सभी शास्त्रों के पढ़ने वाले थे, उन्हें श्री राजेन्द्रेश्वर के दोनों लिंगों के पूजा करने वाले थे।।23

शिष्ट लोगों के आचरण और वंश के आचरण रूप-गुण वाली राजेन्द्रवर्मन की मृत्यु होने पर वह भी जयवर्मन की अभ्यन्तर लेखी लोगों की स्वामिनी हुई थी।।24

दो उगे उदितवंश वाले दो कवि श्री जयवर्मन द्वारा हेमश्रृंगेश के याजक रूप से दो बुद्धिमान कवि नियुक्त किये गये।।25

प्रसिद्ध कीर्ति वाले उनकी माता के वंश में जन्म लिये प्रिय पाँच पुरुष श्री जयवर्मन के नौकर थे।।26

उनमें जो कवीश्वर नाम वाला ब्रह्मचारी महाबुद्धि वाला था अग्निकार्यों में जो श्रेष्ठ था, उसे श्री जयवर्मन द्वारा नियुक्त किया गया था।।27

इसके बाद श्री सूर्यवर्मन राजाओं का राजा सम्राट् था। माँ के वंशज से उदित उसके...।।28

शिव के क्रोध रूप अग्नि से निश्चित जले कामदेव को अनंग देखकर अपनी प्यारी समान सुन्दर रचना ब्रह्मा ने की थी.........।।29

तेजस्वी राजा के जीतने के लिए चढ़ाई में भय से निश्चित रूप से सूर्य छिप गये। सभी पर्वत हाथी के छल से..............।।30

पृथ्वी के धर्मयुक्त भार को धारण करने वाले राजा के यज्ञ के धुएँ आकाश को मलिन नहीं कर सके और प्रसिद्ध राजाओं के यश को भी मलिन नहीं कर सके थे।।31

कृष्ण को ग्रहण करने वाले वंश के हित में युद्ध में भस्म गिराते हुए युक्त ही उचित ही जो अर्जुन के यश के समान यशस्वी भीमसेन शत्रु

के अस्त्र या अहित करने वाले अस्त्र का निर्माण करने वाला था।।32

आश्चर्य है अथर्ववेद में निष्णात पारंगत योगी ने सभी लोकों को निश्चल रूप से सात तन्तुओं से बाँधा था।।33

पाणिनीय व्याकरण के मत में अतिश्रेष्ठ बहुत बड़ा विद्वान् भी दूसरों के लिए द्रव्य उत्पादन में जो जाति का त्याग करता था।।34

जिसकी कीर्ति एक विक्रम से युक्त है यदि पहले निश्चित आक्रमण किया होता, तीनों लोकों को लज्जा से विष्णु ने आक्रमण किया, सो वे त्रिविक्रम कहलाते हैं।।35

विद्वानों को बोध दे चुकने वाला पूज्य चरण महाराजाओं द्वारा अधिक बुद्धि, आशीर्वाद, बाहुबल, वीर्य में धुरन्धर आशा वाले अति वेग वाले शत्रु के वेग को रोकने वाले अपने धर्म को इन्द्र के समान जो सम्राट् बाधाओं को शान्त करके अनुशासन करने वाले थे।।36

श्री सूर्यपर्वत पर स्थित शिवलिंग के याजक कवीश्वर मुनी विद्या ही धन है जिसका ऐसा श्रुत धन शुद्धि वाले उस राजा के द्वारा नियुक्त किये गये थे।।37

समावर्तन के बाद कवीश्वर ने धन विद्या यश वाले श्री वागीश्वर मन्त्री की बहन की पुत्री का पाणिग्रहण किया था।।38

उनके भान्जे सम्यक् शुद्ध कवि शंकर पण्डित थे उनके हवन करने वाले, बुद्धि से राजा के अतिशय प्रार्थना के पात्र थे।।39

यथोचित रूप से संस्कार किया हुआ तीर्थ से पहुँचे पण्डित से शास्त्र आदि के वाङ्मय वाणी को जिसने शीघ्र पढ़ लिया, भली-भाँति उत्सव और दक्षिणा देकर पहले पढ़ने वाले उत्सव करते गुरु निकट रहकर गुरुदक्षिणा भी देते थे।।40

बचपन से शिष्ट विवेक वाला, उत्तम वर्ण वाला, व्रत में रत रहने वाला जिसने गुरु समीप पास करके अन्तेवासी बनकर तीन प्रकार की गुरु सेवाएँ की थीं।।41

भगवान् पतंजलि ने हजार मुखों से पाणिनि के सूत्रों के अर्थ भाष्य नाम से ख्यात का विवरण किया था उनके अर्थ जो एक मुख से कहे आश्चर्यित हो करके।।42

सामान्य में द्रव्य का विधान कर, विशेष में गुण और कर्म का विधान कर धर्म के साधन के ज्ञाता भी जो तर्कशास्त्र में कणाद मुनि के समान था।।43

सभी शास्त्रों में योग का ज्ञाता, चारों कालों में (बारह घण्टों-तीन घण्टे का एक प्रहर) योग करने वाला, शील में प्रतिदिन रहने वाला जो गति को इन्द्रियों के संयम से आवर्तित करने वाला था।।44

प्रकाशित अर्थ रूप रत्नों वाले शास्त्र रूप समुद्रों को कठिनता से जिस क्रोध आदि अग्नि पीने वाले के मन में मूर्खता जड़ता नहीं थी।।45

शैव की सन्तान शिव यज्ञ से सम्बन्ध रखने वाला, शिष्ट कल्याण के लिए सवेरे स्तुति करने वालों से प्रार्थित राजा लोग और अन्य लोग अपने कल्याण के निमित्त स्तुति करते हैं, ऐसे अन्धकार को चीरकर सूर्य के समान उग गये थे।।46

इसके बाद राजा उदयादित्यवर्मन चन्द्र के समान कीर्ति की किरणों से राजाओं के वंश रूप पक्षी समुद्र में हुए।।47

स्त्रियों को शरीर की सुन्दरता से, लड़ाई करने वालों को वीर्य बल से, विद्वानों को गुणों से, लोकों को शक्ति से, ब्राह्मणों को दानों से जिसने अपने वश में कर लिया था।।48

गुणों के एक ढेर उसके भी आगे गिने जाने वाले सूर्यवर्मन के स्वर्ग जाने पर मन्त्रियों द्वारा चक्रवर्ती पद पर जो अभिषिक्त किये गये थे।।49

स्वर्ग में बीचों-बीच स्वर्णपर्वत, जम्बू द्वीप, सुरालय आदि देखकर जिसने अन्दर सोने वाला पर्वत अपनी पुरी को बनाया था मानो इन्द्र के स्वर्ग से भी बढ़ने की होड़ लेने के समान ही यह कार्य किया था।।50

उस स्वर्णाद्रि के शिखर पर सुन्दर जाम्बु नद पर प्रकाश से प्रासाद देवमन्दिर या राजसदन पर सुवर्ण के शिवलिंग स्थापित की थी।।51

राजा के कहने पर उगे हुए धीर शंकर पण्डित गुरु देखकर सत्र के इस सत्कार को उस राजा के द्वारा नियुक्त किये गये।।52

त्रैलोक्य के तिलक पहाड़ पर स्वर्णलिंग के यजक वे श्वेत शुक्ल पक्ष से उस राजा से नियुक्त किये गये।।53

इसके बाद श्री हर्षवर्मन उदयादित्यवर्मन के सहोदर भाई (छोटे) जो प्रजाजन को प्रसन्न करने वाले थे। उनके सहोदर के स्वर्गीय होने पर राजा हुए थे।।54

उनके राज्य में अभिषेक करने वाला जो गुरु शंकर पण्डित थे मन्त्रियों द्वारा स्थापित किये गये थे। जैसे वसिष्ठ ने राम को राज्याभिषेक किया था।।55

जिन वसिष्ठ जी को राजशक्ति द्वारा गाधि के पुत्र विश्वामित्र न पकड़ सके थे। नन्दिनी गाय को जिसने द्वन्द्व युद्ध से वश में करना चाहा था, हार गये थे।।56

कलि के ताप रूप ज्वर से दुखी प्रजाजन को पहले ही सिद्धि के सार अधिक वाले चार जातियों की क्रिया की युक्ति से जिसने शान्ति प्राप्त करायी थी।।57

उस राजा ने महिमाओं से पृथ्वी में अतुलनीय शंकर नामक मान्य पुरोहित को पाकर ऐहलौकिक और पारलौकिक कोटि मनोरथों की सिद्धियाँ धौम्य ऋषि से युधिष्ठिर के समान अतिशय सुख से पायी थी।।58

सात देवकुल की माता के वंशज तीन भूधर राजा भूधर पहाड़ के पुरोहित संन्यासी शंकर शिविकायुक्त निभा को उसने आदेश दिया हाथी के देश के शंकर के विषय में।।59

९८

नोम सिसर अभिलेख
Phnom Cisor Inscription

यह स्थान बटी प्रान्त में है। इस अभिलेख का संस्कृत भाग भीनाकल नामक एक साधु द्वारा दान देने की चर्चा करता है। सूर्यवर्मन द्वितीय द्वारा इस साधु का सम्मान 1038 ई. में किया गया था।

अभिलेख में कुल छः पद्य हैं जो सभी स्पष्ट एवं शुद्ध हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया था।[1]

वन्दध्वन्ध्वान्तविध्वङ्समौलीन्दूज्ज्वलन प्रभम्।
प्रभूतभूति संभावितमर्त्याकारमीश्वरम्।।1
श्रीद्धश्रीसूर्य्यवर्म्मासीद् भूपतीन्द्रेण वन्दितः।
श्री सूर्य्य इव हन्ता यश् श्रीद्वारिपटलानि तु।।2
श्री सूर्य्यवर्म्मणा मान्यो यो योगी निष्कलङ्कधीः।
स्वनेक विद्याकुशलः कल्याणपद्माश्रितः।।3

1. *IC*, Vol. II, p.137; cf. Aymonier, Le Cambodge, Vol. II, p.192

भिन्नाचलाभिधानो यो वसुवह्निरवचन्द्रकैः।
ग्रामभृत्यादिकं क्षेत्रसञ्चयन्तन्ददौ शिवे।।4
श्रीसूर्य्यपर्व्वते दतं भूपालोऽपि विशेषतः।
न विनाशयति द्रव्यं किमुतान्योऽपि मानवः।।5
सन्दीप(प्य) यावदनेकपापि-
पापान्तकौ रौरववह्निरुगः।
तावत् स एषो भवतु प्रतापं
योऽस्यैव पुण्यस्य विनाशहेतुः।।6

अर्थ- अन्धकार विनाशक प्रभाव वाले चन्द्रमा को मस्तक पर धारण करने वाले, अग्नि के समान प्रकाशमान अनेक विभूतियों से सम्भावित गोकर्ण के समान आकार वाले श्री शिवजी को प्रणाम है।।1

संसार के बड़े-बड़े राजाओं से पूजित श्री सूर्यवर्मन देव के समान ही शत्रु राजाओं के पटलों का विनाश करने वाले श्रीसम्पन्न श्रीमान् सूर्यवर्मन नामक राजा थे।।2

जो योगी महाराज श्री सूर्यवर्मन से सम्मानित हैं वह निष्कलुष बुद्धि वाला अनेक उत्तम विद्याओं में कुशल तथा कल्याण पद प्राप्त है।।3

उस भिन्नाचल नाम वाले योगी ने 831 शकाब्द में ग्राम, सेवक, खेत आदि संचय कर श्री शिवजी की सेवा में प्रदान किया।।4

श्री सूर्यपर्वत पर योगी द्वारा दान किये गये द्रव्यों का विनाश विशेषतः बड़े-बड़े राजा लोग भी नहीं करते हैं तब दूसरे मनुष्य क्या करेंगे?।।5

जो इस पुण्य का विनाशक हो या विनाश का कारण बने वह तब तक रौरव नामक नरक की यातना भोगे जब तक यमराज द्वारा रौरव नरक की तेज आग में पापी लोग जलाये जाते रहें।।6

९९

त्रपन दोन खड़े पत्थर अभिलेख
Trapan Don Stele Inscription

अंगकोर थोम के उत्तर-पश्चिम और प्रसत कोक पो से 3 मील की दूरी पर एक तालाब है जिसका नाम त्रपन दोन ऑन है। इस तालाब के निकट एक खड़े पत्थर के चारों ओर यह अभिलेख उत्कीर्ण है।

इस अभिलेख में भगवान् शिव की प्रार्थना तथा सूर्यवर्मन की एक संक्षिप्त प्रशस्ति है। यह लेख एक ऐसे व्यक्ति की चर्चा करता है जिसका नाम स्पष्ट नहीं है। पर आर.सी. मजूमदार यह मानते हैं कि इस व्यक्ति का नाम नमश्शिवाय है।[1] भिन्न-भिन्न रूपों में उसने हर्षवर्मन, जयवर्मन षष्ठ, धरणीन्द्रवर्मन प्रथम तथा सूर्यवर्मन द्वितीय नामक राजाओं की सेवा की। उसने जितना भी धन प्राप्त किया था उसे शिव, विष्णु तथा देवी की मूर्तियों की स्थापना तथा और दूसरे धार्मिक दानों में खर्च कर डाला। उसने तालाब भी बनवाये। ये सभी उसके परिवार के सदस्यों के संरक्षण में था जिन्हें पण्डित कहा जाता था। यह अभिलेख यह

---

1. *IK No. 170*, p.83

बतलाता है कि इस नियम का उल्लंघन करने वाला उतने ही पाप का भागी होता है जितना गुरु की हत्या करने वाला।

लिंगपुर के शिव और पृथुशाला, श्री चौपेश्वर के विष्णु तथा वर्णाश्रम के जीन को दिये गये भिन्न-भिन्न दानों की भी चर्चा है। ये मन्दिर उसके परिवार के संरक्षण में नहीं थे बल्कि उन्हें क्षेत्राधिप के अधीन रखा गया था।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 32 है जिनमें पद्य संख्या 7 एवं 29 अंशतः नष्ट हैं।

जॉर्ज सेदेस[2] एवं आयमोनियर[3] ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।

नमश् शिवाय यच्छक्तिाराधा पुरुषसंगता।
प्रकृतिस्था द्वितीया वा याभ्यां व्याप्तमिदज्जगत्।।१
अभिव्या(व्य)क्तो ययाप्येको दृश्यतेऽनेकधा शिवः।
चन्द्रः प्रतिमयेवाव्यात् सा शक्तिश् शाम्भवी जगत्।।2
आसीदासिन्धु समात्तवसुधो वसुधाधिपः।
श्री सूर्य्यवर्म्म देवाख्यो भानुमद्रन्नदेङ्सि(शि)तः।।3
यो यामाप्य हताशेषरिपुराजौ जये दिशाम्।
तया वा नाचलदिवादिशत् सद्भयो मुदंश्रिया।।4
भवादि कल्य संभूत भूमिभृद्वरसंपदाम्।
युगपदृष्टये धाता यत्संपन्मकरं व्यधात्।।5
भक्तिमान भवंद्भृत्यस्तदीयो गोपनायकः।
यशोदया रतो लोके नन्दगोप इव स्तुतः।।6
भद्रचिन्तारतो राज्ञो नमस्कृतशिवस् सदा।
यो न्यधादपि बौद्धादेर्जित्वा यं..........त कारणम्।।7
योगेप्यष्टादशाब्देनवयसा यो नियोजितः।
देवद्विजो पचारार्थमुदयादित्यवर्म्मणा।।8
श्रीहर्षवर्म्म देवा देरभिषेक विधौ यतः।
परितो मन्दिरं येन धेनुरानायिचाग्रतः।।9
यो राजगोपाधिपतिः कृतश् श्रीजयवर्म्मणा।

---

2. *IC*, Vol. III, p.180
3. Le Cambodge, Vol. II, p. 380

राज्ञा श्रीधरणीन्द्रेण विश्वासादेवमर्पितः।।10
श्रीसूर्य्यवर्म्म देवस्य राज्ञः करुणया गवाम्।
कालनष्टामपि भुवञ्चकार पुनरादिवत्।।11
यो राजकरुणालब्धैर्व्वं सुभिर्वान्यथार्ज्जितैः।
साधयित्वा भू(भु)वं कृत्वासीमान्देवानतिष्ठिपत्।।12
सप्तैकशून्य रूपाब्दे तृतीये माधवस्य यः।
भार्गवेऽहनि वृद्धेन राजहोत्रेशमर्पयत्।।13
रूपवह्नियुचन्द्राब्दे वैशाखासित पञ्चमे।
आदित्ये विष्णु देव्यौ यः श्री रुद्राख्येन चार्पयत्।।14
इष्टापूर्त्त फलार्थी य इष्ट्रा यज्ञैर्व्यधादिमान्।
तटाकन्देववापीञ्च सेतूश्च क्रमध्वनि।।15
पक्षयोस् सुरपूजार्थं क्षेत्रदासानकल्पयत्।
होतृयाज कदासानां व्यभवि(व)ज्जीवितां भुवः।।16
रवार्य्यश्चतुर्दशैकश्च द्रोणः प्रस्थास्त्रयोदश।
कुदुवो यत्र तत्क्षेत्रं सितपक्षेऽदिशत् सुरे।।17
कृष्णपक्षे व्यधादेवं यः क्षेत्रमथ पिण्डितम्।
षट्सहस्त्रैर्नवशतैः षड्विंशै(:) कुदुवैर्भितम्।।18
देवत्रये सवह्नौ यस्तण्डुलादकद्वयान्।
ऊणा(ना)न्द्विकुदुवेनैव प्रत्यहं समकल्पयत्।।19
नवदासात् सिते पक्षे स्त्रियष् षट्पुरुषास्त्रयः।
कृष्णपक्षे चतस्त्रस्तु स्त्रियष् षट्पुरुषा अपि।।20
एकोन्नविङ्शतिन्दा(र्दा) साश् शिवलिङ्गादिसोमपे।
स्वदेश स्थापिते येन दत्तास्ते क्षेत्रभागिनः।।21
तद्यथा सत्रयष् षष्टिसहस्त्रस्य प्ररोहणः।
कुदुवानां सिते दासकेदारस्तेन कल्पितः।।22
कृष्णपक्षे तथैवास्ति कुदुवानां सपक्षयोः।
सषड्द्विव्ङ्शैकशतद्विसहस्त्रस्- प्ररोहणः।।23
कुदुवानां शतान्यष्टौ नवभिस् सहसप्ततिः।
संभवन्त्यर्च्चकक्षेत्रे येनैव परिकल्पिते।।24

होत्रे सप्तशतैस् सैकचत्वारिङ्शद्भिरर्पितम्।
कुदुवानाञ्च केदारमहाद्यः पक्षयोरपि।।25

देवभूदासकेदारा धवे पण्डितमत्कुले।
आयत्ता देवपूजार्थमराक्या अन्यथाप्तये।।26

इत्युक्त्वेत्यशपत् सर्व्वान् यः स्वकल्पितनाशनान्।
यो हन्यात् कल्पनामेतां स गुरुद्रोहपापभाक्।।27

अथाष्टवेद शून्येन्दौ फाल्गुणासित पक्षके।
शुक्रेऽदाधौ भुवं पञ्च दासा(सां) लिङ्गपुरेश्वरे।।28

(पृ)थुशेलशिवे..........न्दासत्रयं.........महात्।
योऽपि दासयुतां भूमिं श्रीचाम्पेश्वरशार्ङ्गिने।।29

वङ्श(शा) रामजिने प्यस्ति दास क्षेत्रं यदर्पितम्।
भक्त्या राज्ञे शिवैकत्वदर्शनात् फलदत्तये।।30

येनैवोक्तमिमे दासा नायत्ता मत्कुलादिके।
तत्क्षेत्राधिपवाण्यैव देवेष्वक्षतदायकाः।।31

एकार्थ शून्य मनसा परकीर्त्ति कथाश्रुतो।
बद्धकक्षेण धर्मार्थं तेनेदं लेखितं विदा।।32

अर्थ- शिव को नमस्कार है जिनकी शक्ति आधा पुरुष से युक्त है अथवा और दूसरी शक्ति प्रकृति में स्थित है जिन दोनों से विश्व व्याप्त है।।1

अनेक प्रकार के शिव जिस शक्ति से अभिव्याप्त होकर एक दीखते हैं वह शम्भु की शक्ति शाम्भवी शक्ति जैसे चन्द्र अपनी प्रतिभा से रक्षा करते हैं, वैसे ही शिव की रक्षा करें।।2

श्री सूर्यवर्मन राजा नाम से ख्यात किरणों वाले रत्न से दंशित सिन्धु पर्यन्त समस्त पृथ्वी के पृथ्वीपति थे।।3

जो जिसे पाकर अशेष शत्रु समूह के मारने वाले दिशा की जय में अथवा उस शक्ति से जैसे नहीं चला ऐसा आदेश दिया लक्ष्मी से हर्ष भय सहित है।।4

भव आदि कल्प से उत्पन्न राजा की श्रेष्ठ सम्पत्तियों का एक बार देखने के लिए ब्रह्मा ने जो सम्पत्ति के मगर रचा था।।5

उनके नौकर गोपनायक भक्तिमान हुए थे। लोक में यशोदा से रत नन्द गोप के समान प्रार्थित थे।।6

राजा की कल्याणकारी चिन्ता में रत हमेशा शिव को नमस्कार कर चुकने के बाद बौद्ध आदि को जीत कर जो..........कारण को।।7

योग में 18 वर्ष की अवस्था से जो नियोजित हुए थे उदयादित्यवर्मन द्वारा देवता, ब्राह्मण के उपचार के लिए नियुक्त थे।।8

क्योंकि श्री हर्षवर्मन राजा आदि के अभिषेक की विधि में चारों ओर से जिसके द्वारा मन्दिर बनाया गया और आगे से धेनु लायी गयी।।9

जो श्री जयवर्मन द्वारा राजगोपाधिपति बनाये गये थे राजा श्री धरणीन्द्र से विश्वास से इस प्रकार अर्पित किया गया था।।10

श्री सूर्यवर्मन राजा की दया से गायों का जो काल से नष्ट थीं, पृथ्वी ने उसे फिर आदिवत् बनाया था।।11

जो राजा की दया से प्राप्त धन थे उनसे अन्यथा अर्जित थे उनसे साधन करके पृथ्वी को करके देवों को स्थापित कर चुका था।।12

1017 वर्ष में तीसरे वैशाख में शुक्र के दिन बूढ़े के द्वारा राजदोत्रेश को अर्पित किया गया था।।13

1019 वर्ष में वैशाख कृष्ण पंचमी को रवि के दिन श्री रुद्र नाम के द्वारा विष्णु और देवी को अर्पित किया गया था।।14

इष्टापूर्त फल का याचक ने बहुत यज्ञों को करके इसका विधान किया था। तड़ाग, बावली, बहुत से रास्ते पर पुल बनाये थे।।15

कृष्ण-शुक्ल दोनों पक्षों में देवता की पूजा के लिए खेत, दास बहुत से दिये गये थे। होता, याजक, दासों की पृथ्वी से जीविका चलती थी।।16

शुक्ल पक्ष में देव के लिए चौदह खारी एक द्रोण तेरह प्रस्थ जहाँ कुदुव एवं खेत दिया गया था।।17

कृष्ण पक्ष में इस प्रकार विधान था जो खेत पिण्डित छः हजार दो सौ छब्बीस कुदुवों के बराबर दिया गया था।।18

अग्नि सहित तीनों देवों के लिए दो आढ़क चावल दिया गया था। बचे दो कुदुव से ही प्रतिदिन प्रकल्पित था।।19

शुक्ल पक्ष में नौ दास, तीन स्त्रियाँ, तीन पुरुष; कृष्ण पक्ष में चार स्त्रियाँ और छः पुरुष भी।।20

इक्कीस दास शिवलिंग आदि सोमप के लिए स्वदेश में स्थापित किये गये जिसके द्वारा दिये खेत के भागी वे हुए।।21

सो जैसे साठ हजार तीन प्ररोहण पेड़ शुक्ल पक्ष में कुदुवों के दास के द्वारा उसके द्वारा कल्पित था।।22

कृष्ण पक्ष में वैसा ही है दोनों पक्षों में कुदुवों के दो हजार एक सौ छब्बीस प्ररोहण।।23

कुदुवों के सात हजार आठ सौ नौ अर्चक क्षेत्र में जिसके द्वारा प्रकल्पित था।।24

होता के लिए सात सौ इकतालिस दिये गये। कुदुवों के केदार महाधनी दोनों पक्षों में दिये गये थे।।25

देव, पृथ्वी, नौकर, केदार (खेत), पण्डित वाले कुल के विषय में अधीन देव पूजा के लिए अशक्ति से दूसरे उपायों से प्राप्ति के लिए।।26

यह कहकर सबको शाप दिये गये जो अपने द्वारा कल्पित के नाशक हों, जो इस कल्पना को नष्ट करे वह गुरु से अपकार के दोष का भागी हो।।27

1048 फाल्गुन कृष्ण पक्ष में शुक्र दिन कुछ सामान, पृथ्वी, पाँच नौकर लिंगपुरेश्वर के लिए दिया गया था।।28

पृथु शैल शिव के लिए........तीन दास......जो भी दास से युक्त पृथ्वी को श्री चाम्पेश्वर और विष्णु के लिए।।29

बाँस, वाटिका 'जिन' के लिए भी है, दास और खेत जो अर्पित है। भक्ति से राजा के लिए एक शिव के दर्शन से फल देने के लिए।।30

जिसके द्वारा कहा गया था ये नौकर लोग मेरे कुल वालों आदि लोगों के अधीन नहीं हैं। उस खेत के मालिक की वाणी से ही देवों के लिए अक्षत देने वाले।।31

दूसरे की कीर्ति की कहानी सुनने में एक अर्थशून्य मन से वृक्ष कक्ष से धर्म के लिए उस विद्वान् के द्वारा यह लिखा गया था।।32

वट फू खड़े पत्थर अभिलेख

Vat Phu Stele Inscription

जैसा कि हम जानते हैं मेकांग नदी पर बसाक के निकट वट फू है। इस अभिलेख का संस्कृत मूल लेख राजा सूर्यवर्मन तथा भद्रेश्वर देवता की चर्चा करता है। इससे हमें सूर्यवर्मन के राजगद्दी की तिथि की जानकारी होती है जो 1035 है। इस राजा की वीरता का यह प्रमाण है कि इस राजा ने पुनः दो राज्यों को मिला दिया था।

अभिलेख में केवल एक ही पद्य है जो नष्ट हो जाने के कारण स्पष्ट नहीं होता है।

आयमोनियर ने सर्वप्रथम हमारा ध्यान इस अभिलेख की ओर दिलाया है।[1]

...............................भिर्वाणाग्निपंक्तिभिः।
श्रीसूर्य्यवर्म्मदेवोऽधाद्राज्यन् द्वन्द्व समासतः॥1

---

1. *Le Cambodge*, Vol. II, p.381

अर्थ- एक हजार पैंतीसवें वर्ष से श्रीमान् सूर्यवर्मन ने युद्ध और सन्धि से राज्य को धारण किया।।1

बन थट अभिलेख
Ban That Inscription

बसाक के 20 मील दक्षिण-पश्चिम बन थट नाम का एक गाँव है जहाँ एक मन्दिर के खड़े पत्थर के चारों ओर यह अभिलेख उत्कीर्ण है।

संस्कृत का मूल लेख साधारणतः नष्ट हो चुका है जो तीन सर्गों में बँटा हुआ है।

प्रथम सर्ग भगवान् शिव की प्रार्थना से प्रारम्भ होता है। इस सर्ग के रचनाकार एक मुनि हैं जिनके विषय में यह कहा जाता है कि भगवान् ने उन्हें तथा उनके परिवार को लिंग के उच्च पुजारी का पद वरदान स्वरूप दिया था जो भद्रेश्वर पर्वत पर स्थापित होने वाला था। इस अभिलेख में वर्णित एक कथा के अनुसार हम यह जानते हैं कि कम्बुज के राजा एक योग्य पुजारी की खोज में थे और उन्हें यह पुजारी मिल गया। मुनि उनके पास नावों के समूह में गये और राजा के उत्सव में शामिल हुए। दक्षिणा-स्वरूप मुनि को राजा ने भद्रेश्वर पर्वत के नीचे स्थान दिया जहाँ उन्होंने एक लिंग की स्थापना की। यह ऐसा पवित्र स्थान है जहाँ देवता

लोग भी प्रार्थना करने आते थे।

द्वितीय सर्ग में इन्द्र के नेतृत्व में देवताओं का एक प्रतिनिधिमण्डल मुनि को बधाई देने के लिए आया था। उन देवताओं ने अपने साथ मुनि को स्वर्ग जाने का निमन्त्रण दिया पर मुनि ने इसे स्वीकार नहीं किया। इसके बदले मुनि ने एक वरदान माँगा कि उनके वंशज जिन्हें स्वयं शिव ने लिंग की पूजा का भार सौंपा है, समय की समाप्ति तक वहीं रहे। मुनि की यह इच्छा स्वीकार हो गयी और उनके द्वारा बनायी मूर्ति एक बड़ा धार्मिक केन्द्र बन गया जिसे बहुत से राजाओं ने सुन्दर बना दिया। अपनी बहन के लड़के को अपना उत्तराधिकारी बनाकर मुनि स्वर्गवासी हो गये।

तृतीय सर्ग में तिलका की गहन विद्वता का वर्णन है और वागीश्वरी भगवती की उपाधि उसे दी गयी तथा उसका विवाह नमश्शिवाय जो भगवान् शिव का एक भक्त था- उससे करने का वर्णन है। उन दोनों से सुभद्र नामक एक पुत्र पैदा हुआ जिसे मूर्द्ध-शिव भी कहा जाता है -जिसे राजा जयवर्मन षष्ठ ने भूपेन्द्र पण्डित की उपाधि प्रदान की थी। यह भूपेन्द्र पण्डित इस राजा तथा इसके उत्तराधिकारी धरणीन्द्रवर्मन द्वारा बहुत से उच्च नागरिक एवं धार्मिक पदों को प्राप्त किया था।

इस अभिलेख में इन मन्दिरों के समूह का भी वर्णन है जिन्हें काफी बढ़ा-चढ़ा कर कहा गया है। कहा जाता है कि महाभारत की घटनाओं का चित्रांकन मन्दिरो के दीवारों पर है। दान में दी गयी वस्तुओं की एक लम्बी सूची भी यहाँ दी गयी है जिसमें सभी शास्त्रों की हस्तलिपि सम्मिलित है।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 129 है जो चार सर्गों में विभक्त है। अन्तिम चौथे सर्ग में कुल 14 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 5 से 14 अंशतः नष्ट हो चुके हैं।

प्रथम सर्ग में कुल 52 पद्य हैं। पद्य संख्या 1 से 15, 18, 19, 21, 39 अंशतः नष्ट हो चुके हैं। पद्य संख्या 16,17, 20, 22, 26, 28, 29, 30, 32, 33, 34 से 41, 47 से 49 एवं 51 अंशतः खण्डित हैं। पद्य संख्या 42 से 46 तथा 50 की भी यही स्थिति है।

द्वितीय सर्ग मे कुल पद्यों की संख्या 28 है। पद्य संख्या 2 से 5 तथा 26 से 28 अंशतः नष्ट हो चुके हैं।

तृतीय सर्ग में कुल पद्य 35 हैं। पद्य संख्या 12 एवं 13 अंशत: नष्ट हैं। चतुर्थ सर्ग में कुल पद्य 14 हैं जिनमें 5 से 14 अंशत: नष्ट हो चुके हैं।[1]

प्रथम सर्ग–

Verses 1-15 are missing

(य)स्यात्मशक्त्यैव वि(वर्त्तमानः)

प्रधानमेकस्त्रिगुणात्मकत्वात्।

(हि)रण्यगर्भोऽथ हरि ....

च्छक्त्यापि तन्निर्विकृतिन्त(मीड़े)।।16

.....सां द्विधार्थं प्रकरिष्यमा(नो)

विवर्त्त्य मूलप्रकृतिं स्वशक्त्या।

(कृ)तार्थतां प्राप्य निवर्त्तते(तत्)

प्रधानमसोः प्रभुमेतमीड़े।।17

VV. 18-19 very mutilated

.....धातरमथत्रयीञ्च...........।

.......नादिरुक्तः परमर्पिसंघैः........।।20

V. 21 missing

इति प्रसाद्य स्तुतिभिस्तमीशं

विलोचना..................वितृप्तिः।

स वत्सलो भक्तिमति स्मितोऽभू–

रनुग्रहार्थं ....माञ्जगाद्।।22

सहान्वयायेन स(दा) नियोक्षे

त्वां दे(वका)र्य्ये भुवि पावनार्थम्।

भद्रेश्वराद्राविह कम्बुदेशे

संस्थापयिष्याम्यह(मा)त्मलिङ्गम्।।23

तत्पूजयन्तं स्वमनीषया त्वां

संप्रापयिष्यामि भवाद्विमुक्तिम्।

यदीश्वरो बन्धनमोक्षयोस्तन्

मुमुक्षुभिस् सोऽहमभिप्रसाद्यः।।24

मदर्च्चनार्थमहनीयवृत्ति–

1. *BEFEO*, Vol. XII (2), p.1

रासंहृतेस्ते कुलस(न्ततौ स्यात्)।
अचिन्त्यमेवं वचनं स्मरारेः
कथं करोमीत्यचलन्मनो मे।।25
ममापि यो(गं) दधातश्च.........
ज्योतिः परन्देवममुं दिदृक्षो।
स्वान्तन्तदालोचनहर्षपूर्ण्णन्
न प्राविशद्देशवियोग(शो)कः।।26
भवामि कीटोप्यथवा पतङ्गो
भवाज्ञयान्यस्य तु शासनेन।
राज्यन् त्रिलोक्यामपि न (व्रजेयम्)
यथा(भि)मन्योरिति निश्चयो मे।।27
ज्ञातञ्च सत्यञ्जगदस्वतन्त्रं
सर्व्वत्र नस्योतगवो...........।
महेश्वरप्रेरितमेव गच्छेत्
स्वर्ग्गं मतं श्वभ्रमथाप्यनिष्टम्।।28
गुरोस्त्रिलोकस्य हिते...........नं
स्वार्थं वृ.......स्य पिनाकपाणेः।
ज्ञात्वाञ्जसा व्याहृतिमेव स....
प्रत्यै.........कालस्तद्...........।।29
...........(सू)नोरभिषेचनार्थं
पर्य्याकुलः कम्बुजभूमिदे(वः)।
शुद्धिश्रुताचारकुलोप(पन्न)-
स्यान्वेषणे होतुरनिन्द्यवृत्तेः।।30
आनेतुमर्थं पथि सत्क्रियाभि-
र्नौकानिकायैश्च विमान(तुल्यैः)।
मामृष्य शृङ्गं विनयज्ञमाप्तं
स प्राहिणोत् प्रागिव लोम(पादः)।।31
द्वीपान्तरायातनरेन्द्र.............
..........................तराजमार्गे।

निश्शेषदेशोचितशिल्पभेद-
संपादितापूर्वमहोत्स(वोऽभूत)।।32
ध्वजप्रतानैर्ग्गगनोल्लसद्भि-
रामन्द्रतूर्य्यध्वनिभिश्च भीमैः।
समीक........................
............प्रतीतस्तिमिता बभूव।।33
ममागमाशङ्कनयातजाति
........सान्द्रान्धकरोपमा.........।
..........य्यागमो (मे) प्रतिपद्यमानः
(क्ष)पाकरस्येव तदाविरासीत्।।34
....
कम्बुदेशा(धि)पराजसूनोः।
...........तीर्थायतनानि दृष्ट्वा
शिवाङ्घ्रि.....(ण्डा)द्रि........।।35
कुशस्थलीति प्रथिते प्रदेशे
स्थला...............................।
....
चोक्फ्साङ् इति प्राहु......सं यम्।।36
मही......निवेश्य..........जामातृ
शर्व्वाभिहि......................।।37
तत्रापि ....सत्क्रियाढ्ये।
......................................।।38
V. 39 missing
....
.......................मत्प्राप्तकालः।
...........परमेश्वरस्य.............
प्राप्नोम्यहन.........वतस् सकाशम्।।40
तुष्टेन दृष्टे..........................
तत्रैव विद्यावरणेऽतिपुण्ये।

कुशस्थलीनाम्नि नि(वा)स्य बन्धून
निर्द्धूतपापेऽत्र शिवं (सिपेवे)।।41
VV. 42-46 badly mutilated.
भक्त्यु(त्)सुकानां परमेश्वरस्य.........।
आकांक्षतो यद्गुणिनं................।।47
समागमे ते मम हर्ष............।
अस्मास्वधीनं हि गुणानु(वृत्तिः)।।48
अस्माद् गिरेरुत्तरतः प्रदे(शः)
....।
आपूरितस् संहतिभिर्धनाना(ं)
सहान्ववायस्य तवास्तु वश्यः।।49
V. 50 missing
अथ पशुपतिलिङ्गस्थापने कार्य्यशेषं
(व्य)धित विधिवदीशात् प्रत्य.....।
स समकनकलोष्टो भूभृद्...........
तदुपकृतिधिया तत्प्रत्यगृह्णाद् वितृष्णाम्।।51
शिशिरकिरणमौलेर्लिङ्गमूर्त्ते.............
प्रणयितनुभृतां श्रेयस् सपर्य्यां विधातुम्।
त्रिदिववसतयः प्रापुश् श्रियाभ्र (यां भ्रा)(जमानाम्)
वरमुनिरपि दृष्ट्वा वि(स्मितो) विस्मयेन।।52

द्वितीय सर्ग-

अथाभिषेकाच्छुचितीर्थधारया
शिवस्य लिङ्गस्य विधानतोऽर्चनात्।
अतन्द्रयोगाभ्यसनाच्च योगिनो
विभाकरस्येव विभा दिदीपिरे।।1
ततस् सुरेन्द्रप्रमुखद्युवासिनस्
सविस्मयं वीक्ष्य तरस्विनं मुनिम्।
तपोविशेषाहृतगौरवा इदम्
..........यित्वा ददिरे कृतादराः।।2

अयं गिरिर्लिङ्गमिदञ्च शाम्भवं
सुतीर्थधारा च भवांश्च धीनिधिः।
...........(पु)ण्यतरञ्जगत्त्रये
किमस्ति लोकैरभिगम्यमादरात्॥3
भवांस्त्रयाणामपि पावनं............
.........................णं यथा मुने।
इहात्मसंस्कारकृता पदे गति-
र्न शाब्दिकानामिव नो विहन्य(ते)॥4
...............स्य वृषध्वजेन ते
भवेदनभ्यर्हण.............कथम्।
महेश्वरेच्छामनुयान्ति सो...........
...............स्येव गतिं हि तारकाः॥5
समीक्षमाणास्तव तेजसा सतीं
महेश्वराराधनतस् समुन्नतिम्।
विदन्ति तन्नाभ्युदयाप्तिकारणं
महेश्वरानुग्रहतुल्यमस्ति यत्॥6
समुन्नतिर्व्वैनयिकी परा मता
निसर्ग्गजा या नितरां समुन्नतेः।
निसर्ग्गजैश्वर्य्यजुषां हि नो मुने
ऽभिपूजितो वैनयिकर्द्धिभागसि॥7
वयं द्युवासा इव वेश्मरक्षिण-
स्तपोविशेषोर्ज्जिततेजसो हि ये।
इमे भजेयुर्दिवि संपदाकरां-
स्तदेहि सूरे सुरसद्मरञ्जकः॥8
द्युवासिवाण्येव नवाम्बुदाम्बुना
द्रुमोऽभिषिक्तः स जहर्ष संयमी।
कृताञ्जलिश्च प्रतिपूज्य तानिद-
ञ्जगाद वाक्यं परमार्थकोविदः॥9
भवादृशां संस्मरणादपि क्षणा-

दनल्पकल्पोपचिताङ्हसां हतिः।
विलोकनेऽस्मिं पुनराप्तपावनो
विजानतात्मा बहु मन्यते मया।।10
मनोवचोङ्गैरपि संभृतानि मे
तपांसि साक्षात् सफलानि संप्रति।
यतोऽनघा यूयममोघदर्शना:
प्रयाथ मे दृष्टिपथं घृणार्द्रिताः।।11
पदं स्वकीयन्ददतामनुग्रह-
ङ्गतं परां कोटिमवैमि वो मयि।
अहन्तदात्मव्यतिरिक्तमाददत्
(कथन्न)जिह्रेमि सतामनात्मवित्।।12
मया च योगे भवभीरुणायता
क्रियेत रागे रतिरुत्पथे कथम्।
विशेषतो मे निजलिङ्गपूजने
महेश्वरेणैव कृतन्नियोजनम्।।13
अवेक्ष्य शम्भुं भुवनैककारणं
मयि क्षमध्वन्न निदेशकारिणि।
न केवलं मे भवतामपि ध्रुवं
प्रसादनीयस् स हि लिङ्गसंस्थितः।।14
इतीरयित्वा पुनरर्घमादरात्
प्रदाय देवेषु कृताभिवादनम्।
अवाप्य लज्जामिव तेष्ववाङ्मुखं
मुनिन्तमूचुस्त्रिदिवेश्वराः पुनः।।15
भवादृशेष्वेषु मुमुक्षुपु स्फुटं
हितैषिणान्नावसरो वरस्य नः।
गुणानुरागेण तु दातुमर्थिता
न कामवृत्तिर्हि पदं विमृश्यति।।16
वरेण नस् स्वार्थमनर्थितापि ते
कुलार्थमर्थी यदि त्वं वृणीष्व नः।

स्वधर्म्मरक्षाधिकृतेषु बन्धुषु
ध्रुवं गरीयो हि ममत्वमात्मनः।।17
उवाच वर्णी मदनुग्रहेण वस्
स लोकपाला इति युज्यतेऽभिधिः।
परानुकम्पाव्यसनं स्फुटं सता-
मयं वरस् संप्रति संप्रदीयताम्।।18
यासौ स्वलिङ्गयजनेऽधिकृता शिवेन
शैवाङ्घ्रिशैलनिकटेऽत्र कुशस्थलीति।
देशे मदीयकुलसन्ततिरायुगान्तात्
तस्यास् स्थितिर्भुवि भवेद् भवतां प्रसादात्।।19
वंशे प्यनेककविसन्ततिपावनेऽस्मि-
न्नावीर्भवत्वतितरां श्रुतराशिगोष्ठी।
अच्छिन्नमेव मखसन्ततिरत्र देशे
चन्द्रार्द्धचूड़यजनाय भवेन्महर्द्धिः।।20
सर्व्वे च तीर्थनिकरा हतपापपुञ्जा-
स्तत्रैव सन्निधिममी विदधत्वजस्रम्।
पूर्णो निरर्गलसुमङ्गलसंहतिना
देशो भवेत् स भुवने बहुमानपात्रम्।।21
श्रुत्वा मुनेर्वचनमुज्जहृषुस् सुरेन्द्रा
ऊचुश्च यद् भगवतोऽभिमतं तदस्तु।
इत्थन्तपोभिरभिपूतजगत्त्रयस्य
न स्यात् कथं नु भवतः खलु सर्व्वमिष्टम्।।22
निर्म्माय भूरिविभवाश्रमचक्रवालं
प्रैप्यादिपूरितपुरैः परिपाल्यमानम्।
ते याजकार्थपरिकल्पितसत्क्रियाढ्य-
मद्यापि तिष्ठदमरास्त्रिदिवं प्रतीयुः।।23
स्वर्व्वासिपु प्रतिगतेषु महीपतीनां
प्रत्येकमुद्यतवतां शिवपूजनार्थम्।
तत्राश्रमा बहुविधा विभवाभिपूर्णा-

स्तत्तेजसा बभुरिवोपहृता द्युलोकाः॥24
तत्राश्रमेषु मुनिशिष्यपरंपराणा-
मभ्युद्गमः सततमध्ययनध्वनीनाम्।
हृष्यद्गणैभृशमुदीरितं तूर्य्यघोषान्
प्रोत्सर्प्पिणोऽधिकगण(णा)न्तिरयांबभूव॥25
(तत्र) स्थितस्त्रिभुवनप्रतिपूज्यमानो
व्याख्यायतो मुनिगणेषु शिवागमानाम्।
............स..........कृतास्पदस्य
लीलान्दधे भगवतश् शिशिराङ्शुमौलेः॥26
तत्र..............प्रार्थनां पुण्यभाजाम्
इज्याभेदं प्रतिदिनविधावुत्सवेषु क्रमेण।
.........प्रति.........यतीनां यथावत्
सम्यत्तवै..............................॥27
........स्वस्त्रीयं कुलकुमुदिनीशुभ्रभानुं मनीषी
शुद्धे..................................।
......................कन्नियुज्यात्मतुल्यं
यो...........दमनिधननन्निर्विमानं प्र(यातः)॥28

तृतीय सर्ग-

तन्मातृवङ्शतिलकन्तिलकाभिधाना
दौहित्रिका मतिमतो विजयेन्द्रसूरेः।
सूनुः क्षितीन्द्रविदुषो गुणरत्नसिन्धो-
र्य्या श्रीकवीश्वरकवेर्दुहितुश्च नप्त्री॥1
भूषावलिस्फुरितरत्नमरीचिशुभ्रा
मध्यस्थिता रुचिरसख्युडुमण्डलानाम्।
मन्दाङ्शुदीप्तिरपि पाङ्शुविहारसङ्गाद्
या शैशवे वसुमतीं गगनीचकार॥2
यां यौवने सति न केवलमेवकान्ति-
रत्युच्छ्रया समुदियाय विधिप्रयुक्ता।
बन्धुक्रमानुगतसंपदपि प्रथिष्ठा

संभावना च महतां कुलमण्डलानाम्।।3

ज्येष्ठैर्नरेन्द्रगुरुभिर्विदुषां वरैर्य्या
मान्या पुरः परिषदामभिवन्द्य मूर्द्धा।
वागीश्वरी भगवतीयमिति प्रकाश-
माभास्य रत्ननिकरैश्च रणेभ्यपूजि।।4

तद्व्याहृतेः प्रथिततां भुवि या प्रपन्ना
वागीश्वरी भगवतीति बभार नाम।
यस्या बहूनि चरितान्यतिमानुषानि
सर्व्वे प्युदीक्ष्य विविदुः खलु देवतात्वम्।।5

दृष्ट्वा समासादितयौवनान्तान
तातो वरान्वेषणसंभ्रमोऽभूत्।
योगानुभावादिव न(ना)रदषिस्
सिद्धः समासाद्य समादिदेश।।6

वागीश्वरी भगवतीयमभूत् सुता त
आनन्दनार्थमिह भूमिभुवो भवस्य।
तीव्रैस्तपोभिरिह सूरिपरंपराभि-
राराधितस् सोऽचिरमेष्यति पावनाथम्।।7

यच्छुद्धशैवत्वमुपैति नाम्ना
नमश्शिवायेति भुवि प्रतीतिम्।
यो धर्म्मपर्य्यन्त इवाम्बुदानां
शिवागमानां विततिन्तनोति।।8

शरीरवाङ्मानसवृत्तिभिर्यो
नितान्तभद्राभिरतिं प्रपन्नः।
ज्ञानार्च्चयोद्भास्यपवर्ग्गरक्तस्
त्वयापि लक्ष्यस् स तदा शिवाङ्शः।।9

श्रुत्वा स सिद्धस्य गिरं पुरस्ता-
दुपस्थितानां कुलमण्डलानाम्।
आहूय हर्षात्कुलप(पण्डिता)ख्य-
न्तन्मातुलन्तां गिरमाचचक्षे।।10

स चास्यलोकत्रययातकीर्त्ते-
शिचराद् विजानंश्चरितञ्जहर्ष।
सर्व्वे प्यनुष्ठाय महोत्सवन्त-
मामन्त्रयामासुरनर्घशीलम्॥11
सन्तानकाकरविकीर्ण्णचतुष्क....
मूर्द्धस्थितः स्फुरितभूषणचन्द्रचारुः।
तद्बन्धुवृन्दगणमध्यगतस् स.....
वस्थानुभूतसुख...............॥12
सत्यञ्च तद्धस्तगतैव सम्पद्
यद्दत्तमेकम् परि................।
अदृष्टपर्य्यन्तमनन्यलब्धं
भूयिष्ठमिष्टं.................॥13
जातस्तयोरिव मखे ज्वलनो रणौजां
यस् संस्कृतेस्तु विदुषः पितुरेव लब्धा।
तद्वङ्शसन्ततमहापुरुषाहृतानां
सत्कर्म्मणां फलमिवोत्तममाविरासीत्॥14
पित्रोस् सुभद्र इति यो वचसोपनेतुः
ख्यातोऽपि मूर्द्धशिव इत्यपरेण नाम्ना।
भूयो महावनिभुजो जयवर्म्मन(ण)श् श्री-
भूपेन्द्रपण्डित इति प्रथितः पृथिव्याम्॥15
त्रय्याद्यनेकविधवाङ्मयकोविदोऽपि
यश् शैववाङ्मयरतस् स्वकुलोचितत्वात्।
बाल्यात् प्रभृत्यविरतस्मृतिचिन्त्यमान-
ज्योतिः परं परिरक्ष यमन्तरायात्॥16
बालोपि सन्निव नवाहितवह्निरिद्धो
ज्ञानार्च्चिषोर्ज्जितमहाकविवृन्दवन्द्यः।
भ्रष्टाक्षराननतिचिरं विदुषामसाध्यान्
ग्रन्थान् पुनः पटुरुची रचयाञ्चकार॥17
दीक्षाविधौ संति न केवलमेव सोम-

मामन्त्रितोऽसकृदपाययदानृशंसात्।
यो न्यायसांख्यकणभुङ्मतशब्दशास्त्र-
भाष्यार्थसोममपि सूरिजनान् पिपासूः।।18
विद्यापवर्ग्गविहितापचितिप्रबन्धे
यस्याश्रमेऽनवरताहुतिधूमगन्धे।
दुर्ग्गागमेषु मतिभेदकृतार्थनीत्या
विद्यार्थिनां विवदतां ध्वनिरुत्ससर्प्प।।19
अथाध्वरे श्रीजयवर्म्मदेवस्
सत्कर्त्तुकामो गुणिनान्निकायम्।
गुणानुरोधेन परीक्षणाय
निश्शेषशास्त्रार्थविदो न्ययुंक्त।।20
तेषां पुरम् स्थापितपुस्तकानां
संप्रष्टुमुद्युक्ततवतान्निकामम्।
चिच्छेद पक्षं मतिवज्रपाताद्
यः पर्व्वतानामिव वज्रपाणिः।।21
सविस्मयोत्फुल्लविलोचनैस्त-
र्व्विलोचितः पूर्णकलाभिरामः।
रराज यो राजसभाम्बरस्थश्
शचीव मध्ये कवितारकाणाम्।।22
गुणैरनूनैरिव य(या)ज्ञवल्क्यो
विदेहभर्त्तृर्नृपतेस सभायाम्।
निर्जित्य सूरीन् नृपसत्क्रियां यो
गजाश्वरत्नादिमवाप बालः।।23
तदा प्रभृत्येव विसङ्शयं यो
जातः प्रजानां बहुमानपात्रम्।
परीक्षितास् सन्मणयो हि युक्त्या
कस्यादरन्न प्रतिपादयन्ति।।24
क्षेत्रेषु पुण्येषु कृताश्रमेषु
योऽध्य(क्ष्य)कत्वेऽधिकृतः क्रमेण।

शास्त्रे च लोके च सतां विवादे
भूपेन निर्नेतृतया न्ययोजि।।25
गुणौघरत्नैरभिभूषितोऽपि
भूपेन यो भूरिगुणादरेण।
सुवर्णकर्णाभरणोपवीति(त-)
चित्रांशुकाद्यैः पुनरभ्यभूषि।।26
राज्याय निस्स्पृहयितापि ततोऽनुकम्पान्
नाकं व्रजत्यवरजे जगदेकनाथे।
उस समय घने रूप से ध्वजों, छातों आदि से सब ओर से आकाश मण्डल में सभी बाजों के पीटने के स्वर सुन्दर गम्भीर और मनोहर होते थे जो गूँजते हुए अच्छे मालूम पड़ते थे।।86

नर्तक एवं नर्तकियाँ सभी दिशाओं में नाचते, सभी मनुष्य दानशील एवं कुशल कार्य करते थे।।87

तब तीन गुरुजन पूजित हुए एक हजार छः सौ उन्नीस देव पूजे गये।।88

वहाँ भिक्षु ब्राह्मण आदि विद्वान लोग एक हजार खिलाये गये तथा गोभिक्षा एकानवे, नवासी अंगुलि मात्र।।89

वे कुल मिलाकर सात पण तौले गये, तपनीयक एक हजार एक

सौ सात देवों के वस्त्र आदि दिये गये।।90

तीन बृहतिकाएँ एक कम्बल उन्तीस छोटे वस्त्र आधे के साथ बीस साड़ियाँ दी गयीं।।91

एक मुलायम तकिया, एक कोमल बिछावन, अट्ठासी मुद्रा सहित और गन्धयुक्त एक दर्पण दिया गया।।92

एक हजार प्याले सफेद राँगे से बने, छब्बीस तुला श्रीवास और कृष्णा बराबर-बराबर दो तुला सोलह कट्टिका।।93

एक लाख पैंसठ हजार सात सौ चौवालीस सिद्ध चावल के प्रदीप थे।।94

दो हजार दो सौ तेइस भार, दो तुला सिद्ध चावल, चुम्बलक, पान, माला आदि जैसा उचित होना चाहिए सब थे।।95

देवों के यज्ञ आदि में पकाने लायक चावल छः सौ तीस खारी तेरह प्रस्थ सोलह प्रस्थ व्रीहि=गम्हड़ी धान।।96

तिल साढ़े तीन खारी साढ़े ग्यारह प्रस्थ, मुद्रा तीन खारी एक द्रोण और घी डेढ़ प्रस्थ दिये जाते थे।।97

दही दो घड़े पाँच प्रस्थ, ढाई घटिका दिये जाते थे। दूध पन्द्रह प्रस्थ सात घड़ा मधु और गुड़ दो घड़े दस प्रस्थ।।98

सात घटिकाएँ मधु, दो घटिकाएँ गुड़ और दस प्रस्थ गुड़ सवा तीन माशे कपूर तथा चार बिम्ब कपूर।।99

ग्यारह तरुष्क के (ग्यारह पण) और फिर दस पण, नख, पाद (पौन) मासा और चार बिम्ब हींग।।100

तीन कट्टिकाएँ चन्दन की तीन पण और तीन पाद कस्तूरी दो पण, दो मासे छः बिम्ब इसके बाद तैल।।101

तैल दो प्रस्थ, दो कुदुव, दो पाद, दस कट्टी नागर गोभिक्षा आदि सब ये राजा के खजाने से लेने योग्य हैं।।102

प्रति वर्ष राजा के खजाने से ये कल्पित कहे हुए पदार्थ लेने योग्य हैं। दो द्रोण सत्तर खारी (चार सौ सत्तर खारी) चावल खारी।।103

छब्बीस खारी तिल और एक द्रोण चार प्रस्थ, मुद्रा एक द्रोण दस प्रस्थ सत्ताईस खारी।।104

छब्बीस घड़े घी, उसके बाद नौ प्रस्थ दही, चार प्रस्थ और एक घटिका कम दही के बराबर दूध।।105

सड़सठ प्रस्थ मधु और सोलह घटिकाएँ एक आढ़क कम गुड़ दस प्रस्थ तेल तीन घटी।।106

दो हजार तीन सौ सत्तासी जोड़े देव वस्त्र आदि कपड़े।।107

चौबीस शय्या के वितान फिर छत्तीस तकिये और मच्छरदानी।।108

बीस तृण से उत्पन्न शय्या, रेशमी वस्त्र पच्चीस, पाँच सिक्थ सिद्ध चावल दस भार एक तुला।।109

पाँच प्रस्थ तीन द्रोण दो खारी काली मिर्च, चन्दन एक तुला बारह कट्टी तीन पाद।।110

श्रीवास तीस तुला साढ़े तेरह कट्टी, कृष्णा बारह कट्टी पन्द्रह तुला।।111

कपूर दो कट्टी छः पण तरुष्क बारह पण, एक कट्टी नख दस पण दो कट्टी।।112

हींग पाँच पण, सुवर्ण की अंगूठी, गोभिक्षा, चूर्ण समुद्रक तीस पण।।113

और चाँदी तीस पण, कुत्सित प्रकाश आदि वाले, ताँबे सात तुला दो कट्टी।।114

राँगा दो तुला चीन समुद्र पाँच सौ बाईस खारी लवण तीन द्रोण।।115

फिर काला राँगा तीस तुला, एक घोड़ा, सुवर्ण से सुसज्जित एक बछड़ा सहित कपिला गाय विभिन्न विषयों (शासन की एक इकाई- जिला के समान) में एक सौ दो आरोग्यशालाएँ तथा वहाँ सात सौ अन्ठानवे देवता अर्पित थे।।116

देवता के आवासी रोगियों के लिए प्रति वर्ष दस हजार करोड़।।117

सत्रह हजार दो सौ खारी व्रीहि गम्हड़ी धान दिये जाते थे।।118

आठ सौ अड़तीस ग्राम फिर स्त्री-पुरुष एक सौ बीस हजार छः

सौ कार्यरत थे।।119

राजकीय कोष से प्रति वर्ष ये धन, गाय, भिक्षा, अंगूठियाँ सोलह पण दो पाद तीन मासे लेने योग्य हैं।।120

देवताओं के लिए वस्त्र आदि एक हजार छः सौ चन्दन चौदह पण छः कट्टी एक तुला चन्दन समर्पित थे।।121

श्रीवास सात तुला आठ कट्टी चार पण कृष्णा छः तुला ग्यारह कट्टी दस पण।।122

सिक्थ सिद्ध चावल छः तुला तीन पण फिर मधु का छोटा घड़ा एक सौ ग्यारह प्रस्थ और बारह अर्द्धक के साथ समर्पित होते थे।।123

गुड़ बारह घड़ा, बारह प्रस्थों के साथ घी दस घड़ा नौ प्रस्थ, दो कुदुव दिये जाते थे।।124

तिल बाईस खारी, एक द्रोण तथा पीपल तेरह तुला, दो कट्टी भी दिये जाते थे।।125

अजवायन, पिप्पली, पुन्नाग (केसर) रेणु ये सभी गिनकर एक-एक सात पण तेरह कट्टी।।126

जायफल तीन हजार चार सौ तथा दोनों क्षार और जीर्ण बराबर-बराबर छः कट्टी चौदह पण।।127

कपूर दो प्रकार की दो कपूर तीन कट्टी एक पण दो पाद तीन माशे शक्कर दो तुला तेरह कट्टी आठ पण।।128

दङ् दङ् सांख्या दो हजार छः सौ सत्तर शतपुष्पा एक तुला छः कट्टी बारह पण।।129

धान्य बारह तुला सोलह कट्टी चौदह पण कंकोल और काली मिर्च दोनों बराबर-बराबर।।130

इलायची तेरह कट्टी सात पण ग्यारह तुला तीन कट्टी सात पण अधिक।।131

प्रचीबल ग्यारह तुला सोलह कट्टी सरसो एक द्रोण बारह प्रस्थ।।132

पथ्या और त्वचा दालचीनी बराबर बराबर ग्यारह हजार तीन सौ साठ, दार्वी खण्ड अड़सठ हजार।।133

कन्दङ् हर्लाय जनसाङ् देवदारु छव्यं दो तुला बराबर देवमित्र एक तुला तेरह कट्टी छः पण।।134

दवा जो खट्टी हो, भैषज्य, अम्ल खट्टी एक घड़ा गिनकर चालीस साढ़े ग्यारह प्रस्थ आठ खारी चर्माङ्द्दानि।।135-136

अर्श रोग दूर करने वाली दवा एक हजार की संख्या, नौ सौ साठ कट्टी हींग।।137

केले आदि का तेल सात प्रस्थ तेरह घड़े, निदिग्धिका बारह सौ घड़ा आठ प्रस्थ।।138

सोंठ सात पण, तेरह कट्टी तीन तुला कोठ तीन पण दो पाद ग्यारह कट्टी।।139

प्याज सात खारी दो द्रोण, लहसुन तीन खारी दो द्रोण अधिक।।140

इन धर्मों को करता हुआ माता की अति भक्ति से राजा ने प्रबन्ध किया था। इन किये धर्मों से विश्व के संसार रूपी समुद्र से उतारने के लिए माता के बुद्धत्व के भजने वाले मेरे पुरुषों के संसार रूप समुद्र के पार करने के लिए ये धर्म कर्म किये गये थे।।141

दूसरों के द्वारा किये गये धर्म की स्थिति को दुष्टात्मा द्वारा भग्न वह राजा स्थिति की रक्षा का इच्छुक देखकर मजबूती से बाँधकर इस प्रकार फिर बोला- न आये हुए कम्बुज देश के राजाओं से स्थिति के लिए जो रक्षा करेंगे उन्हें कहकर चेतावनी के साथ बोला था।।142

मैं स्वयं असन्तुष्ट सा तुम रक्षण कार्य करने वालों से प्रार्थना करता हूँ- माता के लिए उपकार को देखकर भक्ति से आभारी होकर माता के लिए अपनी आयु का भी त्याग करोगे मेरी प्रतिष्ठा की रक्षा में उत्कण्ठित होने वाले राजाओं को ज्ञात कराया उक्त निवेदन किया था।।143

उस स्थिर धर्म को जो ठहरने लायक है तथापि उथल-पुथल से रक्षा करने योग्य है। आपलोगों के द्वारा यहाँ देवता के धन, लकड़ी, पत्थर आदि देव कार्य के अंग को सुवर्ण के बनी वस्तुओं को अधर्मों से बचावें।।144

श्री सूर्यकुमार नाम का श्री जयवर्मन राजा का पुत्र राजकुमार आगे गिनी जाने वाली देवी के विषय में यह प्रशस्ति लिखवाया था।।145

105

प्रह खन खड़े पत्थर अभिलेख

Prah Khan Stele Inscription

अंगकोर के निकट खण्डहरों के बीच यह प्रह खन का मन्दिर है। एक खड़े पत्थर के चारों ओर यह अभिलेख लिखा गया है। अभिलेख का प्रारम्भिक भाग ता प्रोम के अभिलेख से मिलता है। यह जयवर्मन सप्तम की वंशावली को बतलाता है और राजा की प्रशस्ति का पाठ करता है। इस अभिलेख से हमें यह जानकारी मिलती है कि राजा ने दो सोने की मूर्तियाँ नटेश्वर – नृत्य में लीन शिव तथा दूसरे अपने पिता को समर्पित की। राजा द्वारा 13,500 गाँव धर्मराज को दान में देने का वर्णन है। यह गाँव 20,400 देवी-देवताओं को दिये गये जिनमें यम और काल भी शामिल हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि दाह संस्कार सम्बन्धी प्रथा का प्रचलन उस समय भी था जो अन्तिम दो देवताओं के वर्णन से मालूम होता है।

अंगकोर पर आक्रमण करने वाले चमों पर सम्राट की विजय का उल्लेख भी अभिलेख में है। अपने विजय के उपलक्ष्य में राजा ने उस निर्णयात्मक युद्ध-स्थल

पर जयश्री नगरी नामक एक नगर की स्थापना की। अभिलेख में जयश्री नगरी की तुलना प्रयाग से की गयी है और यह माना गया है कि धार्मिक महत्व के जयश्री नगरी प्रयाग से भी बढ़कर है क्योंकि प्रयाग में केवल गंगा तथा यमुना नामक दो ही तीर्थ हैं और इस जयश्री नगरी के पड़ोस में तीन तीर्थ हैं। तीनों में से एक बुद्ध को समर्पित किया गया है, दूसरा शिव को तथा तीसरा विष्णु को। जॉर्ज सोदेस ने अंगकोर के चारों ओर के बड़े तालाबों को तीन तीर्थों के रूप में बतलाया है।

अभिलेख में बोधिसत्व-लोकेश्वर की प्रतिमा-स्थापना का भी वर्णन है। यह राजा के पिता का रूप था। इसका नाम जयवर्मेश्वर था और इसने प्रह खन के मन्दिर में प्रधान देवता के रूप में स्थान पाया।

उपर्युक्त तथ्यों के अतिरिक्त इस अभिलेख में निम्नलिखित वर्णन हैं-

(1) 121 वह्नीगृह (सम्भवत: धर्मशाला) की स्थापना

(2) राजा के भिन्न-भिन्न पवित्र स्थापत्य, पूजा के लिए खर्च और वस्तुएँ निश्चित

(3) लगभग 20,400 की संख्या में देवी-देवताओं की मूर्तियाँ, स्वर्ण, चाँदी, कांसा और पत्थर से निर्मित

(4) मन्दिर में रहने वाले सेवक जिनमें 208532 गुलाम थे। अन्तिम श्लोकों में यह संख्या 306372 पुरुष और महिलाएँ गुलाम जो चम्पा, यवन और पुकन या पगान-वर्मा एवं रवान से लाये गये थे।

(5) मन्दिरों एवं छोटे स्थापत्य की संख्या, मन्दिर के लिए 8176 गाँवों का दान (अभिलेख के अगले भाग में यह संख्या 13500 दी गयी है) और 2066 सहायक स्थापत्य।

(6) प्रह खन मन्दिर में फाल्गुन के महीने में वार्षिक उत्सव को मनाना।

(7) चैत्र माह में ता प्रोभ की भाँति देवताओं का महोत्सव मनाना।

(8) सूर्य भट्ट तथा दूसरे ब्राह्मण जावा और अनम के राजा तथा चम्पा के दो शासकों द्वारा पवित्र जल को इन उत्सवों पर चढ़ाने के लिए लाना।

(9) प्रह खन के जयतटाक की खुदाई और इसके अन्दर एक यादगार बनाना।

(10) इन सारे पवित्र कार्यों के लिए राजा के द्वारा प्राप्त की गयी योग्यता को अपने पिता धरणीन्द्रवर्मन द्वितीय को समर्पित।

(11) भविष्य के राजा को इस स्थापत्य की सत्ता के आह्वान।

(12) 400126 खारीस चावल का दाम।

अन्तिम श्लोक में यह कहा गया है कि यह लम्बी प्रशस्ति मुख्य रानी राजेन्द्रा देवी के पुत्र राजकुमार वीर कुमार के द्वारा रची गयी है।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 179 है जिनमें पद्य संख्या 86 से 92, 100 एवं 105 से 112 अस्पष्ट हैं।

जार्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

VV 1-14 are identical with those of No. 177 of RCM

श्लाघ्यावदातान्वयदीपकेन
विराजिता राजपतीन्द्रलक्ष्मीः।
विख्यातचारित्रवरेण या श्री-
सुवीररवत्यास्पदमातृवंशा॥15

VV 16-18 are identical with those of No. 177 of RCM

ब्रह्माण्डकान्तिमुपचित्य सुधाभिषिक्ताम्
आधार धाम्नि च निधाय सुलक्षणं यम्।
प्रेम्णा यथा स्वकुशलं विदधे विधाता
नूनञ्चिकीर्षुरनवद्यगुणाधिराजम्॥19

लक्ष्मीश्चलेव्यात्म गुणैरलङ्घैय-
र्बद्धाचला येन नयावरोधे।
आशाचरीङ्कीर्त्तिसखीं विभूप्य
नित्ये द्विषत्क्षत्र कुलन्दिगन्ते॥20

साधुप्रियस् सद्गुणवृद्धि वृद्ध-
संज्ञः कृती संस्कृत वर्णरीतिः।
निपातयन्दुर्हृदभीशवन्द्यो
यो विश्रुतः पाणिनिरा कुमारम्॥21

भक्त्यां स्वयं योऽदित धर्म्मराजे
त्रयोदश ग्राम सहस्रकाणि।
शतानि पञ्चापि च चोदितस्तु
कृष्णेन पञ्चैव न धार्त्तराष्ट्रः॥22

---

2. *BEFEO, Vol. XLI, p.255*

और्व्वानलो वैरिबलाम(म्बु) राशौ
दावानलश् शस्त्रवनेषु यस्य।
नम्रारिभूभृत्कुमुदेषु चन्द्रो
नारायणास्त्रद्युतिरेव तेजः।।23
विद्विड्भिराकृति विशेषमवेक्ष्य यस्य
दुर्धर्षमायुधयुजो युधि मीलिताक्षैः।
स्त्रस्तास्त्रवाहुभुजगैर्विगतञ्चिरान्नु
प्रस्थापनास्त्रमधुना स्थितमेव मेने।।24
आश्चर्य्यमाणं युधि येन भूपा
नीलासिमस्त्रारुण हेमगौरम्।
पुरस्तिरश् शक्रधनुः कृताद्य-
भीत्येव दृष्ट्वास्त्रमुचः प्रणेभुः।।25
सान्द्रास्त्रवर्षैः पिहितोग्रधाम्नि
प्रदोषिते रङ्गसरस्यगम्ये।
भृङ्गीव लक्ष्मीरभवद् विकासि-
धामाम्बुजे यस्य परिभ्रमन्ती।।26
प्रोत्तुङ्गसौध विलसद्रि पुराज राज-
धानीस् स्वीवीरि अवहेऽरिवनं मृगेषु।
शङ्केऽदिशत् स्ववनवासिषु यस् स्वदावं
युद्धाहृतेषु समतां प्रथयन्वदन्यः।।27
यस् सत्कृतेषु विभवैरदिशत् स्वपुत्री-
र्धीमत् सुनीति निलयो रुचिलोभनीयाः।
चेदीश्वरो हुतवहे तु तदङ्शमर्ध-
माहृत्य गाधिरपि भूरिहयान् ऋचीके।।28
रामश्च यश्च विहितामर मर्त्य कार्यो
पित्रर्थतत्परहृदौ जितभार्गवौ द्वौ।
पूर्व्वोऽश्मना व्यधित चङ्क्रममब्धिमृक्षै-
र्हेम्ना परस्तु मनुजैस्तरितुं भवाब्धिम्।।29
नाट्येश्वरौ स्वर्णभयौ पुरस्ताद्

येनार्थितौ स्वर्णभुजङ्गमस्य।
सद्यो विमुक्ताविव राघवौ द्वौ
भुजङ्गबन्धाद्र विहतेन्द्रपाते।।30
प्राप्तौ प्रशस्तां पितरि स्तुतिन्द्राग
दिवोऽवतीर्णे किल रामभीष्मौ।
स्वयम्भुवे यस्तु चतुर्भुजाढ्ये
सदार्च्चिते कामिव लोकनाथे।।31
यत्रद्विषद्रुधिरधाम्नि जयश्रियं यो
जह्रे युधि व्यधित तत्र पुरीन्तदाख्याम्।
हेमाम्बुजोपलविरञ्चितभूमिभागा
दिग्धाधुनापि रुधिरैरिव या विभाति।।32
सत्कृत्य तीर्थद्वयसन्निधानात्
साध्यो विशुद्धेय जगतां प्रयागः।
किङ्कथ्यते बुद्धशिवाम्बुजाक्ष-
तीर्थ प्रकृष्टा नगरी जयश्रीः।।33
स श्रीजयवर्म्मनृपश्
श्री जयवर्म्मेश्वराख्य लोकेशम्।
वेदेन्दुचन्द्ररूपै
रुदमीलयदत्र पितृमूर्तिम्।।34
आर्य्यावलोकितेशस्य मध्यमस्य समन्ततः।
शतद्वयत्रयोऽशीतिस्तेन देवाः प्रतिष्ठिताः।।35
विबुधाश् श्री त्रिभुवनवर्म्मेश्वर पुरस् सराः।
त्रयः प्रतिष्ठितास्तेन पूर्व्वस्यान्दिशि भूभृता।।36
काष्ठायान्दक्षिणस्यां श्रीयशोवर्म्मेश्वरादयः।
तेन प्रतिष्ठिता देव विंशतिर्द्वादशोत्तराः।।37
श्री चाम्पेश्वरविम्बाद्यस्त्रिंशत् पश्चिमतस् पुराः।
कौवेर्य्यां शिवपादाद्याश्चत्वारिंशत् प्रतिष्ठिताः।।38
एको व्रीहिगृहे देवश्चङ्क्रमेषु पुनर्दश।
चत्वारश्चोपकार्य्यायामारोग्यायतने त्रयः।।39

द्वारेषु च चतुर्दिक्षु चतुर्विंशति देवताः।
एते शतानि चत्वारि देवास्त्रिंशच्च पिण्डिताः।।40
राज्यश्रीपुलिने लिङ्गसहस्रेण चतुर्दश।
चुरिद्वये सयोगीन्द्रविहारे षोड्शैकशः।।41
गौर श्रीगजरत्नस्य चैत्ये च वलभीषु च।
तीरे जयतटाकस्य विंशतिर्द्वे च देवताः।।42
एकश्च विश्वकर्म्माख्य आयस्थान गृहे सुरः।
सर्व्वे पञ्च शतान्येते दश पञ्च च पिण्डिताः।।43
लोकेश्वरादिदेवानां पूजाङ्गानि दिने दिने।
द्रोणार्द्धन्तण्डुलाः पाक्या खारिकाः पञ्चसप्ततिः।।44
खारिकैका तिलाः पञ्च प्रस्था द्वौ कुदुवावपि।
मुद्रा द्रोणद्वयं प्रस्थाश्चत्वारः कुदुवद्वयम्।।45
घृतस्य त्वेकघटिका तथा प्रस्थास्त्रयोदश।
दध्नश्चतुर्दश प्रस्था घटिका कुदुवद्वयम्।।46
क्षीरस्य त्रिंशदेकोना प्रस्था द्वौ कुदुवावपि।
मध्वेकविंशतिः प्रस्था गुड़स्त्वेकोनविंशतिः।।47
षट् प्रस्थास् सत्रिकुदुवास्तैलन्तरुफलस्य तु।
स्नेहं प्रस्थौ द्विकदुवौ स्नानोपकरणैस् सह।।48
पूजोपकरणान्यत्र फलशाकमुखानि तु।
नोक्तान्यति प्रसिद्धत्वाद् विज्ञेयानि यथोत्रितम्।।49
देवार्हवसन श्वेतरक्त कम्बल शाटिकाः।
शय्यासनादिभिः पञ्चचत्वारिंशच्छतानि षट्।।50
लोकेशाद्यङ्घ्रि विन्यासमशकार्थ प्रसारिताः।
षडुत्तरा च पञ्चाशय्यीनांशुकमयाः पता(टा):।।51
सत्तान्यध्यापकाध्येतृवासिनान्तण्डुलाः पुनः।
द्रोणौ द्वाविंशतिः खार्योऽन्वहं प्रस्थाश्चतुर्दश।।52
एकैकस्मिन्दिने देवपूजाङ्गैस्तण्डुलैरिभे।
षट् प्रस्थास् सप्तनवतिः खार्यो द्रोणनयन्तथा।।53
चतुर्दशीपञ्चदशीपञ्चमीद्वादशीष्वपि।

अष्टम्यां पक्षयोस् सार्द्धं संक्रान्ताष्टदशोत्सवैः॥54
खार्यः पञ्चसहस्राश्च साष्टाशीतिशतत्रयाः।
वर्षे वर्षे दश प्रस्था विशिष्टाः पाकातण्डुलाः॥55
चतुस् सप्ततिखारिकास्त्रिद्रोणाः कुदुवौ तिलाः।
मुद्रास्त्रयोदश प्रस्थैस्त्रिद्रोणैश्च ततोऽधिकाः॥56
नवप्रस्थाधिका पञ्चसप्ततिर्घटिका घृतम्।
दध्यष्टाषष्टिघटिका आढकं कुदुवद्वयम्॥57
सप्त प्रस्था द्विकदुवो घटिका नवसप्ततिः।
क्षीरं मधु पुनः प्रस्थो घटिकाः पञ्चसप्ततिः॥58
चतुः प्रस्था द्विकदुवो पष्टिश्च घटिका गुडः।
घटिकास्तु त्रिपञ्चाशत्तैलं प्रस्थास्तथा दश॥59
महीरुहफलानान्तु स्नानोपकरणक्षमः।
स्नेह प्रस्थाश्च चत्वारः घटिकाश्च त्रयोदश॥60
एकैकवत्सरे देवपूजाङ्गं पिण्डितं पुनः।
सञ्चयाय द्विगुणितं ग्रामार्घाकरसम्भवम्॥61
व्रीहिणान्नियुतञ्चैकं खार्योऽयुतचतुष्टयम्।
षट्सहस्राण्यष्टशतान्येका(क) नवतिरेव च॥62
खार्यस् सप्त सहस्राणि शतान्यष्टौ च तण्डुलाः।
चत्वारिंशत्तथाष्टौ च श्राद्धमाद्यापणादिषु॥63
खार्यश् शतानि चत्वारि त्रयस्त्रिंशत्तिलास्तथा।
तन्न्यूना दशखारीभिर्मुद्रा द्रोणेन पिण्डिताः॥64
शतानि पञ्च घटिकाश्चत्वारिंशच्च पञ्च च।
प्रस्थास् सप्त घृतं सार्द्धा दधि सप्त शतानि तु॥65
घट्योऽष्टासप्ततिः प्रस्थाः पुनर्दश पयांसि तु।
षट् छतानि नवत्रिंशत् सङ्ख्याष् षट् प्रस्थसंयुताः॥66
शतानि चत्वारि चतुः पञ्चाशद् घटिका मधु।
पञ्चप्रस्थास्ततो न्यूनो घटिभिस्तिसृभिर्गुडः॥67
तैलं प्रस्थवयं पञ्चदश घट्यश् शतत्रयम्।
अष्टप्रस्थास्तरुस्नेहो घट्यो नवदशं शतम्॥68

अयुते द्वे सहस्रे च देववस्त्रादिवाससाम्।
षट् छतानि तथा शीतिर्युगानि द्वे युगे अपि।।69
एका तुला तरुकस्य नवतिर्द्वौ तथा पणाः।
श्रीवासस्यैक भारो द्वे तुले च दश कट्टिका:।।70
कृष्णैकभारस्त्रि तुलास्त्रयोदश च कट्टिका:।
शतभारास्तुले सिक्थ सार्द्धैकादश कट्टिका:।।71
छागाश् शतानि चत्वारि विंशतिश्च त्रयस्तथा।
कपोतबार्हिहारीतास् समाष षष्टिश् शतत्रयम्।72
(ग्रामा:) पञ्च सहस्राणि त्रिशतानि च विंशति:।
(चत्वारो) भूभृता दत्ता ग्रामवद्भिश्च भक्तित:।।73
नवायुतानि सप्तापि सहस्राणि शतानि तु।
अष्टौ स्त्रीपुरुषास्तव चत्वारिंशच्च पिण्डिता:।।74
अभवत् प्रमुखास्तेषान्नराश् शतचतुष्टयम्।
चत्वारिंशच्च चत्वार: पाचकाधास्तु षट् छता:।।75
चतुस्सहस्रा: पुरुषाष् षट् चाथ परिचारिका:।
सहस्रे द्वे शते चाष्टानवतिश्चाथ नाटिका:।।76
सहस्रन्तास्वथो सप्तचत्वारिंशत् सहस्रका:।
चतुश्शताश्च षट्त्रिंशद्देव पूजादिंदायिन:।।77
प्रत्यब्दन्तण्डुला ग्राह्यास् सहस्रान्त्रिशता अपि।
खार्योऽष्टाविंशतिर्भूभृत्कोष्ठाद्द्रोणद्वयन्तथा।।78
मुद्गास्तु सप्तपञ्चाशत् खार्यो द्रोणत्रयन्तिला:।
चतुष्प्रस्थास्त्रयो द्रोणा नवविंशति खारिका:।।79
घटिका विंशतिस्तिस्रष् षट् प्रस्थाश्च तथा घृतम्।
त्रिंशत्तु घटिका: प्रस्था नव द्वौ कुदुवौ दधि।।80
एकत्रिंशत् पयो घट्यष् षट् प्रस्थामधुन: पुन:।
षट् प्रस्था: कुदुवो घट्यष् षडशीतिश् शतत्रयम्।।81
घटिकाष् षोड़श गुड़ष षट् प्रस्था: कुदुवद्वयम्।
तिलतैलन्तु चत्वार: प्रस्थाष् षड् घटिकास्तथा।।82
सहस्रत्रितयं सप्त शतानि द्वादशापि च।

देववस्त्रादियुग्मानि शतां शय्यास्त्रयोदश।।83
त्रिशता मशकार्थास्तु चीनांशुकमयास्त्रयः।
विंशतिश्चोपद्यानानि पुनर्द्वाभ्याञ्च विंशति।।84
चीनशय्याः पुनास्तिस्रस्तृणजा विंशतिस्तथा।
मरिचानां पुनः प्रस्था द्वादशैका च खारिका।।85
द्वौ भारौ द्वे तुले सिक्थ साद्धैकादश कट्टिकाः।
लवणानाञ्चतस्रश्च खार्यो द्रोण..............।।86
चन्दनस्य पुनर्भार एकः पञ्च...............।
श्रीवासस्यैकभारश्च त्रितुल..................।।87
कृष्णैकभारश्च तुलाष् षट् त्र................।
सार्द्धत्रिकट्ट्यः कर्प्पूर मा(षे)..............।।88
षट् कट्टिका दश पणा........................।
त्रिकट्ट्यः क्रिमिजं सूत्र........................।।89
हेमाङ्गुलीयगोभिक्षा..............................।
माषौ त्रिपादा द्वादश..............................।।90
समुद्रामत्रकलशं.............................चम्।
पणा अष्टौ त्रयः पादा...मास् साष्टविम्बकाः।।91
तुलामत्रादि ताम्राणि...................कट्टिकाः।
पणाश्च पञ्चाथ तुले..........पञ्चकट्टिकाः।।92
अथ पञ्चाशताश्चीन(स)मुद्राविंशतिस्तथा।
हेम शृङ्गखुरा धेनुः कपिलास्तरणान्विता।।93
चत्वारो वर्णतुरगाश्चत्वारो दन्तिनस्तथा।
दास्यौ द्वे मही(हि)षौ च द्वौ दाण्या राज्ञानुवत्सरम्।।94
प्रासाददीनि हैमानि शते पञ्चाशता त्रिभिः।
अयुतन्तु करङ्कादिभोगा अष्टसहस्रकाः।।95
शतं षष्टिस्तथा तेषां करणं काञ्चनं पुनः।
तुला द्वादश भारास्तु त्रिशतं सत्रिकट्टिकम्।।96
चतुर्दश पणा एकपादो माषौ सविम्बकौ।
रजतन्तु शतं भारास् सप्तत्रिंशद् द्विकट्टिके।।97

वज्रवैदूर्यरक्ताश्च मुखान्यष्टशतानि च।
पञ्चत्रिंशत् सहस्राणि सप्तभिस्त्रिंशता सह।।98
नियुतञ्चायुतञ्चापि द्वे सहस्रे च मौक्तिकाः।
ताम्राणां सप्ततिर्भारास्त्रयः कट्टीत्रयन्तुला।।99
अयुतं षट् सहस्राणि कंसानान्दश स......।
भारा द्वे च तुला एका कट्टी दश पणास्तथा।।100
त्रिकट्ट्यास्त्रितुलास् स्वर्णपटलानां शतद्वयम्।
भारा भारा नवशताः पञ्च कट्ट्यस्तुले नपु।।101
चत्वारों विंशतिस् सीसं भारा नवशतास्त(था)।
चतुस्तुलास्त्रिकट्ट्यो यष् षष्टिर्भाराश्चतुश्शताः।।102
पिण्डीकृतास्तु बलभि प्रासादा द्वौ शतन्तथा।
शिलागृहाणां खण्डास्तु पञ्चाशीतिश्चतुश्शताः।।103
सहस्रे द्व शते चाष्टात्रिंशत् स्थानेषु पञ्चसु।
व्याम(स् समन्त) तो व प्राश् शर्कररौघशिलामयाः।।104
....................व्यामास् सहस्रे पञ्चसप्ततिः।
...........नि..।।105
शर्कररौघशिलाबद्धतराण्येतानि सर्व्वतः।
....।।106
कुट्यश् शतानि चत्वारि नवत्रिंशच्च पिण्डिताः।
....।।107
एकश्चाध्यापकः पञ्चदशोपाध्यापका अपि।
....।।108
धर्म्मधारितपश्शीलधर्म्मभाणक योगिनः।
केश...।।109
सर्व्वे ते त्रिशतास्त्रिंशदष्टौ शैवा पुनश्......।
नवत्रिंशच्च...।।110
गृहीतास्थिदानास्ते सर्व्वे पिण्डीकृताः पुनः।
सहस्रन्...।।111
श्रीवीरशक्ति सुगतं राजा स उदमीलयत्।

....अतिष्ठिपत्।।112

स्थापयामास सुगतं स श्रीराजपतीश्वरम्।

जयमङ्ग(लार्थचू)ड़ामणिञ्च सिकटाह्वये।।113

श्रीजयन्तपुरे विन्ध्यपर्व्वते च मर्खलपुरे।

रत्नत्रयं स्थापितवानेकैकस्मिन् स भूपतिः।।114

श्रीजयराजधानी श्रीजयन्तनगरी तथा।

जयसिंहवती च श्रीजयवीरवती पुनः।।115

लवोदयपुरं स्वर्णपुरं शम्बूकपट्टनम्।

जयराजपुरी च श्रीजयसिंहपुरी तथा।।116

श्रीजयवज्रपुरी श्रीजयस्तम्भपुरी पुनः।

श्रीजयराजगिरिश् श्रीजयवीरपुरी तथा।।117

श्रीजयवज्रवती श्री जयकीर्त्तिपुरी तथा।

श्री जयक्षेमपुरी श्री विजयादिपुरी पुनः।।118

ग्रामश् श्री जयसिंहाद्यो मध्यम ग्राम कस्तथा।

ग्रामश्च समरेन्द्राद्यो या श्री जयपुरी तथा।।119

विहारोत्तरकश्चापि पूर्व्वावासस्तथैव च।

त्रयोविंशति देवेषेष्वेकैकस्मिन्नतिष्ठिपत्।।120

जयबुद्ध महानाथं श्रीमन्तं सोऽवनीपतिः।

यशोधरतटाकस्य तीरे यागाः पुनर्दश।।121

यशोधरपुराद् यावच्चम्पानगरमध्वसु।

उपकार्या हुतभुजस् सप्तपञ्चाशदालयाः।।122

पुराद विमायपुरं यावद् वह्नेस् सप्तदशालयाः।

पुराज्जयवतीं तस्या जयसिंहवतीं ततः।।123

जयवीरवतीं तस्या जयराजगिरिं पुनः।

जयराजगिरेर्यावच्छ्रीसुवीर पुरीं तथा।।124

तस्या यशोधरपुरं यावद् वह्निगृहाणि च।

चत्वारिंशच्च चत्वारि चैकं श्रीसूर्यपर्व्वते।।125

एकं श्रीविजयादित्यपुरे कल्याणसिद्धिके।

एकञ्च पिण्डितान्येक विंशत्युत्तरकं शतम्।।126

रैरूप्यकंसाश्ममया देवास् सयमकालका:।
पिण्डितास्ते प्रतिक्षेत्रमयुते द्वे चतुश्शता:॥127
पिण्डितान्यत्र देवानां पूजाङ्गान्यनुवत्सरम्।
सार्द्धमध्यापकाध्येतृवासिनां परिकल्पितै:॥128
व्रीहीणान्नियुतञ्चाष्टावयुतानि च खारिका:।
तथा त्रीणि सहस्राणि नवत्या चाधिकंशतम्॥129
चतुस्सहस्रका: पञ्चशतास्तण्डुल खारिका:।
त्रयस्त्रिंशत्तथा भाद्रपदमाघाय (य?)णादिषु॥130
द्विसहस्रा नवशता: खार्यस्तिस्रश्च विंशति:।
(मु)द्रास्त्रिभिश् शतैरष्टासप्तत्योनासततस्तिला:॥131
सहस्रं धृतधद्यस्तु षट्छताष् षष्टिरेव च।
चतस्रश्च तथा प्रस्था दश द्विकुदुवाधिका:॥132
सहस्रन्तु दधिक्षीरे घट्यस् सप्त शतानि च।
षट्षष्टिश्च समे प्रस्थाश्रयो मधुगुड़ौपुन:॥133
सहस्रं षट् छता घट्यस्नयोनवतिरेव च।
षट्प्रस्थाश्चैकशस्तैलं पुन: पञ्च शतानि च॥134
घट्यश्चतुर्दश प्रस्थौ स्नेहन्तरुपूलस्य तु।
घट्यश् शते द्वे षट्त्रिंशत् सार्द्धं प्रस्थ चतुष्टयम्॥135
श्रीवासो विंशतिर्भारास्तुला: पञ्च द्विकदिके।
पणाश्च दश कृष्णापि तत्तुल्या चन्दनस्य तु॥136
एको भारस्तुला कट्टो चाष्टादश पणा अपि।
कर्पूरस्तु तुला कट्टी सार्द्धा पञ्च पणास्तथा॥137
चतुस्तुला तरुष्कस्य चतुर्दश च कट्टिका:।
त्रिपणाश्चापि सिक्थस्य भारास्तु त्रिसहस्रका:॥138
द्वे शते च तथा तिस्र: कट्योदश पणा अपि।
अयुतानि पुनस् सप्त देववस्त्रादिवाससाम्॥139
द्वे सहस्रे तथा पञ्चविंशतिश् शतपञ्चकम्।
शय्याधास्तु सहस्रं षट्छताष् षट्षष्टिरेव च॥140
राज्ञा दत्तास् स्वयन्दत्ता ग्रामवद्भिश्च भक्तिन:।

ग्रामा अष्टौ सहस्राणि शतं षट्सप्ततिस्तथा।।141
स्त्रीपुंसा नियुते चाष्टौ सहस्राणि शतानि च।
पञ्च द्वात्रिंशदधिकान्यत्र देवमुनिष्यका:।।142
तेष्वध्यक्षा नवशता विंशतिः पुरुषास्त्रय:।
कारिणष् षट् सहस्रास्तु पञ्चषष्टिश्चतुश् शता:।।143
चतुस् सहस्रास्त्रिशतास्त्रियो द्वात्रिंशवेव च।
सहस्रन्तासु नर्त्तक्यष् (?) षट् छता विंशतिर्द्वयी।।144
प्रासादादिकरङ्कादिकरणञ्चात्र काञ्चनम्।
शतन्त्रिंशत्तथाष्टौ च भारा द्वादश कट्टिका:।।145
रजतन्तु शतं भारा एकविंशतिरेव च।
कट्टिका दश च द्वे च सार्द्धन्दशपणैरपि।।146
ताम्रस्य त्रिशता भारास्त्रयोविंशतिरेव च।
तुलैका कट्टिकैका च पणैः पञ्चभिरन्विता।।147
भारा: पञ्चसहस्राणि कंसस्य त्रिशतानि च।
षष्टिश्च द्वे तुले कट्टयौ सुवर्णपटलसय तु।।148
शते भारास्तुला कट्टी सार्द्ध षोड़शभिः पणैः।
भाराश्चतुर्दश तुले चतस्रः कट्टिकास्त्रपु।।149
सीसं सहस्रन्द्विशता भारा: पञ्च तुला अपि।
भारास् सहस्रे लोहं षट् कट्टय स् सप्त तुलास्तथा।।150
नवायुतानि सप्तापि सहस्राणि शतत्रयम्।
रत्नानि पद्मरागादीन्यष्टाविंशति रेव च।।151
मुक्ताफलानि नियुतमेकं षड़युतानि च।
सहस्राणि नव द्वे च शते द्वाविंशतिस्तथा।।152
शतानि पञ्च वलभिप्रासादास्तु चतुर्दश।
द्वे सहस्रे शिलावेश्मखण्डाष् षट्षष्टि रेव च।।153
अयुतं षट् सहस्राणि व्यामाश् शतचतुष्टयम्।
प्राकारा नवतिश्चापि शर्करौधशिलामया:।।154
अयुते द्वे सहस्राणि चत्वारि च शतानि षट्।
व्यामा विंशतिरष्टौ च दीर्घिकाणां समन्तत:।।155

व्यामा जयतटाकादितटाकानान्तवायुताः।
त्रिसहस्राः पञ्चशतास्तथा सप्त समन्ततः॥156
कुट्यस् सार्द्ध सहस्रन्द्वादश चाध्येतृवासिनः।
दिसहस्रा नवशता नवाशीतिश्च पिण्डिताः॥157
अत्राध्येष्या इमे देवाः फाल्गुणे(ने) प्रतिवत्सरम्।
प्राच्यो मुनीन्द्रश् श्री जयराज चूड़ामणिस्तथा॥158
जयबुद्ध महानाथाः पञ्चविंशति देशकाः।
श्रीवीरशक्तिसुगतो विमाय सुगतोऽपि च॥159
भद्रेश्वर चाम्पेश्वर पृथुशैलेश्वरादयः।
शतद्वाविंशतिश्चैते पिण्डिताः परिवारिकैः॥160
तदा ग्राह्याणि पूजाङ्गान्येतानि नृपतेर्निधेः।
चतुष्पलाधिके स्वर्णन्द्वे कट्टयौ रजतं पुनः॥161
कट्टयश्चतुर्दश श्वेतत्रपुणस्तु चतुस्तुलाः।
चतुश् शतानि पञ्चाशद्देववस्त्रादिवाससाम्॥162
नवयुग्मानि पाक्यास्तु शतन्तण्डलुखारिकाः।
शतं गन्ध समुद्राश्च चत्वारिंशत्रयोऽपि च॥163
घृतं मधु गुड़श्चैका घटी प्रस्था दशैकशः।
एका तुला तथा पञ्च मधूच्छिष्टस्य कट्टिकाः॥164
एकैकशः पुनः पञ्च तुलाश् श्रीवास कृष्णयोः।
घटिकैका दधिक्षीरे दश प्रस्थास्तथैकशः॥165
द्विजाश् श्रीसूर्यभट्टाद्या जवेन्द्रो यवनेश्वरः।
चाम्पेन्द्रौ च प्रतिदिनं भक्त्या स्नानाम्बुधारिणः॥166
एकङ्काष्ठकटं वितीर्य मृगयुर्बुद्धेऽजितेन्द्रोऽन्वभूद्
ऐश्वर्यन्दिवि भैरवासुर इति ख्यातो नृपे का कथा।
तस्मिन् स्वर्णमणिद्विपेन्द्ररदन प्रासाद भद्रासनं
संबुद्धादिसुरद्विजादियतिषु प्राज्यन्दिशत्यादरैः॥167
सुरुचि विरचिताया भूमहिष्यास् समस्त-
प्रकृतसुकृतकेशश्रीजयश्रीकवर्याम्।
उपलकन कमालारञ्जितायां श्रियाढ्यं

व्यधित जयतटाकादर्शमेषोऽवनीन्द्रः॥168

अम्भोज रागाञ्जितशात कुम्भ-
प्रासाद भासारुणिताम्बु राशिः।
विभ्राजते भार्गवभावितस्य
रक्तहृदस्या कृतिमुद्वहन् यः॥169

यस्यान्तरे तीर्थजलैकराशि-
खाताभिरामां पुलिनं परार्द्धयम्।
संस्पर्शिना क्षालितपापपङ्कं
वहित्रभूतन्तरणं भवाब्धेः॥170

कृत्वा प्रकृष्ट सुकृतान्यमितान्यजस्र-
मर्थाय सोऽवनिपतिर्न्निखिला सुभाजाम्।
कुर्व्वंस्त्विमानी कुशलानि पितृप्रकृष्ट
भक्त्या विशेषत इति प्रणिधिं बभाषे॥171

पुण्यैरमींभिरुभयावरणान्धकारान्
प्रज्ञार्करश्मि विसरैर्व्विनिहत्य सद्यः।
बोधिं परानधिगतां भजतां भवाब्धे
रुत्तारणाय जगताज्जनको मदीयः॥172

बुद्धागमैश्चिरतया च परस्य भग्नान्
धर्म्मस्थितिं सुगतिसेतुमिनीद माह।
रक्षिष्यतस् स्थितिमनागत भूमिपाला
नग्रे सरोऽवनिपतिस् स्थितिरक्षिणां सः॥173

प्राणात् प्रियेष्वपि चिराय मृतेषु पुत्र-
दारेषु सत्सु च परेषु नृणाम खेदः।
पित्रोस्तु कालगतयोरति दीर्घकाल-
मेवास तोरपरयोरतिमात्रमाधिः॥174

तत्तौ स्मरन्नुपकृतिञ्च तयोरमूल्यां
कुर्याभिमानि सुकृतान्यतिमात्रभक्त्या।
एतानि रक्षितुमलं क्षितिपाः कृतज्ञा
धर्म्मस्य कर्त्तुरधिकानि फलानि लब्धुम्॥175

भूपाश्च पालनविधिं विदधत्यवश्य-
मभ्यर्थनामपि विना विधिना नियुक्ताः।
तद्‌भूधरा विदितवानपि मत्प्रतिष्ठा-
रक्षात्सुकान् स्वयमतृप्ततयार्थये वः।।176
अत्र स्त्रीपुरुषास् सचाम्पयवनास् सार्द्ध पुकांर्व्वञ्जनै-
र्रक्ष्यन्तान्त्रिशता इह त्रिनियुतास्ते षट् सहस्रा अपि।
षष्टिर्द्वादश चायुतन्तु गणितास् सार्द्ध सहस्रत्रयं
ग्रामाः किञ्च न देवकार्य्यकरणं काष्ठोपलाद्यक्षतम्।।177
एतेष्वत्र च देवयज्ञगणिता एकैकवर्षे दृढ़ं
खार्यस् सन्तु शतञ्चतुर्नियुतिकाष् षड्विंशतिस्तण्डुलाः।
याश्चार्द्धाकरभूमयोऽत्र निहितास्तत्रानियोज्या इमे
न्याय्यार्धादधिक प्रदानवचसो ये देवपूजाच्छिदः।।178
अग्रया श्रीजयवर्म्मदेवनृपते राजेन्द्रदेवी सती
श्रेष्ठं यं समजीजनच्छु तवताम्ग्रेसरं योधिनाम्।
कात्यानङ्गजितङ्कला सुकृतिनां बन्धं वरन्धर्म्मि णां
स श्रीवीर कुमार विब्रु(श्रुर)त इदं शस्तं प्रशस्तं व्यधात्।।179

अर्थ- VV 1-14 are identical with those of No. 177 of RCM

धन्य पूज्य एवं उज्ज्वल वंश के दीपक के समान प्रकाश के द्वारा राजपतीन्द्र लक्ष्मी सुशोभित थी, विख्यात सुन्दर एवं श्रेष्ठ चरित्रवान द्वारा जो श्री सुवीरवती प्रतिष्ठा प्राप्त मातृ वाली थी।।15

VV 16-18 are identical with those of No. 177 of RCM

ब्रह्माण्ड की कान्ति को बढ़ा करके अमृत से अभिषिक्त आधार धाम पर जिस सुन्दर लक्षण वाले को विधान करके प्रेम से जैसे अपने कुशल को विधाता द्वारा विधान हुआ निश्चित रूप से धार्मिक गुणों वाले अधिराज के विधान करने की इच्छा वाला था।।19

लक्ष्मी चंचला है यह समझ करके अलंघनीय आत्मा के गुणों से जिसके द्वारा नीति के अवरोध में पृथ्वी बाँधी गयी थी। दिशाओं में चलने वाली कीर्ति रूपी सखी को विभूषित करके शत्रु क्षत्रियों के वंश को

दिशाओं के अन्त में ले जाया गया था।।20

जो साधन करे पर कार्य को वह साधु है जिसे प्रिय है या साधु का प्रिय सद्गुण वृद्धि नाम वाला प्रयत्नशील संस्कृत=संस्कार किये हुए वर्णों की रीति वला संस्कृत वर्णों की रीतियों का ज्ञाता दुष्ट हृदय वालों को मार गिराने वाला (मारता हुआ) ईश्वर से प्रणम्य जो विशेष रूप से प्रसिद्ध कुमारावस्था से पाणिनि था।।21

भक्ति से स्वयं जिसने धर्मराज को तेरह हजार ग्राम दान करके दिये थे और प्रेरित करने पर पाँच सौ ग्राम दान में दिये थे यह तो कृष्ण के द्वारा दिये गये थे किन्तु धृतराष्ट्र के पुत्रों (दुर्योधन आदि) ने तो पाँच ग्राम भी नहीं दिये थे।।22

शत्रुओं के बल सैन्यों के समूह रूप समुद्र में बड़वानल के समान जाज्वल्यमान रहने वाला और शस्त्र रूप वन में दावानल वनाग्नि के समान सबको भस्मसात् कर देने वाला विनयी शत्रु राजा रूप कमलियों में चन्द्र के समान आह्लादित करने वाला नारायण के अस्त्र=चक्र की द्युति=कान्ति ही सा तेजपुंज था।।23

शत्रुओं द्वारा जिसके आकार विशेष को देखकर दुर्धर्ष हथियार धारण करने युद्ध में जानकर आँखें मूँद लेते थे बाहुरूप सर्पों से अस्त्र गिर पड़ते हैं विगत बहुत कालों से इस समय प्रस्थापना रूप अस्त्र स्थित ही है यह माना जाता है।।24

युद्ध में आश्चर्य डालने वाले जिसके द्वारा राजा लोग नील तलवार वाले लाल अस्त्र सुवर्ण के समान गौरवर्ण के सामने तिरछे होकर इन्द्रधनुष से किये पाप के भय से मानो देखकर अस्त्र छोड़कर प्रणाम कर लेते थे।।25

धन अस्त्रों की वर्षा से उग्र धाम के ढँक जाने पर (ऊँची इमारत के तेज के ढक जाने पर) अगम्य युद्ध रूप सरोवर के प्रदोषित अन्धकारपूर्ण (सन्ध्याकालीन दृश्य) होने पर भृङ्गी (भ्रमरी) के समान लक्ष्मी विकासशील धाम वाले कमल में जिसकी लक्ष्मी चारों ओर भ्रमण करती थी।।26

ऊँचे राजसदन पर विलासित शत्रु राजाओं के राजा की राजधानी

में वीरों से हीन युद्ध में शत्रुओं के वन को मृगों में शंका करता हूँ आदेश दिया था अपने वन में वास करने वालों में जो अपने वनाग्नि को युद्ध से आहरण किये हुओं में समानता को प्रसिद्ध करता हुआ दानी के गुण वदान्य गुण से युक्त उदार था।।27

जो सत्कार किये हुओं में विभवों से आदेश दिया करता था अपनी पुत्रियों को बुद्धिमान सुन्दर नीति का घर शोभा से लोभ के योग्य (पुत्रियों को) शिशुपाल अग्नि में उसके आधे अंश को लेकर गाधि भी बहुत घोड़ों को ऋचीक में।।28

और राम जो देव मानव कार्य कर चुके थे, माता-पिता के लिए तत्पर हृदय वाले थे, परशुराम को जीतने वाले पूर्व पत्थर से समुद्र को वानरों द्वारा बाँधा था, दूसरे सुवर्ण से मानवों द्वारा संसार रूप समुद्र से तरने के लिए थे।।29

दोनों नाट्य के ईश्वर स्वर्ण ही स्वर्ण आगे जिसके द्वारा अर्पित किये गये सोने के साँप के, उसी क्षण विशेष रूप से मुक्त हुए दोनों राम साँप के बन्धन से विशेष रूप से हत हुए इन्द्रपात में।।30

माता-पिता में झट प्रशस्त स्तुति को प्राप्त हुए स्वर्ग से उतरे निश्चित ही राम और भीष्म स्वयम्भू के लिए जो चार भुजाओं से आढ्य में हमेशा पूजित लोकनाथ में मानो किसके समान?।।31

जहाँ शत्रु के रुधिर धाम में जयलक्ष्मी को जिसने युद्ध में हरा था वहाँ उस नाम की पुरी को बनाया सुवर्ण कमल, पत्थर से विशेष रंगी हुई भूमि के भागों वाली (पुरी) अभी भी लाल रूप वाली मानो रुधिर से रंगी सी जो विशेष रूप से शोभती है।।32

दो तीर्थों के सामीप्य से सत्कार करके विश्व के विशेष शुद्धि के लिए प्रयाग साध्य है। क्या कहा जाय? बुद्ध, पार्वती और विष्णु के तीर्थ से उत्तम नगरी जयलक्ष्मी (जयश्री) है।।33

उस श्री जयवर्मन राजा ने श्री जयवर्म्मेश्वर नामक लोकेश महादेव को स्थापित कर 1114 शाके में यहाँ पर माता एवं पिता की मूर्ति की आँखें खोली थीं।।34

आर्यावलोकितेश=आर्यो द्वारा अवलोकित ईश के बीच सब ओर

से दो सौ तिरासी देवों की प्रतिष्ठा उसके द्वारा की गयी थी।।35

उस राजा के द्वारा पूर्व दिशा में श्री त्रिभुवन वर्मेश्वर जिनके अग्रेसर थे तीन देव प्रतिष्ठित किये गये थे।।36

दक्षिण दिशा में श्री यशोवर्मेश्वर आदि बत्तीस देवों की प्रतिष्ठा उससे की गयी थी।।37

पश्चिम से श्री चाम्पेश्वर बिम्ब आद्य तीस देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी। उत्तर दिशा में शिवपाद आद्य चौंतीस देव प्रतिष्ठित किये गये थे।।38

व्रीहिगृह में एकदेव की प्रतिष्ठा की गयी थी, फिर चङ्क्रमों में दस देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी और उपकार्या में चार देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी। आरोग्यायतन में तीन देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी।।39

चारों दिशाओं में द्वारों पर चौबीस देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी। ये सभी जोड़कर चार सौ तीस देव हुए थे।।40

राज्यश्री पुलिन में चौदह हजार उसने दो चुटियों में, योगीन्द्र विहार में एक-एक करके सोलह देव प्रतिष्ठित किये थे।।41

गौर श्री गजरत्न के चैत्य देवालय में और बलमियों में, जयतड़ाग के तीर पर बाईस देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी।।42

विश्वकर्मा नामक आय स्थान गृह में एक देव की प्रतिष्ठा की गयी थी। सभी जोड़कर कुल पाँच सौ पन्द्रह देवों की प्रतिष्ठा की गयी थी।।43

लोकेश्वरादि देवों के पूजन के अंग दिन-दिन आधा द्रोण चावल और पचहत्तर खारी पकाने योग्य चावल दिये जाते थे।।44

एक खारी पाँच प्रस्थ दो कुदुव तिल भी दो द्रोण चार प्रस्थ दो कुदुव मुद्रा दी जाती थी।।45

एक घड़ा घी तथा तेरह प्रस्थ घी, दही चौदह प्रस्थ घैला दो कुदुव।।46

दूध, उनतीस प्रस्थ और दो कुदुव, मधु इक्कीस प्रस्थ, गुड़ उन्नीस प्रस्थ दिये जाते थे।।47

पेड़ के फल के तैल छः प्रस्थ और तीन कुदुव स्नान के

उपकरणों के साथ स्नेह=तैल दो प्रस्थ और दो कुदुव दिये जाते थे।।48

यहाँ पूजा के उपकरण फल और शाक जिनके मुख्य थे वे अति प्रसिद्ध होने से नहीं कहे गये हैं यथोचित रूप से विशेषतया जानने योग्य हैं।।49

देवों के योग्य वस्त्र उजले, लाल, कम्बल, साड़ियाँ, शय्या, आसन आदि से पैंतालिस सौ छः दिये जाते थे।।50

लोकेश आदि के चरणों के विन्यास के लिए मशकहरी के लिए पसारने वाली जो रेशमी वस्त्र के बने हुए कपड़े थे वे छप्पन दिये जाते थे।।51

फिर सत्र के हिसाब से अध्यापकों और छात्रों को चावल प्रतिदिन दो द्रोण बाइस खारी चौदह प्रस्थ दिये जाते थे।।52

एक-एक दिन में देवों की पूजा के अंगों के द्वारा इन चावलों से ये छः प्रस्थ सन्तानवे खारियाँ और तीन द्रोण दिये जाते थे।।53

दोनों पक्षों में चतुर्दशी, पञ्चदशी, पञ्चमी, द्वादशी और अष्टमी में तथा संक्रान्ति के अट्ठारह उत्सवों के साथ।।54

पाँच हजार तीन सौ अट्ठासी खारियाँ वर्ष में दस प्रस्थ विशिष्ट पकाने योग्य चावल दिये जाते थे।।55

चौहत्तर खारी, तीन द्रोण, दो कुदुव तिल और मुद्राएँ तेरह प्रस्थ तीन द्रोण और उनसे भी अधिक दिये जाते थे।।56

नौ प्रस्थ अधिक पचहत्तर घैले घी, दही, अड़सठ घैले एक अढ़ैया दो कुदुव।।57

सात प्रस्थ, दो कुदुव उन्यासी घैले दूध, फिर मधु एक प्रस्थ पचहत्तर घैले।।58

चार प्रस्थ, दो कुदुव साठ घैले गुड़, तिरपन घैले दस प्रस्थ तैल दिये जाते थे।।59

पेड़ों के फलों के स्नान के उपकरण के समर्थ तैल चार प्रस्थ, तेरह घैले मात्र दिये जाते थे।।60

कुल फिर एक वर्ष में देव पूजा के अंग जोड़कर इकट्ठा करने के लिए दो गुने करके ग्राम के आधे खान से उत्पन्न वस्तुएँ पूजा के लिए

दी जाती थीं।।61

दस लाख खारी व्रीहि=गम्हड़ी, चालीस हजार खारी छः हजार आठ सौ इक्यानवे खारी व्रीहि=गम्हड़ी दी जाती थी।।62

........सात हजार आठ सौ अड़तालीस खारी चावल श्राद्ध भाग प्राप्ति कर्ताओं में।।63

चार सौ तैंतीस खारी तिल इनसे दस खारी कम द्रोण से मुद्रा जोड़ करके जो हुई।।64

पाँच सौ उनतालिस घैला एवं साढ़े सात प्रस्थ घी, सात सौ घैला दही दिये जाते थे।।65

सत्तासी घैला, दस प्रस्थ दूध, छः सौ उनतालिस और छः प्रस्थ दूध छः सौ तिरानवे घैला मधु का देना आवश्यक था।।66

चार सौ पैंतालिस घैला मधु, पाँच प्रस्थ उससे तीन घैला कम गुड़ दिये जाते थे।।67

तीन प्रस्थ तीन सौ पन्द्रह घैला तेल, आठ प्रस्थ पेड़ के फल का तैल नब्बे सौ घैला तैल।।68

बाईस हजार छः सौ अस्सी दो-दो जोड़े कपड़े देवों के वस्त्र आदि दिये जाते थे।।69

तरुष्क का एक तराजू और बेरानवे पण पैसे श्रीबास=बेल का फल, पत्ता का एक भार दो तुला दस कट्टिक।।70

कृष्ण= एक प्रकार के चन्दन की लकड़ी का एक भार तीन तुला= तोले तेरह कट्टिका सौ भार दो तुलाएँ सिक्थ=भात, पकाया चावल, मोम साढ़े ग्यारह कट्टिका।।71

बकरे चार सौ तेईस, कबूतर, मयूर, हारियल- एक प्रकार का कबूतर उड़द के साथ तीन सौ साठ दिये जाते थे।।72

पाँच हजार तीन सौ चौबीस ग्राम राजा से तथा ग्रामीणों से भक्ति से दिये गये।।73

सनतानवे हजार अड़तालीस सौ स्त्री पुरुष वहाँ जोड़ करके सब दिये गये थे।।74

उनके प्रमुख पुरुष चार सौ चौवालीस थे, रसोइया आदि छः सौ

थे।।75

चार हजार पुरुष छः परिचारिकाएँ, दो हजार दो सौ अनठानवे नाटिकाएँ (अभिनेत्रियाँ)।।76

उनमें पैंतालीस हजार चार सौ छत्तीस देवों की पूजा आदि से उत्तरदायी थे।।77

प्रतिवर्ष चावल एक हजार तीन सौ अट्ठाइस खारी, दो द्रोण राजा के भाण्डागार से ग्रहण करने योग्य थे।।78

मुद्राएँ संतावन खारी तीन द्रोण, तिल चार प्रस्थ तीन द्रोण उनतीस खारी।।79

घी तेईस घैला छः प्रस्थ, दही तीस घैला नौ प्रस्थ दो कुदुव।।80

दूध इकतीस घैला छः प्रस्थ, मधु छः प्रस्थ, दो कुदुव तीन सौ छियासी घैला।।81

गुड़ सोलह घैला छः प्रस्थ, दो कुदुव, तिल तैल चार प्रस्थ छः घैला ।।82

तीन हजार सात सौ बारह देवों के वस्त्र आदि जोड़े-जोड़े, शय्या वस्त्र तेरह सौ।।83

मशकहरी के लिए रेशम के वस्त्र तीन सौ तीन, बीस तकिये, फिर दो के लिए बीस।।84

रेशम के वस्त्र की शय्या तीन, तृण की शय्या बीस, फिर काली मिर्च एक प्रस्थ तेरह खारी।।85

दो भार दो तुला साढ़े ग्यारह कट्टिका सिक्थ=पकाया चावल, लवण (नमक) चार खारी, द्रोण.......।।86

फिर चन्दन का भार एक पज्य............। श्रीबास (बेल) एक भार तीन तुला......।।87

कृष्ण= एक प्रकार के चन्दन की लकड़ी एक भार छः तुला...... कर्प्पूर साढ़े तीन कट्टिका, भा(षे)......।।88

छः कट्टिका, दस पण-पैसे........तीन कट्टिका रेशम का सूत।।89

सोने की अंगूठी, गाय को दी जाने वाली भिक्षा दो माशे तीन पैरों

वाली बारह।।90

यहाँ मुद्रा सहित कलश..........यम्, आठ पण तीन पाद, मास् आठ बिम्बक सहित।।91

तुला, ताँबा............कट्टिका, पाँच पण, दो तुला.........पाँच कट्टिका............।।92

पाँच सौ बीस चीनी मुद्राएँ, काली गाय के सींग और खुर सोने से मढ़कर ऊपर से कपड़ा ओढ़ाकर उसका दान दिया।।93

चारों वर्ण के घोड़े, चारों वर्ण के हाथी, दो दासियाँ, दो भैंसे दो देने योग्य राजा से प्रतिवर्ष दिये गये।।94

सोने के देव मन्दिरों के समूह दो सौ तिरपन, अट्ठारह हजार करङ्क आदि भोग दिये गये।।95

फिर उनके एक सौ साठ पुनः सोने का किया गया, सोने का भार नीचे लिखा है, एक तुला बारह भार तीन सौ तीन कट्टिका सहित।।96

चौदह पण, एक पाद, दो माशे (माष) दो बिम्ब सहित सोने के भार, चाँदी तो एक सौ तिहत्तर दो कट्टिक मात्रा में भार दिये गये।।97

वज्र, वैदूर्म्य और रक्त ये मणियाँ जो मुख्य हैं आठ सौ पैंतीस हजार सैंतीस के साथ।।98

मौक्तिक एक लाख बारह हजार दिये गये, ताँबे के सत्तर भार तीन कट्टी, तीन तुला।।99

कासे सोलह हजार दस...........भार दो तुला, एक कट्टी, दस पण...........।।100

सोने की छातों के दो सौ तीन तुला, तीन कट्टी भार दिये गये। रांगे के नौ सौ भार, पाँच कट्टी, दो तुला।।101

शीशे के नौ सौ चौबीस भार चार तुला, तीन कट्टी चार सौ साठ भार।।102

जोड़ने पर देव मन्दिर दो सौ तथा पत्थर की शिला के मन्दिरों के खण्ड चार सौ पचासी।।103

दो हजार दो सौ अड़तीस पाँच स्थानों में व्याम समन्त वप्राश् शर्करौघशिला के।।104

...........व्यामास् पचहत्तर हजार............ .... नि...........
।।105

शर्करौघशिला से बँधे ये सब ओर से।......................................
।।106

जोड़कर चार सौ उनचालीस कुटियाँ......... ....
..।।107

एक अध्यापक और पन्द्रह उप अध्यापक भी..........................
।।108

धर्म के धारण करने वाले, तप रूप शील वाले, धर्म के बोलने वाले योगी लोग केश।।109

वे सभी तीन सौ अड़तीस शिवभक्त फिर..........और उनचालीस.
...........।।110

जोड़े हुए सभी स्थिति और दान ग्रहण कर चुकने वाले फिर.......
....हजार.........।।111

श्रीवीर शक्ति सुगत-बुद्ध को उस राजा ने आँखें खुलवाई थीं।।112

उसने श्रीराजपतीश्वर बुद्ध की स्थापना की थी और जयमङ्गलार्थ चूड़ामणि की सिकटा नामक स्थान पर स्थापना की थी।।113

श्रीजयन्तपुर में एवं विन्ध्य पर्वत पर और मर्खलपुर में एक-एक स्थान पर तीन रत्न उस राजा ने स्थापित किये थे।।114

श्रीजयराजधानी, श्रीजयन्त नगरी जयसिंहवती और फिर श्रीजयवीरवती।।115

लवोदयपुरी, स्वर्णपुर, शम्बूकपट्टन नगर, जयराजपुरी और श्रीजयसिंहपुरी।।116

श्रीजयवज्रपुरी, श्रीजयस्तम्भपुरी, श्रीजयराजगिरि और फिर श्रीजयवीरपुरी।।117

श्रीजयवज्रवती तथा श्रीजयकीर्तिपुरी श्री जयक्षेमपुरी तथा श्रीविजयादिपुरी।।118

श्रीजयसिंहाद्यग्राम तथा मध्यमग्रामक, समरेन्द्राद्यग्राम तथा जो

श्रीजयपुरी।।119

और भी विहारोत्तरक तथा पूर्व आवास इन तेईस देवों में एक-एक में स्थापना की थी।।120

उस राजा ने श्रीमान् जयबुद्ध महानाथ को यशोधर तड़ाग के तीर पर फिर दश यज्ञ किये थे।।121

यशोधरपुर से लेकर चम्पा नगर तक राहों में अग्नि के सत्तावन उपकारयोग्य भवन बनाये थे।।122

पुर से विमायपुर तक अग्नि के सत्रह भवन बनाये थे। तब उस पुर से जयवती को और जयसिंहवती को बनाया।।123

उसी से जयवीरवती को फिर जयराजगिरि को तथा जयराजगिरि से श्रीसुवीरपुरी तक।।124

और उससे यशोधारपुर तक अग्नि के लिए चौवालीस भवन बनाये थे तथा एक भवन श्रीसूर्यपर्वत पर बनाया गया था।।125

एक भवन श्री विजयादित्यपुर में, कल्याण सिद्धिक में एक भवन सभी मिलाकर एक सौ इक्कीस भवन निर्माण किये गये थे।।126

धन, रुपये, पत्थर के बने देव, यम और काल के साथ सभी मिलाकर वे प्रति क्षेत्र में बीस हजार चार सौ हुए थे।।127

यहाँ सभी मिलाकर देवों की पूजा के अंग वर्ष पीछे (प्रतिवर्ष) अध्यापक और पढ़ने वाले, बसने वाले परिकल्पितों के द्वारा।।128

सौ लाख अस्सी हजार खारी गम्हड़ी तथा तीन हजार एक सौ नब्बे खारी अधिक अन्न (व्रीहि) गम्हड़ी दी जाती थी।।129

चार हजार पाँच सौ खारी चावल तथा भादो, माघ अयनादियों में दिये जाते थे।।130

दो हजार नौ सौ तेईस खारी मुद्रा तीन सौ अठहत्तर खारी तिल दिये जाते थे।।131

एक हजार छ: सौ आठ घी के घड़े चार प्रस्थ बारह कुदुव अधिक दिये जाते थे।।132

एक हजार सात सौ छियासठ घड़े दही और दूध बराबर प्रस्थ मधु और गुड़ फिर दिये जाते थे।।133

एक हजार छः सौ तिरानवे घड़े छः प्रस्थ फिर पाँच सौ प्रस्थ तैल दिये जाते थे।।134

चौदह घड़े दो प्रस्थ पेड़ के फल के तैल साथ ही दो सौ छत्तीस घड़े चार प्रस्थ अधिक दिये जाते थे।।135

श्रीवास बीस भार पाँच तुला, दो कट्टिकाएँ और दस पण कृष्णा भी उसके बराबर चन्दन के।।136

कर्पूर एक भार तुला कट्टी, अठारह पण भी, कर्पूर तुला कट्टी आधा सहित पाँच पण।।137

तरुष्क के चार तुला, चौदह कट्टिका तीन पण, सिद्ध चावल तीन हजार भार दिये जाते थे।।138

दो सौ तीन कट्टी दस पण सत्तर हजार देवों के कपड़े दिये जाते थे।।139

दो हजार पाँच सौ पच्चीस और एक हजार छः सौ छियासठ शय्या आदि स्वयं राजा ने दिये थे।।140

स्वयम् राजा के द्वारा दिये गये भक्ति से ग्रामीणों द्वारा भी आठ हजार एक सौ छिहत्तर ग्राम दिये गये थे।।141

बीस लाख आठ हजार पाँच सौ बत्तीस देव भुजिष्यक स्त्री-पुरुष दिये गये थे।।142

उनमें अध्यक्ष नौ सौ तेईस पुरुष थे तथा कार्य करने वाले छः हजार चार सौ पैंसठ थे।।143

चार हजार तीन सौ बत्तीस स्त्रियाँ थीं उनमें नर्तकियाँ एक हजार छः सौ बाईस थीं।।144

देव मन्दिर और राज सदन आदि करङ्क आदि करण यहाँ सुवर्ण एक सौ अड़तीस भार बारह कट्टिक मात्रा में दिये गये थे।।145

चाँदी एक सौ इक्कीस भार बारह कट्टिक दस पणों के साथ भी दिये गये थे।।146

ताँबा तीन सौ तेईस भार एक तुला, एक कट्टिक पाँच पणों से युक्त थे।।147

काँसा पाँच हजार तीन सौ साठ भार, दो तुला, दो कट्टिक सुवर्ण

पटल थे।।148

दो सौ भार एक तुला दो कट्टिका सोलह पणों के साथ, चौदह भार दो तुला चार कट्टिक राँगा।।149

शीशा एक हजार दो सौ भार पाँच तुला भी, लोहा दो हजार भार छः कट्टिका सात तुला।।150

नब्बे लाख सात हजार तीन सौ अट्ठाईस रत्न पद्मराग आदि दिये गये थे।।151

सौ लाख छः युक्त, नौ हजार दो सौ बाईस मुक्ताफल दिये गये थे।।152

पाँच सौ बल चौदह प्रासाद (देव और भूप मन्दिर) दो हजार शिलागृह छियासठ खण्ड।।153

सोलह हजार चार सौ नब्बे मिश्री के टुकड़ों का ढेर।।154

बीस लाख चार हजार चार सौ छः व्याम चारों ओर से दीर्घिकाएँ अट्ठाईस थीं।।155

जय तड़ाग आदि तड़ागों के चारों ओर नब्बे हजार तड़ाग तीन हजार पाँच सौ सात व्याम थे।।156

कुटियों के साथ-साथ ही बारह हजार विद्यार्थी सब मिलाकर दो हजार नौ सौ नवासी थे।।157

प्राचीन मुनिगण, श्रीजयराज चूड़ामणि, महानाथ जयबुद्ध, पच्चीस गुरुओं (राजाओं) को तथा वीरशक्ति बुद्ध को प्रत्येक वर्ष फाल्गुण मास में यहाँ स्थापित करके भद्रेश्वर, चाम्पेश्वर तथा पृथुशैलेश्वरादि एक सौ बाईस देवों को जो परिवार जनों द्वारा पूजित हैं, स्थापित करें।।158-160

तब उसके बाद पूजा की ये सामग्री राजकोष से लें- चार पल से अधिक सोना, सोलह कट्टा चाँदी, सफेद रांगा चार तोला, चार सौ पच्चास देवताओं के परिधान योग्य वस्त्र, एक सौ तैंतालीस सुगन्ध द्रव्य (चन्दनादि), घी, मधु और गुड़ प्रत्येक ग्यारह घटी, ग्यारह प्रस्थ, छः तुला मधुमक्खी के मोम का छत्ता, पाँच तुला सुगन्ध तेल, पाँच तुला अगरु तथा दूध और दही प्रत्येक एक घटिका और दस प्रस्थ लें।।161-165

श्री सूर्यभट्ट आदि ब्राह्मणगण जावा के देवता (गतिमानों के स्वामी) शिवजी, चम्पा में पूजित (अथवा धनुर्धरों से पूजित) शिवजी, इन दोनों देवताओं तथा यवन देश के स्वामी या यवन देश में पूजित शिवजी को प्रति दिन स्नान योग्य चढ़ाने वाले हों (अर्थात् प्रत्येक दिन जल चढ़ावें)।।166

तत्पश्चात् एक काठ का आसन या पीढ़ा बिछाकर भगवान् बुद्ध में ध्यान लगावें- उस बुद्ध में जो इन्द्र से भी अजेयों की परम्परा में सबसे ऊपर हैं। उस बुद्ध की सेवा में देवों, ब्राह्मणों और संन्यासियों को सोना, रत्न, हाथी दाँत की वस्तुएँ, महल, उत्तम आसनादि आदर के साथ दें क्योंकि ऐश्वर्य नाशवान है। ऐश्वर्य के विनाश में भैरवासुर की कथा प्रसिद्ध है फिर राजाओं के धन की क्या कथा?।।167

सारी पृथ्वी रूप रानी के सुरुचिपूर्ण सजे सुवर्ण रत्न के केशाभरणों के बीच विशिष्ट केशाभरण रूप विजयश्री रूपी रत्न को ये राजे जयतटाक (तालाब) रूप आईने में देखा।।168

लाल कमलों के रंग को जीतने वाले सोने के बने महल की आभा जयतटाक जाल में पड. रही थी उससे लाल हुए जल समूह, परशुराम द्वारा निर्मित लोहितकुण्ड का रूप ले रहा था (क्षत्रिय विजय के बाद परशुराम ने जिस कुण्ड में हाथ धोया था वह हाथ के रक्त से लाल हो जाने के कारण लोहितकुण्ड कहलाया था)।।169

जिसके अन्दर तीर्थों के जल का एक राशि, खाई जो सुन्दर किनारों वाले तड़ाग थे। स्पर्श करने वालों के पाप रूप पङ्क को धोने वाले थे, संसार समुद्र के तारक नाव रूप थे।।170

वह राजा उत्कट कोटि के धर्मों को जो अपरिमित थे नित्य करके सभी प्राणियों के लिए इन कुशलकारी धर्मों को करता हुआ पितरों की उत्तम कोटि की भक्ति से विशेषतया यह कहने लगे।।171

इन पुण्यों से दोनों आवरणों के अन्धकारों को बुद्धि रूप सूर्य की किरणों के प्रसारों से तत्क्षण नष्ट कर दूसरों से अज्ञात बोध को भजते हुओं के संसार को उतारने के लिए हमारे पिताजी के धर्म हैं।।172

बौद्ध दर्शन शास्त्रों से चिरकाल तक दूसरों की टूटी हुई धर्म

स्थिति को सुन्दर गति देने वाले पुत्र के समान यह धर्म कार्य है इस प्रकार यह कहा- स्थिति जो धर्म की है उसकी रक्षा करने वाले भावी राजाओं के अग्रेसर राजा धर्म स्थिति के रक्षकों का अग्रगण्य है।।173

प्राणों से भी प्रिय चिरकाल पूर्व दिवंगत हुए पुत्र, स्त्री लोगों के दूसरों के रहने पर भी खेद नहीं है। अति दीर्घकाल पूर्व माता-पिता के काल-कवलित होने पर और लोगों को अतिशय मानसी व्याधि होती है।।174

सो उन दोनों माता-पिता को स्मरण करता हुआ, उन दोनों माँ-बाप के अमूल्य उपकार को याद करता हुआ अति मात्र भक्ति से इन धर्म कार्यों को करूँ- ऐसा कहा था, इनकी रक्षा करने के लिए पर्याप्त समर्थ कृतज्ञ राजा लोग धर्म कार्यों की रक्षा करके धर्म कार्यों के करने वालों से भी अधिक धर्म के फलों को पाने के लिए रक्षा करें।।175

और राजा लोग धर्म पालन की विधि को अवश्य करने वाले हैं, प्रार्थना न करने पर भी ब्रह्म द्वारा रक्षक रूप से नियुक्त होकर रक्षा करेंगे सो राजा लोग जानकर भी मेरी प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए उत्कण्ठित राजा लोगों को स्वयम् अतृप्त रूप से मैं प्रार्थनापूर्वक रक्षा का भार सौंपता हूँ।।176

, यहाँ स्त्री-पुरुष चाम्प और यवन सहित पुकांर्व्व जनों के साथ तीन सौ द्वारा रक्षा करें। यहाँ तीस लाख छः हजार साठ सब मिलाकर बारह अयुत= एक सौ बीस हजार हैं साथ ही तीन हजार ग्राम देवकार्य किया गया है और भी काष्ठों से पत्थरों से जो अविनाशी रूप से रहें।।177

और यहाँ न इनमें देव यज्ञ के लिए गिने हुए एक वर्ष में दृढ़ता से चार सौ नियुत (एक नियत का अर्थ दस लाख है, शतम्=सौ, चतुः=चार, नियुत=दस लाख) छब्बीस संख्या में चावल हैं और यहाँ अर्ध के आकार की भूमि हैं जो दी गयी हैं, वहाँ ये न नियुक्त किये जाएँ। न्याय से युक्त अर्ध= मूल्य से अधिक प्रदान के वचन वाले जो देवपूजा के नाशक हैं, उन्हें न नियुक्त किया जाय।।178

श्रीजयवर्मन देव राजा की अग्रमहिषी सती राजेन्द्रादेवी ने जिस श्रेष्ठ को जन्म दिया, जो वेदों और शास्त्रों के सुनने वालों का अग्रेसर है और युद्ध करने वालों का भी अग्रगण्य है, कान्ति से कामदेव को भी जीत

चुका है, कला और धर्मात्माओं का प्रणम्य है, धर्मियों का श्रेष्ठ है वह श्रीवीरकुमार नाम से विशेष प्रसिद्ध है उसने इस प्रशस्त धर्म कार्य को किया था।।179

से फौंग अभिलेख

Say Fong Inscription

मेकाँग नदी के बाएँ किनारे पर वियेंग चन और नोंग खे के मध्य से-फौंग नामक स्थान है। यहाँ एक अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया है जो एक बड़े पत्थर के चारों ओर खुदा हुआ है और यह अच्छी स्थिति में है। अभिलेख एक चिकित्सालय की स्थापना का वर्णन करता है तथा इसके नियम का विस्तृत विवरण देता है।

इस अभिलेख के स्थान से यह स्पष्ट होता है कि कम्बुज साम्राज्य की सीमा वियेंग चन तक बढ़ गयी थी। बारहवीं शताब्दी में कम्बुज राजाओं की भौगोलिक सीमाओं को सिद्ध करने के लिए यही वर्णन उपलब्ध है।

निम्नांकित अभिलेख ऐसे हैं जो एक ही मूल लेख प्रस्तुत करते हैं-

1. वट लोई मन्दिर अभिलेख
2. ता के पौंग पत्थर अभिलेख
3. चयफुम मन्दिर अभिलेख

4. नोम वन मन्दिर अभिलेख

5. कुक रोक अभिलेख

6. ता मीन टच अभिलेख

7. खोनबुरी मन्दिर अभिलेख

8. बन किन मन्दिर अभिलेख

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 48 है जो सभी शुद्ध हैं।

ता मीन टच में अतिरिक्त पद्य हैं जिनकी संख्या 39 है लेकिन पद्य संख्या 1 से 19 नष्ट हो चुके हैं। पद्य संख्या 26, सेफौंग के पद्य संख्या 27 के समान है। पद्य संख्या 37 से-फौंग के पद्य संख्या 38 के समान है। बन किन में अतिरिक्त पद्य हैं जिनकी संख्या 28 है, पद्य संख्या 1 से 24 नष्ट हो चुके हैं तथा पद्य संख्या 25 से 28 अंशतः टूट चुके हैं।

मास्पेरो के द्वारा इस अभिलेख का पता लगा। उसने इस बात की पुष्टि की कि कम से कम पाँच स्थानों पर वही अभिलेख पाया गया। बार्थ ने भी इस बात की पुष्टि की है। डॉ. आर.सी. मजूमदार ने भी इसकी पुष्टि की है।[1] इस अभिलेख का सम्पादन एम.एल. फिनौट ने किया है।[2]

नमो बुद्धाय निर्म्माणधर्म्मसम्भोगमूर्त्तये।
भावाभावद्वयातीतो द्वायात्मा यो निरात्मकः।।1
भैषजयगुरुवैदूर्य्य प्रभराजजिन्नमे।
क्षेमारोग्याणि जन्यन्ते येन नामापि श्रृण्वताम्।।2
श्रीसूर्य्यवैरोचनचण्डरोचिः
श्रीचन्द्रवैरोचनरोहिणीशः।
रुजान्धकारापहरौ प्रजानां
मुनीन्द्रमेरोर्जयता मुपान्ते।।3
आसीन्नृपश् श्रीधरणीन्द्रवर्म्म-
देवात्मजश् श्रीजयवर्म्मदेवः।
जातो जयादित्य पुरेश्वरायां
वेदावरैकन्दुभिराप्त राज्यः।।4

---

1. Quoted by R.C. Majumdar in IK, p.460
2. *BEFEO, Vol. III, p.18*

निश्शेष राजत्य शिरोवतंस-
पादाम्बुजस् संथति संहृतारिः।
पर्य्य ग्रहीत् सद्गुणरत्नभूषां
यत्कीर्त्तिहारां वसुधाङ्गनां यः॥5
सदा मुदा वर्द्धितदानवारिस्
सदानवर्द्धि प्रिय संपदाढ्यः।
नष्टचाहवैः क्लिष्ट सुरारिकान्तो
यः कृष्णकल्पोऽप्य वदातवर्णः॥6
योऽभ्यर्थितां भूपतिर्भिदुराणां
लक्ष्मीमुपेक्ष्य स्वयमभ्युपेत्ताम्।
दिक्षु द्रुतां ह्लादयतिस्म कीर्तिम्
अहो विचित्रा रुचिरिन्द्रियाणाम्॥7
यं वीक्ष्य धाम्ना विजिते पि नाथे
बुद्धेव कान्त्या विजितञ्च कामम्।
शुचन्त्यजन्त्यो निजनाम् सार्थ
वन्दीकृतारिप्रमदाः प्रचक्रुः॥8
पुण्यायुषः क्षीणतया युगेऽन्त्ये
क्षयङ्गतायां क्षयवत् प्रजायाम्।
प्रजापतिः प्राग्युगवद्वितेने
योऽभ्युत्थितिं पूर्ण वृषां समृद्धाम्॥9
ऋद्धया स्वर्गीकृतां पृथ्वीं मत्वामरणदूषिताम्।
मर्त्यानाममरत्वाय योऽदिशद् भेषजामृतम्॥10
पुष्यङ्कृती कृतीकृत्य पूर्णाङ्ग योऽकरोद् वृषम्।
राजवैद्याचिकित्साङ्घ्रि भङ्गन् त्रियुगदोषतः॥11
जित्वान्यगोपति वृषं स्वैरन् त्रिभुवनाङ्गने।
जृम्भते निनदन्धीरं वृषो यत्पुष्कलीकृतः॥12
देहिनान्देहरोगो यन्मनोरोगो रुजत्तराम्।
राष्ट्रदुःखं हि भर्तृणान्दुःखं दुःखन्तु नात्मनः॥13
आयुर्व्वेदास्त्रवेदेषु वैधवीरैर्व्विशारदैः।

योऽघातयद् राष्ट्ररुजो रुजारीन् भेषजायुधैः॥14
सर्व्वेषाम पराधान् यस् सर्व्वतः परिशोधयन्।
युगापराधे न रुजामपराधान् व्यशोधयत्॥15
सारोग्यशालं परितो भैषज्य सुगतं व्यधात्।
सार्द्धज्जिनौरसाम्यां यस् सदा शान्त्यै प्रजारुजाम्॥16
स व्यधादिदमारोग्यशालं ससुगतालयम्।
भैषज्य सुगतञ्चेह देहाम्बरहृदिन्दुना॥17
सोऽतिष्ठिपदिमौ चात्र रोगिणां रोगघातिनौ।
श्रीमन्तौ सूर्य्यचन्द्रादिवैरोचन जिनात्मजौ॥18
चिकित्स्या अत्र चत्वारो वर्णा द्वौ भिषजौ तयोः।
पुमानेकः स्त्रियौ च द्वे एकशः स्थितिदायिनः॥19
निधिपालौ पुमांसौ द्वौ भेषजानां विभाजकौ।
ग्राहकौ व्रीहिकाष्ठानान्तद्धायिभ्यः प्रतिष्ठितौ॥20
पाचकौ तु पुमांसौ द्वौ पाकैद्योस्कदायिनौ।
पुष्पदर्भहरौ देववसेवश्च विशोधकौ॥21
द्वौ यज्ञहारिणौ पत्रकारौ पत्रशलाकयोः।
दातारावथ भैषज्य पाकेन्धनहरावुभौ॥22
नराश्चतुर्दशारोग्यशाला संरक्षिणः पुनः।
दातारी भेषजानाञ्च मिश्र द्वाविंशतिस्तुते॥23
तेषामेको नरो नारी चैकशः स्थितिदायिनः।
वारिसन्तापभैषज्य पेषकार्य्यस्तु षट् स्त्रियः॥24
द्वे तु व्रीह्यवद्यातिन्यौ ता अष्टौ पिण्डिताः स्त्रियः।
तासान्तु स्थितिदायिन्यः प्रत्येकं योषितावुभे॥25
पुनः पिण्डीकृतास्ते तु द्वात्रिंशत् परिपारकाः।
भूयोऽष्टानवतिस् सर्व्वे पिण्डितास् स्थितिदैस् सह॥26
तण्डुला देवपूजांशा ऐकोद्रोणा दिने दिने।
शेषा यज्ञाः प्रदातव्या रोगिभ्यः प्रतिवासरम्॥27
प्रतिवर्षन्त्विदं ग्राह्यं त्रिव्कृत्वो भूपतेर्निधेः।
प्रत्येकञ्चैत्रपूर्णम्यां श्राद्धे चाप्युत्तरायणे॥28

रक्तान्जालवसनमेकं धौताम्बराणि षट्।
द्वे गोभिक्षे पञ्चपलं तक्रं कृष्णा च तावती।।29
एकः पञ्चपलः सिक्थदीप एक पलाः पुनः।
चत्वारो मधुनः प्रस्थास्त्रयः प्रस्थास्तिलस्य च।।30
घृतं प्रस्थोऽथ भैषज्यं पिप्पलीरेणुदीप्यकम्।
पुन्नागञ्चैकशः पादद्वयञ्जातीफलत्रयम्।।31
हिङ्गुक्षारं कोत्स्थजीर्णमेकैकञ्चेक पादकम्।
दोनों मूर्तियों के अभय आदि देखने के लिए दामाद श्री इन्द्र राजा के विषय में। ब्राह्मण की भूमि से युक्त राज्य जो ब्रह्मालय चला गया।।41

जयवर्मन का प्रयत्न......................सुन्दर रीति से समाप्त न हो पाई विष्णु कु.....।।44

प्रतिदिन भक्ति से जिसने प्रदान किया एक.............। दोनों प्रतिमाओं के लिए पाँच दास-दासियाँ।।45

प्रजाओं के कुशल के विषय में आसक्ति करता हुआ रक्षित....... ..जन्म से विद्या वृद्ध हुआ धर्म से..........।।46

1229 शाके में जो राजा स्वर्ग पर विजय पाने के लिए चला गया। युवराज पद पर स्थित रहने वाले को राज्य देकर जो भग.............. ।।47

और श्री इन्द्र राजा के वंशज जो राजा जयवर्मन के थे। श्री श्री इन्द्र जयवर्मन नाम जो नाम स्वनामधन्य है इसी नामकरण से ख्यात हुआ।।48

जिस विजयी सम्राट के तीन शत्रुओं के जीतने वाले के नहीं अन्तर..........दूसरों के अर्थ अशेष= सब कुछ.............तेज से।।49

श्री निशाकर भट्ट भी ब्राह्मण रूप समुद्र में वह पैदा हुआ था। उस नाम वाला तो ईश की भक्ति से अंकहीन था निश्चित रूप से उसका क्षय न होने वाला था।।50

जो उस निशाकर विद्वान् को लोकेश व्य.......नाम से हो......म्बरे कुछ ज्योतिषी...........।।51

राजाओं का स्वामी उसकी ऊँचाई को विस्तारित करता हुआ..... श्री श्रीन्द्रशेखर नाम.....।।52

श्री श्रीन्द्रशेखर श्वेत वस्त्र में.............देव और राजा के महल को सोने रूपे आदि दान के विषय में............हजार गिने हुए विद्वानों को।।53

हजार गिने हुए विद्वानों को............तृप्त करता हुआ सोने, रूपे आदि के दान और वस्त्र दान............।।54

श्री जय आदि विद्वान्...........शिव को यहाँ भक्ति से......... प्रतिवर्ष मास में...........।।55

प्रजा बहुतेरी अग्न.............न्यान् से संसार रूप समुद्र के कुल को प्रारञ्, नयञ् ज्ञा.....।।56

निश्चित ही दूसरों के पुण्य की रक्षा राजा के द्वारा भी करनी चाहिए ऐसा आदेश किया। श्री श्रीन्द्रशेखर..........त्या यहाँ कार्यों की बढ़ती की गयी।।57

...........स्थापना की।..........और समय पर इस स्थान की रक्षा के लिए तन्मय होने पर।।58

राजा ने दोनों प्रतिमाओं के लिए बहुत धान्यों से युक्त व्रः पक्ष से सम्यक प्रकार से भरे पूरे स्थान वाले ग्राम को देवता के यज्ञ की विशेष वृद्धि वाले ग्राम को दान में दिया।।59

भविष्य में होने वाले राजा लोग धर्म के बीज की सदा रक्षा करें और ब्राह्मण शाल की भूमि पर नियत रूप स्थित होकर ब्राह्मण लोग रहें।।60

पुण्य के............दूसरों के फल को पावे..........क्या बात दूसरों की? धर्मों के सभी प्रकारों से रक्षण करने वाला।।61

114

अंगकोर वाट अभिलेख
Angkor Vat Inscription

यह अभिलेख अंगकोर वट के चारों तरफ घिरे खाई के उत्तर-पूर्व कोने के निकट एक खड़े पत्थर पर उत्कीर्ण है। इस अभिलेख के प्रारम्भ में शिव की वन्दना तथा सर्वज्ञमुनि, सिद्ध, विद्येशविद् (राजा जयवर्मन और इन्द्रवर्मन के होता) और कुछ दूसरे जिनका नाम नष्ट हो चुका है- की प्रशस्ति है। यह उन लोगों के धार्मिक स्थापत्यों का भी वर्णन करता है। सर्वज्ञमुनि के जन्म स्थान के विषय में लिखा है कि वह आर्यदेश का था। इससे यह स्पष्ट होता है कि मुनि भारत के थे फिर भी दूसरे ब्राह्मण ने ईशानभद्रेश्वर नामक लिंग के होता का काम किया। चौथे को राजा श्रीन्द्रवर्मन ने जाह्नवी जिसका अर्थ गंगा है, का होता नियुक्त किया। यही ब्राह्मण था जिसने यशोधर तटाक में गंगा की मूर्ति स्थापित की और उसके लिए सोने का सिंहासन बनवाया।

अन्त में यह लेख श्री जयवर्मन (परमेश्वर के रूप में भी जाना गया) का वर्णन करता है और उनकी प्रशस्ति की चर्चा करता है जिसमें उनको वराह के

समान पद दिया गया जिसने पृथ्वी को विपत्तियों के समुद्र से छुड़ाया। अभिलेख एक ब्राह्मण जो राजा का होता था तथा उनके दोनों पूर्वजों श्रीन्द्रवर्मन तथा श्रीन्द्रजयवर्मन की भी चर्चा करता है। उसके धार्मिक दानों का भी वर्णन है। वे विद्येशधीमन्त के नाम से प्रसिद्ध थे। इसी होता की प्रार्थना पर राजा ने यह आदेश जारी किया।

इस अभिलेख में कुल 103 पद्य हैं।

इस अभिलेख की विस्तृत व्याख्या देखें।[1]

(उत्पत्तिस्थिति सं)हारकारणं परमेश्वरम्।
वन्दे य एक एव प्राक् त्रिधा भिन्नस् सिसृक्षया।।1
...........एकोऽनेक देहेषु देहिनाम्।
भिद्यते बहुधेवेन्दुर्ब्बहुकोटिघटाम्भसि।।2
.........अङ्गभस्माभातीव पाण्डुरा
श्र(स्र)वन्नेत्राग्नितप्तार्द्धचन्द्र द्रव इवावभौ।।3
....................जता दुग्धार्णवद्युतेः।
स्वर्भूमूतिभुवो भोगिनद्धेद्धा मन्दरायते।।4
................लिङ्गमुन्मीलितेक्षणा।
बभौ यद्भूषणाहीन्द्र सन्दर्शनभिये(व).....।।5
.........या स्वकान्तिविलम्बिनम्।
अवरीकर्तुमद्धेन्दुमौलिमौलिम्............।।6
शर्व्व(प्रियो)ऽभवद् विप्रस् सर्व्वागमविशारदः।
सर्व्वलोकार्थकृत(न्) नाम्ना सर्व्वज्ञमुनिरीरितः।।7
चतुर्व्वेदनिधेर्य्यस्य चतुराननमावभौ।
चतुर्म्मुखस्येव भृशञ्चतुर्व्वेदस..............।।8
आर्य्य(दे)शे समुत्पन्नश् शिवाराधनतत्परः।
यो योगेनागतः कम्बुदेशेऽस्मिन्नि............।।9
श्रीभ(द्रेश्वरश)म्भोर्य्यो यजनार्थं समागतः।
चिरकालन्तमभ्यर्च्य प्रययौ पदमैश्वरम्।।10

---

1. *Sharan, M.K., Studies in Sanskrit Inscriptions of Ancient Cambodia V* p.76 & 130

तद्वङ्राजो भवद् धीमान्मान्यो योगविदां विदन्।
सर्व्वागमानान्तत्त्वार्थ सिद्धषि.............॥11
क्षमा..........साशान्ति सत्येन सत्तमः।
धिया यो भूपतिगुरु.......................॥12
सर्व्व..........नदीधारापूरितो जितसागरः।
यत् सहस्रद्विजागस्त्य सर्व्वागम...........॥13
आस्...........नदी नाम...........ई.........।
काष्ठलोष्ठादि यत् प्राप्य.................॥14
अहिंस्.........प्रभवे द्वीपे व्रः थ्क्वल् इतीरिते।
तस्या द्विजातिजनिते(तो)..................॥15
द्वौ त(तद्द्वीपः) भुवौ या तौ पात्रतामेक एति यः।
पृथिव्यां माणेर................................॥16
...........दी स............ङीन्नाम सप्तलोकमिवापरम्।
स तपोमन्दिरां यु.....................................॥17
............नानां पञ्चादीनां हविर्भुजाम्।
मध्ये सि...॥18
..........................श्री शानतीर्थकम्।
कदाचि...॥19
...............................सं संनी(?).....।
....॥20
Verse 21 missing
चकार देशन्नाम्नेमं मध्यदेशज्ज (ना कुलम्)।
वेदवेदाङ्गविद्विप्रं स्रियं प्राप्य प्रियान्तु सः॥22
अत्र रम्यतमे कृत्वा तपोमन्दिरमुत्तमम्।
स्थितो योऽध्यापकस्तीब्रन्तपस्तेपे तपस्विनाम्॥23
यो योगाभ्यासको व्याससमकर्म्मायतिष्ठिपत्।
जयादि देवदेवेशं परमेश्वर शासनात्॥24
संस्थापिते ततस्तस्मिन् स ददर्श महेश्वरम्।
निर्म्मलस्फटिक प्रख्यं सहस्रादित्यवर्च्चसम्॥25

भवानी जाह्नवीयुक्तन्तत्त्वत्रयमिवोदुतम्।
मूर्तिमन्तं सुदुष्प्रेक्ष्यं व्योमव्यापिनभोजसा।।26
प्रणम्य दण्डवद् भूत्वा त्रस्यन् सोत्कण्ठमानसः।
तुष्टाव स्तुतिभिः स्तुत्यन्तं विभुं स द्विजेश्वरः।।27
प्रोवाच तं महेशानो विस्मयोत्फुल्ल लोचनम्।
दिष्ट्या मुने महत्कार्य्यमिदं मम कृतन्त्वया।।28
नियोक्षेय त्वां वरे कार्ये पावनार्थं महीतले।
मत्प्रसादाच्च ते भूयादिष्टसिद्धिर्गरीयसी।।29
त्वदीयमाश्रमं विद्धि श्रेष्ठं मध्यमदेशकम्।
तस्मिन् कुरु महायागं यथोक्तं पारमेश्वरे।।30
तन्नेशानस्य मूर्त्ती द्वे अभिषिक्ते त्वया मम।
श्रीभद्रेश्वरहोतैका त्वपरा मण्डलेश्वरः।।31
त्वद्भागिनेयीपुत्रश्च त्वच्छिष्योऽप्यपरो मुनिः।
तौ कीर्त्तिविश्रुतौ लोके राजहोतृत्वमागतौ।।32
इत्युक्त्वान्तर्हिते देवे विलपन् सोऽतिदुःखितः।
कृत्वा विधिं यथाकल्पं कल्पवित् स्वाश्रमं ययौ।।33
अत्राश्रमपदे रम्ये तपोमन्दिरमण्डिते।
तपोभृताङ्गणाकीर्ण्णे मन्त्रस्तुतिविनादिते।।34
स्वाध्यायनादैरामन्द्रे संप्रज्वलितपावके।
वेद्यभिकीर्ण्णकुसुमे ब्रह्मलोक इवापरे।।35
कृतवान् स महद्यागं कालयागमिति श्रुतम्।
सरस्वतीभागयुतं लोकपाल समावृत्तम्।।36
हुताग्नेर्द्युस्पृशद्धूम्रधूम पाशाकरैरिव।
स्वर्लोकाकर्षण करन्तत्प्रदानुन्तपोभृते।।37
अनुग्रहार्थं लोकानामास्थितोऽत्राश्रमे मुनिः।
अवश्य(˙)भावि तत्कार्य्यं संप्रतीक्षे शिवाज्ञया।।38
शिष्यर्षभोऽभवत्तस्य यो व्याप्ताशो यशोऽसुभिः।
पूर्ण्णीकृद्वङ्शदुग्धाब्धेर्जितेन्दुरतिनिर्म्मलः।।39
सर्व्वदा सर्व्वविद्याभिस् सेवितो वेद्यमाविदन्।

तस्माद्विधेशविदिति नाम्ना यः प्रथितो भुवि।।40
सर्व्वदाराधयन् योऽसौ मनोवाक्कायवृत्तिभिः।
गुरुं पुरा पुरारातिमुपमन्युरिवाबभौ।।41
शैव व्याकरणज्योतिष्शास्त्राम्भोनिधिपारगः।
कृताभिषेको गुरुणातिमान्यो यो मनीषिणाम्।।42
कृतकृत्ये गुरौ तस्मिन् प्रयाते पदमैश्वरम्।
तं गुर्व्वाराधनपरस् सोऽनुगन्तुमना भृशम्।।43
तदानदद् वाग् द्युमवाभ्येनं यच्छि(च्चि)न्तितं मुने।
मा कृथा होतृतां हि श्रीभद्रेशस्य गमिष्यासि।।44
श्रुत्वाचिन्त्यं वियद्वाक्यन्देवकार्य्यं निबन्धनम्।
स गुरुस्मरणार्त्तोऽपि विदन् वेद्यं भुवि स्थितः।।45
स ररक्ष पदन्तस्य मुनिवर्ग्गसमाकुलम्।
अभ्युद्धुताग्निन्नुतराड् गुरुतस्तत्कुलं प्रति।।46
उपार्जिताभिर्भिक्षाभिस्तर्प्पयन् सोऽतिथीन सदा।
स्वाध्यायवांस्तपस्तेषे यथाशास्त्रोदितं महत्।।47
शैवागमानां सर्व्वेषां विसृतिं प्रततान सः।
भानुमांस्तपसा दीप्तो दीधितीनामिवोदये।।48
राजा श्रीजयवर्म्मासीत् कदाचिद् व्याकुलो भृशम्।
होतुश् शुद्धान्वयाचारश्रुतस्यान्वेपणेऽध्वरे।।49
तदा पुरस्ताद्विदुषान्तेन राज्ञा विचारितः।
बहुमान्यो मतिमतां सद्धोतृत्वे न्ययोजि सः।।50
कृत्वा यज्ञान्यनेकानि दत्त्वा सर्व्वस्वदक्षिणाम्।
तस्म स श्रीन्द्रवर्म्माणमभिषे....................।।51
सोऽभिषेकविद्यौ तस्य मतश् श्री जयवर्म्मणा।
परमेशेन शक्रस्य गुरुर्गुरुवरो यथा।।52
श्रीन्द्रवर्म्मा दिवं याते भूपे श्रीजयवर्म्मणि।
आसीद्भद्रेश्वरेशानस्थापन कृतमानसः।।53
शासनात् परमेशस्य योजयामास यन् नृपः।
श्री भद्रेश्वर लिङ्गस्य होतृ.................।।54

उत्पत्तिस्थितिसंहारकारणः परमेश्वरः।
स्थापनार्थं स्वलिङ्गस्य यो..............॥55
गुरुश्रेष्ठोऽपि संस्थाप्य देवदेवञ्जगद्गुरुम्।
.........तां स्वर्णमयीं साक्षमालाम्.........॥56
...........करणान् हैमान् रत्नविरञ्जितान्।
........स्वनिकरान् प्रादात्तस्मिन्............॥57
........कानि सार्व्वान्याशयमम्भसाम्।
सोऽस्यागनेः पूजनार्थानि कृत्वा...........॥58
.......................न्योऽभवद्भूतहिते रतः।
शितिकण्ठे समुत्कण्ठस् स..........श्.....॥59
.... भूद्र यजने गुरुतः प्रति।
.......स्थस्य शिवस्यास्मिन् पूर्व्वं यातेसताङ्गुरुः॥60
.............................भवध्वङ्सनतत्परः।
.........ना विद्या कर्म्मणाचारेण विदांवरः॥61
.............................जाह्नव्या विनियोजितः।
यो लिङ्गपुर्य्यां होतृत्वे तेन श्रीश्रीन्द्रवर्म्मणः॥62
................................शिवं परम्पकारणम्।
योऽभवद्धोतृतां यानो राज्ञश् श्रीश्रीन्द्रवर्म्मणा॥63
.............................मुमया सहितं पुनः।
नन्दिनं कालसंयुक्तं हैम शृङ्गगिरौ वृषभ्॥64
सर्व्वद्रव्याण्यवाप्तानि यज्ञे श्रीश्रीन्द्रवर्म्मणः।
तान्यदाद् गङ्गया युक्ते स श्रीभद्रेश्वरेश्वरे॥65
स्थापितायां च ग(ङ्गायां) यशोधरतटाकके।
सिंहासनं स्वर्ण्णमयन्तस्याः कृत्वा दिवङ्गतः॥66
...........स........पृथ्वीन्द्रमूर्द्धोद्धृतपदाम्बुजः।
सम्राट् श्री जयवर्म्मादि परमेश्वर नामधृक्॥67
प्राणिनो दुःखपाशेन पाशितान् परमेश्वरः।
दृष्ट्वा विमुक्तये तेषान्तस्माद् यो मूर्तिमान् ध्रुवम्॥68
कालदोषोदधौ धात्रीं मग्नामुद्धृत्य निश्चलाम्।

भूयो बभार यश् श्रीमान् श्रीवराह इवापरः।।69

सर्व्वद्वीपढेवधीशेषु विनयेनानतेषु यः।

दण्डन्दधार षाड्गुण्यवृद्धस् सद्गुणिनां वरः।।70

युगदोषादतिकृशः पादहीनो वृषोऽपि यम्।

(वृ)षरक्षोचितं प्राप्य वेधोण्डे पुष्कलोऽभ्यगात्।।71

कान्तिः कामस्य कामारिणानास्था दग्धसत्तनोः।

अतीव तस्यास् स्थित्यर्थं यं वेधा विदधे ध्रुवम्।।72

यस्यामलाङ्घ्रदुग्धाब्धौ पूर्ण्णे वक्त्रेन्द्रुनानिशम्।

(श्री)रिवाशिश्रियल्लौल्यमयशो मार्ष्टुमात्मनः।।73

लक्ष्मीमिवेन्दुनलिने निनीषुर्भारती रताम्।

(य)स्यास्ये जितपद्मारिपद्मेऽतिष्ठद् ध्रियंरुचा।।74

अनवद्यं सदा वृद्धं राजा राजानम.............।

(त)तार सैंहिकेयं यन्दृष्ट्वा दुःखदिवोत्क्षयः।।75

यस्यास्ये.........ई.........ई..........स्थिताम्।

भूमिभुज इवालीना कीर्त्तौ रोषाद् द्विडानने।।76

...................................कीर्त्तिरिवाक्षया।

पूर्ण्णेन्दुविजये वृत्तङ् ख्यातुन् त्रैलोक्यगामिनी।।77

उत्खातद्विदपुर..................जसिंहयोः।

यशोवितान काङ्क्षेलिपदङ्कृत्वाभ्यकल्पयत्।।78

निशा...।

यशोम्भसाभिषिक्तारिरुजादत्तकराभवत्।।79

स..........................(उ)दरुष।

दानवर्षं सदा मुञ्चन् जितेन्द्रोऽतिशताध्वरम्।।80

...........ज्.........सर्व्वत्र हि दिवाकरः।

पद्मे श्रुत प्रवोधोऽपि किन्न प्रावोधयत् परम्।।81

..............................ण्डैकद्युतिः।

शास्त्रादीक्षादिविधिना कृतानुग्रहकोऽभवत्।।82

....

....

पादाम्बुज शिरसि शुभ्रयशो नृपाणा-

माशासु रोधासि महाम्बुनिधेर्म्महाज्ञा।।83

....

आसीद्विधाकलापूर्ण्णो द्विजेन्द्रोऽतीव निर्म्मलः।।84

....

धैर्य्येण शैलेन्द्रसमस्तपसा भाष्करोपमः।।85

....

ज्वलितं सन्ततमिवं हविषा हव्यवाहनम्।।86

....

श्रीन्द्रवर्म्मावनीन्द्रो यमामन्त्रयितुमद्यतः।।87

....

प्रचक्रमे स्थापयितुं शिवं श्रीशानतीर्थकम्।।88

....

सिद्धार्थं पूजितं पूर्व्वं पावनञ्जगतां सदा।।89

....

दासदासी समायुक्तन्ददौ सोऽस्मिन् महेश्वरे।।90

....

तानि सर्व्वाणि स प्रादाच्छ्रीभद्रेश्वर शम्भवे।।91

....

यस्तपोमन्दिरं रम्यं पुराणात् पुनराकरोत्।।92

....

ययौ सद्धोतृतां राज्ञश् श्रीश्रीन्द्रजयवर्म्मणः।।93

....

यातश् श्रीजयवर्म्मादिपरमेश्वरभृतः।।94

....

भूयोभूमिभृता तेन विभवैश् शिविकादिभिः।।95

..............................यो गुरु............।

श्रीभद्रेश्वर नन्दीशस्थापनं कर्त्तुरमारभेत्।।96

...........................नन्दीश्वरमिवेश्वरम्।

दक्षिणान् निखिलामस्मै प्रादाद्धुवभुजे तदा।।97

......................रूप्यस्वर्ण्णमयं शुभम्।

सोऽदादस्मै हुतभुजे ग्रामान् सपशुकिङ्करान्।।98

......................................भूभृतः।

रक्ष्यो यमाश्रमश् श्रेष्ठस्तधीनो यथाविधि।।99

शिवाग्नेरस्य................कल्पितन्तेन यज्विना।

कुलस्य पत्या कर्त्तव्यमातिथ्यं भोजनादिकम्।।100

.............................प्रार्थितं शासनं महत्।

होत्रा श्रीजयवर्म्मादि परमेश्वर भूभृतः।।101

....

..............न्वहं येन यातु स स्वर्ग्गम्।

गच्छतु यो नाशयंति.....................

त्वाकल्पान्तादवीचिनरका दौ..............।।102

विद्याभिस् सकलाभिर्य्यस् सर्व्वदा सेवितो भृशम्।

विद्येश इव विद्येशधीमानित्यति विश्रुतः।।103

अर्थ- रचना, पालन और नाश के कारण परमेश्वर हैं, उनकी वन्दना करता हूँ जो एक ही हैं पहले, तब सृष्टि की इच्छा से तीन हुए हैं।।1

.........एक जो अनेक देहों में देहधारियों के भिन्न होते हैं जैसे चन्द्रमा बहुत रूपों से उसी प्रकार जैसे बहुत करोड़ों घड़ों के जल में बहुत प्रतिबिम्ब रूप से दीखने वाले चन्द्र के समान।।2

........अंग में भस्म सा सोहता है श्वेत। चूते हुए नेत्र की आग से तवे हुए आधे चन्द्र से द्रव सा सोहता था।।3

.......दूध के समुद्र के प्रकाश से ऐश्वर्य से उत्पन्न साँपों से बँधे उससे प्रकाशित मन्दार के समान आचरण करता है।।4

.........लिंग को आँख खोलकर देखने वाली जिसके आभूषण सर्पराज के दर्शन के डर से मानो.............।।5

........अपनी कान्ति को विलम्बित करने वाले को नीचा दिखाने के लिए चन्द्रशेखर के मस्तक को............।।6

शिव हैं प्रिय जिसे ऐसा ब्राह्मण जो सभी शास्त्रों में विशारद है और सभी लोगों के हित कार्य करने वाला, नामत सर्वज्ञमुनि कहा जाने वाला है।।7

चारों वेदों के निधि जो हैं उनके चार मुख सोहते थे ब्रह्मा के समान मानो बहुत चार वेद।।8

आर्य देश में उत्पन्न शिव की आराधना में तत्पर.........जो इस कम्बुज देश में योग से आये...........।।9

श्री भद्रेश्वर शिव के पूजन के लिए आये हुए वे बहुत दिनों तक पूजन करके ईश्वर के पद को प्राप्त हुए थे।।10

जिनके वंशज बुद्धिमान हुए मान्य हुए योग जानने वालों को जावा से आये सभी शास्त्रों के तत्त्व अर्थ को सिद्ध-ऋषि.........।।11

क्षमा, सहिष्णुता...........शान्ति, शुद्धता, सत्य से अतिशय सज्जन.........बुद्धि से जो राजा का गुरु..........।।12

सब.......नदी की धारा से पूरित जीता है सागर को जिसने वह जो हजार ब्राह्मण अगस्त्य सभी शास्त्र......।।13

आस्..........नदीनाम्...........सूखी लकड़ी ढेला आदि जो पाकर............।।14

अहिंसा............प्रभवद्वीप में ब्र:थ्क्वल इस नाम से विख्यात् उसके ब्राह्मण से उत्पन्न से...........।।15

दो वह द्वीप दो भुवन जो वे दो जो एक पात्रता को प्राप्त करता है पश्चिम में मणि....।।16

........दी रु............ङीन् नाम दूसरे सात लोक के समान वह तप के मन्दिर को........।।17

............पाँच आदियों के.............अग्नियों के बीच में सि........ ....।।18

...................श्री ईशान तीर्थ को.......................कभी............ ....।।19

....

....

....

Verse 21 missing

इस देश को मध्य देश नाम से नामकरण किया जो देश जनों से भरा था वेदों और वेदों के अंगों के जानकार ब्राह्मण की स्त्री जो प्रिया थी उसने उसे पाकर।।22

यहाँ अतिशय रमणीय स्थान पर उत्तम तपो मन्दिर बनाकर जो अध्यापक था उसने तपस्वियों की तेज तपस्या की थी।।23

परमेश्वर के शासन से जो योगाभ्यास करने वाला कर्म से व्यास के समान जयादि देव देवेश की स्थापना उसने की थी।।24

तब उनकी स्थापना करने के बाद उसने उस मन्दिर में महेश्वर को जो निर्मल स्फटिक समान सफेद हजारों सूर्य के समान तेज वाले थे देखा था।।25

भवानी और गंगा से युक्त तीनों तत्वों के समान आश्चर्यकारी मूर्तिमान दुःख से देखने योग्य, बल से आकाश में व्यापने वाले को देखा।।26

तीन बार दण्डवत करके उत्सुक मन से स्तुति विनय की थी- स्तुति के अन्त में उसने व्यापक शिव ब्राह्मण से महादेव बोले।।27

जो ब्राह्मण आश्चर्य से खिली आँखों वाला था- भाग्य से हे मुने! यह महान् कार्य मेरा तेरे द्वारा किया गया।।28

तेरी नियुक्ति महीतल में पवित्रता के लिए बड़े कार्य में करूँगा और मेरी प्रसन्नता से तेरी अतिशय श्रेष्ठ सिद्धि होवे।।29

तुम्हारा आश्रम मध्य देश में श्रेष्ठ है यह जान लो उसमें महायज्ञ करो जैसा परमेश्वर में कहा गया है।।30

वहाँ ईश्वर की दो मूर्तियाँ तेरे द्वारा मेरी दो मूर्तियाँ अभिषेक से युक्त हैं- श्री भद्रेश्वर का होता एक दूसरा मण्डलेश्वर।।31

और तेरी भानजी का बेटा तेरा शिष्य दूसरा मुनि है। वे दोनों कीर्ति से प्रसिद्ध लोक में राज होता पद पा चुके।।32

यह कहकर महादेव के छिप जाने पर रोता हुआ वह अतिशय

दुखी हुआ। कल्प के अनुसार विधि करके कल्प का जानने वाला अपने आश्रम को गया।।33

यहाँ आश्रम में जो आश्रम रमणीय है तपस्या के मन्दिर से शोभित है तप धारण करने वाली स्त्रियों से युक्त मन्त्र और स्तुति शब्दायमान स्वाध्याय के शब्द से जो शब्द मधुर और अस्पष्ट थे अग्नि के अच्छी तरह प्रज्वलित होने पर दूसरे ब्रह्मलोक के समान फूल बिखरे थे।।34-35

उसने कालयज्ञ के नाम से प्रसिद्ध सरस्वती यज्ञ से युक्त लोकपाल से सम्यक रूप से आवृत्त महायज्ञ किया था।।36

हवन किये जाते अग्नि के धुएँ आकाश को छूने वाले जो धुएँ के आकार के समान थे। स्वर्ग लोक के आकर्षण करने वाले वह देने के लिए तप धारण करने वाले को।।37

लोगों पर कृपा करने के लिए मुनि इस आश्रम में हैं शिव की आज्ञा से वह कार्य अवश्य होने वाला है जिसकी प्रतीक्षा करता हूँ।।38

उनके श्रेष्ठ शिष्य हुए जो अपने यश की किरणों से सभी दिशाओं में व्याप्त थे। कुल के दूध के समुद्र के पूर्ण करने वाले चन्द्र को जीत चुकने वाले अतिशय स्वच्छ।।39

हमेशा सभी विद्याओं से सेवित जानने योग्य विषय के जानकार उस कारण 'विधेशवित्' इस नाम से पृथ्वी पर जो प्रसिद्ध हुए थे।।40

जो वह हमेशा मन, वाक्य और शरीर की वृत्ति से पूर्व गुरु को शिव को भजता हुआ उपमन्यु के समान सोहता था।।41

शिव दर्शन, व्याकरण, ज्योतिष, शास्त्र रूप समुद्र के पार जाने वाले विद्वान् गुरु द्वारा अभिषेक प्राप्त कर चुकने वाले जो विद्वानों के अतिशय माननीय थे।।42

उसके स्वर्गीय होने पर जो कृतकार्य था उसे गुरु की आराधना में परायण वह उसके पीछे जाने की इच्छा वाला अतिशय रूप से।।43

तब वाणी निकली आकाश में हे मुने हूँगा जो तुमने सोचा होता का कार्य मत करो श्री भद्रेश को प्राप्त करोगे।।44

न चिन्ता करने योग्य वाक्य देवता के कार्य के निबन्धन वाला

सुनकर वह गुरु के स्मरण से दुखी भी जानने योग्य का जानकार पृथ्वी पर स्थित रहा।।45

उसने उसके पद की रक्षा की मुनि लोगों से युक्त विशेष रूप होम किये गये अग्नि स्तुति का राजा गुरु उस कुल के प्रति।।46

उपार्जित भिक्षाओं से वह अतिथियों को तृप्त करता हुआ हमेशा स्वाध्याय करने वाला तप करने लगा जैसा शास्त्र में महान् तप लिखा है।।47

सभी शैव दर्शन शास्त्रों के विस्तार को विस्तारित किया उसने किरणों वाला तप से प्रकाशित उदय समय में किरणों के प्रकाशित उदय समय में किरणों के प्रकाश के समान।।48

यज्ञ में होता के शुद्ध आचार सुन चुकने वाले की खोज में राजा श्री जयवर्मन किसी समय बहुत व्याकुल थे।।49

तब उस राजा ने विद्वानों के आगे विचार किया और बुद्धिमानों के बहुत माननीय को अच्छे होता के पद पर उसने नियुक्त किया।।50

अनेक यज्ञों को करके सर्वस्व दक्षिणा रूप में देकर उसने श्री इन्द्रवर्मन को अभिषेक..........।।51

वह अभिषेक के विषय में उस जयवर्मन का पूज्य था। परमेश ने इन्द्र के जो श्रेष्ठ गुरु बृहस्पति हैं।।52

श्री जयवर्मन राजा के दिवंगत होने पर श्री इन्द्रवर्मन राजा भद्रेश्वर, ईशान की स्थापना के लिए मन बना चुके थे।।53

परमेश्वर की आज्ञा से जिसे राजा योजित कर चुके थे श्री भद्रेश्वर लिंग के होता....।।54

उत्पत्ति, पालन और संहार के कारण परमेश्वर अपने लिंग की स्थापना के लिए जो...।।55

देवों के देव संसार के गुरु की स्थापना श्रेष्ठ गुरु ने करके भी..... ....उसे सुवर्णमय अक्षयमाला युक्त...........।।56

.............कारणों को सुवर्ण से बने को रत्न से विशेष रंगे हुए को .....उसमें अपने जनसमूहों को............।।57

...........सभी जलाशयों को........वह इस अग्नि के पूजन के

अर्थों को करके......।।58

........जो हुआ प्राणियों के हित में रत........शिव में सम्यक उत्सुकता वाला वह....।।59

.......भद्र पूजन में गुरु से प्रति.....इस शिव के इस में सज्जनों के गुरु पहले जाने पर।।60

.......संसार के नाश में तत्पर..........विद्या कर्म से आचार से जानकारों के श्रेष्ठ।।61

.................गंगा के विशेष रूप से नियोजित जो लिंगपुरी में होता के काम पर उस श्रीन्द्रवर्मन द्वारा।।62

...........शिव को परम कारण को...........जो होता बना राजश्री श्रीन्द्रवर्मन का।।63

..........फिर उमा के साथ...........काल सहित नन्दी को हेमशृंग पहाड़ पर वृष को।।64

यज्ञ में श्री श्रीन्द्रवर्मन से सभी द्रव्य पाये उन सबको गंगा युक्त श्री भद्रेश्वरेश्वर को उसने दिया था।।65

यशोधर तड़ाग पर गंगा की स्थापना करने पर उसका सिंहासन स्वर्णमय करके वह दिवंगत हुआ।।66

......राजाओं के मस्तकों से चरणकमल छुए जाने वाले राजा श्री जयवर्मन आदि परमेश्वर नाम के धारण करने वाले।।67

प्राणी को दुख के बन्धन से बँधे देखकर परमेश्वर विशेष छुटकारा के लिए उनके उस कारण से जो निश्चित रूप से मूर्तमान हुआ।।68

काल के दोष रूप समुद्र में पृथ्वी डूबी है ऐसा देखकर उस अचला का उद्धार करके जिसने फिर से उसे धारण किया दूसरे श्रीमान् वराह के समान।।69

वह सद्‌गुणियों में श्रेष्ठ सभी द्वीपों के स्वामियों जो विनयी थे उनमें से जिसने दण्ड धारण किया था छ:गुणा बढ़ा हुआ।।70

कलियुग के दोष से अति दुर्बल चरणहीन वृष रूप धर्म भी जिस धर्म की उचित रक्षा करने वाले को पाकर बली बनकर चलने लगा था।।71

कामदेव की छवि शिव से अनास्था के कारण अच्छी देह के जलने से उसकी अतिशय स्थिति के लिए जिस राजा के कामदेववत् निश्चित रूप से बनाया ब्रह्मा ने।।72

जिसके स्वच्छ अंग रूप दूध के समुद्र में पूर्ण में मुख चन्द्र से हमेशा जैसे लक्ष्मी के समान चंचलता का आश्रय लिया- लक्ष्मी अपने अयश को छिपाने झाड़ने बुहारने के लिए मानो चंचलता को अपनाया।।73

लक्ष्मी के समान चन्द्र कमल में रत उसको सरस्वती ले जाने की इच्छा करती है जिसके मुख में कमल के जीतने वाले कमल में शोभा से लज्जापूर्वक ठहरी।।74

पापों से हीन हमेशा बढ़े को राजा राजा को ....राहु को तारा जिसे देखकर मानो दुख से क्षीण हो...........।।75

जिसके मुख में.............ठहरी को........राजा के समान समन्तात्भाव से लीन, कीर्ति क्रोध से शत्रु के मुख में।।76

.....अविनाशी कीर्ति के समान पूर्ण चन्द्र के विजय में तत्पर तीनों लोकों में जाने वाली कीर्ति को प्रसिद्ध करने के लिए...........।।77

ऊपर को रखते हुए शत्रु के पुर......और सिंह के कीर्ति के विस्तारक क्रीड़ा के चरण करके अभिकल्पना की थी।।78

रात..............यश रूप जन से भीगे शत्रु के रोग से कर=किरण, कर=हाथ दिये हैं कर जिसे वह दत्तकरा हुई।।79

वह........जल को मद जल की वर्षा हमेशा छोड़ता हुआ इन्द्र को जीतने वाला अतिशय सौ अश्वमेध यज्ञ करने वाले को।।80

...........क्योंकि सभी स्थानों पर सूर्य है। कमल में सूना है प्रबोध= हँसना, खिलना, जगना, कमल खिलने पर भी क्या पर=दूसरा, पर=शत्रु क्या दूसरे ने जगाया था।।81

.........आग है एक प्रकाश जिसमें ऐसा वह शास्त्र की दीक्षा की विधि से दयालु हुआ था।।82

........चरण कमल को सिर पर उज्ज्वल यश राजाओं के सभी दिशाओं में आकाश पर महासागर की महाआज्ञा।।83

...........विद्या कला से पूर्ण था ब्राह्मण राज अतिशय स्वच्छ

था।।84

............धीरता में हिमालय के समान, तपस्या में सूर्य के समान।।85

.........सर्वदा घी से आग प्रज्वलित ....के समान तेजस्वी।।86

....................श्री इन्दुवर्मन अवनीन्द्र=राजेन्द्र, राजाओं का स्वामी, जिसे आमन्त्रित करने में उद्यत।।87

............पराक्रम किया श्री ईशानतीर्थ शिव की स्थापना के लिए।।88

........सिद्ध है अर्थ जिसका वह सिद्धार्थ= सिद्ध प्रयोजन, पूजा की हुई पहले हमेशा सम्पूर्ण संसार के पवित्र करने वाले को।।89

..........इस महेश्वर को दास, दासी से युक्त दान दिया उसने।।90

........उन सभी वस्तुओं को उसने प्रदान किया था श्री भद्रेश्वर शिव के लिए।।91

.............जिसने तपस्या का मन्दिर रमणीय पुराने से नया फिर बनाया था।।92

...............राजा श्री इन्द्रजयवर्मन का सज्जन होता पद को पाया था।।93

.............श्री जयवर्मन आदि परमेश्वर को धारण करने वाले का प्राप्त हुआ था।।94

...........फिर उस राजा से विभवों से शिविका आदि से डोला।।95

जो गुरु.....श्री भद्रेश्वर, नन्दीश की स्थापना करने के लिए आरम्भ करे।।96

...............नन्दीश्वर के समान ईश्वर को..........तब इस अग्निदेव को सभी दक्षिणाएँ दी थीं।।97

............रूप्यक और सुवर्णमय जो कल्याणप्रद है इस अग्निदेव को बहुत से गाँव, पशु और दास उसने दिये थे।।98

...................राजा के..................रक्षा करने योग्य जो श्रेष्ठ

आश्रम उसके अधीन विधिपूर्वक..............।।99

इस कल्याण देने वाले शिवाग्नि के............कल्पित किया गया उस यज्ञ करने वाले के द्वारा कुलपति द्वारा भोजन आदि आतिथ्य सत्कार करने लायक है।।100

............प्रार्थना की गयी महान् शासन के लिए.............होता के द्वार श्री जयवर्मन आदि परमेश्वर राजा की।।101

...............प्रतिदिन जिसके द्वारा जाय वह स्वर्ग को जाय जो नाश करे......कल्प के अन्त तक अवीचि नामक नरक आदि में।।102

..........सभी विद्याओं से जो हमेशा बहुत सेवित है विद्येश के समान जो विद्येशद्यीमान्इस नाम से जो नित्य प्रसिद्ध था।।103

115

बैसेट खड़े पत्थर अभिलेख

Baset Stele Inscription

बटमबंग जिले के वट पो वल में इस अभिलेख के साथ खड़ा पत्थर पाया गया है। ऐसा कहा जाता है कि यह बैसेट से लाया गया। संस्कृत मूल लेख में देवता श्री त्रैलोक्यसार और एक बलिदान करने वाले जो पंचरात्र सम्प्रदाय के रीति-रिवाजों में निपुण था (सम्भवतः वह धर्मपाल ही था) का वर्णन करता है। धर्मपाल के द्वारा अच्युत देवता की मूर्ति की स्थापना की भी यही चर्चा करता है। अन्तिम चार श्लोक तिथियों का विस्तारपूर्वक वर्णन करता है।

इस अभिलेख में कुल 13 पद्य हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

Vv 1-2 illegible

सिद्धैरपि तपस्सिद्धैर्य्यस्य.....................।

---

1. *IC, Vol.II*, p.133

स श्री त्रैलोक्यसाशख्यः ख्यातवीर्य्य......।।3
यज्वना पञ्चभिर्य्यज्ञैः पञ्चकलाभिगामिना।
पञ्च रात्रार्चाचुञ्जुना पाञ्चभौतिक वेदिना।।4
जयति प्र णतानेकभूमि पार्च्चित शासनः।
राजा श्री जयवर्म्मेति विजय प्रतिमो युधि।।5
यस्य रूपश्रियं वीक्ष्य मन्ये विस्मित चेतसः।
अनङ्गस्याङ्ग पतनादर तित्वं वृथा रतेः।।6
तस्मिन्महीमृति महीमरिशासिनि शासति।
पितृपैतामहीमन्य महीजित महीयसी(म्)।।7
(अ)नेक जन्म जनितव्रतनिर्धूत कर्म्मणाम्।
(कु)ले भागवतानां यो भागधेयाद जायत।।8
........पया संविभागेन नयेन विनयेन च।
अन्तरं यस्य नास्त्येव जनेषु रा(भा?)जनेषु च।।9
(धर्म्म) पालेन तेनेह भगवानयमच्युतः।
स्थापित पुण्ययशसा गुरुपुण्य विवृद्धये।।10
........यश्वविशिखैर्ग्गते शकपरिग्रहे।
सौरभेयगते शुक्रे रोहिणीन्दौ सभार्ग्ग(वे)।।11
द्वन्द्वस्त्रे सावनेयेऽर्क्के साश(शी)तकरणा(न)न्दने।
मृगराजोदये कुम्भसुर राज पुरोहिते।।12
सकृष्णपक्षे पि दिने विशुद्धे द्वादशे शुचेः।
सहस्रकरजे याते तुलामतुलतेजासि।।13

अर्थ- Vv 1-2 illegible

सिद्धों से तथा तपस्वियों से भी जिसके - प्रसिद्ध वीर्यवान वे तीनों लोकों के सार रूप में प्रसिद्ध (नाम वाले)।।3

पाँच महायज्ञों (पितृयज्ञ, देवयज्ञ, ऋषियज्ञ, ब्रह्मयज्ञ तथा भूतयज्ञ) के करने वालों के द्वारा, पाँच कलाओं को जानने वाले के द्वारा एवं पाँच भूतों से निर्मित इस प्रपंच का जिनको यथार्थ ज्ञान हो गया है उनसे तथा पंचरात्रागम पद्धति से पूजा करने वालों के द्वारा पूजे जाते हैं।।4

प्रज्वलित शासन वाले अनेक राजागण जिनके चरणों प्रणत हैं

115. बैसेट खड़े पत्थर अभिलेख

ऐसे मूर्तिमंत विजय स्वरूप महाराजा श्री जयवर्मन युद्ध में विजयी होते हैं।।5

जिसके रूप सौन्दर्य को देखकर चकित बुद्धि लोगों ने कामदेव के अंग पतन के कारण रति के क्रोध को व्यर्थ माना।।6

शत्रुओं से शासित भूमि पर भी शासन करने वाले उस राजा जयवर्मन के शासन काल में पितृ पितामह द्वारा शासित भूमि के अतिरिक्त अन्यों के द्वारा भी शासित विशाल भूमि जीती गयी।।7

अनेक जन्मों के व्रतों से जिन्होंने कर्म विपाकों को धो दिया है, उन महाभागवतों के कुल में सौभाग्यवश जो उत्पन्न हुआ।।8

............सम्यक विभागों के द्वारा, न्याय एवं विनय से किये जाने वाले जिसके शासन में प्रजाजनों में तथा अपने लोगों में अन्तर नहीं था।।9

उस धर्मानुसार प्रजापालन करने वाले राजा के द्वारा पुण्य और यश के लिए तथा गुरुजनों के पुण्यवृद्धि के लिए इन भगवान् अच्युत की स्थापना की गयी।।10

..........वर्ष शकाब्द के बीत जाने के बाद वृष राशि में, शुक्र के रोहिणी नक्षत्र में शुक्र सहित चन्द्रमा के, मिथुन राशि में मंगल सहित सूर्य के साथ शीतकर नन्दन बुध के, कुम्भ राशि में देवेन्द्र गुरु बृहस्पति के तथा अतुल तेजस्वी शनि के तुला में स्थित होने पर तथा सिंह लग्न के उदय होने पर आषाढ़ मास के कृष्ण पक्ष के द्वादशी के विशेष पवित्र दिन में यह स्थापना की गयी।।11-13

116

प्रह कुहा लुओन अभिलेख
Prah Kuha Luon Inscription

यह अभिलेख प्रह कुहा लुओन में पाया गया जो बन्तेमस प्रान्त में स्थित है। भगवान् शिव की वन्दना एवं राजा जयवर्मन प्रथम की प्रशस्ति से यह प्रारम्भ होता है। उत्पन्नेश्वर देव के सामानों पर साधु के अधिकार की यह चर्चा करता है। अन्त में यह स्वाभाविक न मानने वालों के ऊपर विपत्ति का आह्वान करता है।

इस अभिलेख में 5 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं।

अभिलेख का सम्पादन जॉर्ज सेदेस द्वारा किया गया है।[1]

जयतीशः प्रवृत्तोऽपि नेप्सया न जिहासया।
यस्येच्छाचक्रघटितं विश्वं भ्रमत् स नैकधा।।1
येन कन्दर्प्यवपुषा समुद्रवसना मही।
सहारिमूर्द्धमणिभिः विक्रमैरधरीकृता।।2

---

1. *IC, Vol. II,* p.10

जयिना नृपतीन्द्रेण तेन श्रीजयवर्म्मणा।
आज्ञया सत्यसन्ध्ये(न्धे)न स्थितिरेवन्निबद्ध्यते।।3
क्षेत्रगोमहिषारामभृत्यादिधन संपदः।
अहार्य्याः पुरुषैरेषां पतयस्तापसा इति।।4
श्रीमदुत्पन्नेश्वरस्य हरन्ति द्रविणानि ये।
ते वसन्त्यन्धतामिस्रे यावदर्क्केन्दु तारकाः।।5

अर्थ- विश्व में जो राग-द्वेष से सर्वथा रहित होकर प्रवृत्त है तथा जिसकी इच्छा से यह संसार चक्र घूम रहा है, परन्तु स्वयं जो कभी नहीं घूमता हे, उस प्रभु की जय हो।।1

कामदेव के समान सुन्दर शरीर वाले, राजाओं के भी स्वामी, जिस महाराज श्री जयवर्मन द्वारा अपने विक्रम से इस समुद्रवसना पृथ्वी को तथा शत्रुओं के मुकुट मणियों को पैरों के तले कर रखा गया है, उनकी आज्ञा से सत्यसंघ के द्वारा इस व्यवस्था का निबन्धन किया गया।।2-3

ये खेत, गाय, भैंस, बागीचा, नौकर, धन-सम्पत्ति आदि राजपुरुषों द्वारा हरण करने योग्य नहीं हैं। इनके स्वामी तपस्वी लोग हैं।।4

श्रीमान् उत्पन्नेश्वर की सम्पत्तियों का जो हरण करते हैं वे सूर्य, चन्द्र तथा तारागणों की स्थिति पर्यन्त अन्धतामिस्र नामक नरक में वास करते हैं।।5

117

फुम क्रे पत्थर अभिलेख
Phum Crei Stone Inscription

पत्थर का वह टुकड़ा जिस पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है स्नाम क्रपो और फुम क्रे बीच में स्थित एक जंगल में पाया गया। यह स्थान कोपोन स्पू प्रान्त के कोन पिसेई जिले में है। इस अभिलेख की जो सजावट है (कमल और मोतियों की एक पंक्ति- अभिलेख के उत्कीर्ण भाग के नीचे) वैसा सातवीं शताब्दी के शिल्प कला में पाया जाता है। आर.सी. मजूमदार का मानना है कि लिखावट की शैली के आधार पर यह जयवर्मन का कार्य होगा।[1]

राजा के द्वारा विष्णु की मूर्ति स्थापित करने की चर्चा करते हुए एक श्लोक से यह प्रारम्भ होता है।

इस अभिलेख में केवल दो पंक्तियाँ हैं जो शुद्ध हैं।

जॉर्ज सेदेस द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन किया गया है।[2]

1. *IK,* p.563
1. *IC, Vol. II,* p.198

श्री कपिल वासुदेवेन नियोग चूम्बलेन यज्वना।
भृत्येन स्थापितो विष्णुः राज्ञा श्री जयवर्म्मणा।।

अर्थ- राजा श्री जयवर्मन द्वारा आदिष्ट यज्ञकर्ता सेवक श्री कपिल वासुदेव के द्वारा भगवान् विष्णु की स्थापना की गयी।

118

तुओल अन नोत खड़े पत्थर अभिलेख

Tuol An Tnot Stele Inscription

यह स्थान ता केव प्रान्त के बटी जिले में स्थित है। इस अभिलेख में श्री खण्ड लिंग और श्री रंडापर्वतेश नामक दो देवताओं के सहयोग की चर्चा है। इन दो देवताओं की मूर्तियों के सम्बन्ध में जो सम्पत्ति है उसी सिलसिले में सहयोग की बात है। भवचन्द्र के द्वारा इन मन्दिरों को दिये गये दानों का भी जिक्र है।

जयवर्मन के शासन-काल का अन्तिम वर्ष 674 जाना जाता था पर इस अभिलेख के अध्ययन से यह प्रतीत होता है कि वह 681 ई. तक शासन करता रहा।

इस अभिलेख में 6 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

जयत्यशेषलोकानान्नाथ एको महेश्वरः।

1. *IC,* p.39

प्रतनोति सदाष्टाभिस्तनुभिर्य्योऽखिलज्जगत्।।1
श्रीरण्डापर्व्वतेशेन कृतं श्रीजयवर्म्मणा।
मिश्रं श्रीखण्ड लिङ्गाख्यं त्रिव्योमर्तुयुते शके।।2
श्रीखण्डलिङ्गे यद्धतं भवचन्द्रेन यज्वना।
पुत्रपौत्रेरहर्त्तव्यमन्यैश्च कुलबान्धवैः।।3
द्रव्यं श्रीखण्डलिङ्गस्य ये हरन्ति नराधमाः।
तेऽवीचिनरकं यान्तु पितृभिब्बन्धिवैस् सह।।4
संख्यया विं(श)तिर्व्रीहेरेको भृत्यः पटद्वयम्।
संवत्सरमितो दतं श्रीरण्डापर्व्वतेश्वरे।।5
उत्सवेषू(त) स (वे)ष्वेव तण्डुलञ्च यथोचितम्।
निबन्धनञ्च यस्त्यक्त्वा स तामिस्रभितोगतः।।6

अर्थ- अशेष लोकों के एकमात्र स्वामी भगवान् महेश्वर की जय हो, जो सदा अपने आठों मूर्तियों से सम्पूर्ण जगत् का विस्तार करते हैं।।1

श्रीरण्डापर्वत के स्वामी महाराज श्री जयवर्मन ने श्रीखण्ड लिंग नाम से विख्यात इस मिश्र लिंग को शाके 603 में स्थापित किया।।2

श्रीखण्ड लिंग की सेवा में संसार को सुख देने वाले यज्ञकर्ता श्रीमान् जयवर्मन द्वारा जो कुछ दिया गया वह धन पुत्र-पौत्रों के द्वारा या अन्य लोगों के द्वारा अथवा कुलबान्धवों के द्वारा हरण करने योग्य नहीं है।।3

श्रीखण्डलिंग के धन को जो नराधम लोग हरण करते हैं वे अपने पितरों तथा बान्धवों के साथ अवीचि नामक नरक में जाते हैं।।4

श्रीखण्ड पर्वतेश्वर महादेव को बीस बीघा जमीन, एक सेवक तथा प्रतिवर्ष दो वस्त्र दिये गये।।5

प्रतिवर्ष उत्सवों में अपेक्षित यथोचित चावल भी दिया गया। इस दानाभिलेख को त्याग कर आचरण करने वाले अन्धतामिस्र नामक नरक में गये।।6

119

तुओल त्रमन अभिलेख
Tuol Traman Inscription

कोमपौन स्पू प्रान्त के कोन पिसेई जिले में त्रेतक गाँव में बसे एक तालाब में टापू की भाँति तुओल त्रमन एक ऊँचा स्थान है। पत्थर के एक टुकड़े पर अभिलेख उत्कीर्ण है। किसी ब्रह्मशक्ति द्वारा एक लिंग की स्थापना का यह वर्णन करता है।

इस अभिलेख में केवल 1 पद्य है। प्रथम पंक्ति अंशतः टूट चुका है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

.....................मृगपतिसहिते लग्नभावप्रयाते
तौले भौमेन्दुजार्क्का: त्रिदशगुरुयुतश्चन्द्रमाश्चापसंस्थः।
कीट शुक्रस्तु सौरस् समकरभवनेकार्त्तिकस्येहनक्तं
पौर्व्वाषाढ़े सुलिङ्ग सितरक्षगणितेऽतिष्ठिपद् ब्रह्मशक्तिः।।1

अर्थ- सिंह राशि सहित लग्न भाव में जाने पर, तुला राशि में मंगल,

1. *IC, Vol. II,* p.200

बुध तथा सूर्य के स्थित होने पर, बृहस्पति युक्त चन्द्रमा के धनुराशि में, वृश्चिक राशि में शुक्र के तथा शनि के चन्द्रमा की राशि (कर्क) में स्थित होने पर पूर्वाषाढ़ नक्षत्र में कार्त्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी के इस रात्रि में ब्रह्म शक्ति ने सुन्दर लिंग की स्थापना की।।1

120

तुओल कोमनप अभिलेख
Tuol Komnap Inscription

तुओल कोमनप एक टीला है जो बटम बंग के निकट ताक फेन और वट एक के बीच में बसा है।

किसी ब्राह्मण नाग के द्वारा श्री विश्वरूप नामक विष्णु की एक मूर्ति की स्थापना का वर्णन इस अभिलेख में है। दूसरा टूटा हुआ अभिलेख मन्दिर को दिये गये दानों जिसमें धान के खेत और दासों की चर्चा करता है।

इस अभिलेख में 2 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 1 की प्रथम पंक्ति नष्ट हो गयी है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

................द्धे शशलक्षणे सुरगुरौ मार्ग्गे वृषे भार्ग्गवे
मेषे भास्कर सौम्य भौमशनिषु श्रद्धान्वितश्छान्दसः।
नानाज्ञाननिधिस् स्वकर्म्मनिरतो नागो द्विजो नामतो

1. *IC, Vol. III,* p.129

भक्त्यातिष्ठिपदीश्वरं गुणानधिश् श्रीविश्वरूपं हरिम्।।1
षद(ड्) दस्नर्तुगते शकेन्द्रसमये लग्ने स्थिते वृश्चिके
चित्रस्यासित्हारिषष्ठदिवसे सन्तर्पिताग्न्यर्ज्जिते।
लोकानां प्रभुख्ययस् स भ(ग)वान् कालात् परोऽप्यद्भुतां
सूक्ष्मां मूर्तिमपास्य सर्व्वजगते विश्वेशरस्तिष्ठति।।2

अर्थ- ....आधे चन्द्रमा में, मार्गी गुरु, बृषस्थ शुक्र मेषस्थ सूर्य तथा यथास्थान बुध-मंगल शनि में श्रद्धान्वित, अनेक प्रकार के ज्ञानों को धारण करने वाले, अपने विहित कर्म में निरत नागो नामक वैदिक ब्राह्मण ने शाके 616 चैत्र कृष्ण षष्ठी को वृश्चिक लग्न में भक्ति से यज्ञ के द्वारा, गुणों के अधीश्वर तिष्ठिपदीश्वर भगवान् श्री विश्वरूप हरि को संतर्पित किया।

सभी लोकों में जो श्रेष्ठ है वह भगवान् काल से भी श्रेष्ठ और अद्भुत है। वह विश्वेश्वर चराचरात्मक विश्व में व्याप्त रहते हुए भी इस सूक्ष्म मूर्ति में प्रतिष्ठित हैं।।1-2

121

कैमनन अभिलेख
Kamnon Inscription

कैमनन नामक गाँव प्री क्रबस प्रान्त में है। यह सातवीं शताब्दी का है। दरवाजों के खम्भों पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। यह दरवाजे का खम्भा कृष्णमित्र के द्वारा स्थापित हरिहर (ख्मेर में जिसे यज्ञपतीश्वर कहा जाता है) के मन्दिर का है।

कृष्णमित्र के बहनोई सी डोक द्वारा भूमि के टुकड़े दान देने का वर्णन है। उनके पौत्र ईश्वर कुमार ने देवता का मन्दिर बनवाया और दान का कार्य पूरा किया। ख्मेर मूल लेख में इसकी विस्तृत चर्चा है।

इस अभिलेख में 4 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 2 और 4 अंशतः नष्ट हो चुका है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

पुनातु पुण्य कर्म्माणं कृष्णमित्रं सबान्ध(वम्)।

---

1. *IC, Vol. II,* p.26

स्थापितो येन विधिना भगवानीश्वरः प्र(भुः)।।1

स्यालस्तस्य चिदीक्नाम्ना कृष्णमित्रस्य नामतः।

तत् स्थापिताय देवाय योऽस्मै क्षेत्रमदा(त्)..।।2

कौमारात् प्रभुरत्रेतिस ईश्वर कुमार(कः)।

पौत्रस्तयोर्न्नियोगाच्च प्रासादं कृतवानि(मम्)।।3

यज्ञोपकरणञ्चात्र क्षेत्रं क्रीतन्तथाङ्ग............।

भूषणं स्थानमीदृक् च भक्त्या तेन कृतं स्व(यम्)।।4

अर्थ- जिसके द्वारा विधिपूर्वक भगवान् शिवजी की स्थापना की गयी। उस पुण्यकर्मा श्रीकृष्णमित्र को उनके बान्धवों सहित पवित्र करें।।1

उस कृष्णमित्र के चिदीक् नाम का साला था। उनके द्वारा स्थापित देवता के लिए श्रीकृष्ण मित्र ने भूमि दान किया।।2

कौमारावस्था से ही जो यहाँ राजा है, उस शिवकुमार नामक उनके पौत्र के द्वारा उन दोनों की आज्ञा से देव मन्दिर का निर्माण किया गया।।3

स्वयं अपनी भक्ति से उसने यज्ञ के उपकरण तथा खेत खरीदा तथा इस प्रकार के सुन्दर स्थान का निर्माण किया।।4

122

सम्बर स्तम्भ अभिलेख

Sambour Pillar Inscription

यह अभिलेख सम्बर (शम्भुपुर) नामक गाँव में पाया गया है। इस मूल लेख में केवल संस्कृत की पंक्ति है जो विद्याधारिणी देवी की मूर्ति की स्थापना का वर्णन करता है। एक वैद्य जिसका नाम अभिलेख में नहीं दिया गया है उसे भी दान में कई प्रकार की सामग्री का वर्णन मिलता है।

इस अभिलेख में 3 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 1 टूटा हुआ है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

......सो द्वादशरात्रौ ज्येष्ठेन्दावत्तितुलोदिते कृष्णे।
(च)तुरेक षड्गतेऽब्दे देवीयं स्थापिता भिषजा॥1
श्री विद्याधारणीति प्रथिततराभिदन्नामधेयन्तु यस्याः।
रोदस्योस साधकानां सततमुरुधियाध्येयमात्म प्रबुद्धेये।
तेन प्रज्ञैषिणैतद्भुवि विविध धनन्दानशीलेन तस्यै

---

1. *IC, Vol. II,* p.85

प्रादाय्येतावदेव प्रणिहितमनसा साधने सत्पदाव्याः।।2

आयुम्मसिसहस्रं सञ्जीव्य भिषग्वरस्तनुमञ्चयत्।

पौषे प्रथमे दिवसे नवद्विषड्विभूतशकाब्दे।।3

अर्थ- शकाब्द 614 में ज्येष्ठ कृष्ण द्वादशी की रात्रि में तुला राशि के उदय होने पर वैद्यराज ने इसी देवी की स्थापना की।।1

जिसके विद्याधारिणी इस प्रसिद्ध नाम को साधक लोग ध्यान करते हैं तथा द्यावा पृथ्वी के अनेक साधकगण आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए हार्दिक बुद्धि से निरन्तर जिसका ध्यान करते हैं, उन सत् पदवी देवी की साधना में भक्तिपूर्वक मन लगाये हुए विविध धन दान करने वाले, आत्मज्ञान जिज्ञासु उस वैद्यराज ने इस स्थल पर ये सब कुछ दान किये।।2

शकाब्द 619 में विभूति नामक संवत्सर के पौष मास के प्रथम दिन एक हजार महीने की आयु तक भली-भाँति जीकर वैद्यश्रेष्ठ ने यहाँ शरीर त्याग दिया।।3

123

लोबोक स्रौत अभिलेख

Lobok Srot Inscription

यह स्थान करासे प्रान्त में स्थित है। यद्यपि इस अभिलेख में की गयी प्रार्थना विष्णु को सम्बोधित की गयी है, पर देवता शैव प्रतीत होते हैं जैसा सिद्धेश्वर नाम से पता चलता है।

इस अभिलेख में 4 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 1 शुद्ध है शेष टूटे हुए हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख को दुबारा सम्पादित किया है।[1]

ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।

श्री जयवर्म्मणि नृपतौ शासति पृथ्वीं समुद्रपर्य्यन्तो।

ब्रह्मक्षत्राङ्शमने नतनृपधृत शासने नित्य(म्)।।1

..................रपरमेश्वरवल्लभः कुलोद्भवः।

..................भूरिविभूतिश श्रुताप्यतरः।।2

............वि........ष्ठदेवस्तेनैव स्थापित स् सतिऽमाङ्शुः।

1. *IC, Vol. II,* p.92

श्रीसिद्धेश्वरदेव प्रतीत..............................।।3

दहनाम्बरमुनिलक्ष्ये शाके...........................।

अश्विन्यामुङ्नाथे तुल..............................।।4

अर्थ- ॐकार सहित भगवान् वासुदेव को नमस्कार है।

ब्राह्मण और क्षत्रिय के अंश से उत्पन्न महाराजा श्रीजयवर्मन जिनके राज्यारोहण पर विश्व के सभी नृप उनके चरणों में झुक गये थे, उनके द्वारा नित्य रूप से समुद्रपर्यन्त पृथ्वी के शासनकाल में।।1

........परमेश्वर वल्लभ के कुल में उत्पन्न............विशाल हरिभक्त, सम्पत्तिवान तथा महान् विद्वान्।।2

............वि...........भगवान् विष्णु तथा सूर्यदेव को उसी ने स्थापित किया। भगवान् श्रीसिद्धेश्वर में विश्वास रखने वाला।।

703 शकाब्द में..................तुला लग्न में एवं चन्द्रमा के अश्विनी नक्षत्र में स्थित होने पर यह स्थापित की गयी।।4

124

प्रसत ता कम अभिलेख

Prasat Ta Kam Inscription

सियम रियप प्रान्त में क्रलन्ह के जिले में बसे एक मन्दिर में यह अभिलेख उत्कीर्ण है। इस अभिलेख का सर्वश्रेष्ठ महत्त्व यह है कि यह लोकेश्वर की चर्चा करने वाला सबसे प्राचीन अभिलेख है। कम्बोडिया में महायान सम्प्रदाय के अस्तित्व का यह सर्वप्रथम प्रमाण है।

इस अभिलेख में केवल 1 पद्य है जो शुद्ध है।

जॉर्ज सेदेस ने इसका सम्पादन किया है।[1]

समगुणशशिनगशाके प्रथितो यस् सुप्रतिष्ठितो भगवान्
जगदीश्वर इति नाम्ना स जयति लोकेश्वर प्रतिमः।।1

अर्थ- 713 शकाब्द में जो भगवान् जगदीश्वर के नाम से सुप्रतिष्ठित हुए वे लोकेश्वर के समान जय प्राप्त करते हैं।।1

---

1. *IC, Vol. III,* p.89; cf. Aymonier, Le Cambodge, Vol. II, p.171

125

वट तसर मोरोय अभिलेख

Vat Tasar Moroy Inscription

क्रासे जिले के सम्बर गाँव में वट तसर मोरोय नामक मन्दिर में यह अभिलेख पाया गया है।

प्रारम्भ के दो और अन्त में चार पंक्तियाँ संस्कृत भाषा में हैं। बीच का सभी ख्मेर भाषा में है। रानी ज्येष्ठार्या के द्वारा शिव को दिये गये दानों का वर्णन इसमें है। ऐसा प्रतीत होता है कि इस मन्दिर की स्थापना तीन दानकर्ताओं-जयेन्द्र, रानी नृपेन्द्ररानी तथा राजा जिसके श्रीन्द्रलोक जाने का वर्णन है, के उपलक्ष्य में हुई। इस अभिलेख में दासों और तमोन तथा और भी कई चीजों के दान की चर्चा है। तमोन नामक आदिवासी लोग यहाँ आज भी सम्बर के दक्षिण-पूर्वी भाग में पाये जाते हैं। उत्कृष्ट नामक व्यक्ति एवं गुरु सुवीर के द्वारा छोड़ी गयी सम्पत्ति को भी उनकी मृत्यु के पश्चात् इस मूर्ति को दान स्वरूप देने का भी वर्णन है।

इस अभिलेख में केवल 3 पद्य हैं। जिनमें पद्य संख्या 2 ही स्पष्ट है।

जॉर्ज सेदेस के द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन हुआ है।[1]

जितमपरोक्षज्ञानं सर्व्वज्ञेयेषु सर्व्वलोकेषु।

कर्तृत्वञ्चाक्षीणं यस्यैतत्तत ....॥1

तस्मै शिवाय गुरवे ज्येष्ठार्य्याख्या नमस्कृत्वा।

भक्त्यानुमानार्थमिदं सर्व्व प्रादादियं राज्ञी॥2

एभिः पुण्यफलैर्देवी नव.......तेदृ भक्तये।

शम्भवेऽतः फलत्यागादैशं पदमवाप्नुयात्॥3

अर्थ- जिसने सभी लोकों में सभी ज्ञेय वस्तुओं में अपरोक्ष ज्ञान को जीत लिया है और जिसका कर्तृत्व अक्षुण्ण है उसका यह...........॥1

उस महादेव रूपी गुरु ज्येष्ठ आर्य को नमस्कार (है) करके भक्ति से अनुमान के लिए इस रानी ने ये सब प्रदान किये॥2

इन पुण्यफलों से महारानी........भगवान् शिव की भक्ति के लिए अतः फलत्याग से ईश्वरत्व को प्राप्त करें॥3

1. *IC, Vol. III,* p.170

126

थप लुक हीयेन खड़े पत्थर अभिलेख

Thap Luc Hien Stele Inscription

यह स्थान कोचीन-चीन में रचजिआ प्रान्त में बसा हुआ है। यह अभिलेख प्रायः नष्ट हो चुका है और इसके सभी शब्द मिट चुके हैं। चावल के साथ-साथ रुपयों के दान देने का वर्णन इस अभिलेख में है। राजा यशोधर (यशोवर्मन) का नाम 814 वर्ष का जिक्र है, पर आर.सी. मजूमदार का कहना है कि वर्णाक्षर नौवीं शताब्दी के अन्त के बहुत दिनों के बाद का है।

इस अभिलेख में 5 पद्य हैं जो सभी टूटे हुए हैं। अतः छन्दों के विषय में हमें कुछ भी जानकारी नहीं मिलती है।

जॉर्ज सेदेस ने इसका सम्पादन किया है।[1]

---

1. *IC, Vol. II,* p.80

....

....

....................नृपतिश श्रीयशोधरश् श्री.............

....॥1

....................लसतिलस्थित कल्पिताना।

....

(अ)ब्दं समुद्रशशिमूर्तिसकार्त्तिकाणा

....॥2

पञ्चविङ्शति प्रस्थन्तत्रण्डुलञ्च दिने दिने।

....॥3

सराङ्गि पञ्च रूप्यानि एकैक पञ्च प्रस्थकम्।

....॥4

क्षेत्रग्राम....................गुर्नरोऽपिचकृतन्नैवेधकं कल्पना

....

धान्य भोज्यतिरञ्च तण्डुलदिने रूप्यं सराङ्गिमजौः॥5

अर्थ- ....राजा श्रीयशोधर श्री..............

..............................॥1

....................जल में स्थित कल्पितों का। ....वर्ष.....

.........914 कार्तिक सहित के.......................................॥2

पच्चीस प्रस्थ चावल प्रतिदिन...

......................॥3

पशुपक्षी, पाँच रुपये, एक एक पाँच प्रस्थ...............................

..................॥4

क्षेत्रग्राम....................मनुष्य भी नैवेद्य की कल्पना किया........

..............धान्यं भोज्यं, चावल, दिन में रुपये.........................॥5

127

दमनक स्डोक अभिलेख

Damnak Sdok Inscription

प्रसत त्रन के बहुत निकट यह स्थान है जहाँ यह अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया है। इस अभिलेख में विष्णु, शिव, ब्रह्मा, लक्ष्मी और सरस्वती की प्रार्थना है। राजा का नाम पूर्णतः नष्ट हो गया है परन्तु अभिलेख के शेष भाग से यह प्रतीत होता है कि इसमें राजा की प्रशस्ति है। अभिलेख के अक्षर तथा लिखावट दसवीं शताब्दी के पूर्व के हैं।

इस अभिलेख में 14 पद्य हैं। पद्य संख्या 1 से 3 शुद्ध हैं। शेष सब टूट चुके हैं। जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

महावराहा(ह)हीन(नो)र्द्धदंष्ट्रा हरतु वोऽहितम्।
अन्तर्हिमाङ्शुशुभ्राभ्रकरद्युतिरिवोदुता॥1
जयत्युदधिपर्य्यङ्करतनिद्रश्चतुर्भुजः।
आत्मोदरविनिद्रस्य पद्मस्येव विभूत॥2

1. *IC, Vol. III,* p.100

भूत्या विभूषित तनुर्म्भवोऽस्तु विभवाय वः।
गङ्गापतन सक्षणविद्योरिव समाचितः॥3
रुद्रनेत्राग्नि...........रुचो रो(रौ)द्राश्च कासति।
कान्तकण्ठ...........विद्ध(ध्व)ङ्सन परा इव॥4
ताम्रपा...............र...............स्मित........।
निरस्ताशेष...............र्म्मा..........रसात्.....॥5
नमामि लक्ष्मी यां.................धस् सरन्तीमन्यसंपदः।
जित चन्द्राम...........हत्वेव स्वीचक्रे मधुसूदनः॥6
दशना...........................वेदवादिविश्वकृदाननात्।
नि..............................क्षुब्धाब्धेश श्रीरिवैन्दवी॥7
आ(सीत्).........................शिरोनिहित शासनः।
श्री...............................र्षिताशेष बान्धवः॥8
Only a few words remain of the Vv. 9-14.

अर्थ- जिनके अन्दर चन्द्रमा की शुभ्र रश्मि श्वेत मेघ की आभा के समान निकली हुई है वे अर्द्धदंष्ट्रहीन महावराह तुम्हारे अहित का निवारण करें॥1

अपने पेट में खिले कमल के समान जो तुम्हारे ऐश्वर्य के लिये हैं उन समुद्रपर्यङ्क पर निद्रामग्न चतुर्भुज की जय हो॥2

गंगा के गिरने से उत्सव सहित चन्द्र के समान अवस्थित ऐश्वर्य तथा भस्म से अलंकृत शरीर वाले शिव तुम्हारे ऐश्वर्य के लिए हों॥3

128

प्रसत ओ डमबन अभिलेख

Prasat O Damban Inscription

बटमबंग के निकट तीन मील दक्षिण पूर्व प्रसत ओ डमबन नाम का एक छोटे खण्डहर के रूप में यह मन्दिर है। इस अभिलेख के प्रारम्भ में भगवान् शिव की परमात्मन, शम्भु, विद्युतांश और सर्व के नाम के रूप में प्रार्थना है। इसमें विष्णु, ब्रह्मा, त्रिमूर्ति, उमा, लक्ष्मी और वाग्देवी की प्रार्थना भी है। शेष पद्यों में राजा की प्रशस्ति है।

इस अभिलेख में 17 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 14 से 17 नष्ट हो गये हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

यत्र तामरसोत्पन्न पङ्कजा क्षकप (दिनः)।
अभिन्ना स्था(त्मा) नमस्तस्मै परस्मै परमात्मने।।1
नमस् समस्त भुवन व्यापिने व्यापकात्मने।
योगि स्वान्त सरस् सङ्गि कलहङ्साय शम्भवे।।2

1. *IC, Vol. III,* p.105

नमो विधुवतङ्साय धत्ते तन्वक्षिमस्तके।
विधुत्रयं यः प्रत्येकन्त्रिलोकी ह्लाद नादिव।।3
जि(जी)याच्छार्व्वोऽर्क्कवह्नीन्दुगर्भन्नेत्रत्रयन्दधत्।
जो(ज्यो)तिषां बीजमात्मानमव्ययं व्यज्जयन्निव।।4
सर्व्वेषाञ्जन्मिनामङ्शो यस्य सर्व्वासु जाती(ति)षु।
विशिष्टो जायते तेन राजीव(वा)क्षेण जीयता।।5
सयोनिरपि योऽनङ्गजनकेनोच्यते बुधैः।
तन्नाभिनलिनोत्पन्नश् शर्म्म वेधा दधातु वः।।6
रक्षन्तु वस् सदाम्भोज भवाम्भोजाक्षशम्भवः।
लोकत्रय समुतपत्तिस्ति(स्थि)ति संहृति हेतवः।।7
श्रीकण्ठ कण्ठ संश्लेषमीलिता क्षिक जामुमाम्।
नमामि मूर्धचन्द्रार्ध रश्मि संस्पर्श नादिव।।8
लक्ष्मीर्व्वक्र(क्ष) स्स्थिता विष्णोः प्रभाविष्णोः पुनातुवः।
प्रोल्लसत्को(कौ)स्तुभादर्शनिजश्रीदर्शनादिव।।9
यत्सान्निद्धय(ध्य) मनासाध सान्निद्धेय(ध्ये)पुसुसंपदा।
वाचान्ना सुभृताञ्चेष्टा वाग्देवी सा पुनातु वः।।10
आसीदासिन्द(न्धु) भूपालभौलिलालित शासनः।
श्रीयशोवर्म्मदेवाख्यः ख्यातो भूमिभुजां पतिः।।11
यस्य सो(सौ)न्दर्य्यं संपत्ति जितो जात शुचा(चो) नित्यम्।
धतेऽधुनापि वाष्पौद्यं पाण्डुश् शीतकरो ध्रुम(व)म्।।12
त्रयाणाम समानानां योऽप्येवैकस् सभो मतः।
शौर्य्ये शौरेर्ब्बले वायोस्त्यागे कल्पतरोरपि।।13
यद्यशोगाढ़ दुग्धाब्धौ शुद्धो दृष्टः कदाचन।।
मज्जनान्मज्जनान्म............भानुमा(भाः) पुनरुत्थितः।।14
याने यस्य बलोद्धूत.............................र्द्धिवि।
भुवि नम्रारिराणमौलि...........................त्रिव।।15
उद्गमव्य(त्य) मृतं यस्य कलाः.......य......अर्णवे।
निमज्जनात्.................पानान्नु पाण्डुरद्यापि चन्द्रमाः।।16
युयुत्सः ....तीन् संहरन् सङ्गरे रिपून।

अर्थ- जहाँ कमल से उत्पन्न कमलनयन और शिव हैं- एकात्मा, उन्हें नमस्कार है जो परब्रह्म परमेश्वर हैं।।1

समस्त विश्वव्यापी व्यापक आत्मा वाले को नमस्कार है जो योगी के मन रूप सरोवर के साथी मधुर बोलने वाले कलहंस शिव हैं।।2

शरीर, आँख, मस्तक पर मानो जो तीन चन्द्रमाओं को धारण करने वाले हैं- तथा जो तीनों लोकों को प्रसन्न करने वाले हैं- ऐसे चन्द्रशेखर को नमस्कार है।।3

जो सूर्य, अग्नि, चन्द्र, गर्भ वाले तीन नेत्र धारण करते हैं तथा ज्योतियों की बीज अन्य आत्मा को व्यक्त करने वाले के समान हैं- ऐसे शिवजी जीते।।4

कमलनयन- विष्णु विजयी हों जो सभी प्राणियों के अंश जिसे सभी जातियों में पाते हैं- उससे विशिष्ट हो जाते हैं।।5

योनि सहित भी जो अनंग पण्डितों से कहे जाते हैं- उनकी नाभि के कमल से उत्पन्न जानने योग्य हमलोगों का कल्याण करें।।6

तीन लोकों की उत्पत्ति, पालन एवं संहार के कारण सदा कमल से उत्पन्न ब्रह्मा, कमलनयन विष्णु और शिव तुम्हारी रक्षा करें।।7

श्रीकण्ठ शिव के आलिंगन मुँदी आँखों वाली उमाजी को नमस्कार है। शिव के मस्तक पर आधे चन्द्र की किरण के सम्यक स्पर्श के बचाव के समान।।8

प्रभु विष्णु की छाती पर लक्ष्मी स्थित हैं, वे तुम्हें पवित्र करें। प्रकाशमान कौस्तुभमणि रूप आइने में अपनी शोभा देखने के लिए मानो हैं।।9

सरस्वती तुम्हें बचावें जिनकी समीपता न पाकर सुन्दर सम्पत्ति की समीपता में वाणियों में छिपी इष्ट फल देने वाली हैं।।10

सिन्धु तक के राजा के मस्तक से अंगीकृत एवं प्यार किये शासन वाले श्री यशोवर्मन राजा प्रसिद्ध सभी राजाओं के स्वामी थे।।11

जिसकी सुन्दरता रूपी सम्पत्ति हार कर सर्वदा उत्पन्न हुए शोच

वाले चन्द्र आज भी वाष्पों का समूह धारण कर निश्चित ही पीले पड़ गये हैं।।12

तीन आकाशों के जो एक समान समझे जाते हैं, शूरता में विष्णु के समान, बल में वायु के समान और त्याग में कल्पवृक्ष के समान भी हैं।।13

जिसके यश रूप गाढ़े दूध के समुद्र में शुद्ध होकर कभी देखा गया है। स्नान से डूबने से- मानो सूर्य की छवि फिर उग उठी हो।।14

आक्रमण में जिसका बल बहुत है..........आकाश में, स्वर्ग में, पृथ्वी पर विजीत शत्रु के मस्तक................................।।15

उगलती है अमृत को जिसकी कला- समुद्र में...........स्नान से, डूबने से........आज भी चन्द्रमा पीले पड़ गये दिखते हैं।।16

युद्ध की इच्छा........वाले राजाओं को संहार करते हुए युद्ध में शत्रुओं को वह.....समान जिसने प्रत्यादेश दिया।।17

129

वट त्रलेन केन अभिलेख

Vat Tralen Ken Inscription

अं लोनवेक में स्थित एक मन्दिर के सामने मलवे में पाये हुए एक खम्भे पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। अभिलेख जर्जर अवस्था में है। प्रारम्भ में इसमें बुद्ध और त्रिरत्न की प्रार्थना है। राजा यशोवर्मन की राजगद्दी और उनके गुणों को भी इंगित किया गया है। शैव मूर्तियों की स्थापना का भी यह वर्णन करता है। यद्यपि वन्दना से यह स्पष्ट होता है कि बौद्ध मूर्ति के वर्णन करने के लिए यह अभिलेख है।

इस अभिलेख में कुल 6 पद्य हैं। पद्य संख्या 1 से 2 एवं 6 अस्पष्ट हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

वन्दे तथागतं यस्य..................(ते)जसा।
(जि)त्वा नु मारतिमिर.............वरायितम्।।1
(न)मो रत्न त्रया..................प्राक् त्रिमूर्तिधृक्।

---

1. *IC, Vol. II,* p.119

............दार्थमिह लोके............ज्ञानेन संयम(:)।।2

(च)न्द्र रूपाङ्गदीप्तश्रीश् श्रीययशोवर्म्म भूप(तिः)।

(ब)भूव भूभृदुन्मौलिमणितारा विरञ्जितः।।3

उमाप्तौ कामदहनानयो नु परमेश्वरः।

तत्कान्तिं निरवद्याङ्गं यं स्वमूर्तिन्यवेशयत्।।4

(अ)संख्याध्वरधूमाली वितानं वितनान यः।

शङ्के शतमखस्पर्द्धी भानुमार्गाग्नि वैश्मनि।।5

यश् शङ्करादिरूपाणि शिवलिङ्गान्यतिष्ठिपत्।

....।।6

अर्थ- ताराओं के प्रकाश को फीका कर देने वाले चन्द्रमा के समान शरीर सौन्दर्य वाले महाराज श्री यशोवर्मन- राजाओं के मस्तक मणि के समान हुए।।3

उमा की प्राप्ति में कामदहन रूप अन्याय हो गया है इसी कारण क्या शिवजी ने काम के समान अनिन्द्य देह कान्ति वाले महाराज श्री यशोवर्मन में काम की मूर्ति को प्रवेश करा दिया है।।4

मानो इन्द्र की प्रतिस्पर्द्धा में जिसने अनगिनत यज्ञों के धूम समूह का चँदोवा यज्ञशाला के आकाश में तान दिया है।।5

जिन्होंने शङ्करादि शिवलिङ्गों की स्थापना की........................ ....।।6

130

प्रसत नियांग खमन अभिलेख

Prasat Neang Khman Inscription

विष्णु की प्रार्थना से यह अभिलेख प्रारम्भ होता है और उसके पश्चात् राजा जयवर्मन की प्रशस्ति है। इस अभिलेख में यह कहा गया है कि जयवर्मन शक संवत् 850 में राजगद्दी पर बैठा परन्तु कोह केर में पाये गये विवरण से यह स्पष्ट है कि राजा शक संवत् 843 तक राज करता रहा।[1]

मन्दिर के भीतरी चित्रकला में कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठाने का दृश्य चित्रित किया गया है और विष्णु के द्वारा तीन पग में संसार के नापने का चिह्न भी दिया गया है।

इस अभिलेख में कुल 12 पद्य हैं जो दो खण्डों में विभक्त हैं-

-'A' में कुल 4 पद्य हैं जो सब समाप्त हो गये हैं।

-'B' में कुल 8 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं केवल पद्य संख्या 6 को छोड़कर।

---

1. *This point has been discussed by George Coedes in BEFEO, Vol. XXXI,* p.2

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[2]

'A'- ....वासुदेवाय वै नमः।
..................................दाता तां शरणार्थिने।।1
....।
सो नाम्ना वासुदेवो हि कर्म्मिधम्म प(रायणः)।।2
....।
...................योऽर्च्चा स्थापिता तेन भक्त्या।।3
....।
तं लक्ष्मीर्व्विष्णोर्न्नन्द...............................।।4

'B'- नमश् श्री लोकनाथाय यो यतायति शक्तिभिः।
त्रिपदक्रान्तधरणि व्योम ब्रह्माण्डमण्डलः।।1
श्री लोकनाथमिति शब्दभिभन्दधाति
युक्तं हरिस्त्रिभुवन प्रविकीर्ण्ण कीर्त्तिः।
पादत्रिविक्रमरुचाम्बर शैल शृङ्गस्
संलक्षितो भगवतायुगविस्तरान्तात्।।2
नम्रावनीन्द्रोत्तममूर्द्धमौलि-
रत्नद्युतिद्योतित पादपद्मः।
श्री कम्बुजेन्द्रः रवशराष्टराज्यो
र राज यश् श्री जयवर्म्मदेवः।।3
श्ररिवक्षस्स्थलोद्भ्रान्तश्रियासेः पातनाद्भृशम्।
यस्य वक्षोम्बुजे प्रीत्या युद्धेष्वाश्वाश्रयः कृतः।।4
युद्धेषु येन निर्म्मुक्तशानौघेः पूरिताम्बरैः।
निशायां दृप्तशत्रूणां लोचनेषु कृतन्तमः।।5
प्राक्चेदनङ्गस्य विभासः(अन)ङ्गशोभेव जितात्मशोभा।
त्रिनेत्र नेत्र..।।6
पाणिग्रहमकुर्व्वाणो लक्ष्म्या योऽमृत मन्थने।
अवाप्त लक्ष्मीं युद्धाब्धौ न बाहुं वह्वमन्यत।।7
यत्कीर्ण कीर्तिपीयूषैश् शान्ततापाग्नि सञ्चयः।

1. *IC, Vol. II,* p.32

केनापि नितरान्दिक्षु ज्वलव्यद्यापि कान्तिभिः।।8

अर्थ- जो अपने अघट घटना पटीयसी शक्ति से तीन ही पगों से पृथ्वी, आकाश और ब्रह्माण्ड तीन लोकों को आक्रान्त कर दिया था, उस भगवान् श्री लोकनाथ को नमस्कार है।।1

जिनकी कीर्ति तीन लोकों में फैली हुई है वे भगवान् श्री हरि लोकनाथ इस शब्द का धारण उचित ही करते हैं, उनके त्रिविक्रम करने वाले पैरों की शोभा जो भगवान् द्वारा सृष्टि के अन्त तक तीन क्रम में विस्तारित थे- गगनचुम्बी पर्वत की चोटियों की शोभा के समान थी।।2

चरणों में झुके श्रेष्ठ पृथ्वी पतियों के मुकुटों के रत्नों की प्रभा से जिनके चरण-कमल विशेष प्रकाशित हैं- वे कम्बुजेन्द्र श्री जयवर्मनदेव शक् संवत् 850 में राजसिंहासन पर सुशोभित हुए।।3

शत्रुओं के हृदय पर बार-बार जिसके तलवार के प्रहार से स्थान-भ्रष्ट हो युद्धस्थल में व्याकुल घूमती रिपु लक्ष्मी जिसके हृदय-कमल में प्रेमपूर्वक आश्रय पायी।।4

जिसके द्वारा युद्धों में छोड़े गये बाण समूहों से आकाश के भरे जाने से उद्धत शत्रु आँखों में जिसने अन्धकार कर दिया- वह जयवर्मन देव ही था।।5

अस्पष्ट होने से श्लोक 6 का अर्थ नहीं है।

अमृत प्राप्ति के समय सागर मन्थन से प्राप्त लक्ष्मी से जिसने विवाह किया था अतः जिसने सागर युद्ध मन्थन से विजय लक्ष्मी की प्राप्ति को भुजाओं की बहुत बड़ी उपलब्धि नहीं माना (वह श्रीजयवर्मनदेव ही था)।।7

जिसकी फैली कीर्ति किरणों के अमृत से सारे दुखाग्नि समूह शान्त हो गये तथा अपनी कान्ति से आज भी दिशाओं में धधक रहा है (वह श्रीजयवर्मनदेव ही है)।।8

131

प्रह नोम अभिलेख

Prah Phnom Inscription

प्रह नोम नामक एक मन्दिर पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। यह मन्दिर प्रसत लिक के उत्तर-पूर्व एक छोटी पहाड़ी पर स्थित है। अभिलेख से हमें शिव सोम के द्वारा कई मूर्तियों की स्थापना के बारे में जानकारी प्राप्त होती है जिसे सोदेस इन्द्रवर्मन के इसी नाम के गुरु से भिन्न व्यक्ति मानता है।

दूसरा अभिलेख जो दसवीं शताब्दी का है एक राजकीय आदेश की चर्चा करता है जिसमें अमोघपुर के अतिरिक्त कुछ महत्त्वपूर्ण व्यक्तियों के नाम हैं।

इस अभिलेख में केवल दो पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं। प्रथम पद्य श्लोक का है तथा द्वितीय उपजाति छन्द का है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

भक्तिस्थिरीकर्त्तुमविघ्नकारिणी

1. *IC, Vol. III,* p.119

द्विपञ्च मूर्त्तौ(र्तौ) शिवसोमनामा।
चण्डीश्वरं विघ्नपतिश्च लिङ्गं
ग्रहैस सह स्थापितवान् सुभक्त्या।।1
भद्रं वौऽस्तु स्वकं पुण्यं भूयादस्मिन्वलाधियाः।
रक्षन्त्विदं मुदा ये हि चन्दिणं मृद्धये सदा।।2

अर्थ- अविघ्नकारिणी भक्ति को स्थिर करने के लिए शिवसोम नामक राजा ने (दशावतार की मूर्तियाँ) चण्डीश्वर भगवान् शिव तथा विघ्नपति गणेश की मूर्तियों के साथ ग्रहों की भी मूर्तियों को भक्तिपूर्वक स्थापित किया। इस स्थापना में आपलोगों का कल्याण हो तथा मेरे अपने लिए पुण्य हो।।1

जो बलवान इन भगवान् चण्डीश्वर की रक्षा करेंगे वह संरक्षण कार्य उनके आनन्द की सदा वृद्धि के लिए होगा।।2

132

नोम प्रह नेत प्रह मन्दिर अभिलेख

Phnom Prah Net Prah Temple Inscription

बटमबंग प्रान्त के स्वे सेक जिले में नोम प्रह नेत प्रह नाम की एक छोटी पहाड़ी है जहाँ एक मन्दिर है। इस मन्दिर के दरवाजे के खम्भे पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है।

इस अभिलेख से यह पता लगता है कि शक संवत् 890 में एक आश्रम की स्थापना के लिए शक लोन अप द्वारा लोन पित वरों से भूमि खरीद की गयी। उसने उसे धान के खेतों तथा चार दासों से सजा दिया। शक लोन अप की मृत्यु के बाद मन्दिर एक खण्डहर में बदल गया। लोन पारा की पत्नी ने अपने पति तथा दो व्यक्तियों अपने मामा लोन मध्य शिव पुत्र पीत वरों से प्रस्ताव रखा कि आश्रम को वापस जाये इसलिए कि यह पवित्र कार्य दाह संस्कार के लाभ को निश्चित रख

पाये। इस प्रस्ताव को उन लोगों के द्वारा मान लिया गया, मन्दिर का पुनरुद्धार हुआ तथा उन लोगों के द्वारा दान की व्यवस्था की गयी। आश्रम के प्रधान को प्रथागत दाह संस्कार करने का कर्तव्य सौंपा गया।

इस अभिलेख में केवल 1 पद्य है जो शुद्ध है और श्लोक छन्द में है।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

ह्यङ्नाम्ना मातुलेनैव भर्त्तापुनश्च धर्म्मवान्।
रूपाद्रिमूर्तिशाकेन्द्रे सर्व्वोपायन्ददौ शिवे।।1

अर्थ- ह्यङ् नामक मामा से दीक्षित (धर्मोपदिष्ट) पति तथा पुत्र ने शक संवत् 871 में भगवान् शिव को सभी साधन (सभी उपचार) प्रदान किये।।1

1. *IC, Vol. III,* p.34

133

नोम कण्व अभिलेख
Phnom Kanva Inscription

सि सोफन के सात मील उत्तर नोम कण्व नामक एक छोटी पहाड़ी पर बसे एक प्राकृतिक गुफा के दरवाजे के खम्भे पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। इस अभिलेख में कनलोन काम रतन अन राजगृहा नामक एक देवी जिसका अर्थ राजकीय गुफा में मृत रानी से होता है- का वर्णन है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह स्थान रानी का कब्रगाह रहा होगा।

ए, बी, सी और डी खण्डों में अभिलेख विभक्त है। केवल बी खण्ड में दो संस्कृत अभिलेख है जिससे स्वाभाविक विपत्ति का पता चलता है।

इस अभिलेख में केवल 2 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं और श्लोक छन्द में हैं।

जॉर्ज सेदेस[1] तथा आयमोनियर[2] के द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन हुआ है।

कल्पितं ये विलुम्पेयू(यु)र्ल्लङ्घयेयू(यु)श्च शासनम्।

---

1. *IC, Vol. III,* p.72
2. *Le Cambodge, Vol. II,* p.243

ते यान्ति नरकं तावत् स्थितौ चन्द्र दिवाकरौ।।1
अनुकुर्य्युरिदं येन शासनं परिकल्पितम्।
वर्द्धयेयुश्च पुण्यस्य फलार्द्ध प्र(प्रा)प्नुवन्तिते।।2

अर्थ- कल्पित शासन को जो रचित शासन को विलुप्त करें। उल्लंघन करें वे चन्द्र सूर्य की स्थिति तक नरक जाते हैं।।1

इस परिकल्पित, स्थिर किये हुए शासन का जो अनुकरण करें वे पुण्य को बढ़ाते हैं और आधा फल पाते हैं।।2

134

कोक समरन अभिलेख
Kok Samron Inscription

बटमबंग के सियम रियप जिले में यह स्थान है जहाँ ईटों से निर्मित मन्दिर के दरवाजे के खम्भे पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। आजकल यह मन्दिर खण्डहर रूप में परिवर्तित है तथा यह स्थान ता सिउ के नाम से प्रसिद्ध है।[1]

संघ की प्रार्थना एवं राजेन्द्रवर्मन तथा उसके पदाधिकारी भद्रातिशय की प्रशस्ति इस अभिलेख में है। भद्रातिशय के छोटे भाई ने एक देवता की मूर्ति की स्थापना की जिसका नाम अंशतः गायब है। पठनीय भाग..................केश्वरलिंग है।

इस अभिलेख में कुल पद्य 10 हैं, पद्य संख्या 1, 2, 4 से 10 तक अस्पष्ट है।

यह अभिलेख जॉर्ज सेदेस के द्वारा सम्पादित किया गया है।[2]

---

1. *Le Cambodge, Vol. II,* p.243
2. *IC, Vol. III,* p.79

नमस् संघाय...।
जलाञ्जलिरपि न्यस्तो..............................॥1
संबुद्धरत्नं प्रणमामि धर्म्म-
....।
निर्भिन्नता.......................स्त्रिलोके
ज...॥2
आसीन्नृपश् श्रीधर विक्रमश् श्री-
राजेन्द्रवर्म्मेति (जितारि)वृन्दः।
योऽरिद्विषण्मू(न्मू)र्तिभिराप्त राज्यो
विबुद्धकीर्तिद्युतिदीपिताशः॥3
कालेयगम्भीर तमः प्रबन्धा-
दुद्धारितो धर्म्मनयेन येन।
क्रमेण नीतः परमां विभूतिं
दिवाक................वर..............॥4
उदपादि तस्य भृत्यो भद्रो भद्राति शयनामा।
गुणमण्डलाधिको यः कुल......न्द चन्द्रनिभा॥5
स चित्रभानुद्रविणाष्ट शाके धर्म्म्यानुजश्च प्रद्धभक्तिः।
..........आन्तमनूननाम चित्रन्मुदातिष्ठिपदध देवम्॥6
..................केश्वरलिङ्गमेतत्
प्रासादमित्थञ्च यदस्ति पुण्यम्।
माता पिता भूमिपतिर्ग्गुरुश्च
बन्धुः सुहृच्चापि तदस्तु तेषाम्॥7
अनेन चाहं कुशलेन कर्म्मणा
मग्नज्जगन्तारयितुं समर्थः।
जन्मार्ण्णवे दुःख...........णौ-
र्बुद्धात्मजो जन्मनि जन्मनि स्याम्॥8
यद् यज्वना मणि..............सी
.............दास................दिदत्तम्।
ये लोभदग्ध.......................
(दीप्ता)नलं पुनरिमं प्रपतन्तु घोरम्॥9
संवर्द्धयन्ति गु..........च........णा ये

धर्म्मं परात्महितहेतुमिमं यथावत्।
ते ब(बा)न्धवैस् सह महाभ्युदयं प्रयान्तु
निर्व्वाण सौख्यमपि बौद्ध पदं परत्र॥10

अर्थ- संघ को नमस्कार है..........। जलांजलि भी दी गयी..........॥1

सम्यक बुद्धरूप रत्न को प्रणाम करता हूँ धर्म .... को........... ....॥2

अभिन्नता..............तीन लोकों में जिन्होंने 866 शकाब्द में राज्य प्राप्त किये थे वे देवोपम कीर्ति के प्रकाश से दिशाओं को प्रकाशित करने वाले श्रीधर भगवान् विष्णु के समान पराक्रम वाले, शत्रु समूहों को जीतने वाले राजेन्द्रवर्मन- इस नाम से विख्यात महाराज ही थे।॥3

काल सम्बन्धी अतिशय गहरे प्रबन्ध से जिसके द्वारा धर्मनीति से उद्धार किया गया था क्रमशः परम ऐश्वर्य को प्राप्त किया था।॥4

उत्पन्न किया उसके दास ने कल्याणकारी भद्रातिशय नामक को जो गुणों के समूह से अधिक गुणी था..........चन्द्र के समान।॥5

उसने चित्रभानु द्रविण आठ शाके में धर्मयुक्त का छोटा भाई प्रसिद्ध भक्ति वाला ...पूर्ण नाम चित्र को जिसने हर्ष से देव प्रतिष्ठा की थी।॥6

..........केश्वर नामक यह लिंग- इस प्रकार प्रासाद जो पुण्यप्रद है, माता-पिता, राजा, गुरु, बन्धु और मित्र भी वह हो।॥7

मैं इस कुशल कर्म से डूबे विश्व को तारने में समर्थ हूँ। जन्म रूप समुद्र में दुख......। बुद्ध का पुत्र जन्म जन्म में होऊँ...........॥8

जो यज्ञ करने वाले के द्वारा मणि........सी।...........दास........... दिये थे। जो लोग लोभ से जले............फिर वे इस दीप्तानल नामक में जो भयानक है उसमें गिर जायें।॥9

जो सम्यक रूप से बढ़ाने वाले हैं.........जो दूसरों के लिए और अपने लिए इस धर्म को यथोचित रूप से वे बन्धु-बान्धवों के साथ महा अभ्युदय को प्राप्त करें। दूसरे जन्म में या लोक में निर्वाण के सौख्य भी बुद्ध पद पावें।॥10

135

बसाक खड़े पत्थर अभिलेख

Basak Stele Inscription

बटमबंग प्रान्त में दोन त्री में एक खड़े पत्थर पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। महेश्वर, रुद्र एवं त्रिविक्रम की प्रार्थना से यह प्रारम्भ होता है। इस अभिलेख से हमें यह जानकारी मिलती है कि राजेन्द्रवर्मन 866 ई. में राजगद्दी पर आसीन हुआ। यह अभिलेख एक देवता वककाकेश्वर की प्रतिमा की स्थापना का वर्णन करता है जो नृपेन्द्र युद्धस्वामी नामक एक अधिकारी के द्वारा राजा राजेन्द्र वर्मन के आदेश से हुआ था। यहाँ बहुत से दान भी दिये गये जिनमें भूमि, नौकर एवं बहुत सी बहुमूल्य वस्तुएँ भी देवता को मिली।

इस अभिलेख में कुल पद्यों की संख्या 12 हैं जिनमें से कुछ नष्ट हो चुके हैं और पढ़ने योग्य नहीं हैं जिस कारण उनके छन्द-विन्यास का पता लगाना असम्भव सा प्रतीत होता है- शब्दार्थ तो दूर की बातें हैं।

इस अभिलेख का सम्पादन जॉर्ज सेदेस ने किया है।[1]

---

1. *IC, Vol. II,* p.58

वन्दे महेश्वरं यस्य भाति पदनरवप्रभा।

नमेन्द्र मौलिहेमाद्रिबालारुण विभा निभा।।1

नमोऽस्तु तस्मैरुद्राय यदर्द्धांगि हरिर्द्दधौ।

कालकूट विषोद्दाम दाह संहरणादिव।।2

त्रिविक्रमांघ्रि जं पातु ...... पातनम्।

क्रान्त त्रिलोकीलक्ष्यानु .... केशरम्।।3

विधिाप्रतिष्ठाकृत भूमौ भू ... विभवोऽभवत्।

यःश्री राजेन्द्रवम्मेन्द्रो इन्द्रदैत्येन्द्र मर्द्दनः।।4

यस्यासंख्यमखाम्भोधिजन्तु कीर्त्तीन्दुमण्डलम्।

शतक्रतुयतस्तारापाण्डुन् दिवमदीपयत्।।5

यद्कान्तवपुषं वोक्ष्य कामकान्ता पुरा यदि।

नूनमीश्वरनेत्राग्निदग्धान्नैच्छन् मनोभवम्।।6

सव्यापसव्यविकृष्टशरौ यो जगतो युधि।

तेनाप्येकोऽजयन्नित्यमकृष्टसृहृदुन्नतिः।।7

यः श्रोयशोधार पुरन्नवं कृत्वा यशोधारे।

तटाकेऽतिष्ठिपत् पञ्च देवान् सोधालयस्थितान्।।8

तस्यपार्श्वधारो भक्तः श्रीनशपेन्द्राधाभिधाः।

वककाकेश्वरस्य ....।।9

तेन सर्वाणि वित्तानि .... ।

किंकरग्रामकादीनि ....।।10

रुप्यस्वर्णविभूति ....।

....।।11

वककाकेश्वर पुरुष प्रधानास्तेभ्य एव मे।

इदं पुण्यम्परिन्दामि स्वपुण्यं पुण्यभागिनः।।12

अर्थः

उन शिवजी को प्रणाम है जिनके पैर के नख की ज्योति छटा इन्द्र के द्वारा शिरसा नमस्कार के कारण उसके मुकुट मणियों की प्रभा पड़ने से विविध प्रकाश छटा उसी प्रकार फैलती है जैसे प्रातःकालीन सूर्य की अरुण किरणों के

पड़ने के कारण हिमालय शिखर की प्रभा छटा फैलती है।।1

उन भगवान रुद्र को नमस्कार जिनके आधे अंग में भगवान विष्णु विराजमान हैं मानो अति उग्र कालकूट विष के जलन को शान्त करने के लिये ही विराजमान हुये हैं।2

पद्य संख्या 3 का अर्थ अभिलेख के नष्ट होने के कारण नहीं हो सका।

देवराज इन्द्र और दैत्यराज वृषपर्वा को भी पराजित कर देने वाले राजेन्द्रवर्मा नामक इन्द्र के - असंख्य यज्ञ सागर से उदित चन्द्रमंडल की प्रभा से सौ ही यज्ञ करने वाले इन्द्र स्वर्गाधिाराज इन्द्र की कीर्तिमंडल को वैसे ही प्रकाशहीन बना दिया जैसे सूर्यमंडल की प्रभा के उदित होने पर तारामंडल का प्रकाश फीका पड़ जाता है।।4-5

जिसके सुन्दर शरीर को कामदेव की पत्नी रति यदि पहले देखी होती तो भगवान शिव के नेत्राग्नि से दग्धा कामदेव के मनोभव रूप की इच्छा न करती।।6

संसार में युद्ध में दाएं-बाएं हाथों से कठोर वाण छोड़ने वाले उसने सबको जीतने पर भी एक को नहीं जीता वह था सरल जेय, मित्र की उन्नति।।7

वही श्री राजेन्द्रवर्मा नामक राजा ने यशोधरपुर को नया बनाकर यशोधर तटाक तट पर पंच देवों का विशाल मंदिर बनवाकर पंच देवताओं की स्थापना की।।8

उन्हीं राजा राजेन्द्र वर्मा के श्री नृपेन्द्रायुद्वद्ध नाम वाले भक्त आप्त सचिव ने वककाकेश्वर भगवान के लिये सभी प्रकार के धान, दास, ग्राम, सोना-चाँदी आदि दान दिया।।9-11

वककाकेश्वर भगवान के प्रधाान सेवकों को और वैसे ही मुझे भी जो अपने ही पुण्य से पुण्यवान है- यह और अधिक पुण्य देगा।।12

136

सिक्रेन पत्थर अभिलेख

Cikren Stone Inscription

कोम पौन थोम प्रान्त में सिक्रेन नामक स्थान है। इस अभिलेख में हृदयाचार्य द्वारा लोकेश्वर को दो आभूषणों- अर्द्धप्रसाद के दान देने की चर्चा है। उमा की प्रशस्ति इसमें है जो दानकर्ता की बहन और संग्राम की पुत्री थी।

इस अभिलेख में कुल 9 पद्य हैं। पद्य संख्या 2 एवं 3 अंशतः टूटे हुए हैं।

फिनौट[1] एवं जॉर्ज सेदेस[2] ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।

लोकेश्वरो जयति यस्य वराङ्घ्रिधूलि-
रावी चिकन्धगद्यगिव्यति वृद्ध वह्निम्।
नीरीचकार नरकव्यसनापहारे
तस्मिन् मदीयनतिरस्तु सहस्रवारम्।।1

---

1. *BEFEO, Vol. XV(2),* p.10
1. *IC, Vol. II,* p.48

.........आसीदनिन्दिताङ्शो यशश्रीसमरेन्द्र विख्यातः।
तस्योमेति तु नप्ता(प्त्री) शरदिन्दुरिवान्वय व्योम्नि।।2
..........रणाद्भुतसङ्ग्रामसुता सर्व्वकलाद्भुता।
शम्भोर्ग्गौरीव महिषी श्रीमहीधरवर्म्मणः।।3
(अ)लञ्चकार लोकेशमलङ्कारररविप्रभैः।
रत्नैरुप्यरचितैर्द्विन्न(न)वाष्ट शकेन या।।4
तदग्रजश्च सौदर्य्यो ह्याचार्य्याभिधानधृक्।
अर्द्धप्रासाद भूषे यः प्रत्यग् लोकेश्वरेऽदिशत्।।5
पुण्येनानेन रत्नद्युतिनिकरलसत्स्वर्ण्णपद्मोपरिस्यां
गन्धैरुन्मादितालिर्नरनयन मनोहारि सौन्दर्यजातः।
जातश्चेत् क्षुद्रजन्ताव कुशलमलिनो लोकनाथन्तिकेऽस्मिन्
भूयोभूय(:) समुन्मूलितमदजड़तामत्सराहङ्कृतिस् स्यामः।।6
(रा)जभयाद्यष्टभयं भयमपि घोरा वीचिकादिषु वा।
दुःखान्यद्यमानि च मे भवे भवेऽनेन माभूवन्।।7
न्यायेन लब्धमवलोकित भूषणं मे
स भ्रातृकेण रचितन्दृढ़भक्तिद्यौतुम्।
ये रत्नैरजत लुब्धतया हरन्ति
घोरे पतन्तु नरके सह बन्धुभिस्ते।।8
रक्षन्ति बन्धुसुदृढ़दन्य जना मदीयं
ये पुण्यभेतदिह देवपुरं प्रयान्तु।
जाति प्रति प्रहसिताननमण्डिनास्ते
वाग्भिर्ज्जगत्सु वपुषा सुभगा भवन्तु।।9

अर्थ- उन भगवान् लोकेश्वर की जय हो जिनके वर प्रदान करने वाली चरणों की धूलि नारकीय यातनाओं का संहार करते हुए अवीचि नामक नरक के धधकते हुए अग्नि के जलन को जल के समान शीतल बना देते हैं। नारकीय यातनाओं को हरण करने वाले शिवजी को मेरा हजार बार नमस्कार है।।1

अनिन्दित प्रभाव वाला यश जिनका था ऐसे भी समरेन्द्र नाम के एक विख्यात राजा थे। उनके वंश में शरदेन्दु के समान सुखद प्रकाश

बिखेरने वाली उमा नाम की नातिन थी।।2

रणभूमि में अद्भुत संग्राम करने वाले श्री संग्राम की वह पुत्री सभी कलाओं की अद्भुत ज्ञात्री थी। वह उमा भगवान् शिव की पार्वती के समान श्रीमान् महीधरवर्मन की सती पटरानी थी।।3

892 शकाब्द में उसने लोकेश्वर भगवान् को स्वर्ण, रजत और रत्नों से बने अलंकारों की अद्भुत प्रभा से अलंकृत किया।।4

हृद्याचार्य नामक उनका अग्रज तथा सहोदर भाई जो आधे महल को सुशोभित करता था उसने अलग से भगवान् लोकेश्वर की सेवा में दान किया।।5

इस पुण्य से, रत्नों के प्रकाश से सुशोभित स्वर्ण-कमल पर सुगन्ध से पागल हुए भौंरों के समान मनुष्यों के आँखों तथा मन को प्रभावित करने वाले सौन्दर्य से युक्त हुआ। यदि अकुशल, मलिन तथा क्षुद्र जन्तुओं में जन्म लेना पड़े तो भगवान् लोकेश्वर के निकट ही जन्म हो। मुझमें से मद, मूर्खता, ईर्ष्या, अहंकार बार-बार उन्मूलित हों।।6

इस पुण्य के द्वारा जन्म-जन्मान्तर में भी राज भय आदि अष्ट भय, अवीचि जैसे नरकों का घोर भय तथा अन्य अधम दुख भी न होवें।।7

ये सारे न्याय से प्राप्त आभूषण मेरे तथा मेरे भाई की दृढ़ भक्ति से बनवाये हुए हैं। जो लोग सोना, चाँदी तथा रत्न के लोभ से इन आभूषणों को चुराते हैं वे अपने बन्धु-बान्धवों सहित घोर नरक में गिरते हैं।।8

जो हमारे भाई, मित्र तथा अन्य जन इसकी रक्षा करते हैं वे इस पुण्य से स्वर्ग जाते हैं। यदि वे रक्षक संसार में उत्पन्न हों तो मुस्कराते मुखमण्डल से युक्त सुन्दर शरीर वाले, सुन्दर वाणी से विभूषित तथा सौभाग्य से युक्त हों।।9

137

नोम बन्ते नन अभिलेख
Phnom Bantay Nan Inscription

अंगकोर बोरी के करीब 2.5(ढाई) मील दक्षिण की दूरी पर नोम बन्ते नन बसा हुआ है। संस्कृत मूल लेख बौद्ध महायान देवी-देवताओं की प्रार्थना से प्रारम्भ होता है जिनमें लोकेश्वर और प्रज्ञापारमिता भी हैं। बुद्ध की माँ की मूर्ति की स्थापना की भी चर्चा इस अभिलेख में है।

इस अभिलेख में 10 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं। 1 पद्य वसन्ततिलक छन्द है और शेष सभी श्लोक छन्द के हैं।

जॉर्ज सेदेस द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन किया गया है।[1]

सिद्धि स्वस्ति..
नमोऽस्तु परमार्थाय व्योमतुल्याय यो दधौ।
धर्म्म साम्भोग्निर्म्माणा कायान्त्रैलोक्यमुक्तये।।1
भाति लोकेश्वरो मूर्ध्ना योऽमिताभज्जिनन्दधौ।

1. *IC, Vol. II,* p.202

मितरश्मि प्रकाशा नामर्क्केन्द्वोर्दर्शनादिव।।2

प्रज्ञापारमिताख्यायै भगवत्यै नमोऽस्तुते।

यस्यां समेत्य सर्व्वज्ञास् सर्वज्ञत्वमुपेयुषः।।3

अस्ति त्रिभू(भु)वन वज्रो योगी विनयविश्रुतः।

दक्षिणि(णी) यो महानागो नित्यदानोऽपि निर्म्मदः।।4

यस्य मातामहो भृत्यश् श्रीनामा श्रीन्द्रवर्म्मणः।

तीर्थनाम्नीं ददौ दासीं श्रेयोर्थी जगदीश्वरे।।5

प्रियाये सोमवज्राख्यस् स्यालो लोकेश्वरन्ददौ।

यस्य संस्थाप्य पात्रेऽस्मिनवह्नि व्योमनवाङ्कि्ते।।6

तेन पूर्व्व(र्व्व) प्रतिष्ठाप्य गोत्रस्य जगदीश्वरम्।

मुनीन्द्रजननी भूयः स्थापिताग्निवियद्विलैः।।7

पूर्व्ववत्तत्र देवेषु कृत्वा गोत्रस्य कल्पनाम्।

दासीदासहिरण्यादिद्रव्यं सोऽदाद्विशेषतः।।8

तेभ्यो लघुतरास् सन्ति पञ्चानन्तर्य्यकारिणः।

लोभात् प्रसह्य लुम्पन्ति येऽस्माकं कल्पनाभिह।।9

क्षेत्रादिकिङ्कर सुनर्त्तकतु(तू)र्य्यकानां

केदार रत्न कनकाभरणादि दत्तम्।

ये यज्वनात्मधनमात्र विनाश लुब्धाः

लुम्पन्ति ये(ते)निरयमुग्रभयं प्रयान्ति।।10

Detached Line

ये भो(गं) लोपयति देवद्रव्यं ते

अर्थ- तीन लोकों के लोगों की मुक्ति के लिए, आकाश के समान निर्विकार होते हुए भी जिन्होंने धर्मसांभोगीनिर्माण शरीर धारण किये हैं, उन परमार्थ रूप भगवान् लोकेश्वर को नमस्कार है।।1

सिर पर अमिताभ बुद्ध को जो भगवान् लोकेश्वर धारण किये हुए हैं वे नित्य प्रकाशक सूर्य में चन्द्रमा के समान दिखलाई पड़ते हैं।।2

जिन्हें पाकर (जिनकी कृपा पाकर) सर्वज्ञ लोग सर्वज्ञत्व की प्राप्ति किये हैं, उन भगवती प्रज्ञापारमिता को नमस्कार है।।3

अपने विनय के कारण विख्यात दक्षिण देशीय (प्रदक्षिणा करने योग्य) महान् नागवंशीय त्रिभुवन वज्र नामक योगी नित्य दानी होते हुए भी अपने विनय के कारण विख्यात दक्षिण देशीय महान् हाथी के समान नित्य मदश्रावी होते हुए भी निर्मद (अहंकारहीन या पागल नहीं) है।।4

उनके श्री नामक नाना जो श्रीमान् इन्द्रवर्मन के सेवक हैं, श्रेय की कामना से तीर्थी दासी नाम की दासी जगदीश्वर की सेवा में प्रदान किये।।5

930 शकाब्द में भगवान् लोकेश्वर को इस पात्र में स्थापित कर पेय के लिए सोमवज्र नामक अपने साले को उनकी सेवा में प्रदान किया।।6

(उसके द्वारा) उसने पहले कुल देवता की स्थापना कर पुनः 930 शकाब्द में मुनीन्द्र जननी की स्थापना की थी।।7

पहले के समान ही देवताओं में धन दान करके पुनः विशेष रूप से दास-दासी, सुवर्णादि द्रव्य उसने दान किया।।8

पाँच जो बाद में करने वाले (दान करने वाले) हैं वे उनसे छोटे हैं। जो लोभ के वशीभूत होकर हम लोगों के किये गये दान का हरण करते हैं।।9

जो यज्ञकर्ता के इस धन के विनाश मात्र के लोभी, इन दान किये गये खेतों, बागीचा, सुवर्ण रत्नालंकारों, सेवकों, सुन्दर नर्तकों तथा वादकों का अपहरण करते हैं वे अत्यन्त दुख प्राप्त होने वाले नरक को जाते हैं।।10

....

जो देव द्रव्य एवं देवभोग को नष्ट करते हैं।

138

थमा पुओक अभिलेख
Thma Puok Inscription

प्रारम्भिक रूप में यह अभिलेख अराक चो नाम के ग्राम का है। बटमबंग प्रान्त में स्वे जिले में थमा पुओक है। अराक चो से यह अभिलेख जो एक छोटे मन्दिर पर उत्कीर्ण है, थमा पुओक लाया गया और एक मन्दिर में रखा गया। इसमें बुद्ध, प्रज्ञापारमिता, लोकेश्वर, वज्रिन, मैत्रेयी तथा इन्द्र की प्रार्थना के बाद जयवर्मन पंचम तथा साधु पद्मवैरोचन की प्रशस्ति है। यह वह साधु थे जिन्होंने 6 देवी-देवताओं की मूर्तियाँ स्थापित कीं। यह कहा गया है कि ये सारे दान अपनी पत्नी धर्मप्रिय को सुपुर्द कर और सारी सांसारिक वस्तुओं को छोड़कर ये जंगलों में शान्ति के लिए चले गये।

इस अभिलेख में 14 पद्य हैं। पद्य संख्या 3 से 6, 8 से 10 टूटे हुए हैं।

जॉर्ज सेदेस द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन हुआ है।[1]

योऽप्येको बहुधा भिजो विनेयाशातुराधेतः।

---

1. *IC, Vol. III,* p.66

शशीव नैकनीरस्थविम्बो बुद्धस् स पातु वः॥1
प्रज्ञापारमिता पायादपायाद्वो वरीयसः।
जिनानामप्य जातानं या जाता जननी सती॥2
वन्दे लोकेश्वरं भक्त्यामिताभ इव भ.........।
यस्योत्तुंग..॥3
वज्री जयति..।
मार्त्तण्ड मण्डल...................................॥4
नमध्वमार्य्यमैत्रेयमाय्य।.......................।
करुणामुदितोपेक्षाक्षमाद्यात्मेव.................॥5
........बलाभिदा तेन जयन्नप्युर्जितं कलिम्।
.....सेनामरेन्द्रत्वं बलव्यूहैश्च यो यस्तै॥6
(वि)यद्विल वसु प्राप्तप्राज्य राज्यो बभूव यः।
(राजा श्री)जयवर्म्मेति जयश्रीलिङ्गतोऽनिशम्॥7
..................र्य्यभित्कान्तिद्वनिन्दिग्दन्ति दैत्यकृत्।
...........ङ्गर सङ्हत्रीं तावती यस्य शूरता॥8
तद्राज्येऽभूज्जगद्गीतगुणो यो मुनिपुङ्गवः।
पद्मवैरोचनाभिख्यो जगद्(त्) पद्मविरोचनः॥9
दानशीलक्षमावीर्य्यध्यान प्रज्ञादयो गुणाः।
सात्मीकृताः प्रवृत्त्यैव यस्य.......बहिष्कृताः॥10
बुद्धिमात्रिन्द्रमैत्रेय बुद्धलोकेश वज्रिणाम्।
प्रतिमा(माः) स्थापितास्तेन चन्द्र चन्द्रग्रहाङ्किते॥11
सत्वान् मोक्षे शशो दिक्षु शोकाग्नि मारमानसे।
दृष्टहृत्सु सतामस्मिन्देवान् सोऽतिष्ठिपत् समम्॥12
धर्म्मप्रिया धर्म्ममिमं रक्षताधर्म्म राक्षसात्।
तमाङ्सि घ्नन्ति लोकान् हि भास्करोत्येव भास्करः॥13
दासीन्दासञ्च भूम्यादिधनन्तस्यै प्रदाय सः।
करीव बन्धनिर्म्मुक्तश् शान्तये वनमाययौ॥14

अर्थ– जो एक भी बहुत प्रकारों से भिन्न है, विनेय आशा के अनुरोध से चन्द्र के समान न एक जल में स्थित विम्ब वाला वह बुद्ध तुम लोगों की

रक्षा करें।।1

बुद्धि की अन्तिम सीमा को प्राप्त माता भगवती तुम्हारी रक्षा करें, सभी बड़ों की रक्षा करें। जीते हुए और न उत्पन्न हुए और जो अतिशय बड़े श्रेष्ठ हैं उनकी जो सती माता उत्पन्न हुई वह आद्या दुर्गा महाराज्ञी सब की रक्षा करें।।2

लोकेश्वर की भक्ति से महात्मा बुद्ध के समान............जिसके ऊँचे..........।।3

इन्द्र जीतते हैं............सूर्य का मण्डल।।4

श्रेष्ठ आर्य मैत्रेय को नमस्कार करो............दया से हर्षित, क्षमा आदि वाले आत्मा के समान.........।।5

............उस बल के भेदने वाले.............जीतता हुआ भी बल, प्राणयुक्त कलि को.....सेना अमर के स्वामित्व को जो बल के व्यूहों से प्राप्त हुआ।।6

आकाश रूप बिल के धन से प्राप्त प्राज्य राज्य वाला जो हुआ..... राजा श्री जयवर्मन यह नाम धारणकर्ता हुआ जयरूप लक्ष्मी, जय लक्ष्मी लिंग से हमेशा।।7

..........कान्ति वाले दिग्गज की दीनता करने वाले मद जल...... संहार करने वाली वैसी जिसकी शूरता थी।।8

उसके राज्य में जो हुआ उसके गुण संसार द्वारा गाये गये जो मुनियों में श्रेष्ठ था। पद्मवैरोचन नाम का संसार रूप कमल का विरोचन।।9

दान, शील, क्षमा, वीर्य, ध्यान, बुद्धि आदि गुण जिसने अपनी प्रवृत्ति से ही अपना लिये थे जिसके........बाहर किये गये थे।।10

बुद्धि की माता, इन्द्र, मैत्रेय, बुद्ध लोकेश, इन्द्र की प्रतिमाएँ उसने 911 शकाब्द में स्थापित की थीं – चन्द्र ग्रह से अंकित चन्द्र।।11

जीवों को मोक्ष में दिशाओं में शोक रूप अग्नि के द्वारा मन में इसमें हर्षित हृदय वालों के हृदयों में सज्जनों के साथ उसने स्थापित किये थे।।12

धर्म है प्रिय जिन्हें वे इस धर्म की रक्षा धर्म लोप करने वाले राक्षस से करें जैसे सूर्य अन्धकार को नष्ट करता ही है– प्रकाश फैलाता ही

है।।13

नौकर, नौकरानी, जमीन आदि धन उस देवी को देकर वह हाथी के समान बन्धन से छूटकर शान्ति के निमित्त जंगल में आया था।।14

139

प्रसत क्रलन अभिलेख

Prah Kralan Inscription

सियम रियप जिले के मुख्यालय क्रलन के करीब 500 गज दक्षिण की दूरी पर स्थित एक पवित्र स्थान में मन्दिर के द्वार खम्भे पर यह अभिलेख उत्कीर्ण है। यह अभिलेख जो खण्डित हो चुका है बौद्ध धर्म का प्रतीत होता है और श्री वागीन्द्रदेव, श्री विन्दवेश्वर तथा श्री वर्म्मेश्वर आदि देवताओं का नाम इसमें अंकित है।

इस अभिलेख में 5 पद्य हैं जिनमें पद्य संख्या 2 से 4 टूट गये हैं।

आयमोनियर[1] तथा जॉर्ज सेदेस[2] के द्वारा इस अभिलेख का सम्पादन किया गया है।

त्रिलोक सरणं बुद्धं धम्मं स(?)त्ते नियानिकं।
वन्दं थारिय सङ्घश्च पापहिणाय साधवो।।1

---

1. *Le Cambodge, Vol. II,* p.369
2. *IC, Vol. III,* p.85

छद्वारः................वसकराजजिनप्पतिद्धो।
सीलेन भूसित वरो यति रामधम्मो।
भूद्य(द्या) खल्लभतरो मतिमातिरेको
पण्ह दसदृकुसलो परिपुच्छि......यं।।2
कुम्भिलानतकरावासा नदि..........ल पारगा।
वासेन्तो मनुस्से तेहि पच्छिमा(भि)मुखो जिनो।।3
तिस्सो दा(सी) तयो दासे तिस्सो गवी कपिलका।
तीनि गु.....नि खेनानि जिनाय........मुदा ददे।।4
धम्मालयशाम्यधारं सिरिवद्धो पद्यानको।
वेसाख पुण्णाभियञ्च यजमानो जिनं थपे।।5

अर्थ- त्रिलोक शरण भगवान् बुद्ध निर्वाण (मुक्ति) की ओर ले जाने वाले धर्म तथा स्थविर संघ को पाप विनाश के लिए वन्दना करता हूँ।।1

छः द्वारों.........को वश में करने वालों में श्रेष्ठ जिन (भगवान् बुद्ध) का आश्रय लिये हुए शील से विभूषित लोगों में सर्वोत्तम संयम के कारण धर्मों में समत्व बुद्धिवाला भूधरों अर्थात् राजाओं में श्रेष्ठ अत्यन्त मातिमान प्रश्नदर्शी तथा अर्धकुशल ने जिससे पूछो।।2

जिसके भीतर कुम्भीलों (मगरमच्छों) से भरी हुई नदी .... के पार जाकर मनुष्यों को बसाते हुए उनके द्वारा पश्चिम की ओर अभिमुख जिनकी प्रतिमा को स्थापित कराया।।3

प्रसन्नता के साथ जिन प्रतिमा के लिए तीन दासियों, तीन दासों तथा तीन कपिला गायों तीन.......बैलों तथा खेतों का दान दिया।।4

बढ़ी-चढ़ी शोभा से युक्त, प्रधानता को प्राप्त उस यजमान ने वैशाख पूर्णिमा के दिन धर्मालय में समता के संस्थापक बुद्ध (जिन) की प्रतिमा की स्थापना की।।5

140

तुओल प्रसत अभिलेख

Tuol Prasat Inscription

कोमपोन स्वे प्रान्त में तुओल प्रसत में यह अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया है। संस्कृत भाग भगवान् शिव और धर्मकाया की प्रार्थना से प्रारम्भ होता है। यह धार्मिक सहयोग का एक आकर्षक उदाहरण प्रस्तुत करता है। इसके बाद जयवीर वर्मन की प्रशस्ति है। यह सहदेव से परिचय कराता है जो ख्मेर मूल लेख के वपसन से मिलते-जुलते हैं। माँ की वंशावली से इनका परिचय है। उनके परदादा गव्य ने एक भूखण्ड खरीदा तथा देवता की एक मूर्ति स्थापित की और देवी ग्राम में एक तालाब खुदवाया था। देवी के पत्थर से घिरे होने के कारण इसका नाम देवीग्राम पड़ा। गव्य की मृत्यु पर उनकी भूमि अधिकार कायम करने वाले तीन हुए। सहदेव ने इसकी शिकायत जयवर्मन पंचम से की जिसने उन दुष्टों को हाथ एवं होठ काटने की सजा दी।

कुछ समय के बाद उस भूमि पर अन्य पाँच लोग पुनः अधिकार प्राप्त करना चाहते थे। सहदेव की प्रार्थना पर राजा ने उनको शारीरिक सजा दी। सहदेव अपनी

सम्पत्ति पर निश्चिन्त हो गये जिसे उन्होंने लिंगपुरेश्वर, बुद्ध तथा लोकेश्वर को दे दिया। इस अभिलेख का अन्त दूसरे दानों की सूची तथा विपत्ति के आह्वान से समाप्त होता है।

इस अभिलेख में कुल 41 पद्य हैं। पद्य संख्या 14, 15 एवं 35 टूटे हुए हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

ओं

नमश् शिवायास्तु शिवाय यस्माद्
ब्रह्मादिरङ्शः प्रतिभूः प्रभूतः।
भिन्नोपधानाद् बहुधेव भिन्नो
नान्यस् स्वभावादिव वारिभानुः॥1

योऽनादिमद्ध(ध्य)निधनस् स्वसुखोपभोगे
साम्भोगिकं वपुरिवेन्दुवुधुन्दधानः।
निर्म्माणमङ्शुमिव वज्रिजिनादि लोक-
सौख्याय वो दिशतु शर्म्म स धर्म्मकायः॥2

बभूव भूपाल शिरोधृताङ्घ्रि-
राब्धिद्विरन्ध्राधिगताधिराज्यः।
योऽवार्य्यवीर्य्यो भुवनैकवीरो
राजा जयी श्री जयवीर वर्म्मा॥3

सोमान्ववायाम्बर पूर्ण्णसोमस्
सौम्याकृतिर्न्निर्म्मल कीर्ति सोमः।
यः क्षत्रनक्षत्रनुतोऽप्यनङ्कश्
श्री कम्बुजेन्द्रो भुवनाम्बुजेन्द्रः॥4

व्याप्तेषु तेनः प्रसरैर्य्यदीयै-
र्निरन्तरालङ्क कुभाम्म(म्मु)खेषु।
नैवान्य तेजो ऽवसरो ऽवसर्त्तु-
न्तेज स सहस्रैरिव सप्त सप्तेः॥5

नित्याभिपूर्ण्णाङ्किल निष्कलङ्का
यत्कान्तिमालोक्य शशी ह्रियेव।

1. *IC, Vol. III,* p.225

गङ्गात्विते्ऽद्यापि कलङ्कभङ्गे
विवेश शङ्के शशिमौलि मौलौ।।6
अजस्रमस्रस्रवपङ्कसङ्गी
सङ्खे स्खलन्ती शतशो जयश्रीः।
आश्रित्य विश्राम्यति यस्य दीर्घ-
दोहटिकस्तम्भम कम्पनीयम्।।7
यस्य प्रदानसमयोदित कीर्त्तिमालां
येषामिमाम गणितां गदितं समीहा।
तेऽसंख्य रत्ननिकरानखिलाम्बुराशौ
तारागणान् गणयितुं गगणे यतन्ते।।8
तस्याधिराजस्य महेन्द्रधाम्नो
यो वित्तमुद्रालिपि पालवित्तः।
भृत्यो नियुक्तो द्रविना(णा)धिकारे
हृत्पद्मदेवस् सहदेवनामा।।9
देवस्व माता पितृशास्तृमान्य-
सन्मा(म्मा) ननेनैव विशुद्धभक्त्या।
प्रीत्यादिभिर्म्मानितसर्व्व लोकस्
सन्नन्दिनीं यस् समवाय लक्ष्मीम्।।10
श्रीहर्षवर्म्माधिपतेः पटीयां
श्चमूपतिर्व्वीरपुरस् सरो यः।
मातामहो यस्य महामति(श्) श्री
वीरन्द्रवीरो जितवैरिवीरः।।11
यस्य प्रमातामह इद्धबुद्धि-
स्तन्मातुलो लोकहितैक कृत्यः।
गव्याह्वयो यो महनीयनीति-
स्त्यागी धनी धर्म्मनिधिश्च धीमान्।।12
आज्याद्यभिख्यैस् सह बन्धुवर्गैस्
सन्मानितैर्दत्तधनैः प्रहृष्टैः।
भूमिर्य्यथै वाभिमताः प्रदत्ताः

क्रेतैव यस् सर्व्वधनैर्धनाढ्यः।।13

स्वलेप रङ्गप-समाख्या भू-र्लाचूर्म्माण चार्व्वारसमाह्वया।

स्वेव्रै-नाम्री च पञ्चैतास् सर्व्वास् सवनगह्वराः।।14

....................प्राच्यामग्नेया.......................।

दक्षिणे............स्तुक्सङ्वाद दल्लेङ्नैरृतिके तथा।।15

वारुण्यां पिक्क्रवे-भूमि स्रेवै वायव्यतस्तथा।

छ्दिङ्चास् उत्तर उत्तरग्राम ईशानतस्तथा।।16

पारंपर्य्य प्रसिद्धैयता भूमि(भीः) कृत्वापि युक्तितः।

यश् श्रीराजेन्द्रवर्म्माणं ययाचे भूपतिं पुनः।।17

तेन राजाधिराजेन भूमिपालेन भूमयः।

यस्मिन्नर्थिनि गव्याख्ये भूयो दत्ताः प्रसादतः।।18

यदभ्यर्थितेन राज्ञा नियुक्तश्चारु चारकः।

तद्गोलस्थापनाकृत्वा तस्मै दत्ता इमा इति।।19

देवी शिलाबर्धि ग्रामो देवीग्राम इतीरितः।

तद्वेव स्थापनात्र्चक्रे यः काब्द(ब्ज?)कजलाशयान्।।20

दिवङ्गते तु यस्मिंस्ते ही-पू-के संज्ञकास्त्रयः।

अस्मद्भूमिरिति प्रौचुस् साहसात्ता जिहि(ही)र्षनः।।21

गोलान् संस्थापितान्तासु सुसिद्धान् राजशासनत्।

नियुक्तस् स्वयमुद्धर्त्तु हें नाम्ना पू-समाह्वयः।।22

सहदेवेन तन्नप्त्रा तेषां तद्दुष्कृतं कृतम्।

लिपिभिर्निवेदितस् सर्व्वं राज्ञिभी जयवर्म्माणि।।23

मन्त्रिभिस् ससमासद्भी राज्ञा सम्यक् समीक्षितम्।

तेषां पू संज्ञकादीनां दृष्टन्तद्दुष्कृतं स्फुटम्।।24

ओष्ठच्छेदं करच्छेदं हें नाम्नः प्वाह्वायस्य च।

यथा ताद्दोषतः कुर्य्यादिति तद्वान शासनम्।।25

स्वमातामहसूनुस्तु के- नामा सकुलस्तदा।

याचितस् सहदेवेन राज्ञा दत्तस् सभूमिकः।।26

अथ पञ् अय् गदाकेशास् सेशान शिवसंज्ञकाः।

यक् संज्ञिका च ते भूयो विवदन्ते पि तद्भुवः।।27

तेषां तद्भूजिहि(ही)र्षूणामापतिं राजकारिताम्।
ते पश्यन्तोऽपि शृण्वन्तो मोहात्तद्धरणोद्यताः।।28
आज्ञाव्यतीनान्नृप पुङ्गवानां
तान्दुर्द्दमान् साहसधर्म्मकतृन्।
न्यवेद यच्छ्री जय वीरवर्म्म-
देवेऽधिराजे सहदेवनामा।।29
तद्भूतमपि तद्वाक्यं श्रुत्वा राज्ञा विचारितम्।
मन्त्रिभिस् ससमासद्भिर्द्दष्टन्तुष्कृतन्तदा।।30
जङ्घापीड़ा शिरस्पीड़ाभूत्तेषां राजशासनात्।
अप्रियत(त्व)ञ्च अप-नामा पञ्च-नामा पञ्चताङ्गताः।।31
अवलाय(या)स्तु यक्-नाम्त्य(म्त्या) श् शिरसवीऽवकारिता।
तद्बान्धवास्तु भीतास्ते निलीना दिग्द्रुता द्रुतम्।।32
यावन्त्यो भूमयस् सर्व्वाः क्रीतादत्ताश्च राजभिः।
सहदेवस्य सिद्धास्ता इति तद्राज शासनम्।।33
क्षेत्राणि चार्वाद् प्रभृतीनि पञ्च
पुण्याश्रयाल्लिङ्ग पुरेश्वराय।
बुद्धे प्रभेशे च तदीयरूपे
लोकेश्वरे सोऽदित सुप्रशस्ते।।34
कृतेषु भक्त्या................
स षष्टिकप्रस्थघृतानि तासु।
षट्खारिकाराजततण्डुलाश्च
भद्रेश्वरेऽदात् प्रतिवद्(त्)सरञ्च।।35
स्वकीयवेश्मानि मनोहराणि
सर्व्वोप जीव्यानि सुखोदयानि।
तान्याश्रमायैव कृतानि बुद्धे
ताद्रूपके लोकपतौ च सोऽदात्।।36
श्रीसमन्तप्रभेशाख्ये श्रीघने श्रुतविश्रुतः।
स प्रादात् प्रत्यहं भक्त्या पञ्चप्रस्थार्द्धतण्डुलम्।।37
श्रीसमन्तप्रभेशे च स्वदेशोद्भुतरूपके।

सोऽन्वहं व्यतरत् पञ्चदशप्रस्थार्द्धतण्डुलम्।।38
लोकेश्वरे प्रशस्तेऽस्मिंल्लोके लोकहितोघतः।
सोऽदाच्च प्रत्यहं पञ्चदशप्रस्थार्द्धतण्डुलम्।।39
लुम्पन्ति नो ये मम कल्पनान्ते
स्वर्ग्गापवर्गीञ्चिर मावसन्तु।
तद्वर्द्धनार क्षण तत्पराणां
का चा कथा पुण्यफलेषु तेषम्।।40
पुण्यं मम स्वार्थपरार्थमेव
लुम्पन्ति ये स्वल्पधियस्तु तेषाम्।
उत्पत्तिरेव स्थितिरस्त्वहानि-
खल्पकल्पान्तरकेऽतिघोरे।।41

अर्थ- ॐ

कल्याण के लिए शिव को नमस्कार है जिससे ब्रह्मा आदि अंश पैदा हुए थे। भिन्न उपधान से बहुत के समान भिन्न है- एक की आकाश और जल में सूर्य के समान हैं- दूसरा नहीं है प्रकृति के समान- जल में सूर्य के समान हैं।।1

जो अनादि, अमध्य, अनिधन हैं, अपने सुख के उपभोग में सम्भोग सम्बन्धी शरीर के समान चन्द्र के समान धारण करने वाले हैं। निर्माण अंश किरण के समान इन्द्र और जिन आदि लोक के सुख के लिए वे धर्म शरीर तुम्हारा कल्याण करें।।2

राजा के सिर से धारण किये चरण समुद्र के दो छिद्रों से राज्य का ज्ञान होने वाला राज्य है जिनका जो अवार्य वीर्य बलवाले हैं सारे भुवन में एक अद्वितीय वीर हैं वह जय पाने वाले राजा श्री जयवीर वर्मन नाम से प्रसिद्ध हैं।।3

चन्द्रवंश रूप आकाश के पूर्ण चन्द्र के समान सुन्दर आकार वाले स्वच्छ यश रूप चन्द्र के समान जो क्षत्रिय रूप नक्षत्रों में भी निष्कलंक चन्द्र हैं श्री कम्बुजेन्द्र भुवन रूप कमल के सूर्य के समान हैं।।4

जिनके तेज के विस्तार से सर्वदा पर्याप्त रूप से सभी दिशाओं के मुखों में दूसरे के तेज का अवसर है, सूर्य के तेज (हजार) से मानो तेज

वाले हों ऐसा लगता है।।5

नित्य पूर्ण कलङ्क से रहित जिस राजा की कान्ति को देखकर चन्द्रमा मानो लज्जा से गंगा से युक्त आज भी कलंक के नाशक शिव के मस्तक पर चला गया कवि को है।।6

नित्य पानी चूने से पंक के साथी शंख में गिरती हुई सैकड़ों रूपों से जय लक्ष्मी आश्रय पाकर विश्राम करती है जिसके बड़े हाथ रूप सोने के खम्भे जो न काँपते हैं- उसमें है।।7

जिसके दान के समय उगी हुई कीर्ति की माला जिन्हें इन्हें गिनने की इच्छा है वे असंख्य समूहों वाले सभी को जल में तारागणों को गिनने के लिए यत्नवान हैं।।8

इन्हीं के सम तेज सी जिस राजा के जो धन, मुद्रा, लिपि के पालने से धनी है वह नौकर नियुक्त किया गया धन के अधिकार में हृदय रूप कमल सहदेव नाम से विख्यात।।9

देव, अपनी माता-पिता, शासन करने वाले माननीय लोगों के सम्मान से ही विशुद्ध भक्ति से प्रीति आदि से सभी लोकों से मान्य होकर अच्छी नन्दिनी प्रसन्न करने वाली लक्ष्मी को जिसने पाया था।।10

जो श्री हर्षवर्मन राजा के अतिशय चतुर सेनापति वीरों का अग्रसर जिसके मातामह (नाना) महाबुद्धिमान श्री वीरेन्द्र वीर जिसने शत्रुओं को जीता था।।11

जिसमें नाना के पिता (प्रमातामह) तेजस्वी बुद्धिवाला, उनके मामा जिनका कार्य एकमात्र लोकहित है, गव्य नामक जो पूजनीय नीति वाले हैं, त्यागी, धनी, धर्मनिधि और बुद्धिमान हैं।।12

आज्य आदि नामों से बन्धु वर्गो के साथ सम्मानित, दिये धनों वाले प्रसन्न जैसे ही भूमि मन चाही दी गयी जो सभी धनों से धनाढ्य है।।13

स्वल्पेक, रङ्गप नाम भूंलार्चमाण-चार्वाक् नाम चारस्तेयै नाम की कुल पाँच ये सभी पैदा होने वाले गह्वर हैं।।14

..........पूरब में अग्नि कोण में...........दक्षिण में......... स्तुकसङ्वाद, दल्लेङ्ग, नैऋत्य कोण में......।।15

140. तुओल प्रसत अभिलेख

पश्चिम में पिक्त्रवे भूमि, खेब्रै, वायव्य कोण में छदिङ्चास उत्तर में, उत्तर ग्राम ईशान में सीमाएँ हैं।।16

परम्परा से प्रसिद्ध सीमा, भूमि को युक्ति से निर्धारित करके जिसने पुनः श्री राजेन्द्रवर्मन राजा से याचना की थी।।17

उस राजाधिराज भूमिपाल द्वारा भूमि जिस याचक गव्य नाम वाले को पुनः प्रसन्नता से दी गयी थी।।18

जिसके माँगने पर राजा ने सुन्दर चार गुप्तचर नियुक्त किये थे उस गोल की स्थापना करके उसे ये भूमि दी थीं।।19

देवी शिला की अवधि सीमा तक देवी ग्राम कहा जाता है जिसने उस देव की स्थापना की और कमल वाले जलाशयों को खुदवाया था।।20

उसके स्वर्गीय होने पर वे ही, पू, के नाम वाले तीन ने कहा कि हमारी भूमि है- साहस से वे हरण करने की इच्छा करने वाले थे।।21

राजा की आज्ञा से उनमें गोलों को स्थापित किया जो सुप्रसिद्ध गोल थे स्वयं उद्धार करने के लिए है नाम से पू नाम से विख्यात को नियुक्त किया था।।22

श्री जयवर्मन राजा के समीप उसके नाती सहदेव ने उनके किये अधम कार्य को सब लिपियों में लिखकर निवेदित किया।।23

सभासद मन्त्रियों ने, राजा ने भली-भाँति सभी की समालोचना की थी उन पू नाम वालों के उन पापी कर्मो को स्पष्ट रूप से देखा था।।24

उस राजा का यह आदेश था कि होठ काट लो, हाथ काट लो, है नाम वाले के और पू नाम वाले के जैसा उसके दोष के अनुसार दण्ड दिये जायें।।25

तब अपने नाना के बेटे के नाम के वंश सहित राजा सहदेव से याचना की गयी भूमि सहित सब कुछ याचित वस्तुएँ राजा सहदेव ने दिये थे।।26

इसके बाद पञ्, अप्, गदाकेशास् सेशानशि नाम वाले और यक् नाम की वे सभी फिर विवाद करते हैं उस भूमि के सम्बन्ध में।।27

उन उस भूमि के हटने की इच्छा वालों की राजा से करायी गयी आपत्ति को तो देखते हुए भी सुनते हुए भी मोह से उसके हरण करने में

उद्यत थे।।28

आज्ञा व्यतीत होने पर श्रेष्ठ राजाओं के उन साहसी दुर्दमनीय अधर्म करने वालों को दोषी ठहराकर दण्ड देने के लिए सहदेव नाम वाले ने श्री जयवीरवर्मन राजाधिराज के समीप निवेदन किया था।।29

जो कुछ हुआ था सो बीतने पर भी पूर्व के वाक्य को सुनकर राजा ने विचारा तथा मन्त्रियों ने और सभासदों ने उनके उन अधम कार्यों को देखा।।30

राजा के आदेश से जाँघ में पीड़ा और सिर में पीड़ा की गयी, अप् नाम वाले की अप्रियता हुई तथा पञ् नाम वाला मर गया था।।31

यक् नाम की जो अबला थी उसे सिर की पीड़ा सी की गयी थी और उसके बन्धु-बान्धव तो डरकर कई दिशाओं में छिप गये थे।।32

उस राजा का आदेश था कि जितनी भूमि है सभी खरीदी और राजा से दी गयी है- सहदेव की वे भूमि सिद्ध हैं।।33

चार खेत, चार नौकर पुण्य के आश्रय से लिंगेश्वर महादेव जी को, बुद्ध को, प्रभेश को और उनके रूप को लोकेश्वर को उसने दिये थे जो देव सुप्रसिद्ध थे उन्हें दिये गये थे ।।34

भक्ति से करने पर उसने साठ प्रस्थ घी उनमें और छः खारी चाँदी के चावल हर वर्ष भद्रेश्वर मन्दिर में दिया था।।35

अपने मनोहर आश्रमों को सभी जीने की रकमों को उन सुख के उदयों को बुद्ध के लिए आश्रम के लिए ही उस रूप के लोकपति को उसने दिया था।।36

श्री समन्त प्रभेश को श्रीधन को प्रसिद्ध उसने प्रतिदिन भक्ति से पाँच प्रस्थ का आधा ढाई प्रस्थ चावल दान करता था।।37

और श्री समन्त प्रभेश को अपने देश के आश्चर्यकारी रूप वाले को उसने प्रतिदिन भक्ति से ढाई प्रस्थ चावल दिया करता था।।38

इस लोक में प्रशस्त लोकेश्वर लोकहित में उद्यत उसने प्रतिदिन साढ़े सात प्रस्थ चावल दिया था।।39

मेरी कल्पना को जो लोप करें वे दुख पावें। स्वर्ग अपवर्ग चिर काल तक पावें। जो बढ़ावें रक्षण करें उसमें तत्पर हों, उनके पुण्य का क्या

कहना?।।40

स्वार्थ और परमार्थ मेरे पुण्य को जो थोड़ी बुद्धिवाले लुप्त करें वे अतिशय भयानक नरक में बहुत दिनों तक एक कल्प से दूसरे कल्प तक पड़े। उत्पत्ति ही स्थिति पालन हो हानि न हो।।41

141

प्रसत खलन अभिलेख
Prasat Khlan Inscription

इस अभिलेख के प्रारम्भ में जयवीरवर्मन राजा की प्रशस्ति है और बाद के अंश में यह एक राजकीय अधिकारी की ओर संकेत करता है। इस अभिलेख का लक्ष्य स्पष्ट नहीं है।

इस अभिलेख में कुल 13 पद्य हैं जो सभी नष्ट हो चुके हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

.... को नरै।
राजा श्री जयवीरादिर्म्मान्तारव्यो गुणाकारः ।।1
प्र.................. इतं मनः।
स्वस्थानं यस्य वीतांगो बाह्यमंशिश्रियत।।2
.... लक्ष्मी .... महीमपि।
व्यक्कर्त्तमिव ते वा (व) के वसति स्म सरस्वती।।3

---

1. *IC, Vol. III,* p.225

.... न .... द्रयिभूषणे।
सुभाषितादि रत्नानां शतं यस्मिन्निवेशितम्।।4
.... अरिरुद्धि (धि) रमाहवे।
प्रणेमुरखिलोर्व्वीपाः पृथूपायन पाणयः।।5
.... यस्यैतत्रितयं प्रियम्
राज्यलक्ष्मणमन्येषां सम्भवो सम्भवोऽपि वा।।6
.... द्विजिह्वदमनोधतः
तथाप्य पक्षपातित्वाद् वैनतेयो यथा न यः।।7
.... सुमित्रा प्रतिम प्रियः।
अजानन्दकरोऽप्येवमाढयो (?) दशरथो न तु।।8
.... प्रजासु .... नि.......... आत्मकः।
वीतहेमोदयो योऽपि वर्ण्णितो नृपचन्द्रमाः।।9
.... अशेषाम् .... ।
शशंस सर्व्वदेवा .... मात्मवत्सु यदुद्भम्।।10
.... यक्षणभुपागतः।
दोलामर्हामपि .... स् सततं गुणतोषितात्।।11
.... भक्ताप्र .... नृपः।
वलदेव .... नेमं ...... सोपाय यत्र सोऽदिशत्।।12
.... सो .... नीज।
भुक्ति साक्ष्यैक कार्य्यन्त मखिले (?) ....प्रकारयत्।।13

इस अभिलेख का हिंदी अनुवाद इसलिये नहीं है कि संस्कृत मूल पाठ पूर्ण रूप में नष्ट हो चुके हैं।

142

नोम प्रह नेत प्रह मन्दिर अभिलेख

Phnom Prah Net Prah Temple Inscription

नोम प्रह नेत प्रह बटमबंग प्रान्त में है। मूल लेख में कई अशुद्धियाँ हैं। अभिलेख मध्यदेशा नामक एक मालिन (माला गूँथने वाली) की प्रशस्ति से प्रारम्भ है जो राजकीय मन्दिर में रहती थी। ब्रह्मयज्ञ नामक पूजा की समाप्ति के बाद उसने गुरु को दक्षिणा रूप में भूमि एवं बहुमूल्य वस्तुएँ दान स्वरूप दीं जिसे उसकी पौत्री उमा एवं पितृयज्ञक के द्वारा कायम रखा गया। दूसरे व्यक्ति का दानकर्ता के साथ क्या सम्बन्ध था– यह पता नहीं।

इस अभिलेख में कुल 12 पद्य हैं जो सभी शुद्ध हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

सिद्धि स्वस्ति 928 शक

---

1. *IC, Vol. III,* p.40

उपनद्यालयन्नाम्ना मधु(थु)रापुरवत्पुरम्।
यमुनोपनदीवापि कलङ्कपवनाक्षया।।1
तस्मिन् बभूव या सैव मध्यदेशेति संज्ञया।
उदिता धर्म्मकामार्थवतीव परमेश्वरी।।2
सती सतीनां परमा वनाढेयण व श्वरि।
कुन्तीव धर्म्मिणाग्रा ग्राद् ब्राह्मणि वापि काम्बुजा।।3
कान्तानां कान्तिमत्या च राजमन्दिर मालिनी।
संसार सागराद् भीत्या धर्म्मकारक निर्द्धया।।4
आसहस्रात्तु यज्ञानां ब्रह्मयज्ञं महत्तरम्।
सर्व्व शास्त्रिगुरोरस्माद् ब्रह्मयज्ञं कृतन्तया।।5
पादद्वयञ्च केदारं दक्षिणेन नगस्य तु।
शिल्पिनो परतोऽस्यैव ब्रह्ममूल समीकम्।।6
तत्क्षेत्रं सधनं सर्व्वं रत्नरूप्य(प्यं) सहेमकम्।
गुरवे प्रणिपन्ना सा प्रादात् प्रि(प्री)त्या तु दक्षिणाम्।।7
शैवपादगिरिपुरे सर्व्व द्रव्यादि स्वर्ग्गदम्।
नात(ट)कादि संगीतादिसगन्धर्व्व र्शुनोद्यसन्।।8
पुरक्षेत्राणि सर्व्वाणि धर्म्मविच्छर्म(र्म्मि) लापेरा।
सा तत्कुलां पुरस्तात् सम(मी)क्ष्य प्रददौ मुदा।।9
परिपालाम(न) मेवास्यश् शिवपादस्य यज्वनः।
कल्पणा(नां) रक्षतिमाञ्च पौत्र्युमा पितृयज्ञकः।।10
पालयन्ति च ये धीराः सगोत्रक(कु)लबान्धवाः।
त्रिवर्ग्गफ(ल) दामेनान्ते यान्ति परमाङ्गतिम्।।11
नाशयन्ति च ये मूधा(ढ़ा) मूधा(ढ़ा)न्धकपनान्विताः।
अवीचि नरकं द्यौ(द्यो)रन्त यान्ति परमाङ्गतिम्।।12

अर्थ- सिद्धि स्वस्ति 928 शकाब्द

दोषयुक्त वायु को परिष्कृत करने वाली जो यमुना नदी है, उसके किनारे स्थित मथुरा नगर के समान ही यमुना नदी के तट पर उपनद्यालय नाम का नगर था।।1

उस उपनद्यालय में धर्मार्थ कामवती भगवती परमेश्वरी के समान जो उत्पन्न हुई, वह मध्यदेश के नाम से विख्यात हुई।।2

वह सती, सतियों में श्रेष्ठ, वनाढ्यता के कारण आप लोगों की पूज्या, धर्माचारिणियों में कुन्ती के समान प्रथम स्थान रखने वाली, ब्राह्मणी की तरह होते हुए भी कम्बुजा थी।।3

अंपने सौन्दर्य के कारण सुन्दरियों की तथा राजमहल की देवी, संसार सागर के भय से तत्त्व निश्चयपूर्वक धर्म करने वाली।।4

तथा गुरुओं से सभी शास्त्रों की शिक्षा पाने वाली उसने गुरुओं को स्मरण कर सभी यज्ञों से श्रेष्ठ, जिसमें हजार यज्ञ किये जाते हैं- ऐसा ब्रह्म यज्ञ किया।।5

शिल्पियों के निवास के बाद, ब्रह्ममूल के पास, इसी पर्वत के दक्षिण में दो पठार (ऊँची भूमि) तथा खेत।।6

शरणागत हुई उसने अत्यन्त प्रीति के साथ धन-धान्य से पूर्ण वे खेत तथा सोने-चाँदी और रत्नों के साथ दक्षिणा गुरुओं को प्रदान किया।।7

शैव पद पर्वत वाले नगर में स्वर्ग प्राप्ति मूलक समस्त द्रव्यों के साथ संगीत नाटकादि जानने वाले गन्धर्वों को अश्विनी नक्षत्र के उदय काल में दान किया।।8

धर्मतत्त्व को जानने वाली, दूसरी धर्मिता की तरह ही अपने कुलधर्म को देखकर आनन्दपूर्वक खेत, गाँव आदि दिये।।9

शैवपाद नगरी के यज्ञकर्ता की वाणी का परिपालन तथा इन दोनों की एवं मेरी रक्षा मेरी पोती उमा करती है।।10

जो धीर सगोत्र एवं कुल बन्धु इसकी रक्षा करते हें, उनके लिए यह रक्षण कार्य स्वर्ग फल देने वाला होगा तथा अन्त में वे मुक्ति पद को जायेंगे।।11

जो मूर्ख मूर्खतावश इसका नाश करते हैं, वे अवीचि नामक नरक को जाते हैं तथा रक्षा करने वाले मुक्तिपद को जाते हैं।।12

143

नोम सिसोर अभिलेख

Phnom Cisor Inscription

यह स्थान बटी प्रान्त में है। एक खड़े पत्थर के तीन ओर यह अभिलेख उत्कीर्ण कराया गया है। इस अभिलेख में त्रिदेव की प्रार्थना तथा एक ब्राह्मण दिवाकर की प्रशस्ति के बाद बहुत से देवी-देवताओं की प्रतिमा की स्थापना की चर्चा है। देवी-देवताओं के नाम उसी समय से नहीं मिलते हैं। राजा परमकैवल्यपद (जयवर्मन पंचम) और सिसोर से सूर्यपर्वत का जिक्र किया गया है। इसके पश्चात् मन्दिर को दिये गये दासों, भूमि इत्यादि की सूची दी गयी है।

इस अभिलेख में कुल 8 पद्य हैं। पद्य संख्या 2 और 5 से 8 अस्पष्ट हैं।

जॉर्ज सेदेस ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

(न)मो हिरण्यगर्भाय विभवे भूतभूतये।
यस्यास्येन्दुकलाभ्यस्ते चतुर्वेदाः विनिस् सृ(ताः)॥1

---

1. *IC, Vol. III,* p.153

सर्गस्थाय नमस् स्थित्यै हरये परधा(?)रिणे।

चक्रे चक्रेण यो राजेश(?) चक्रस्य क...........।।2

नमद्धन्ध्वान्तविध्वङ्सं शङ्करं लोकशङ्करम्।

(त्रि)लोक्यारण्यदाहे यो दुर्विषह्यतरोऽनल:।।३

(आसी)देकान्त सर्व्वीयस् सर्व्ववाङ्मय गोचर:।

द्विजो(?)रागादिनिर्म्मुक्त: तमसेवं दिवाकर:।।४

...........श्रमाचार्य्स...........आचार्य्य.........हण:।

(यस्या)स्ये रुचिरे रम्ये रेमे शश्वत् सरस्वती।।५

Only a few letters of vv 6-7 are legible.

..........................वीक्ष्य............................।

...................................स्थापयति स्म य:।।८

अर्थ- सुवर्ण है गर्भ में जिसके, उस ब्रह्मा को नमस्कार है। विश्व में प्राणियों के ऐश्वर्य के लिए जिसके मुख रूप चन्द्र की कलाओं से वे चार वेद निकले।।1

सृष्टि में स्थित विष्णु को जो पर को धारण करने वाले हैं, पालन के लिए नमस्कार है जिसने चक्र से राजाओं के ईश के चक्र.....................।।2

अन्धकार के नाशक एवं लोगों के कल्याण करने वाले शंकर को नमस्कार है जो तीन लोक रूप वन के जलाने में अतिशय दुस्सह अग्नि हैं।।3

बिल्कुल एकान्त रूप से सबका सभी भाषाओं का ज्ञाता- देखने वाला ब्राह्मण राग आदि से छूटा हुआ जैसे सूर्य अन्धकार को दूर करने वाला है- वैसा था।।4

.........आश्रम के आचार्य......आचार्य जिसके सुन्दर रम्य मुख में सर्वदा सरस्वती रमण करती थीं।।5

....

VV- 6-8 का अर्थ अस्पष्ट होने के कारण नहीं हो सका।

I44

बस्सेत मन्दिर अभिलेख

Basset Temple Inscription

बस्सेत नाम का नगर बटमबंग के करीब 8 मील पूर्व में स्थित है। इस स्थान पर पाँच अभिलेख पाये गये हैं जिनमें एक पढ़ने लायक नहीं है। प्रथम ख्मेर तथा संस्कृत दोनों भाषाओं में है। संस्कृत अंश मुश्किल से पढ़े जाने लायक है।

इस अभिलेख में त्रिदेव या अकेले विष्णु की प्रार्थना के बाद राजकीय बढ़ई विश्वकर्मा की चर्चा है और उसके जीवन एवं कार्यों का संक्षिप्त विवरण है। इससे राजकीय पक्षपात का भी पता चलता है जिसमें उसे जमीन दिया गया तथा उसके परिवार को स्वर्णकार की जाति में सम्मिलित किया गया और भीमपुर के प्रधान चित्रकार के रूप में उसकी नियुक्ति हुई। उदयादित्यवर्मन द्वितीय के समय विश्वकर्मा ने अपना कार्य प्रारम्भ किया। राजा की मृत्यु के बाद उसे जो राजकीय उपादान मिले उसको हर्षवर्मन द्वितीय के द्वारा संतुष्ट किया गया। विश्वकर्मा की मृत्यु के पश्चात् इन सारे उपादानों को उसके भतीजे ने पा लिया।

इस अभिलेख में 17 पद्य हैं जिनमें 1 से 4, 6, 8 एवं 12 टूटे हुए हैं। आयमोनियर ने इस अभिलेख का सम्पादन किया है।[1]

पद्म..पङ्कजः।
....।।1
प्रदिशतु विश्वश्चतुर्भि........इराङ्क.....नश् शङ्ख।
....।।2
विदधतु वो रम्यधृतिं मुख विधवो...........ध्वान्ताः।
....।।3
सकुलानि..............र्व्विषयाधिपति......वदन्यो यः।
श्रीसूर्य्यवर्म्म..............................श्री...........।।4
तद्भार्य्या या नारी पतिव्रता देवीसुविनयभूषा।
सुषुवे पुत्रानष्टौ पुरुषान् पञ्च (स्त्रियस्ति)स्यः।।5
